

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, गुरुवार, 13 मार्च 2025 | वर्ष – 66 | अंक –326 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



तेल क्षेत्र में बढ़ रही आत्मनिर्भरता : कांग्रेस पृष्ठ 2

- होली पर पानी होने और दिल की सियाही धोने की जरूरत
- नेशनल पीपुल्स कांग्रेस के बाद चीन ट्रम्प के टैरिफ युद्ध के... पृष्ठ 6

- सागर विजन को मोदी ने दिया विस्तार, अब होगा महासागर विजन
- न्यूयॉर्क में ट्रंप प्रशासन के खिलाफ फिलिस्तीन समर्थकों ने निकाली रैली पृष्ठ 7

बल्लेबाजी में उतार-चढ़ाव के बावजूद सर्वश्रेष्ठ फिनिशर बन गए केएल राहुल पृष्ठ 8

# भारतमाला परियोजना में भ्रष्टाचार की जांच की सीबीआई से कराने की मांग खारिज, कांग्रेस ने किया बर्हिगमन

**रायपुर**, 12 मार्च (देशबन्धु)। भारतमाला परियोजना में गड़बड़ी का मामला नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने उठाते हुए कहा करीब 350 करोड़ से अधिक की गड़बड़ी की गई है।इसमें राजनीतिक दलों के लोग भी मिले हो सकते हैं। उन्होंने इसकी सीबीआई से जांच कराने मांग की। राजस्व मंत्री ने संभागीय आयुक्त से जांच कराने की घोषणा की। नेता प्रतिपक्ष इससे संतुष्ट नहीं हुए।उन्होंने सदन की कमेटी से मामले की जांच कराने का आग्रह किया। लेकिन सरकार उसके लिए तैयार नहीं हुई। डा महंत ने कहा वे इस मामले को लेकर हाईकोर्ट में जाएंगे।इसके बाद मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने बर्हिगमन किया। विधानसभा में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने भारतमाला परियोजना में गड़बड़ी स्वीकार करते हुए कहा कि अधिसूचना के बाद रकबे का टुकड़ा किया गया। अधिकृत भूमि का दोबारा भू-अर्जन किया गया। ट्रस्ट के बदले ट्रस्ट के व्यक्ति को मुआवजा मिल गया. डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार और पटवारी पर कार्रवाई की गई है। इस पर नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने कहा कि जिम्मेदार अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज कर जेल भेज दिया जाए। निलंबन ऐसी प्रक्रिया है, जिससे दोषी जल्द बच जाते हैं।निलंबन से लौटने के बाद फिर अधिकारी शेष पृष्ठ 7 पर




- नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने हाईकोर्ट जाने का ऐलान किया
- मुख्यमंत्री ने कहा, कांग्रेस सरकार ने तो सीबीआई के बैन कर दिया था

## जलाशय की जमीनें जिंदल इंडस्ट्री को दिए जाने पर सदन में हंगामा

- सदन की कमेटी से जांच कराए जाने कांग्रेस की मांग खारिज
- मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने किया बहिर्गमन

रायगढ़ जिले की केलो परियोजना कार्य में भू-अर्जन का मामला और जलाशय की जमीन जिंदल जलाशय के नाम ट्रांसफर किए जाने को लेकर विधानसभा में जमकर बवाल मचा।मामले की जांच सदन की कमेटी से कराने की मांग को लेकर नारेबाजी की गई। इसके बाद मंत्री के जवाब पर असंतोष जताते हुए कांग्रेस के सारे विधायक सदन से बहिर्गमन कर गए।

प्रश्नकाल में कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने यह मामला उठाया।उन्होंने सरकार से जानना चाहा कि रायगढ़ जिले की केलो परियोजना कार्य में भू-अर्जन के कितने मामले किस कारण से लंबित हैं? केलो परियोजना कार्य में भू-अर्जन के कारण कितना विलंब हुआ है? क्या केलो परियोजना से उद्योगों को पानी मिल रहा है? यदि हाँ, तो किसानों को कब तक पानी मिल जायेगा? परियोजना को पूर्ण करने हेतु राजस्व मामले का निराकरण कब तक पूर्ण करके परियोजना का लाभ किसानों को दिया जायेगा?





राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने जवाब देते हुए बताया कि केलो परियोजना अनुविभाग रायगढ़ अंतर्गत भू-अर्जन को लेकर सर्वेक्षण हुआ। संभाग रायगढ़ में 9 प्रकरण एवं केलो परियोजना निर्माण संभाग खरसिया में 13 प्रकरण तथा अनुविभाग घरघोड़ा में 01 प्रकरण ग्राम उज्जवलपुर के डूबान प्रभावित रकबा 22.675 हेक्टेयर का उच्च न्यायालय बिलासपुर के निर्णय के परिप्रेक्ष्य में नये सिरे से अवार्ड पारित किया जाना है। इस प्रकार कुल 23 प्रकरण लंबित हैं। केलो परियोजना कार्य में भू-अर्जन प्रकरण समय-सीमा में निराकृत हो रहे हैं। केलो परियोजना से घरघोड़ा अनुविभाग अंतर्गत मेसर्स अंजनी स्टील प्राइवेट लिमिटेड उज्जवलपुर को औद्योगिक प्रयोजन हेतु पानी दिया जा रहा है। केलो परियोजना क्षेत्र में प्रभावित किसानों को वर्ष 2013-14 से ट्रायल शेष पृष्ठ 7 पर

साय कैबिनेट की बैठक में अहम फैसले

# नई नक्सल नीति को मंजूरी, जल सूचना केन्द्र गठित करने पर मुहर



**रायपुर**, 12 मार्च (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट की बैठक में राज्य में नक्सल समस्या के समाधान के लिए ठोस पहल करते हुए छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति-2023 के स्थान पर छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण/पीड़ित राहत एवं पुनर्वास नीति-2025 को मंजूरी प्रदान की है। इस नीति के तहत आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को आर्थिक सहायता, पुनर्वास, शिक्षा, रोजगार और सुरक्षा जैसी सुविधाएं दी जाएंगी। भारत माला परियोजना के क्रियान्वयन में भ्रष्टाचार की मिल रही शिकायत को गंभीरता से लेते हुए केबिनेट ने इसकी जांच ईओडब्ल्यू के माध्यम से जांच कराने का निर्णय लिया है।

- भारत माला परियोजना में गड़बड़ी की जांच अब ईओडब्ल्यू के सुपुर्द

इसके अलावा कई अन्य फैसले लिए गए है। बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल विधेयक-2025 विधानसभा के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी (संशोधन) विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) (संशोधन) विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

मुख्यमंत्री ने 27 फरवरी को फिल्म ''छावा'' को राज्य में टैक्स फ्री करने की घोषणा की थी। मंत्रिपरिषद द्वारा मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुपालन में फिल्म छावा के प्रदर्शन पर प्रवेश हेतु देय राज्य माल और सेवा कर (एसजीएसटी) के समतुल्य धनराशि की प्रतिपूर्ति किए जाने का अनुमोदन किया गया। राज्य में जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और वैज्ञानिक योजना तैयार करने के लिए राज्य जल सूचना केन्द्र का गठन करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय से समझौता ज्ञापन (एमओयू) करने की सहमति प्रदान की गई।

स्टेट वाटर इंफॉर्मेशन सेंटर वर्षा, नदी और जलाशयों के स्तर, भूजल गुणवत्ता, गाद, नहरों में जल प्रवाह, फसल कवरेज, जलभृत मानचित्रण, भूमि और मिट्टी के डेटा सहित जल संसाधन संबंधी विभिन्न सूचनाओं का संग्रह, विश्लेषण और भंडारण करेगा।

विकसित डिजिटल प्लेटफार्म की सहायता से जल संसाधन प्रबंधन के लिए प्रमाणिक डेटा उपलब्ध कराएगा। इससे नीति निर्माण, रणनीतिक निर्णय, मॉडलिंग, विश्लेषणात्मक उपकरणों के विकास और जल प्रबंधन को मजबूती मिलेगी। शेष पृष्ठ 7 पर

## सार संक्षेप

### लोकतंत्र परमानेंट है, कुर्सी नहीं: ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को विधानसभा में भाजपा विधायक सुवेंदु अधिकारी के बयान की निंदा की। उन्होंने कहा- लोकतंत्र स्थायी है, कुर्सी नहीं। इसका सम्मान करें। दरअसल, सुवेंदु अधिकारी ने मंगलवार को कहा था कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद मुस्लिम विधायकों को विधानसभा से बाहर फेंक देंगे।

### धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ कांग्रेस छात्र इकाई का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की छात्र इकाई नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की तमिलनाडु पर की गई टिप्पणी के खिलाफ बुधवार को यहां जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। एनएसयूआई दिल्ली के अध्यक्ष आशीष लांबा के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में छात्रों ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार क्षेत्रीय पहचान और भाषाई विविधता के प्रति असम्मानजनक रवैया अपना रही है और यह पूरी तरह से निंदनीय है।

### दक्षिण पूर्व एशिया से 266 और भारतीय छूटकर भारत पहुंचे

**नई दिल्ली।** दक्षिण पूर्व एशिया के साइबर अपराध केंद्रों में फंसे 266 और भारतीयों को मंगलवार को मुक्त कराकर भारत लाया गया। इससे पहले सोमवार को इसी तरह फंसे 283 भारतीय स्वदेश लाए गए थे। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि सरकार ने कल 266 और भारतीयों को वायु सेना के एक विमान से स्वदेश वापसी का प्रबंध किया, ये व्यक्ति झांसा देकर दक्षिण एशिया में साइबर अपराध में लगे अड्डों पर ले जाए गए थे। बयान में कहा गया कि इसी तरह सोमवार को 283 भारतीयों को स्वदेश लाया गया था।

### वायु सेना प्रमुख ने क्षमता बढ़ाने की जरूरत बताई

**नई दिल्ली।** वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने बदलते भू-रणनीतिक परिदृश्य में उभरती सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तेजी से क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया है। एयर चीफ मार्शल रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज वेलिंगटन में स्थायी संकाय के साथ 80वें स्टाफ कोर्स में भाग ले रहे भारतीय सशस्त्र बलों के छात्र अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे।

### भारतीय नौसेना की मार्चिंग टुकड़ी परेड में शामिल हुई

**पोर्ट लुईस।** मॉरीशस केराष्ट्रीय दिवस समारोह के दौरान भारतीय नौसेना की मार्चिंग टुकड़ी ने भी परेड में हिस्सा लिया। समारोह के लिए पीएम मोदी को दूसरी बार आमंत्रित किया जाना मॉरीशस के साथ भारत के विशेष संबंधों को रेखांकित करता है, जो साझा इतिहास, संस्कृति और प्रवासी संबंधों में निहित है।

लोकसभा में देश की सुरक्षा का मुद्दा उठा

# विपक्ष ने सीमा पर एनर्जी प्रोजेक्ट पर सवाल उठाए

**नई दिल्ली**, 12 मार्च (एजेंसियां)। बजट सत्र के तीसरे दिन लोकसभा में देश की सुरक्षा का मुद्दा उठा। कांग्रेस और डीएमके ने भारत-पाकिस्तान सीमा के पास एक रिन्यूबल एनर्जी प्रोजेक्ट को मंजूरी दिए जाने पर आपत्ति जताई।प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि इन प्रोजेक्ट से नेशनल सिक्योरिटी का खतरा है। उन्होंने दावा किया कि ये प्रोजेक्ट बॉर्डर से एक किलोमीटर के दायरे तक लगेंगे। जबकि नियमों के तहत बॉर्डर एरिया से 10 किमी तक किसी तरह के निर्माण की अनुमति नहीं होती है।दरअसल गुजरात सरकार ने भारत-पाक सीमा से एक किमी के दायरे में एनर्जी प्रोजेक्ट के लिए अडाणी ग्रुप को 25 हजार हेक्टेयर जमीन दी है। कांग्रेस सांसद ने सवाल किया कि क्या इस प्रोजेक्ट को कोई छूट दी गई थी। इस पर सरकार ने कहा कि केंद्र, राज्य और संबंधित एजेंसियों से मंजूरी मिलने के बाद किसी भी प्रस्ताव को मंजूरी और लाइसेंस दिए जाते हैं।

- गुजरात सरकार ने एनर्जी प्रोजेक्ट के लिए अडाणी ग्रुप को 25 हजार हेक्टेयर जमीन दी है
- विपक्ष ने किया विरोध, देश की सुरक्षा के लिए खतरा बताया

**मतदाता पहचान पत्र में विसंगति पर भी चर्चा की मांग**- विपक्ष ने बुधवार को राज्यसभा में मतदाता पहचान पत्र में शेष पृष्ठ 7 पर

रायपुर में पुलिस को बड़ी सफलता

# इनोवा कार से साढ़े 4 करोड़ बरामद



**रायपुर**, 12 मार्च (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में पुलिस को चेकिंग के दौरान बड़ी सफलता हाथ लगी है। आमानाका थाना क्षेत्र में एक चेकिंग प्वाइंट पर पुलिस ने इनोवा कार से करीब साढ़े 4 करोड़ रुपए नगद बरामद किए हैं। इस दौरान पुलिस ने कार सवार दो आरोपियों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार, व्हाइट इनोवा रायपुर से नगद रकम लेकर महाराष्ट्र के मुंबई के लिए रवाना हुई थी। रकम को छुपाने के लिए कार के अंदर अलग से डेक बनाया गया था। बताया जा रहा है कि यह रकम हवाला का पैसा हो सकता है। शेष पृष्ठ 7 पर

# सहायक आयुक्त के घर फिर से पहुंची एसीबी-ईओडब्ल्यू की टीम, जांच जारी

**बीजापुर**, 12 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में एक बार फिर एसीबी-ईओडब्ल्यू की कार्रवाई देखने को मिली है। भ्रष्टाचार के मामले में घिरे सहायक आयुक्त आनंद सिंह के घर पर आज सुबह से एसीबी की टीम जांच कर रही है।



बता दें कि बीते रविवार को भी एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने सहायक आयुक्त आनंद सिंह के घर दबिश दी थी, लेकिन उनकी अनुपस्थिति के कारण मकान को सील कर दिया गया था। जिसके बाद आज फिर से टीम ने उनके घर पहुंचकर तलाशी शुरू कर दी है।

**सहायक आयुक्त और डीएफओ के बंगले में पहुंची थी टीम**-रविवार को एंटी करप्शन ब्यूरो और आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा की संयुक्त टीम ने बस्तर संभाग के बीजापुर और सुकमा में बड़े पैमाने पर छापेमारी की थी। इस दौरान सहायक आयुक्त के जगदलपुर के धरमपुरा स्थित मकान के साथ-साथ उनके दो रिश्तेदारों के बैलाबाजार और धरमपुरा स्थित अन्य मकानों पर भी दबिश दी गई थी। इसके अलावा एसीबी और ईओडब्ल्यूकी टीम ने सुकमा के डीएफओ (वन मंडल अधिकारी) समेत कई कारोबारियों के ठिकानों पर भी छापा मारा था। इस कार्रवाई के लिए रायपुर से विशेष टीम बस्तर संभाग पहुंची थी।

# संभल जामा मस्जिद में रंगाई-पुताई की इजाजत

**प्रयागराज**, 12 मार्च (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संभल की शाही जामा मस्जिद की कमेटी को मस्जिद की बाहरी दीवारों पर रंगाई-पुताई करने की अनुमति दे दी है। कोर्ट ने मस्जिद कमेटी की अर्जी को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए यह आदेश दिया कि रंगाई-पुताई सिर्फ मस्जिद की बाहरी दीवारों पर ही की जा सकती है।

इसके अलावा, हाईकोर्ट ने कहा कि बाहरी दीवारों पर लाइटिंग भी लगाई जा सकती है, लेकिन यह काम किसी भी ढांचे को नुकसान पहुंचाए बिना किया जाना चाहिए।

मस्जिद कमेटी ने यह याचिका इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल की थी, जिसमें उन्होंने रंगाई-पुताई कराने की अनुमति मांगी थी। जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच ने एक सप्ताह के भीतर इस कार्य को कराने का आदेश दिया और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।यह आदेश इस तर्क पर आधारित है कि मस्जिद की बाहरी दीवारों का सौंदर्यीकरण किया जा सकता है, बशर्ते इसमें कोई संरचनात्मक बदलाव न किया जाए या किसी ऐतिहासिक ढांचे को नुकसान न पहुंचे।

इससे पहले इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मस्जिद की रंगाई-पुताई करने की इजाजत देने से इनकार कर दिया था। जामा मस्जिद मामले में मुस्लिम पक्ष ने रंगाई-पुताई की मांग की थी।

# सीजीपीएससी प्रिलिम्स 2024 का रिजल्ट जारी

**रायपुर**, 12 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने प्रिलिम्स परीक्षा 2024 का परिणाम घोषित कर दिया है। इस परीक्षा के माध्यम से कुल 246 पदों पर भर्ती होनी है। प्रिलिम्स परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों में से 3737 उम्मीदवारों को मेंस परीक्षा के लिए चयनित किया गया है। मेंस परीक्षा का आयोजन 26 से 29 जून 2024 तक था।

- मेंस के लिए 3737 अभ्यर्थी चयनित

कुल पद- 246

मेंस के लिए चयनित अभ्यर्थी- 3737

मेंस परीक्षा तिथि 26 से 29 जून 2024

अभ्यर्थी अपना परिणाम सीजीपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं।

पाकिस्तान ट्रेन हाईजैक मामला

# सभी बीएलए लड़ाके मारे गए

**इस्लामाबाद**, 12 मार्च (एजेंसियां)। पाकिस्तान के बलूचिस्तान में मंगलवार (11 मार्च 2025) को बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक कर लिया। पाकिस्तानी न्यूज चैनल डॉन के मुताबिक पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने ट्रेन में मौजूद बीएलए के सभी लड़कों को मार गिराया है। बताया जा रहा है कि अब बंधकों को निकालने का काम किया जा रहा है।

जाफर एक्सप्रेस ट्रेन क्वेटा से खैबर पख्तूनख्वा के पेशावर जा रही थी तभी उग्रवादियों ने विस्फोटकों का इस्तेमाल कर ट्रेन को बेपटरी कर दिया और उस पर कब्जा कर लिया था। ट्रेन के 9 डिब्बों में करीब 450 यात्री थे। सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, सुरक्षा बलों ने बड़ी संख्या में बंधकों को बचाया है, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। बचाए गए नागरिकों का इस्तेमाल आतंकवादी मानव ढाल के रूप में कर रहे थे। पाकिस्तान के गृह मंत्रालय के अनुसार इस घटना में 70 से 80 आतंकवादी शामिल थे। संयुक्त राष्ट्र ने बलूचिस्तान में क्वेटा-पेशावर यात्री ट्रेन पर हुए आतंकवादी हमले की निंदा की। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने जोर देकर कहा कि आम नागरिकों पर हमले अस्वीकार्य हैं।

# डिजिटल अरेस्ट मामलों में 83668 वॉट्सऐप अकाउंट बंद

**नई दिल्ली**, 12 मार्च (एजेंसियां)। गृह मंत्रालय ने बुधवार को राज्यसभा में बताया कि साइबर क्राइम कोआर्डिनेशन सेंटर ने डिजिटल अरेस्ट मामलों में शामिल 3962 से ज्यादा स्काइप आईडी और 83,668 वॉट्सऐप अकाउंट्स की पहचान करके ब्लॉक कर दिया है। गृह राज्य मंत्री संजय बंदी कुमार ने द्रविड़ मुनेत्र कड़गम सांसद तिरुचि शिवा के सवाल सर यह लिखित जानकारी दी। उन्होंने बताया- साइबर अपराधियों ने इन अकाउंट्स का इस्तेमाल ईडी, सीबीआई जैसी एजेंसियों के अधिकारी बनकर धोखाधड़ी की थी। इसके अलावा 28 फरवरी, 2025 तक 7.81 लाख से ज्यादा सिम कार्ड और 2.08 लाख से ज्यादा आईएमईआई नंबर ब्लॉक किए गए हैं।

# जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनाव की फिर से बदली डेट

**रायपुर**, 12 मार्च (देशबन्धु)। जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के चुनाव की तिथि में एक बार फिर से बदलाव किया गया है। पहले यह चुनाव आज (12 मार्च) होना था, लेकिन अपरिहार्य कारणों से इसे संशोधित कर दिया गया है। अब यह चुनाव 20 मार्च को होगा। इससे पहले निर्वाचन की तिथि 12 मार्च निर्धारित की गई थी, जबकि 17 मार्च को प्रथम सम्मेलन आयोजित किया जाना था। अब जिला प्रशासन द्वारा नई तारीख जारी की गई है, जिसके अनुसार 20 मार्च को मतदान होगा। जिला प्रशासन ने इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी कर दिया है।

- अब 20 मार्च को होगा चुनाव, आदेश जारी

उपलब्धि इस उपलब्धि को हासिल करने वाला बना राज्य का पहला पर्यटन स्थल

# यूनेस्को ने कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान को टेंटेटिव वर्ल्ड हेरिटेज लिस्ट में जोड़ा

**रायपुर, 12 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में स्थित कांगेर घाटी नेशनल पार्क को यूनेस्को ने 2025 की वर्ल्ड हेरिटेज साइट की तदर्थ (टेंटेटिव) सूची में शामिल कर लिया है। यह प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, क्योंकि पहली बार किसी स्थल को इस सूची में स्थान मिला है। अब छत्तीसगढ़ सरकार को एक साल के भीतर पूरी तथ्यात्मक जानकारी और आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना दावा पेश करना होगा, ताकि इसे पूर्ण रूप से वर्ल्ड हेरिटेज साइट का दर्जा मिल सके।**

***पहली बार छत्तीसगढ़ की किसी साइट को यह सम्मान***-*कांगेर घाटी नेशनल पार्क अपनी समृद्ध जैव विविधता और दुर्लभ जीव-जंतुओं के लिए जाना जाता है। यह क्षेत्र 200 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है और यहां की भौगोलिक संरचना, गुफाएं, वनस्पतियां, दुर्लभ पक्षी एवं जनजातीय संस्कृति इसे अनोखा बनाती हैं। वर्ल्ड हेरिटेज साइट के लिए भेजा गया प्रस्ताव यूनेस्को की टेंटेटिव लिस्ट में शामिल किया गया है, जो अपने आप में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जाती है।*




***यूनेस्को की सूची में शामिल होने की प्रक्रिया***- *यूनेस्को किसी स्थल को तीन श्रेणियों में वर्ल्ड हेरिटेज साइट का दर्जा देता है— प्राकृतिक धरोहर, सांस्कृतिक धरोहर, मिश्रित धरोहर*

***कैसे हुआ चयन?***

*करीब दो साल पहले कांगेर घाटी नेशनल पार्क के तत्कालीन डायरेक्टर गणवीर धम्मशील ने इस दिशा में काम शुरू किया था। उन्होंने पुरातत्व विभाग और अन्य विशेषज्ञों की मदद से करीब एक साल तक शोध किया और यूनेस्को को प्रस्ताव भेजा। इसके बाद यूनेस्को ने इसे प्राथमिक सूची में शामिल कर लिया है।*

***कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान की विशेषताएँ***

*अद्वितीय जैव विविधता- यहां दुर्लभ वनस्पतियां और जीव-जंतु पाए जाते हैं, जिनमें विशेष रूप से पहाड़ी* शेष पृष्ठ 7 पर

# देश

उवाच



"मध्य प्रदेश सरकार के बजट में आदिवासी समुदाय के लिए कोई स्पष्ट नीति नहीं है। वित्त मंत्री ने कहा है कि 100 आदिवासी गांवों को सौर ऊर्जा देंगे। क्या सिर्फ 100 ही गांव सरकार को दिखाई दे रहे हैं बाकी का क्या होगा। यह सिर्फ जादूई आंकड़ों का और जुमलेबाजी का बजट है।"

–उमंग सिंघार, कांग्रेस नेता

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 33.0 | 20.0 |
| मुंबई | 35.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 36.0 | 24.0 |
| चेन्नई | 31.0 | 26.0 |

# तेल क्षेत्र में बढ़ रही आत्मनिर्भरता : कांग्रेस

- विपक्ष ने मोदी सरकार पर लगाया तेल उत्पादन को प्रोत्साहन नहीं देने का आरोप
- लोकसभा में तेल क्षेत्र विनिमय तथा विकास संशोधन विधेयक पर हुई चर्चा



सरकार को सभी ऊर्जा स्रोतों में बदलाव कर उन्हें एक कर देना चाहिए और बिखरी ऊर्जा व्यवस्था का एकीकरण तेल क्षेत्र में आयात निर्भरता कम करनी चाहिए : मनीष तिवारी

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (एजेंसियां)। विपक्ष ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार तेल उत्पादन को प्रोत्साहन नहीं दे रही है और तेल क्षेत्र के विकास के लिए कोई कदम नहीं उठाए गए हैं जिसके कारण देश में तेल क्षेत्र में आत्मनिर्भरता कम होने की बजाय लगातार बढ़ रही रही है। कांग्रेस के मनीष तिवारी ने बुधवार को लोकसभा में तेल क्षेत्र (विनिमय तथा विकास) संशोधन विधेयक 2024 पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि तेल का आयात आज बढ़ गया है। सरकार दावा करती है कि वह ऊर्जा क्षेत्र के विकास के लिए काम कर रही है लेकिन हालात यह है कि तेल का आयात आज 90 प्रतिशत बढ़ गया है और देश की तेल क्षेत्र में आत्मनिर्भरता कम होने की बजाय लगातार बढ़ रही है और यह ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था हाइड्रो कार्बन आधारित है और इसमें कोयला से ऊर्जा उत्पादन 55 प्रतिशत से अधिक है। सरकार को सभी ऊर्जा स्रोतों में बदलाव कर उन्हें एक कर देना चाहिए और बिखरी ऊर्जा व्यवस्था का एकीकरण तेल क्षेत्र में आयात निर्भरता कम करनी चाहिए। उनका कहना था कि मोदी सरकार के पिछले 10 साल के कार्यकाल में कोई काम ऊर्जा विकास के लिए नहीं हुआ है और इसी का परिणाम है कि देश में तेल क्षेत्र में आयात निर्भरता लगातार घट रही है जबकि इसे बढ़ना चाहिए था।

**तेल एवं गैस का उत्पादन को बढ़ाने की जरूरत**

इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के ई टी मोहम्मद बशीर ने कहा कि देश में तेल एवं गैस का उत्पादन को बढ़ाने की जरूरत है और उसके लिए एक सशक्त कानून बनाने की भी जरूरत है। लेकिन यह केवल उत्खनन का मामला ही नहीं है। इसके लिए सभी पक्षकारों से बातचीत करना एवं उनकी चिंताओं का निराकरण करना जरूरी है। पर्यावरण एवं स्थानीय पारिस्थितिकी का ध्यान रखना अपरिहार्य है। भाजपा के जगदंबिका पाल ने कहा कि यह संशोधन विधेयक नहीं है बल्कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा को सशक्त करने के लिए क्रांतिकारी कदम है। स्पष्ट है कि 1948 के कानून में संशोधन की जरूरत इसलिए पड़ी है क्योंकि तब सिर्फ तेल के उत्खनन की बात करते थे। अब माइनिंग लीज़ को पेट्रोलियम लीज़ कर दिया गया है।अनिश्चिता के कारण लोग निवेश नहीं आ सका। उत्खनन के साथ भंडारण, शोधन भी जोड़ा जा रहा है। वाईएसआर कांग्रेस की गुम्मा तनुजा रानी और तृणमूल कांग्रेस की प्रतिमा मंडल ने भी चर्चा में भाग लिया। भाजपा के दिलीप सैकिया ने कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान मोदी सरकार ने ऊर्जा क्षेत्र के विकास के लिए जो कदम उठाए हैं वे अभूतपूर्व हैं और उससे देश ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। ऊर्जा क्षेत्र की देश की अर्थव्यवस्था अहम भूमिका है। भारत तेल क्षेत्र में एशिया में भारत की भूमिका महत्वपूर्ण है और इस महाद्वीप में भारत दूसरा सबसे ज्यादा तेल रिफाइनरी वाला मुल्क है। मोदी सरकार ऊर्जा शक्ति को गति देने के लिए काम कर रही है और इसी का परिणाम है कि श्री मोदी की कल्पनाशीलता के परिणाम स्वरूप देश की पहली वायु रिफाइनरी असम वायु रिफाइनरी बन रही है। इस रिफाइनरी को स्वरूप देने के लिए सरकार ने 4200 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है और बिहू पर्व के बाद से यह रिफाइनरी का काम शुरु होगा। सैकिया ने कहा कि इस विधेयक के पारित होने से देश में तेल क्षेत्र में निवेश आएगा और इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि पहले 142 अरब डालर का तेल आयात किया जाता था लेकिन मोदी सरकार ने ऊर्जा क्षेत्र में जो काम किया है उसके कारण अब 62 अरब डालर का ही आयात किया जा रहा है। तेलुगु देशम पार्टी के टी कृष्णा प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने खुद को पेट्रोलियम पदार्थों के निर्यातक के रूप में स्थापित करने में कामयाबी हासिल की है।

उन्होंने आंध्र प्रदेश के विकास में पेट्रोलियम उद्योग के विकास का योगदान होगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नारा चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व में विकसित भारत एवं विकसित आंध्र प्रदेश को बल मिलेगा। जनता दल यूनाइटेड के कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि भारत तेल का सबसे आयातक देशों में से है। इस कानून के बनने से देश में तेल उत्खनन क्षेत्र में सुधार के साथ निवेश आएगा और तेल एवं गैस की उत्पादन बढ़ने से दामों में कमी आएगी।

## जब सरकारी तेल कंपनियां मुनाफा कमा रहीं हैं तो दाम में कमी क्यों नहीं : सपा



सपा के रमाशंकर राजभर ने कहा कि जब सरकारी तेल कंपनियां मुनाफा कमा रहीं हैं तो तेल के दाम में कमी क्यों नहीं की जा रही है। तेल के दाम कम नहीं होने से किसानों और खेती पर दबाव ज्यादा है। उन्होंने कहा कि भारतीय तेल कंपनियों को विदेशी कंपनियों पर निर्भरता समाप्त होनी चाहिए और भारतीय तेल कंपनियों का सामाजिक सरोकारों के प्रति योगदान को भी सुनिश्चित करनी चाहिए। द्रविड़ मुनेत्र कषगम के कथीर आनंद ने कहा कि विधेयक में केंद्र सरकार को तेल उत्खनन प्रणाली के नियम तय करने के अधिकार मिलते हैं। लेकिन तेल एवं प्राकृतिक गैस के उत्खनन की परियोजनाओं के कारण पारिस्थकीय, पर्यावरण एवं समुद्री जीव जन्तुओं को होने वाले नुकसान का ध्यान रखना जरूरी है। उन्होंने ऐसी उत्खनन परियोजनाओं के लिए पहले राज्य सरकारों से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेने और स्थानीय समुदाय की सहमति भी हासिल करने और स्थानीय पर्यावरण एवं रोज़गार की रक्षा करने की प्रतिबद्धता हासिल करने की जरूरत है।

# संसद से

## संथाल परगना क्षेत्र में लगातार घट रही आदिवासियों की संख्या निशिकांत दुबे

भारतीय जनता पार्टी के निशिकांत दुबे ने बुधवार को लोकसभा में झारखंड के संथाल परगना क्षेत्र में आदिवासियों की घटती संख्या की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए क्षेत्र से बांग्लादेशी घुसपैठियों को हटाने के उपाय किये जाने की मांग की। दुबे ने शून्य काल में यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि वर्ष 1951 में संथाल परगना क्षेत्र में आदिवासियों की संख्या 45 प्रतिशत थी, जो वर्ष 2011 में घटकर 28 फीसदी रह गई। यह बहुत चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बांग्लादेश के घुसपैठियों की संख्या बहुत बढ़ गई है, इससे वहां मुस्लिम आबादी लगातार बढ़ रही है।

## संविदा कर्मियों को सरकारी कर्मचारियों की तरह सुविधाएं मिलें : धर्मेन्द्र यादव

समाजवादी पार्टी के धर्मेन्द्र यादव ने बुधवार को लोकसभा में संविदा कर्मियों का मुद्दा उठाते हुए मांग की कि सरकारी कर्मचारियों की तरह इन कर्मचारियों को भी वेतन और अन्य सुविधायें दी जानी चाहिए। यादव ने शून्य काल के दौरान यह मसला उठाते हुए कहा कि संविदा कर्मी, आशा कार्यकर्ता, रोजगार सेवक, शिक्षा मित्र, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाएं, अनुदेशक, पंचायत सेवक, रसोइया, ग्रामीण चौकीदार आदि कर्मी बहुत कम मानदेयों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने सरकारी विभागों में आउटसोर्स के तहत नियुक्त कर्मचारियों का भी मुद्दा उठाया और कहा कि आउटसोर्स करने वाली कंपनियां इन कर्मचारियों का शोषण करती हैं और उन्हें मामूली वेतन पर नियुक्त कर उनसे निर्धारित पूरा काम लेती हैं।

## कोयला खादानों में दुर्घटना को कम करने को लेकर सरकार गंभीर : रेड्डी

कोयला मंत्री जी. किशन. रेड्डी ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि कोयला खादानों मे दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लगातार काम किए जा रहे है जिसके अच्छे परिणाम आ रहे हैं। रेड्डी ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि खादानों में दुर्घटनाओं को कम करने के लिए अलग-अलग समिति बनाने के साथ-साथ नई तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहली बार खादान के अंदर 5जी तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है ताकि दुर्घटनाओं को नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों से कोयला खादानों में लगातार दुर्घटना कम हो रहे हैं और आने वाले दिनों में और कम हो उसके प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि खादानों में काम करने वालों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है।

## लोस सीटों के संभावित परिसीमन में जनसंख्या को ही आधार न बनाया जाए : कथिर आनंद

लोकसभा में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सदस्य डी.एम. कथिर आनंद ने सदन की सीटों के संभावित परिसीमन में जनसंख्या को ही आधार न बनाए जाने की मांग करते हुए कहा कि राज्य में प्रति व्यक्ति आय, वस्तु एवं सेवा कर संकलन, कृषि आय, निर्यात आदि को भी मानदंड माना जाना चाहिए। आनंद ने शून्य काल के दौरान कहा कि लोकसभा सीटों के परिसीमन को ऐसा हथियार नहीं बनाया जाना चाहिए जिससे प्रगति कर रहे राज्य अपने को दंडित किया जाना महसूस करें। परिसीमन को लेकर अभी बहुत सी चीजें स्पष्ट नहीं हैं इससे तमिलनाडु के लोगों को आशंका है कि परिसीमन के बाद राज्य में लोकसभा सीटें कम हो जाएंगी। तमिलनाडु और दक्षिण भारत के अन्य राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण पर अच्छे कार्य किए हैं, अतः उनकी मांग है कि परिसीमन के दौरान जनसंख्या को ही आधार न माना जाये, जिससे इन राज्यों के साथ अन्याय न हो।

# सार संक्षेप

## मेघालय में उपद्रवियों ने सरकारी वाहन में आग लगाई

**शिलांग।** मेघालय की राजधानी शिलांग के नोंग्मेनसोंग डोंगकाडियांग इलाके में मेघालय इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन को आबंटित सरकारी वाहन में बुधवार तड़के कुछ अज्ञात लोगों ने आग लगा दी। पूर्वी खासी हिल्स के जिला पुलिस प्रमुख विवेक सिम ने कहा कि यह आगजनी का मामला हो सकता है और दोषियों की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## मणिपुर में 12 उग्रवादी किए गए गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में पिछले 24 घंटों के दौरान अलग-अलग घटनाओं में 12 उग्रवादी गिरफ्तार हुए। पुलिस ने बुधवार को कहा कि उग्रवादियों के पास से हथियार भी बरामद किए गए। बरामद हथियारों में 7.62 मिमी एसएलआर के साथ मैगजीन, 5.56 मिमी इंसास राइफल, .22 राइफल, 2 बोर डबल बैरल बंदूक, हैंड ग्रेनेड, स्टन ग्रेनेड शामिल हैं। ये हथियार इंफाल पूर्वी जिले के इरिलबुंग-पीएस के अंतर्गत केइराओ वांगखेम से बरामद किए गए। पुलिस ने कहा कि एक व्यक्ति को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया गया। उसकी पहचान संदीप देसवाल के रूप में हुई है, जो सेनापति जिले के सेनापति-पीएस के अंतर्गत एनएच-2 के टी. खुल्लेन में 17.34 किलोग्राम अफीम ले जा रहा था।

## शिक्षा का केंद्र बनेगा त्रिपुरा : माणिक

**अगरतला।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार ने राज्य को देश के बाकी हिस्सों के लिए ज्ञान का केंद्र बनाने के लिए शिक्षा के विकास को प्राथमिकता दी है। बिशालगढ़ में एक सामाजिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. साहा ने कहा कि शिक्षा प्रणाली में बदलाव लाने और शिक्षा क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न शैक्षिक परियोजनाएं लागू की जा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि भविष्य में जिनके पास शिक्षा और ज्ञान होगा, वे दुनिया, देश और राज्य का नेतृत्व करेंगे।

## बिहार में शुरू की गई योजना में 41822 आवास अपूर्ण : श्रवण

**पटना।** बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने स्वीकार किया कि बेघर लोगों को आवास उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई योजना के 41 हजार 822 आवास अपूर्ण हैं। कुमार ने विधानसभा में भोजनावकाश के पहले की बैठक के दौरान भारतीय जनता पार्टी सदस्य

# मध्य प्रदेश में 4.21 लाख करोड़ का बजट पेश

- विधानसभा में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने पेश किया बजट

**भोपाल,** 12 मार्च (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा में मोहन यादव सरकार की ओर से बुधवार को वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए बजट पेश हुआ। यह बजट मध्य प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने पेश किया। मोहन सरकार की ओर से 4 लाख 21 हजार 32 करोड़ रुपये का बजट पेश किया गया है। यह अब तक का सबसे बड़ा बजट है। बजट को सीएम मोहन यादव ने हर वर्ग के विकास और विश्वास का बजट बताया। बजट पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने जो बजट पेश किया है वो ये हमारी सरकार का अद्वितीय बजट है। इसके माध्यम से हमने सभी वर्गों की बेहतरी के लिए प्रयास किया है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक दो ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी अर्थात दो लाख 50 हजार करोड़ रुपए का जो रोडमैप तैयार किया गया है, उसी सिलसिले में हम अपने बजट को पांच साल में दो गुना करने का संकल्प लेकर हम आगे बढ़ रहे हैं। यह सिर्फ आंकड़ों का दस्तावेज नहीं है, ये ठोस निर्धारित लक्ष्य है, जिसके आधार पर व्यवस्थित योजना तैयार की गई है। गरीब, महिला, किसान और युवा सभी वर्गों की बेहतरी के साथ–साथ ये बजट गांव–गरीब और खास करके व्यवस्थित प्लानिंग के भरोसे से मध्यप्रदेश को उड़ान की ओर आगे बढ़ेगा। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि ये बजट पिछली बार से 15 प्रतिशत ज्यादा है अर्थात चार लाख 21 हजार 32 करोड़ का ये बजट है। ये आज तक का सबसे बड़ा बजट है। ये सारे रिकॉर्ड से बाहर है। महिला सशक्तिकरण के लिए भी ये बजट बहुत अलग प्रकार का है। छह वर्षों में जेंडर बजट का आकार दो गुना हुआ है। कृषि क्षेत्र में भी हम छह वर्षों में दो गुनी छलांग लगाने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। उज्ज्वल भविष्य के लिए बच्चों के शैक्षणिक, सामाजिक, भावनात्मक और शारीरिक विकास सभी प्रकार से बाल बजट को भी छह वर्षों दो गुना करने का लक्ष्य रखा गया है। लाडली लक्ष्मी योजना के माध्यम से भी हमने एक बार स्पष्ट किया है कि इसमें किसी प्रकार की धनराशि की कमी नहीं आएगी। मुख्यमंत्री कहा कि मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि इतने बड़े बजट के बाद भी हमने एक रुपये का टैक्स नहीं लगाया है। न ही किसी योजना में कटौती की है। लगातार हम अपने संकल्प पत्र के वादों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। हम कांग्रेस के शासनकाल से तुलना करें तो तब केवल 20 हजार करोड़ का बजट होता था 2024–04 तक। जब हमारी सरकार बनी तो सवा तीन लाख करोड़ से हम आगे बढ़े हैं। ये हमारी भारतीय जनता पार्टी की काम करने की शैली है, उसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए हम निश्चित रूप से आगे बढ़ रहे हैं।



बजट में न एक रुपए का टैक्स, न योजना में कटौती : मोहन यादव

## बजट प्रदेश को कर्ज व भ्रष्टाचार में डुबोने का दस्तावेज : पटवारी



मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए पेश किए गए वार्षिक बजट को लेकर कहा कि यह बजट नहीं है, यह मध्य प्रदेश को कर्ज और भ्रष्टाचार में डुबोने वाला एक दस्तावेज है। पटवारी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट के जरिए बजट पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह बजट नहीं, मध्य प्रदेश को, कर्ज/भ्रष्टाचार में डुबोने का दस्तावेज है। भाजपा सरकार ने मध्य प्रदेश की जनता को फिर से एक छलावा भरा बजट दिया है।

# तमिलनाडु लगातार कर रहा एनईपी का विरोध : अंबिल महेश

**चेन्नई,** 12 मार्च (एजेंसियां)। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) द्वारा एनईपी पर बढ़ते विवाद के बीच, (इसे राज्य में हिंदी थोपने का प्रयास बताया जा रहा है) स्कूली शिक्षा मंत्री अंबिल महेश पोय्यामोझी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस दावे का कड़ा खंडन किया कि राज्य ने इसे स्वीकार कर लिया है और कहा कि तमिलनाडु लगातार इसका विरोध कर रहा है और इसमें कोई अचानक बदलाव नहीं हुआ है। अंबिल महेश ने एक विस्तृत सोशल मीडिया पोस्ट में संसद में प्रधान के दावे पर आपत्ति जताई और कहा कि गलत सूचना फैलाने से वास्तविक तथ्य नहीं बदलेंगे क्योंकि तमिलनाडु लगातार एनईपी का विरोध कर रहा है क्योंकि यह राज्य के शिक्षा मॉडल को कमजोर करता है।


**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8–(1)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्वतः इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड) (आईआईएफएल–एचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना निम्नवर्णित कर्जदारों/सह–कर्जदारों को जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णित राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार तथा सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। विशेष रूप से कर्जदार को तथा सर्वसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्तियों के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईआईएफएल एचएफएल की बकाया राशि और उस पर ब्याज के प्रभाराधीन होगा। कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है, यदि कर्जदार आईआईएफएल एचएफएल की बकाया राशि वहन की गई सभी लागतों, प्रभारों तथा खर्चों सहित, बिक्री या अंतरन की नियत तिथि से पहले किसी भी समय चुकता कर देता है, तो "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा प्रत्याभूत आस्ति बेची या अंतरित नहीं की जाएगी तथा "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री या अंतरण के लिए आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।

| कर्जदार(रों)/सह–कर्जदार(रों) का नाम | प्रतिभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया राशि (रू.) | मांग सूचना की तिथि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्रीमती अलवीना मेरी श्री अभिजीत रामटेके (प्रॉस्पेक्ट नंबर आईएल 10156979) | सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : प्लॉट नंबर 160, केएच. नंबर 15006/1 (पार्ट), पीएच नंबर 59, स्वस्तिक स्मार्ट सिटी, आरएनएम भिलाई–3, ग्राम परसादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़–490042, क्षेत्रफल परिमाप (वर्ग फीट में) : सम्पत्ति प्रकार : क्षेत्रफल परिमाप सम्पत्ति क्षेत्रफल : 985.00 | रू. 8,07,100/– (रूपए आठ लाख सात हजार एक सौ मात्र) | 13–12–2024 | 11–03–2025 |
| श्री अमर चंद परयानी, श्रीमती कोमल परयानी, सतगुरू गारमेंट्स (प्रॉस्पेक्ट नंबर आईएल 10486256) | सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : प्लॉट नंबर एलआईजी–294, खसरा नंबर 1327/2, मौजा ग्राम – परसादा, पीएच नंबर 59, आरएनएम भिलाई–3, नगरपालिका कुम्हारी, वार्ड नंबर 16, तहसील पाटन, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़–491111, क्षेत्रफल परिमाप (वर्ग फीट में) : सम्पत्ति प्रकार : क्षेत्रफल परिमाप सम्पत्ति क्षेत्रफल : 581.00, 872.00, 696.00, 557.00 | रू. 16,82,489/– (रूपए सोलह लाख बयासी हजार चार सौ नवासी मात्र) | 13–12–2024 | 11–03–2025 |

अतिरिक्त विवरण के लिए, कृपया प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें शाखा कार्यालय : प्रथम तल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेन्सी के सामने, रायपुर, छत्तीसगढ़–492001/अथवा कार्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नंबर 98, फेज–4, उद्योग विहार, गुरूग्राम, हरियाणा।

स्थान : दुर्ग, तिथि : 13–03–2025 — हस्ता./–, प्राधिकृत अधिकारी, वास्ते आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड

**ई–नीलामी सह बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना (परिशिष्ट – 4 क) (नियम 8 (6))**

आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्वतः इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड के नाम से ज्ञात) (आईआईएफएल एचएफएल) कार्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नंबर 98, उद्योग विहार, फेज–4, गुरूग्राम–122015 (हरियाणा) तथा शाखा कार्यालय :– "प्रथम तल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेन्सी के सामने, रायपुर, छत्तीसगढ़–492001" के पास बंधक अचल सम्पत्ति की बिक्री वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसमें आगे "अधिनियम" कहा गया है) के तहत। जबकि आईआईएफएल – एचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी ("एओ") ने निम्नलिखित ऋण खातों/प्रॉस्पेक्टर नंबर्स में अधिनियम की धारा 13(2) के तहत निम्नवर्णित सम्पत्ति/सम्पत्तियों का कब्जा उनको आईआईएफएल – एचएफएल की बकाया राशि की वसूली के लिए "जैसी है जहां है एवं जैसी है जो है आधार" पर बेचने के अधिकार सहित प्राप्त कर लिया था। अधोहस्ताक्षरी द्वारा यह बिक्री वेबसाइट : www.iiflonehome.com पर उपलब्ध कराए गए ई–नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से की जाएगी।

| कर्जदार/सह– कर्जदार/ गारंटर/ कानूनी वारिस | मांग सूचना तिथि और राशि | अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत आस्ति का वर्णन | सांकेतिक कब्जा की तिथि | सुरक्षित मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. टेक्नोड्रिलर्स, 2,3. श्री उत्सव जैन, 4. श्री राहुल जैन, 5. श्रीमती वीणा जैन 6. श्रीमती छाया जैन 7. श्री उत्कर्ष जैन (प्रॉस्पेक्ट नंबर 856695 एवं 936325 एवं 948598 एवं 948599 एवं 963400) | 05–05–2022 रू. 12,59,14,580/– (रूपए बारह करोड़ उनसठ लाख चौदह हजार पांच सौ अस्सी मात्र) | सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : सम्पत्ति खसरा नंबर 199/5, क्षेत्रफल परिमाप 5625 वर्ग फीट, रकबा 562, चन्द्र शेखर आजाद वार्ड नंबर 52, नवदुर्गा नगर, चौरसिया कालोनी, ग्राम मठपुरेना, आरएनएम रायपुर–2, तहसील और जिला रायपुर–492001, छत्तीसगढ़, भारत | 10–09–2024 | रू. 90,00,000/– (रूपए नब्बे लाख मात्र) |
| | बोली वृद्धि राशि | | 07–03–2025 तक कुल बकाया राशि | धरोहर राशि जमा (ईएमडी) |
| | रू. 50,000/– (रूपए पचास हजार मात्र) | | रू. 8,33,64,728/– (रूपए आठ करोड़ तेतीस लाख चौंसठ हजार सात सौ अठ्ठाईस मात्र) | रू. 9,00,000/– (रूपए नौ लाख मात्र) |

| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | ईएमडी अंतिम तिथि | ई–नीलामी की तिथि/समय |
|---|---|---|
| 02–04–2025 1100 बजे–1400 बजे | 04–04–2025 अप. 5 बजे तक | 08–04–2025 1100 बजे–1300 बजे |

भुगतान की विधि : ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन विधि से करने होंगे। भुगतान करने के लिए आप https://www.iiflonehome.com पर जाएं और केवल सम्पत्ति/प्रतिभूत आस्ति के लिए उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करें।
नोट : हर सम्पत्ति के लिए एक अलग भुगतान लिंक है। आप सुनिश्चित करें कि आप उस सम्पत्ति का लिंक उपयोग कर रहे हैं, जिसको आप सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से खरीदना चाहते हैं। शेष भुगतान के लिए – लॉगइन https://www.iiflonehome.com>My Bid>Pay Balance Amount

सम्पति के समस्त अंश एवं खंड : सम्पत्ति खसरा नंबर 199/5, क्षेत्रफल परिमाप 5625 वर्ग फीट, रकबा 562, चन्द्र शेखर आजाद वार्ड नंबर 52, नवदुर्गा नगर, चौरसिया कालोनी, ग्राम मठपुरेना, आरएनएम रायपुर–2, तहसील और जिला रायपुर–492001, छत्तीसगढ़, भारत

**नियम और शर्तें :–**

1. ई–नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को अपना विवरण सेवा प्रदाता https://www.iiflonehome.com के पास पर्याप्त अग्रिम में पंजीकृत करवाना होगा तथा लॉगइन खाता, लॉगइन आईडी और पासवर्ड सृजित करना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को अपना "निविदा फार्म" ईएमडी के भुगतान विवरण, केवाईसी तथा पैन कार्ड की प्रति के साथ उपरिवर्णित शाखा कार्यालय में जमा/प्रेषित करना होगा।
2. बोलीदाता अपनी ऑफर कालम "बोली वृद्धि राशि" में वर्णित राशि के गुणजों में बढ़ा सकते हैं। नीलामी समाप्त होने से 5 मिनट पहले कोई बिड आने पर समाप्ति का समय स्वतः 5 मिनट आगे बढ़ जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को बोली राशि की 25 प्रतिशत राशि (ईएमडी समायोजन के बाद) एओ द्वारा बोली मूल्य स्वीकार करने के 24 घंटे के भीतर और बोली राशि की शेष 75 प्रतिशत राशि प्रतिभूत लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिन के भीतर जमा करनी होगी। सभी जमा और भुगतान निर्धारित विधि से करने होंगे।
4. खरीदार को सम्पत्ति के साथ संबंधित उपकर, लागू स्टाम्प ड्यटी, फीस तथा अन्य कानूनी बकाया अथवा अन्य बकाया जैसेकि म्युनिसिपल कर, बिजली प्रभार, भूमि तथा अन्य सभी अनुषंगी लागतें, प्रभार सभी करों तथा उपकरों सहित वहन करने होंगे।
5. खरीदार को बिक्री राशि के भुगतान/सौदे हेतु लागू टीडीएस अदा करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट आईआईएफएल एचएफएल में प्रस्तुत करना होगा।
6. बोलीदाताओं को ई–नीलामी बिक्री प्रक्रियाओं में भाग लेने के लिए अपनी बोली जमा करने से पहले नीलामी बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों तथा आवेदन प्रपत्र के लिए वेबसाइट https://www.iiflonehome.com तथा https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction देखने की सलाह दी जाती है।
7. विस्तृत विवरण, सहायता प्रक्रिया तथा ई–नीलामी के संबंध में ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता की ई–मेल आईडी : care@iiflone-home.com सपोर्ट हेल्प लाइन नंबर : /1800 2672 499 पर सम्पर्क करें।
8. किसी सम्पत्ति विवरण, सम्पत्ति निरीक्षण और ऑनलाइन बिड इत्यादि के संबंध में पूछताछ के लिए आईआईएफएल एचएफएल टोल फ्री नंबर 1800 2672 499 पर सोमवार से शुक्रवार के बीच 09.30 बजे से 18.00 बजे तक कॉल करें अथवा ई–मेल : बंतम/पपसिवदणीवउमण्बवउ को मेल लिखें।
9. एतद्द्वारा उपरोक्त कर्जदारों को सूचना दी जाती है कि भौतिक कब्जा लेते समय प्रतिभूत आस्ति में रखी घरेलू वस्तुएं 7 दिन के भीतर हटा लें, अन्यथा आईआईएफएल एचएफएल परिस्थितियों के अधीन सम्पत्ति की किसी क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं होगी।
10. एतद्द्वारा कर्जदारों को आगे सूचना दी जाती है कि उपरोक्त वस्तुएं प्राप्त करने में चूक की स्थिति में उनको विधि सम्मत ढंग से बेचा जाएगा।
11. सफल बोलीदाता/नीलामी खरीदार द्वारा किसी भी चरण में निर्धारित समय के भीतर भुगतान में चूक की स्थिति में बिक्री रद्द कर दी जाएगी तथा पहले जमा की जा चुकी राशि (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएगी और सम्पत्ति की बिक्री दोबारा की जाएगी।
12. एओ का बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी स्थगित/निरस्त करने या नियम एवं शर्तों में संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित है। निविदा/नीलामी के संबंध में किसी भी विवाद की स्थिति में आईआईएफएल–एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम माना जाएगा।

**सरफासी ऐक्ट, 2002 के नियम 9 के उप–नियम (1) के तहत बिक्री हेतु 15 दिन का नोटिस**

कर्जदार को अधिसूचित किया जाता है कि उपरिवर्णित राशि अद्यतन ब्याज और अनुषंगी खर्चों के साथ निविदा/नीलामी की तिथि से पहले कर दें, जिसमें असफल रहने पर सम्पत्ति नीलाम की जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई, ब्याज और लागत सहित वसूल की जाएगी।

स्थान : रायपुर, तिथि : 13–03–2025 — हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड



**कार्यालय पुलिस अधीक्षक दूरसंचार भिलाई**

जोन, भिलाई सेक्टर 6, भिलाई ( छ.ग. ) फोन/फैक्स 0700–2203351

क्रमांक – पुअ/दूसं./भि./भवन/248/2025 — दिनांक 04/03/2025

**द्वितीय आमंत्रण**

पुलिस अधीक्षक दूरसंचार भिलाई जोन हेतु ठेकेदार की श्रेणी 'द' (D) में रखते हुए निम्नांकित निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | कार्य का विवरण | राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| | जिलों के पुराने थाना भवन में स्थापित 60 फीट टॉवर को नवीन थाना भवन में शिफ्ट कराये जाने हेतु संख्या 13 नग, स्थान– 1. जिला कांकेर (1) थाना बडगांव 2. जिला दन्तेवाड़ा (3) थाना गीदम, थाना बारसूर, थाना कुआकोंडा 3. जिला कोडागांव (1) थाना बडेडोगर 4. जिला राजनांदगाव (4) थाना बोरतालाब, थाना छुरिया, थाना डोंगरगढ़, थाना गेंदाटोला 5. जिला खैरागढ़–छुईखदान–गण्डई (2) थाना बकरकट्टा, थाना गातापार 6. जिला बेमेतरा (1) थाना नांदघाट 7. जिला कबीरधाम (1) थाना चिल्फी (प्रति नग राशि रू. 0.95 लाख की लागत मान से) | 12.35 लाख | 37,050/– |
| 2. | जिलो के पुराने थाना भवन में स्थापित 120 फीट टॉवर को नवीन थाना भवन में शिफ्ट कराये जाने हेतु संख्या 04 नग, स्थान–1. जिला जगदलपुर थाना कोडेनार 2. जिला कांकेर थाना अंतागढ 3. जिला नारायणपुर थाना ओरछा 4. जिला बीजापुर पोस्ट धरमावरम से थाना पामेड़ (प्रति नग राशि रू. 3.95 लाख की लागत मान से) | 15.80 लाख | 47,400/– |

निविदा बिक्री की अंतिम तिथि :– 24/03/2025 दोपहर 11.00 बजे तक
निविदा जमा की अंतिम तिथि :– 24/03/2025 दोपहर 15.00 बजे तक
निविदा खोलने की अंतिम तिथि :– 24/03/2025 दोपहर 16.00 बजे से
टीप :– अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

पुलिस अधीक्षक (दूरसंचार) भिलाई जोन भिलाई

जी–242505931



**पावरग्रिड POWERGRID**

**सूचना**

1. विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 79 (1) (डी) के साथ धारा 62 और केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (व्यवसाय का संचालन) विनियम, 2023 के विनियम 15 (1) (ए) और विनियम 23 के साथ केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (टैरिफ विनियमों की शर्तें और नियम) 2024 के तहत "राजगढ़ (पीजी) एसआईएस में एमआईएस वीईएच जयिन रिन्यूएबल्स प्राइवेट लिमिटेड को कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए ट्रांसमिशन सिस्टम" के तहत परिसंपत्तियों के लिए टैरिफ के निर्धारण के लिए याचिका।
उपर्युक्त ट्रांसमिशन सिस्टम के लाभार्थी हैं (1) एमपीपीएमसीएल, जबलपुर (2) एमएसईडीसीएल, मुंबई (3) जीयूवीएनएल, वडोदरा (4) विद्युत विभाग, गोवा सरकार, पणजी, (5) डीएनएचडीडीपीसीएल, सिलवासा (6) सीएसपीडीसीएल, रायपुर (7) वीईएच जयिन रिन्यूएबल्स प्राइवेट लिमिटेड
2. टैरिफ विवरण:
प्रोजेक्ट का एससीओडी: 27.08.2024
प्रोजेक्ट के लिए अनुमोदित लागत: ₹ 3822.09 लाख
पूर्णता की अनुमानित लागत: ₹ 4243.20 लाख

**2024–29 टैरिफ ब्लॉक के लिए ट्रांसमिशन टैरिफ**

(₹ लाखों में)

| संपत्ति नं. | संपत्ति का नाम और उसका स्थान | सीओडी | 2024-25 | 2025-26 | 2026-27 | 2027-28 | 2028-29 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 220 केवी बस एक्सटेंशन (जीआईएस), 220 केवी बस राजगढ़ में सेक्शनलाइज़र बे (जीआईएस) और 220 केवी जीआईएस लाइन बे 400/220 केवी एस/एस (विस्तारित बस पर) आरई इंटरकनेक्शन के लिए बस विस्तार (एआईएस से जीआईएस भवन) के लिए 220 केवी बस डक्ट के साथ – 1. संख्या। (जीआईएस) | 07.12.2024 | 165.33 | 629.05 | 675.49 | 658.78 | 642.06 |

4. टैरिफ के निर्धारण के लिए किये गये आवेदन की एक प्रति आवेदक की वेबसाइट www.powergrid.in.पर पोस्ट की जाती है।
5. आवेदन में शामिल टैरिफ के निर्धारण के प्रस्तावों पर सुझाव और आपत्तियां, यदि कोई हों, तो लाभार्थी सहित किसी भी व्यक्ति द्वारा सचिव, केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग 6वीं, 7वीं और 8वीं मंजिल, टावर बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली–110029 (या अन्य पता जहां आयोग का कार्यालय स्थित है) के समक्ष दायर किया जाना चाहिए, जिसकी एक कॉपी आवेदक को उसके कॉर्पोरेट कार्यालय के पते पर इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजनी चाहिए।

स्थान: गुरुग्राम — एसडी/–
दिनांक: 12.03.2025 — सीजीएम (कमर्शियल)

**पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**
(भारत सरकार का एक उद्यम)
पंजीकृत कार्यालय: बी–9, कुतब इन्स्टिट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली 110 016
कॉर्पोरेट कार्यालय: सौदामिनी, प्लॉट नं.2, सेक्टर–29, गुरुग्राम, हरियाणा – 122001
एक महारत्न पीएसयू

PG/CC/NOTICE-208/Advt-268/2024-25/Expression




## 'माई मेलबर्न' ऐसी फिल्म है, जिसे हर किसी को देखनी चाहिए : कार्तिक आर्यन

**मुंबई।** अभिनेता कार्तिक आर्यन एंथोलॉजी 'माई मेलबर्न' की स्पेशल स्क्रीनिंग में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी फिल्म है, जो हर किसी को देखनी चाहिए। स्क्रीनिंग में मलाइका अरोड़ा भी शामिल हुईं। कबीर खान, इम्तियाज अली, ओनिर और रीमा दास - चार फिल्म निर्माताओं के निर्देशन में बनी 'माई मेलबर्न' में चार कहानियां हैं, जो नस्ल, लिंग भेद और विकलांगता पर बनी है। मुंबई के एक थिएटर में आयोजित स्क्रीनिंग में पहुंचे कार्तिक आर्यन ने कहा कि यह भारत के सबसे पसंदीदा फिल्म निर्माताओं की एक शानदार फिल्म है। फिल्म में जोश के साथ संवेदनाएं और मानवता का पुट भी है। मैं खुश हूं कि मुझे यह फिल्म देखने का मौका मिला। यह एक ऐसी फिल्म है जिसे हर किसी को देखनी चाहिए और खूब प्यार देना चाहिए।

## 'जटाधारा' संग दक्षिण भारतीय फिल्म में डेब्यू को तैयार इंदिरा कृष्णा



**मुंबई,** 12 मार्च (एजेंसियां)। अभिनेत्री इंदिरा कृष्णा जल्द ही अभिनेता सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा स्टारर फिल्म 'जटाधारा' से तेलुगू में डेब्यू करने जा रही हैं। अभिनेत्री ने अपने किरदार के बारे में प्रशंसकों को हिंट देते हुए बताया कि उन्हें जो भूमिका दी गई है, वह उन्हें बेहद पसंद है। टीवी शो 'दुर्गा-अटूट प्रेम कहानी' में पानी बाई का किरदार निभाने वाली इंदिरा ने कहा कि मैं इतनी खूबसूरत फिल्म का हिस्सा बनकर खुश हूं और तेलुगू में डेब्यू करने को लेकर उत्साहित हूं। मुझे फिल्म में जो किरदार दिया गया है, वह मुझे बेहद पसंद है, लेकिन दर्शकों और शुभचिंतकों के बीच इसे आधिकारिक रूप से पेश करने में मुझे समय लगेगा। वेंकट कल्याण के निर्देशन में बनी फिल्म को लेकर उन्होंने कहा कि मैं सोनाक्षी, सुधीर जैसे कई खूबसूरत और प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ काम करने को लेकर खुश और उत्साहित हूं। प्रेरणा की वजह से ही मेरे लिए यह प्रोजेक्ट संभव हो पाया। मैं आभारी हूं। टीवी शोज में अपने काम के अनुभव पर भी उन्होंने बात की। अभिनेत्री ने कहा कि मैं सामने आए किसी भी अच्छी भूमिका को ना नहीं कहूंगी। उसका माध्यम चाहे टीवी हो या फिल्म, मुझे शूटिंग करना और अपने दर्शकों का मनोरंजन करना अच्छा लगता है। अभिनेत्री ने कहा कि पानी बाई का किरदार निभाने और उसके लिए इतनी सराहना पाने के बाद मैं ऐसे ही और भूमिका निभाना चाहती हूं। फिलहाल मैं 'जटाधारा' की शूटिंग का आनंद ले रही हूं।

# सेहत के लिए वरदान है काली मूसली

- किडनी की समस्या दूर करने में मददगार
- मूत्र से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए काली मूसली का सेवन
- गलत खानपान और मसालेदार भोजन के कारण गैस, अपच, दस्त और पेट दर्द जैसी समस्याएं

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (एजेंसियां)। आयुर्वेद में जड़ी-बूटियों का विशेष महत्व है और उनमें से एक है काली मूसली। यह एक शक्तिशाली औषधि है, जिसका उपयोग प्राचीन काल से कई बीमारियों के इलाज में किया जाता रहा है। काली मूसली को मूत्र संबंधी विकारों और पेट की समस्याओं से छुटकारा दिलाने में मददगार माना जाता है।

अक्टूबर 2023 में जर्नल ऑफ एप्लाइड फार्मास्युटिकल साइंस में एक स्टडी प्रकाशित हुई। इसके अनुसार, काली मूसली औषधीय गुणों से भरपूर होती है। शोध के अनुसार, काली मूसली में म्यूसिलेज, फेनोलिक ग्लाइकोसाइड, सैपोनिन और एलिफैटिक यौगिक पाए जाते हैं, जो इसे विभिन्न बीमारियों के इलाज में प्रभावी बनाते हैं।

यह पौधा नपुंसकता, पीलिया और त्वचा रोगों सहित कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के इलाज में प्रयोग किया जाता है। इसके एंटीऑक्सीडेंट, एंटीकैंसर और हेपेटोप्रोटेक्टिव गुणों पर भी कई वैज्ञानिक अध्ययन हो चुके हैं। कर्कुलिगो में क्लोरोफेनोलिक ग्लूकोसाइड, कर्कुलिगिन, ऑर्किनोसाइड और पॉलीसेकेराइड जैसे महत्वपूर्ण तत्व होते हैं, जो काली मूसली से प्राप्त होते हैं।

मूत्र से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए काली मूसली का सेवन बेहद फायदेमंद माना जाता है। इसके डाइयूरेटिक गुण मूत्र संबंधी समस्याओं को दूर करने में सहायक होते हैं। इसके लिए काली मूसली के चूर्ण को मिश्री के साथ गुनगुने पानी में मिलाकर सेवन करना लाभकारी हो सकता है।

अक्सर गलत खानपान और मसालेदार भोजन के कारण गैस, अपच, दस्त और पेट दर्द जैसी समस्याएं हो जाती हैं। काली मूसली का सेवन करने से पाचन तंत्र मजबूत होता है और पेट से जुड़ी दिक्कतों से राहत मिलती है। माना जाता है कि इसे दालचीनी पाउडर के साथ लेने से अधिक लाभ मिलता है।

गर्मियों में होने वाली खुजली, कील-मुंहासे और झाइयों की समस्या से बचने के लिए काली मूसली बेहद असरदार होती है। इसे चेहरे पर इस्तेमाल किया जा सकता है। चेहरे पर लगाने के लिए काली मूसली की जड़ का पेस्ट बनाकर इसमें दूध और शहद मिलाना चाहिए और इसे चेहरे पर लगाने के कुछ देर बाद धोने से त्वचा में निखार आता है और खुजली की समस्या दूर होती है।

इसके साथ ही, पुरुषों में शारीरिक कमजोरी और यौन क्षमता की कमी को दूर करने में काली मूसली फायदेमंद साबित होती है। यह ऊर्जा और स्टैमिना बढ़ाने में मदद करती है। इसके लिए काली मूसली का सेवन गाय के दूध के साथ करना सबसे अधिक लाभकारी होता है।

किडनी से जुड़ी समस्याओं के लिए काली मूसली का सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है। यह किडनी की कार्यक्षमता को बढ़ाती है और पेशाब से जुड़ी दिक्कतों को ठीक करती है। इसे अपनी डाइट में शामिल करने से पहले एक्सपर्ट की सलाह जरूरी होती है।



## अनुपम खेर ने बताया, मां का 'प्रेम', बोले- 'बच्चे होते हैं उनकी पूरी दुनिया'





**मुंबई,** 12 मार्च (एजेंसियां)। अनुपम खेर ने सोशल मीडिया पर लेटेस्ट पोस्ट शेयर कर अपनी मां दुलारी से संबंधित एक प्यारा किस्सा सुनाया। खेर ने पोस्ट में बताया कि एक मां के लिए उसके बच्चे ही सबकुछ होते हैं और वास्तव में उनका 'प्रेम' एक अलग ही लेवल का होता है? अनुपम खेर प्रशंसकों को अपने नए-नए पोस्ट से अक्सर मुखातिब कराते रहते हैं। नए पोस्ट में उन्होंने मां और उनके प्रेम को खूबसूरत शब्दों के साथ कैप्शन में सजाया। एक मोंटाज वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए अनुपम खेर ने कैप्शन में लिखा कि मां रोज सुबह 8 बजे फोन करके पूछती हैं, कैसा है तू? और अगर मैं केवल 'ठीक हूं' बोलता हूं तो वह गुस्सा होकर बोलती हैं, 'ठीक है क्या होता है? वही बोल न जो रोज बोलता है 'फर्स्ट क्लास' और जब मैं 'फर्स्ट क्लास' बोल देता हूं, तो वो तुरंत फोन रख देती हैं!

खेर ने पोस्ट में आगे कहा कि सब मां ऐसी ही होती हैं। उनके लिए सब कुछ बच्चे ही होते हैं और उनके दिन की शुरुआत, अंत बच्चों के ख्यालों से ही होती है, इसलिए तो मैं हमेशा कहता हूं! सभी माताओं की जय! खेर मस्तमौला अंदाज में सोशल मीडिया पर अपनी उपस्थिति बनाए रखते हैं, जिसकी झलक उनके पोस्ट में अक्सर देखने को मिलती है। अभिनेता अपनी मां और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अक्सर बिताए खूबसूरत पलों को प्रशंसकों के सामने रखते रहते हैं। इस पोस्ट से पहले अभिनेता ने मां दुलारी का भी एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें उनकी फिल्म 'विजय 69' का रिव्यू देती नजर आई थीं।

वीडियो में उनकी मां कह रही हैं, तू बड़ा खतरनाक इंसान है। मैंने तुझे और राजू को बचपन में बहुत मारा है। तेरे पिता भी उम्र बढ़ने के बाद भी पहाड़ पर चढ़

## डाइटिंग को लेकर रहें सचेत

### डायटिशियन की राय, क्विक फिक्स के चक्कर में न रहें

- दुख-दर्द का हल उसने सोशल प्लेटफॉर्म पर खोज निकाला
- हार्मोनल इंबैलेंस से भी होता है वेट फ्लक्चुएशन

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (एजेंसियां)। केरल की 18 वर्षीय श्रीनंदा की जान डाइटिंग ने ली! खुद को छरहरा बनाने की सनक ने उसे मौत की ओर धकेल दिया। एक खौफ था जिसे उसने अपने अभिभावकों से नहीं शेयर किया लेकिन अपने दुख-दर्द का हल उसने सोशल प्लेटफॉर्म पर खोज निकाला। क्या होता है ये डिसऑर्डर और कैसे जेन 'जी' इस जाल में फंसकर अपनी बेशकीमती जिंदगी को गंवा रहा है?

वुमन ट्रांसफॉर्मेशन एक्सपर्ट सलोनी लालवानी ने इसे क्विक फिक्स के चक्कर में खाया गया धोखा करार दिया। उन्होंने कहा कि कुछ पॉपुलर नोशंस हैं जिन्हें बदलने की जरूरत है। जैसे डाइट या फिर वेलनेस को ध्यान में रख हम जल्दी से बदलाव की ख्वाहिश में ऐसे सोशल साइट्स या वीडियोज का सहारा लेते हैं जो कुछ घंटों में कई किलो वजन कम करने का दम भरते हैं। ये बेतरतीब डाइट प्लान शेयर करते हैं जिसे बिना सोचे-समझे महिलाएं या लड़कियां फॉलो करने लगती हैं। छरहरा होना ही क्या सुंदर दिखने की गारंटी है? ऐसे कई सवाल श्रीनंदा की मौत के बाद लोगों के दिमाग में कुलबुला रहे हैं। लालवानी कहती हैं, दरअसल हम औरतें खुद पर जरूरत के मुताबिक ध्यान नहीं देतीं। हम सबकी खिदमत के बाद जो समय बचता है, उसमें खुद को तराशने की सोचती हैं। समय की बंदिश तो खुद ही तय कर लेती हैं कि फलां एक्सपर्ट का क्विक प्लान बेहतर होगा। यही सोच उनसे गलती करा देती है। कुछ पॉपुलर वर्ड्स के जाल में फंस जाती हैं जैसे डिटॉक्स। सही मायने में खुद को डिटॉक्स कराने की कोई जरूरत नहीं होती। हमारा शरीर खुद ही पसीने या यूरीन जैसे तरीकों से टॉक्सिन्स बाहर फेंक देता है। साथ ही हमें सोचना होगा कि हमारा शरीर केवल फैट से नहीं बना इसमें पानी भी है, हड्डियां और मांस भी है। आखिर कैसे डाइटिंग को लेकर ओवर थिंकिंग न करें या फिर जब महसूस हो कि वजन कंट्रोल नहीं हो रहा है तो किसके पास जाएं। एक्सपर्ट के मुताबिक इसकी अहम वजह एनोरेक्सिया नर्वोसा है।




## विश्व किडनी दिवस पर विशेष
## बढ़ रहे हैं किडनी रोग के मामले




- अधिक प्रोटीन और नमक बिगाड़ रहा है सेहत

**ग्रेटर नोएडा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। आधुनिक जीवनशैली, बढ़ता प्रदूषण, पेनकिलर्स, एंटासिड और प्रोटीन सप्लीमेंट्स का अधिक सेवन भी किडनी की सेहत को खराब कर रहा है। इतना ही नहीं नियमित रूप से दर्द निवारक दवाओं और एंटासिड का सेवन किडनी के लिए नुकसानदायक हो सकता है। साथ ही, बाहरी प्रोटीन सप्लीमेंट्स के अधिक उपयोग से भी किडनी पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। भारत में किडनी रोगों की बढ़ती संख्या को लेकर चिकित्सा विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है। फोर्टिस हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा ने 'वर्ल्ड किडनी डे' के अवसर पर इस गंभीर स्वास्थ्य समस्या पर जागरूकता बढ़ाने की पहल की है। विशेषज्ञों के अनुसार, डायबिटीज किडनी रोग का सबसे बड़ा कारण बन रहा है, और भारत को 'डायबिटीज कैपिटल' कहा जाता है, जिससे देश में किडनी रोगों के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। किडनी की बीमारियां आमतौर पर शुरुआती चरण में कोई स्पष्ट लक्षण नहीं दिखातीं, जिससे रोग की पहचान में देर हो सकती है।

हालांकि, पैरों व आंखों के आसपास सूजन, ब्लड प्रेशर का बढ़ना, झागदार या खून मिश्रित पेशाब, अत्यधिक थकान आदि लक्षण नजर आएं तो तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लेना चाहिए। किडनी रोग से ग्रसित मरीजों को नमक और प्रोटीन के सेवन में कमी करनी चाहिए। इससे रक्तचाप को नियंत्रित रखने और रोग की प्रगति को धीमा करने में मदद मिलती है। डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को हर साल किडनी की जांच करानी चाहिए ताकि समय पर बीमारी का पता लग सके। प्रारंभिक अवस्था में किडनी रोग का पता लगने पर सही आहार और उचित दवाओं से रोग को नियंत्रित किया जा सकता है। डॉ. संकेत किशोर पाटिल, कंसल्टेंट नेफ्रोलॉजी, फोर्टिस ग्रेटर नोएडा, कहते हैं, किडनी रोगों की रोकथाम के लिए समय पर स्क्रीनिंग बेहद जरूरी है। संतुलित आहार, दवाइयों का नियंत्रित उपयोग और जीवनशैली में सुधार से किडनी को स्वस्थ रखा जा सकता है। सही समय पर निर्णय लेने से किडनी फेल्योर जैसी गंभीर स्थिति से बचा जा सकता है।

## उज्जबेकिस्तान के मरीज की किडनी ट्रांसप्लांट



पहले लीवर भी हो चुका है ट्रांसप्लांट्र दोनों बार बेटे ने दान किए

**नोएडा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा के फोर्टिस अस्पताल में उज्बेकिस्तान की 54 साल के मरीज की जीवनरक्षक किडनी ट्रांसप्लांट सर्जरी की गई। मरीज किडनी फेलियर की समस्या से ग्रस्ति थीं। मरीज का इससे पहले लिवर ट्रांसप्लांट भी किया जा चुका है और उस सर्जरी के लिए भी उनके बेटे ने ही अपने लिवर का एक हिस्सा डोनेट किया था। किडनी ट्रांसप्लांट सर्जरी डॉ. अनुजा पोरवाल, डायरेक्टर, नेफ्रोलॉजी तथा डॉ. पीयूष वार्ष्णेय, डायरेक्टर, यूरोलॉजी एंड किडनी ट्रांसप्लांट, फोर्टिस नोएडा की कुशल देखरेख में की गई। मरीज की इससे पहले पहले 2023 में लिवर ट्रांसप्लांट सर्जरी की गई थी और उस मामले में उनका बेटा डोनर था। कुछ ही महीने पहले, उनके किडनी रोग से ग्रस्त होने का भी पता चला और उपचार के लिए दवाएं शुरू हो गईं। लेकिन इसके बावजूद उनकी हालत लगातार बिगड़ती रही।

**किडनी ट्रांसप्लांट में ये थी चुनौती**

लिवर ट्रांसप्लांट और इस वजह से इम्युनोसप्रेसिव दवाओं के सेवन के चलते, मरीज का इम्यून सिस्टम काफी कमजोर था। ऐसे में डायलसिस काफी जोखिमपूर्ण दीर्घकालिक समाधान था। पांच हफ्तों तक डायलसिस के बावजूद, उनकी हालत लगातार नाजुक बनी हुई थी। डायलसिस के कारण ब्लड प्रेशर अचानक कम होने के कारण उनके ट्रांसप्लांटेड लिवर को भी नुकसान पहुंचने का खतरा बढ़ गया था। मरीज के इम्युनो-कॉम्प्रोमाइज्ड होने की वजह से बार-बार इंफेक्शन का खतरा भी था। ऐसे में किडनी ट्रांसप्लांट एकमात्र विकल्प बचा था।

**पहले दिया लीवर फिर किडनी**

इन तमाम चुनौतियों के बीच, मरीज के बेटे ने जो कि पहले भी अपनी मां की जीवनरक्षा के लिए अपने लिवर का एक हिस्सा डोनेट कर चुके हैं। इस बार अपनी बायीं किडनी डोनेट करने का फैसला किया। फोर्टिस हॉस्पीटल, नोएडा में यह ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक किया गया और अब मां तथा बेटा दोनों सुचारू रूप से रिकवर कर रहे हैं। बेटे को पांच दिनों बाद अस्पताल से छुट्टी मिल गई थी। जिससे एक बार फिर यह साबित हो गया कि उन लोगों के मामले में भी ऑर्गन डोनेशन पूरी तरह से सुरक्षित होता है जो पहले भी अंगदान कर चुके हैं। डॉ. अनुजा पोरवाल, डायरेक्टर, नेफ्रोलॉजी ने कहा कि यह मामला मरीज के पहले से लिवर ट्रांसप्लांट के चलते मेडिकल दृष्टि से चुनौतीपूर्ण था, जिसके लिए इम्युनोसप्रेसिव दवाओं के मामले में कुशल प्रबंधन और इंफेक्शन के जोखिमों को रोकने की आवश्यकता होती है।

## 'मकोई' दिखने में छोटा सा फल, पर है बड़ा ताकतवर

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (एजेंसियां)। मकोई (मकय) को ब्लैक नाइटशेड के नाम से पहचाना जाता है। यह एक छोटा सा पौधा है जो फसलों के बीच खरपतवार की तरह उग आता है। सड़क के किनारे झाड़ियों में भी मुस्कुराता सा दिख जाता है। मकोई के छोटे से पौधे में अच्छी सेहत का राज छिपा होता है, जिसे हम अक्सर अनदेखा कर देते हैं। क्या आप जानते हैं कि उसी मकोई का आयुर्वेद में अद्भुत स्थान है? इसके अद्वितीय गुण बुखार से लेकर त्वचा से जुड़ी समस्याओं में राहत देने का काम करते हैं।



मकोई का उपयोग आयुर्वेद में एक असरदार औषधि के रूप में होता है। इसके फल, पत्ते और जड़ें सभी किसी न किसी रोग का इलाज करने के काम आती हैं। मकोई के फल में एंटीऑक्सीडेंट्स, एंटीमाइक्रोबियल और एंटीइंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो शरीर की अनेक समस्याओं को दूर करने में मदद करते हैं। आयुर्वेद में इसे त्रिदोष को संतुलित करने वाला और पाचन क्रिया को बेहतर बनाने वाला माना जाता है। यह बुखार, जोड़ों के दर्द, सांस संबंधी समस्याओं, पीलिया, मुंह के छालों और अन्य विकारों के इलाज में मदद करता है। इसके सेवन से शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली भी मजबूत होती है, जो हमें सामान्य बीमारियों से बचाता है।

मकोई के विशेष गुणों का वर्णन भारत के प्राचीन आयुर्वेदिक ग्रंथों जैसे कि 'सुश्रुत संहिता' और 'चरक संहिता' में भी मिलता है। इसे ऐसा रसायन बताया गया है, जो शरीर के विषाक्त पदार्थों को नष्ट करने और एजिंग प्रोसेस को भी धीमा करता है। सुश्रुत संहिता में मकोई की जड़ों को शरीर के लिए बेहद लाभकारी माना गया है और इसे त्रिदोष के संतुलन के लिए उपयोगी बताया गया है। विभिन्न शोधों में यह पाया गया है कि मकोई के फल में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो शरीर को हानिकारक तत्वों से बचाते हैं। इसके अलावा, इसमें ऐसे गुण होते हैं जो सूजन को कम करने और शरीर के प्राकृतिक उपचार प्रणाली को बढ़ावा देने में मदद करते हैं।

बुखार और छाले जैसी समस्याओं में मकोई का सेवन तुरंत राहत प्रदान करता है। आज भी ग्रामीण अंचलों में इसका प्रयोग बुखार कम करने के लिए किया जाता है। दादी मां के नुस्खों की पोटली में खास जगह है इसकी! बड़े बुजुर्ग कहते हैं कि बुखार के दौरान अगर मकोई का सेवन किया जाए, तो मात्र एक घंटे में वो छूमंतर हो जाता है। वहीं, मकोई के पत्तों को चबाने से मुंह के छाले ठीक हो जाते हैं और पेट से जुड़ी समस्याओं में भी राहत मिलती है। मकोई का प्रभाव सिर्फ शरीर के अंदर ही नहीं, बल्कि बाहर भी दिखता है। इसके एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटीमाइक्रोबियल गुण स्किन से जुड़ी समस्याओं को भी दूर करते हैं। दाग-धब्बे या सनबर्न से जूझ रहे हैं, तो मकोई का फेस पैक आपके लिए बेहद लाभकारी हो सकता है। आयुर्वेदिक चिकित्सकों के अनुसार, मकोई की पत्तियों का काढ़ा पीलिया के रोगियों के लिए रामबाण साबित होता है। इसे पीने से पीलिया में जल्दी राहत मिलती है और शरीर में जमा हुए विषाक्त पदार्थ बाहर निकलते हैं। इस पौधे के आयुर्वेदिक गुणों को लेकर अभी भी शोध जारी हैं। वैज्ञानिक इसे लेकर अधिक गहराई से अध्ययन कर रहे हैं, ताकि मकोई के उपयोग के सभी फायदे पूरी तरह से सामने आ सकें।

### केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा

## कैंसर मरीजों के इलाज को लेकर सरकार प्रतिबद्ध

- पीएम-जेएवाई में 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोग शामिल
- योजना में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी और पैलिएटिव मेडिसिन से संबंधित 500 से अधिक प्रक्रिया




**नई दिल्ली,** 12 मार्च (एजेंसियां)। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि सरकार कैंसर मरीजों के इलाज को लेकर प्रतिबद्ध है। साथ ही सरकार कैंसर के इलाज तथा रोकथाम के लिए विभिन्न उपायों को लागू कर रही है।

राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में मंत्री ने कहा कि सरकार टर्शरी कैंसर फैसिलिटी स्कीम को मजबूत करने पर काम कर रही है।

जाधव ने कहा कि इस पहल के तहत 19 राज्य कैंसर संस्थान (एससीआई) और 20 टर्शरी केयर कैंसर केंद्र (टीसीसीसी) को एडवांस डायग्नोस्टिक और इलाज की सुविधाएं देने के लिए मंजूरी दी गई है। विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में कैंसर देखभाल सेवाओं को बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार ने हाल ही में हरियाणा के झज्जर में राष्ट्रीय कैंसर संस्थान और कोलकाता में चित्तरंजन राष्ट्रीय कैंसर संस्थान का दूसरा परिसर स्थापित किया है। इसके अलावा सभी 22 नए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों (एम्स) में कैंसर उपचार सुविधाओं को मंजूरी दी गई है, जो कंप्रिहेंसिव डायग्नोस्टिक (संपूर्ण निदान), चिकित्सा और सर्जिकल सेवाएं प्रदान करेंगे। राज्य मंत्री ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करती है कि इन अस्पतालों में गरीबों और जरूरतमंदों के लिए उपचार या तो मुफ्त हो या अत्यधिक सब्सिडी वाला हो, जिससे सभी को आवश्यक स्वास्थ्य सेवा सुलभ हो सके। इसके अलावा, कैंसर का इलाज आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएमजेएवाई) के तहत भी कवर किया जाता है, जो प्रत्येक परिवार को सालाना 5 लाख रुपए तक की राशि प्रदान करती है। जाधव ने कहा कि इस योजना से आबादी के निचले 40 प्रतिशत हिस्से के लगभग 55 करोड़ लोगों (12.37 करोड़ परिवार) को लाभ मिलता है। हाल ही में, पीएम-जेएवाई को आय की परवाह किए बिना 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य कवरेज शामिल करने के लिए बढ़ाया गया था। जाधव ने कहा कि इस योजना में 200 से अधिक पैकेज शामिल हैं, जो राष्ट्रीय स्वास्थ्य लाभ पैकेज (एचबीपी) के भीतर मेडिकल ऑन्कोलॉजी, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी और पैलिएटिव मेडिसिन से संबंधित 500 से अधिक प्रक्रियाओं को शामिल करते हैं। कैंसर के उपचार को और अधिक सहायता प्रदान करने के लिए, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) की शुरुआत की गई है, जिसके अंतर्गत प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र (पीएमबीजेके) के नाम से समर्पित आउटलेट स्थापित किए जाएंगे।

मंत्री ने कहा कि फरवरी तक देश भर में कुल 15,057 पीएमबीजेके खोले गए हैं, जो किफायती कीमतों पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराते हैं। इस योजना में 2,047 प्रकार की दवाइयां और 300 सर्जिकल उपकरण शामिल हैं, जिनमें 87 उत्पाद विशेष रूप से कैंसर के उपचार के लिए उपलब्ध हैं।

रायपुर, गुरूवार 13 मार्च 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# भेदभाव-दमन का परिणाम है ट्रेन अपहरण

पाकिस्तान के अलगाववादी संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने मंगलवार को जाफर एक्सप्रेस ट्रेन का अपहरण कर संकेत दिया कि बलूचिस्तान को पाकिस्तान से अलग करने की मांग खत्म नहीं हुई है। बलूचिस्तान के क्वेटा से सुबह 9 बजे यह ट्रेन पेशावर के लिये निकली थी। दोपहर 1.30 बजे सिब्बी पहुंचने वाली इस ट्रेन को उसके पहले पहाड़ी रास्तों से गुजरना होता है जहां 17 सुरंगें पड़ती हैं। बताया गया कि इसमें लगभग 500 यात्री सवार थे जिनमें 100 से ज्यादा पाक सेना के जवान थे। इसलिये इस ट्रेन के अपहरण और हमले की योजना बनाई गई। पहले भी इस ट्रेन पर हमले हो चुके हैं। इस बार बोलान के माशफाक टनल में अलगाववादियों ने इसे कब्जे में ले लिया।

अपहरणकर्ताओं की मांग है कि पाकिस्तान की जेलों में बन्द सभी बलोच नेताओं को छोड़ा जाये। वैसे तो उन्होंने महिलाओं, बच्चों तथा बलूचियों को मुक्त कर दिया लेकिन सैनिकों को कब्जे में रखा हुआ है। कुछ यात्रियों के भी अपने कब्जे में होने का उन्होंने दावा किया है। उन्होंने धमकी दी है कि यदि बलूची नेता रिहा नहीं हुए तो हर घंटे 5 पाक सैनिकों को वे मारेंगे। वैसे पाकिस्तानी सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए अनेक बन्धकों को छुड़ा लिया। उनका दावा है कि इस ऑपरेशन में 16 चरमपंथी मारे गये। दूसरी तरफ यह भी बताया जाता है कि अपहरणकर्ताओं ने ट्रेन पर गोले दागे तथा ट्रेन को घेर लिया है। कुछ यात्रियों के मरने की भी खबरें हैं। दुर्गम इलाका होने के कारण वहां बचाव व राहत में मुश्किलें आ रही हैं।

इस घटनाक्रम को समझने के लिये इतिहास में उतरना होगा। जब से भारत को आजादी मिली तभी से बलूचियों की यह मांग रही है कि उन्हें पाकिस्तान से अलग होना है। बलूचियों का मानना रहा है कि अंग्रेजी शासनकाल के पहले से ही उसका स्वतंत्र अस्तित्व रहा है लेकिन जब भारत को आजादी मिली तथा उसे दो मुल्कों में बांट दिया गया तब गलत तरीके से बलूचिस्तान को पाकिस्तान में मिलाया गया। तथ्यात्मक रूप से यह सही भी है। आरम्भिक वर्षों में तो इसकी शांतिपूर्ण तरीके से मांग होती रही लेकिन पाकिस्तान सरकार के दमन से मामला बिगड़ गया। प्रशासन में पंजाब को मिलते महत्व से बलूचिस्तान की वैसी ही उपेक्षा हुई जिस प्रकार सिंध की होती है तथा कभी उसके पूर्वी पाकिस्तान कहे जाने वाले वर्तमान बांग्लादेश की हुई थी। देश के भूगोल में इस प्रांत की 44 फीसदी की हिस्सेदारी है। ईरान, अफगानिस्तान तथा अरब सागर से घिरा यह इलाका प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है लेकिन उसका लाभ यहां के लोगों को बहुत कम मिलता है। पंजाब प्रांत के कारोबारियों का इस पर वर्चस्व है। गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा आदि के अलावा यहां के लोगों को बुनियादी सुविधाओं का बेहद अभाव है। बलूचियों व पश्तूनों वाले इस क्षेत्र की पहचान तथा संस्कृति को मिटाने के आरोप भी पाकिस्तानी सरकार पर लगते रहे हैं- फिर वह चाहे किसी की भी रही हो।

1971 में जब बांग्लादेश की अवाम ने सशस्त्र विद्रोह कर पाकिस्तान से मुक्ति पाई थी, तब यहां भी बलूचिस्तान को स्वतंत्र करने के लिये कई राष्ट्रवादी संगठन बने जिनमें से कुछ ने हथियारबन्द विद्रोह का रास्ता अपनाया। इनमें से कुछ का अस्तित्व पहले से था लेकिन उन सभी को बांग्लादेश की घटना से प्रेरणा एवं उत्साह मिला था। बांग्लादेश के घटनाक्रम से कोई सबक न लेकर पाक सरकार ने पूर्ववत रवैया जारी रखा। उस दौरान जब राष्ट्रवादी संगठनों की हलचलें तेज़ हुईं तो पाकिस्तानी सेना द्वारा 'ऑपरेशन सर्चलाइट' चलाकर हजारों बलूचियों को या तो गिरफ्तार किया गया या मार डाला गया। कई नौजवान लापता हो गये जिनके बारे में कहा जाता है कि वह सेना की ही करतूत थी। बीएलए के सबसे सम्मानित नेताओं में से एक तथा बलूचिस्तान के पूर्व मुख्यमंत्री अकबर खान बुगती की हत्या में पाक सेना का हाथ बतलाया जाता है। सेना की मदद से उनके स्थान पर नवाब खैर बख्श के बेटे बालाच मिरी को प्रांत का सीएम बनाया गया और बाद में उनकी भी हत्या करवाने का आरोप सेना पर लगता रहा है।

जुल्फिकार अली भुट्टो के शासनकाल में पाकिस्तान सरकार के खिलाफ बलोचों ने सशस्त्र विद्रोह किया था। अनेक शासकीय संस्थानों पर उन्होंने हमले किये थे। भुट्टो का तख्तापलट होने के बाद आये सैन्य तानाशाह जिया उल हक ने उन नेताओं से बातचीत कर उन्हें आश्वासन दिया था कि वे सुनिश्चित करेंगे कि बलूचिस्तान के साथ अन्याय न हो। इसके बाद अलगाववादियों की कार्रवाइयों में कमी आई तथा बीएलए भी शांत हो गयी। चूंकि पाकिस्तान सरकार का रवैया पूर्ववत जारी रहा इसके कारण साल 2000 से अनेक संगठनों की सक्रियता बढ़ी, जिनमें बीएलए भी शामिल है। मैरी और बुगती जनजातियों के लड़ाकों द्वारा चलाये जा रहे इस आंदोलन के बारे में माना जाता है कि वे बलूचिस्तान को विदेशी शक्तियों, खासकर चीन के प्रभाव से मुक्त करना चाहते हैं और यह तभी सम्भव है जब वह पाकिस्तान से पृथक हो।

वैसे तो यह पूरी तरह से पाकिस्तान का अंदरूनी मामला है लेकिन वहां की सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिये कि बलोच नागरिकों के साथ न तो कोई भेदभाव हो और न ही दमन। उस इलाके में उपलब्ध संसाधनों तथा अवसरों पर उनका भी हक हो। एक अलग मुल्क बनने के वक्त से ही पाकिस्तान के ज्यादातर गैर-पंजाबी सूबों की शिकायत रही है कि उनके साथ नाइंसाफी होती है। ट्रेन अपहरण भी उसी का परिणाम है। हालांकि हिंसा का रास्ता छोड़ लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन कर अपनी बात मनवाने की कोशिश ही किसी भी समस्या को सुलझाने का बेहतर तरीका होता है। अपहरण जैसी घटनाओं से निर्दोषों पर जुल्म होता है, और दमनकारी शक्तियों को शिकंजा कसने का और बहाना मिल जाता है।

# होली पर पानी होने और दिल की सियाही धोने की जरूरत

दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

मुहय्या सब है अब अस्बाब-ए-होली
उठो यारो भरो रंगों से झोली।

शायर शैख़ ज़हूरूद्दीन हातिम ने होली के मुबारक मौके पर रंगों से झोली भरने की बात को अपने तरीके से शायराना अंदाज में कहा। ऐसा करने वाले वे अकेले नहीं थे, अनगिनत शायरों ने सदियों से होली, दीवाली, जन्माष्टमी, ईद ऐसे तमाम मौकों के लिए रचनाएं लिखीं और समाज ने उनका आनंद भी लिया। नज़ीर अकबराबादी की मशहूर रचना है-

जब फागुन रंग झमकते हों,
तब देख बहारें होली की।

आज भी ऐसी रचनाएं लिखी जा रही हैं, लेकिन अब उन्हें देखने-सुनने और समझने का नजरिया शायद बदल गया है। अब त्योहार समाज के न होकर धर्मविशेष के दायरे में सीमित किए जा रहे हैं और वही बर्ताव भाषा के साथ भी हो रहा है। इंडिया या हिंदुस्तान की जगह भारत कहने पर जोर दिया जा रहा है। हालांकि इस भारत में भी देश की जो मूल भावना है उसे ठेस पहुंचाई जा रही है। अभी संसद में इसका उदाहरण सामने आया, जिसमें भाषा विवाद पर सही तरीके से अपनी बात रखने की जगह केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने अपमानजनक शब्दों का उपयोग किया, जिसे बाद में कार्रवाई से हटाना पड़ा। श्री प्रधान ने तमिलनाडु की सरकार को न केवल अलोकतांत्रिक कहा, बल्कि असभ्य भी कह दिया। केन्द्रीय मंत्री ने भले ही यह बात तैश में आकर कही हो, लेकिन इसमें मन में छिपी भावना ही उजागर हुई। अपने से अलग लोगों को कमतर आंकने की मनोवृत्ति बहुतों में होती है। वही चीज संसद में सोमवार को नजर आई, और बाकी देश में भी अब यह बात खुलकर दिखाई दे रही है कि जो आप जैसा नहीं है, वो या तो गलत है, या कमजोर है और आप उसका अपमान जब चाहें कर सकते हैं।

बात शुरु हुई थी होली पर शायरी से, जिन शायर हातिम की शायरी का जिक्र शुरु में किया गया, उनका जन्म दिल्ली में 1699 में हुआ और मृत्यु 1783 में। यानी मुगल बादशाह औरंगजेब के आखिरी बरसों में शायर शैख़ ज़हूरूद्दीन हातिम इस दुनिया में आए और उसके बाद अपने जीवन में उन्होंने दिल्ली में नादिर शाह के आक्रमण से लेकर मराठाओं का आना, मुगल साम्राज्य के कमजोर पड़ने, सिखों के दिल्ली में आने तक की सारी उथल-पुथल देखी होगी। लेकिन फिर भी उन्होंने होली को अपनी शायरी का विषय बनाया तो यह माना जा सकता है कि जिस वक्त अलग-अलग धर्मों के शासक दिल्ली पर कब्जे के लिए लड़ रहे थे, साथ ही बाहरी आक्रमण भी हो रहे थे, जिनमें लूटपाट के बाद बड़ी संख्या में लोग कत्ल किए जा रहे थे, तब भी एक समाज के तौर पर उस वक्त के हिंदुस्तान में लोगों में प्रेम का भाव था। सिंहासन का धर्म कुछ भी हो, समाज में इंसानियत का धर्म निभाया जाता रहा होगा। अगर ऐसा नहीं होता, तो इस्लाम को मानने वाला एक व्यक्ति हिंदू धर्म पर खुशियां मनाने की बात क्यों कहता। और होली तो मोहब्बत और भाईचारे का ही त्योहार है। होली का जिक्र आते ही होलिका दहन करना और बुराइयों को जलाकर खाक करने की बात ध्यान में आने से पहले उड़ते हुए रंग-गुलाल, फाग, और एक-दूसरे को रंग लगाते, गले मिलते लोग याद आते हैं। इस दिन सारे तनावों, नफरतों, दुश्मनी और नाराजगी को रंगों में उड़ाने की परंपरा चली आई है। लेकिन अब लाल, गुलाबी, पीले, हरे, केसरिया रंगों को नफरत के रंग से फीके करने की नयी कोशिश शुरु हो हई है।

> जिस वक्त अलग-अलग धर्मों के शासक दिल्ली पर कब्जे के लिए लड़ रहे थे, साथ ही बाहरी आक्रमण भी हो रहे थे, जिनमें लूटपाट के बाद बड़ी संख्या में लोग कत्ल किए जा रहे थे, तब भी एक समाज के तौर पर उस वक्त के हिंदुस्तान में लोगों में प्रेम का भाव था। सिंहासन का धर्म कुछ भी हो, समाज में इंसानियत का धर्म निभाया जाता रहा होगा। अगर ऐसा नहीं होता, तो इस्लाम को मानने वाला एक व्यक्ति हिंदू धर्म पर खुशियां मनाने की बात क्यों कहता। और होली तो मोहब्बत और भाईचारे का ही त्योहार है।

बेशक कुछ लोगों के लिए होली का त्योहार हुड़दंग मचाने, नशा करके उपद्रव करने, दूसरों को परेशान करने का अच्छा मौका होता है, लेकिन अब तो उमंग के इस त्योहार को दुश्मनी निभाने के त्योहार में बदला जा रहा है। उत्तरप्रदेश में संभल में सीओ अनुज चौधरी ने शांति समिति की बैठक में कहा कि होली का दिन वर्ष में एक बार आता है, जबकि जुमा साल में 52 बार आता है। अगर किसी को लगता है होली के रंग से उसका धर्म भ्रष्ट होता है तो वह उस दिन घर से ना निकले। यह समझना कठिन है कि बैठक शांति बनाए रखने के लिए थी, या अल्पसंख्यकों को धमकाने के लिए। हैरत इस बात की है कि भाजपा के नेताओं को इस बयान में कुछ गलत नहीं लगा। इसके बाद तो बाकी जगहों पर भी इसी तरह की बयानबाजी शुरु हो गई। कहीं मुसलमानों को घर से न निकलने की नसीहत दी गई, तो कहीं उन्हें हिजाब पहनकर बाहर निकलने कहा गया।

यह ठीक है कि होली की मस्ती में कुछ लोग उन पर भी रंग डाल देते हैं जो रंग नहीं खेलना चाहते, इनमें हिंदू भी होते हैं और दूसरे धर्मों के लोग भी। इसलिए कायदा तो यही है कि जिसे रंग से परहेज रखना है, उसे रखने दिया जाए। दूसरी बात होली शुक्रवार को पड़ रही है तो जाहिर है नमाज के लिए लोग मस्जिद जाएंगे, तो अपनी खुशी मनाते हुए दूसरे की सुविधा और भावना का ख्याल रखना कौन सा कठिन काम है, जिन्हें नमाज पढ़ने जाना है, उन्हें बेखौफ आने-जाने दिया जाए। इसमें सबकी खुशी रहेगी। और जो इस बात को न माने उसे पुलिस प्रशासन अपना खौफ दिखाए। लेकिन हुड़दंगियों को इस तरह समझाइश देने की जगह उल्टा उन्हें बढ़ावा देने की कोशिश हो रही है। किसी को तंग करने के इरादे से रंग डालने वाले लोग आराम से कहेंगे कि इन्हें तो पहले ही घर पर रहने कहा गया था, ये बाहर क्यों निकले। इस तरह की हरकतों से परपीड़ा का सुख कुछ वक्त के लिए हासिल हो जाएगा, लेकिन उससे समाज का और उससे भी बढ़कर धर्म का कितना नुकसान होगा, यह भी विचार कर लेना चाहिए।

होली के अलावा अब तो दशहरे, रामनवमी के जुलूस, तरह-तरह की शोभायात्राओं में भी अल्पसंख्यकों को परेशान करने के बहाने तलाशे जा रहे हैं। यानी हिंदुओं के त्योहारों को डर और आतंक फैलाने का जरिया बनाया जा रहा है। और जब ईद या क्रिसमस आए, तब भी उपद्रव करने के मौके तलाशे जा रहे हैं। व्यापक हिंदू समाज को अब विचार करना चाहिए कि धर्म बचाने के नाम पर जिस तरह एक पूरी पीढ़ी को नफरत और उन्माद में आपादमस्तक डुबो दिया गया है, उसमें धर्म का कितना नुकसान हो चुका है।

जब मध्यकाल में, गुलामी के दौर में, अलग-अलग शासकों के राज में हिंदुस्तान की गंगा-जमुनी तहजीब बची रही तो अब आजादी के 75 साल बाद लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष भारत में एक धर्म के लोग दूसरे धर्म के लोगों को डराने का काम क्यों हो रहा है और कौन सी देशविरोधी ताकतें इसे बढ़ावा दे रही हैं, इसे समझने की जरूरत है।

शायर शेख़ ज़हूरूद्दीन हातिम का ही एक और शेर है-

कपड़े सफ़ेद धो के जो पहने तो क्या हुआ

धोना वही जो दिल की सियाही को धोइए।

बाकी होली के खास मौके पर आज के एक और शायर राघवेंद्र द्विवेदी ने खूब कहा है कि-

सब का अलग अंदाज़ था सब रंग रखते थे जुदा,
रहना सभी के साथ था सो खुद को पानी कर लिया।
होली मुबारक!

# नेशनल पीपुल्स कांग्रेस के बाद चीन ट्रम्प के टैरिफ युद्ध के लिए तैयार

■ नित्य चक्रवर्ती

चीन की 14वीं नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) का एक सप्ताह लंबा सत्र मंगलवार 11 मार्च को बीजिंग में सम्पन्न हो गया, जिसमें राष्ट्रपति और कम्युनिस्ट पार्टी के सुप्रीमो शी जिनपिंग ने स्पष्ट किया कि चीन संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल में वैश्विक व्यवस्था में किये गये व्यवधानों का कूटनीति और देश की अर्थव्यवस्था की बढ़ी हुई ताकत दोनों के माध्यम से सामना करेगा।

एनपीसी सत्र, जो संसद की तरह काम करता है, राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा अमेरिका को चीनी वस्तुओं के निर्यात पर बढ़े हुए टैरिफ लगाने की घोषणा के एक दिन के भीतर 5 मार्च को शुरू हुआ। चीन ने तुरंत पारस्परिक टैरिफ वृद्धि लगाने की घोषणा की। 1.4अरब चीनी आबादी के हर वर्ग का प्रतिनिधित्व करने वाले 3,000 से अधिक प्रतिनिधियों ने राजनीतिक रिपोर्ट पर चर्चा की और ट्रम्प द्वारा बनायी गयी वर्तमान वैश्विक उथल-पुथल से निपटने के तरीके पर अपने विचार व्यक्त किये, और फिर शी जिनपिंग आर्थिक और कूटनीति दोनों के संदर्भ में मजबूत बनकर उभरे।

जहां एक ओर, 2025 के लिए 5 प्रतिशत आर्थिक विकास लक्ष्य, हरित विकास को लगातार बढ़ावा देना, पड़ोसी देशों के साथ मित्रता बनाने के सिद्धांत और खुलेपन और समावेशिता की चीन की नीति दुनिया की अपेक्षाओं के अनुरूप हैं, वहीं दूसरी ओर, एनपीसी के दो सत्र चीन की लोकतांत्रिक और शासन प्रथाओं का एक केंद्रित थे।

> जहां एक ओर, 2025 के लिए 5 प्रतिशत आर्थिक विकास लक्ष्य, हरित विकास को लगातार बढ़ावा देना, पड़ोसी देशों के साथ मित्रता बनाने के सिद्धांत और खुलेपन और समावेशिता की चीन की नीति दुनिया की अपेक्षाओं के अनुरूप हैं, वहीं दूसरी ओर, एनपीसी के दो सत्र चीन की लोकतांत्रिक और शासन प्रथाओं का एक केंद्रित थे। दो सत्रों में प्रौद्योगिकी और आजीविका प्रमुख विषयों के रूप में उभरे।

दो सत्रों में प्रौद्योगिकी और आजीविका प्रमुख विषयों के रूप में उभरे। चीन के घरेलू एआई मॉडल डीपसीक के दैनिक सक्रिय उपयोगकर्ता 300 लाख से अधिक हो गये हैं, बुजुर्गों की देखभाल करने वाले रोबोट अवधारणा से वास्तविकता की ओर बढ़ रहे हैं, और कम ऊंचाई वाली अर्थव्यवस्था एक ट्रिलियन-युआन बाजार में बढ़ रही है। दुनिया चीन की तकनीकी प्रगति को जीवन में सुधार करते हुए देख रही है, यह सहयोग के नये अवसर भी देख रही है।

इस वर्ष के सत्रों ने विनिर्माण में विदेशी निवेश प्रतिबंधों को पूरी तरह से हटाने और दूरसंचार और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में बाजार पहुंच को आसान बनाने सहित उच्च-स्तरीय खुलेपन का विस्तार करने के कार्य को और स्पष्ट किया है।

14वींएनपीसी के बारे में महत्वपूर्ण बात यह भी है कि जहां ट्रम्प के नेतृत्व में अमेरिका बड़ी संख्या में देशों के साथ व्यापार में तनाव पैदा करने वाली एक अलगाववादी नीति का पालन कर रहा है, वहीं चीन ने व्यापार और निवेश के क्षेत्रों में अन्य देशों के साथ अपने व्यवहार में खुलापन और पारदर्शिता की पेशकश की है। वास्तव में, जहां एक ओर ट्रम्प वैश्वीकरण से पीछे हट रहे हैं, वहीं चीन वैश्वीकरण के नेता के रूप में उस खाली स्थान पर बहुत अधिक व्यवस्थित आधार पर कदम रख रहा है।

चीन के 1.4अरब लोगों की खपत उन्नयन की ज़रूरतें और औद्योगिक परिवर्तन क्षमता वैश्विक वस्तुओं, प्रौद्योगिकियों और सेवाओं के लिए विशाल अवसर प्रदान करती हैं। एआई, हरित ऊर्जा और डिजिटल अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों में खुलापन और सहयोग वैश्विक तकनीकी क्रांति को गति देगा, जबकि जलवायु परिवर्तन, सार्वजनिक स्वास्थ्य और अन्य क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय सहयोग में चीन का अनुभव वैश्विक शासन प्रणाली के सुधार में पूरब के ज्ञान में योगदान देता है।

चीन के विशेषज्ञों के अनुसार, राष्ट्रपति ट्रम्प यूक्रेन शांति समझौते को जल्दबाज़ी में करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि वह अपने कार्यकाल के कुछ समय बाद प्रस्तावित शिखर सम्मेलन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग का अधिक मजबूती से मुकाबला कर सकें। विशेषज्ञों का मानना है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उच्च प्रौद्योगिकी के कई अन्य क्षेत्रों में चीनी वर्चस्व के परिणामस्वरूप ट्रम्प की सौदेबाजी की शक्ति कम हो गयी है, जिस पर पहले अमेरिका का एकमात्र वर्चस्व था। परिणामस्वरूप, जब भी यह शिखर सम्मेलन आयोजित होगा, चीनी राष्ट्रपति ट्रम्प के मुकाबले कहीं अधिक लाभप्रद स्थिति में होंगे।

एनपीसी का सत्र चीन के भविष्य के विकास को आकार देने में एक महत्वपूर्ण बिंदु के रूप में कार्य करता है और दुनिया के लिए चीन की नीतियों और अवसरों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण खिड़की है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए, चीन के साथ काम करना परेशानी मुक्त होगा और अंतरराष्ट्रीय व्यापार की सर्वोत्तम प्रथाओं पर आधारित होगा।

जैसा कि पूर्व रक्षा सचिव राहुल सिंह ने द वायर में अपने हालिया लेख में समझाया है, यूक्रेन की खनिज संपदा के 50प्रतिशत पर अमेरिकी नियंत्रण को अमेरिकी हथियारों के हस्तांतरण की लागत से जोड़ना, जिसका अनुमान ट्रम्प ने 350अरब लगाया है, एक चतुराईपूर्ण भ्रामक बात है। चीन के पास दुर्लभ पृथ्वी का सबसे बड़ा भंडार है और गैलियम के वैश्विक उत्पादन का 98प्रतिशत, जर्मेनियम का 60प्रतिशत, ग्रेफाइट का 70प्रतिशत, टंगस्टन का 80प्रतिशत और एंटीमनी का 48प्रतिशत हिस्सा है।

इसने गैलियम और जर्मेनियम और अन्य दुर्लभ खनिजों के अमेरिका को निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। अमेरिका को विभिन्न रक्षा अनुप्रयोगों, विशेष रूप से उच्च-स्तरीय अर्धचालकों और अन्य दोहरे उपयोग वाली वस्तुओं और प्रौद्योगिकियों के निर्माण के लिए इनकी आवश्यकता होती है। चीन ने सेमी कंडक्टर और चिप्स में बड़ी सफलता हासिल की है और कुछ प्रमुख वस्तुओं के लिए पहले अमेरिका पर निर्भरता अब नहीं रही।

यह चीनी प्रतिबंध यूक्रेन के खनिज भंडारों, विशेष रूप से गैलियम और जर्मेनियम के उपनिवेशीकरण को आगे बढ़ाने वाला इंजन है। अमेरिकी निर्यात नियंत्रकों द्वारा संवेदनशील वस्तुओं और प्रौद्योगिकियों, विशेष रूप से अर्धचालकों से संबंधित, के वर्षों से व्यवस्थित इनकार के जवाब में, चीन ने संवेदनशील वस्तुओं और प्रौद्योगिकियों की प्रमुख श्रेणियों में आत्मनिर्भरता के लिए भारी निवेश किया है।

चीन सौर और दुर्लभ भूसामग्री जैसी हरित प्रौद्योगिकी में अग्रणी के रूप में उभरा है, जहां खनन से प्रसंस्करण तक की पूरी आपूर्ति श्रृंखला का स्वामित्व उसके पास है। यह अपने उच्च और मध्यम तकनीक उद्योगों को शक्ति प्रदान करने के लिए दुनिया में सबसे अधिक संख्या में उच्च गुणवत्ता वाले स्टेम स्नातकों का उत्पादन करता है। यह खनन और खनिज, धातुकर्म और रासायनिक इंजीनियरिंग वस्तुओं में विश्व में अग्रणी है। चीन के विशेषज्ञ इस तथ्य का विशेष उल्लेख करते हैं कि अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनियां, जो हमेशा चीन में अपने निवेश से लाभान्वित होती रही हैं, व्यथित हैं और बहुत जल्द, ट्रम्प को उनसे प्रतिक्रिया मिलनी शुरू हो जायेगी।

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) द्वारा वैश्विक व्यापार नियम बनाये जाते हैं। ट्रम्प डब्ल्यूटीओ के मौजूदा नियमों की परवाह किये बिना एकतरफा निर्णय ले रहे हैं। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में चीन वैश्विक व्यापार और कूटनीति में अमेरिका के मुकाबले खुद को अधिक लाभप्रद स्थिति में रखने के लिए ट्रम्प के व्यवधानों के खिलाफ सावधानी से आगे बढ़ रहा है। सप्ताह भर चलने वाली नेशनल पीपुल्स कांग्रेस में विचार-विमर्श चीनी सरकार को सामूहिक रूप से अपनी भू-आर्थिक और राजनीतिक रणनीति को अपडेट करने में सक्षम बनाने के लिए सही समय पर किया गया।

## आपके पत्र

### रोज़गार के हर क्षेत्र में महिलाएं सशक्त हैं

जब हम रोजगार की बात करते हैं, तो सबसे पहले हमारे मन में संगठित क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों की छवि उभरती है। लेकिन समाज के असली नायक वे लोग होते हैं जो असंगठित क्षेत्र में रहकर भी अपने हौसले से रोजगार के नए आयाम गढ़ते हैं। खासकर महिलाओं की भूमिका इस क्षेत्र में कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि वे न केवल अपने परिवार की ज़िम्मेदारी उठा रही हैं, बल्कि आत्मनिर्भरता की मिसाल भी कायम कर रही हैं। राजस्थान की राजधानी जयपुर की गलियों, बाज़ारों और सरकारी इमारतों के बाहर ऐसी कई महिलाएं अपने छोटे-छोटे व्यवसायों के माध्यम से रोज़गार करती नज़र आ जाएंगी। उनके संघर्ष में सिर्फ आजीविका का सवाल नहीं, बल्कि एक बेहतर भविष्य की उम्मीद भी छुपी हुई है।

48 वर्षीय केसरी देवी की दिनचर्या सुबह जल्दी शुरू होती है। जयपुर के झालाना इंस्टीट्यूशनल एरिया की मुख्य सड़क पर उनका छोटा-सा चाय का ठेला है, जहां वे ग्राहकों के लिए चाय, बिस्कुट, सिगरेट, तंबाकू और रोजमर्रा के काम आने वाले छोटे-छोटे सामान बेचती हैं। उनके पति पहले दैनिक मजदूरी करते थे, लेकिन लगातार खराब होते स्वास्थ्य के कारण अब घर पर ही रहते हैं। ऐसे में केसरी देवी ने हिम्मत दिखाई और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए खुद कमाने का निर्णय लिया। वह बताती हैं, शुरुआत में डर लग रहा था कि मैं यह काम कर भी पाऊंगी या नहीं। लेकिन अब मैं इस काम को पूरी मेहनत से करती हूं।उनका स्टॉल दिनभर चलता है, लेकिन शाम होते ही यहां ग्राहकों की भीड़ बढ़ जाती है, जब दफ्तर से लौटते लोग चाय की चुस्कियों के साथ अपनी थकान मिटाने आते हैं। हालांकि उन्हें हर दिन इस बात की चिंता सताती है कि कहीं उनकी दुकान हटा न दी जाए। क्योंकि यह सरकारी जमीन पर बनी है।

रोजगार की दुनिया सिर्फ दुकानदारी तक सीमित नहीं, बल्कि कई महिलाएं मेहनत करके भी अपनी आजीविका चला रही हैं। झालाना के सरकारी भवनों में बागवानी का काम करने वाली धापू देवी और सोनी देवी इसी संघर्ष का उदाहरण हैं। ये दोनों महिलाएं सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक काम करती हैं, जिसमें वे पौधों की देखभाल, सफाई, खाद डालने और पानी देने जैसे कार्य करती हैं। महीने में उन्हें लगभग 4,000-5,000 रुपये की आमदनी होती है, जो उनके लिए पर्याप्त नहीं है, लेकिन इससे वे अपने परिवार का पेट पाल रही हैं। धापू देवी बताती हैं, यह काम कठिन ज़रूर है, लेकिन हमें इससे रोज़गार मिला है। जब तक हमें कोई और अच्छा अवसर नहीं मिलता, हम यही काम करेंगे।

इन सभी महिलाओं की कहानियां एक बात साफ कर देती हैं - रोजगार के हर क्षेत्र में महिलाएं मजबूती से अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। चाहे वह छोटी-सी चाय की दुकान हो, कपड़े प्रेस करने का काम हो, साप्ताहिक बाजार में कपड़े और घरेलू सामान बेचना हो या फिर बागवानी करना - हर जगह महिलाएं न केवल काम कर रही हैं, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा कर रही हैं। लेकिन उनका यह सफर आसान नहीं है। कई चुनौतियां इन महिलाओं के सामने हर रोज़ खड़ी हो जाती हैं - स्थायी दुकान का न होना, सरकारी जमीन पर व्यवसाय करने का खतरा, कम आमदनी, और कभी-कभी समाज की बेवजह की बंदिशें, इसके बावजूद, ये महिलाएं अपने हौसले से इन मुश्किलों को पार कर रही हैं और अपनी मेहनत से यह साबित कर रही हैं कि वे किसी से कम नहीं हैं।

**नरेंद्र कुमार शर्मा, जयपुर, राजस्थान**



## ललित सुरजन की कलम से

### त्रिपुरा के बाद ?

*'एक विहंगम दृष्टि डालें तो हमें समझ आता है कि उत्तर-पूर्व के किसी भी प्रांत में भारतीय जनता पार्टी की मूलरूप से कोई प्रभावी स्थिति नहीं है। वह जिन राज्यों में सत्तारूढ़ है वहां उसने अधिकतर जोड़-तोड़ से सत्ता हासिल की है। सबसे पहले असम में हिमंत विश्व शर्मा जैसे अवसरवादी कांग्रेसी नेता को उसने तोड़ लिया। शर्मा जोड़-तोड़ में अवश्य माहिर होंगे, लेकिन उसकी भी कोई सीमा होती है। अरुणाचल में भाजपा ने जो खेल किया उसकी परिणति एक पूर्व मुख्यमंत्री की आत्महत्या में हुई। अरुणाचल और मणिपुर दोनों में सत्तालोलुप राजनेता ही भाजपा के साथ जुड़े। यही स्थिति नगालैण्ड, त्रिपुरा और मेघालय में दिखाई दे रही है। इसके परिणाम दीर्घकाल में अच्छे नहीं होंगे।'*

*'नरेन्द्र मोदी और अमित शाह के शब्दकोष में राजनैतिक शुचिता जैसी कोई संज्ञा नहीं है। आप पिछली सरकारों को चाहे जितना कोसते रहें, लेकिन स्वयं आपने क्या किया है, इसके बारे में जनता आज नहीं तो कल सवाल अवश्य पूछेगी।'*

**(देशबंधु में 08 मार्च 2018 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2018/03/blog-post.html

## पावन प्रसंग

### शिकायत नहीं धन्यवाद करें

बादशाह महमूद शिकार करके अपने नौकर के साथ लौट रहे थे। राह चलते वे भटक गया। भूख लगी तो एक वृक्ष के नीचे खड़े हो गए-जो फलों से लदा हुआ था। वृक्ष अपरिचित था, सो फल भी अनजान। बादशाह महमूद ने उसे तोड़ा और चाकू निकाल कर एक टुकड़ा काटकर नौकर को दिया। यह उसका स्वभाव था। वह नौकरों-सेवकों को वही सम्मान देता था, जो अपने परिजनों को। नौकरों का शोषण करके, उनका पेट काट करके वह अपना क्रोष नहीं बढ़ाता था। उन्हें अभाव में रखकर बाहर दान-पुण्य, परोपकार करना वह छलावा व पाप समझता था। उसे धर्म के मर्म की बखूबी समझ थी। नौकर ने खाया। बड़े अहोभाव से कहा-'थोड़ा और।'

इस तरह फल का तीन हिस्सा वह खा गया। वह और मांगने लगा। इस दौरान वे चलते-चलते आगे निकल आए थे, सो और फल तोड़ना भी संभव न था। महमूद ने कहा-'अब एक टुकड़ा मुझे खाने दे।' पर वह नहीं माना और फल छीनने लगा। बादशाह ने फल को जल्दी से मुंह में डाल लिया। इतनी कड़वी चीज उसने अपने जीवन में कभी न चखी थी। उसने थूक दिया और नौकर से पूछा- 'यह जहर है- तूने बताया क्यों नहीं ? खाया क्यों ?'

नौकर ने कहा-'जिन हाथों से इतने स्वादिष्ट फल मिले हों, उन हाथों से मिले एक कड़वे फल की क्या शिकायत।' महमूद ने नौकर को कलेजे से लगा लिया। शिकायत दूर करती है; धन्यवाद पास लाता है; सख्ती-शोषण सर्वनाश करता है; सहयोग-समत्व-समर्पण विकास का द्वार बनता है। हमारी पात्रता क्या है ? योग्यता क्या है ? सामर्थ्य क्या है ? कुछ भी नहीं। कितना कुछ मिला है हमें, जो बहुतों के लिए सपना है। यह उसकी अनुकंपा है, उसका प्रसाद है। इसके लिए हम उसके प्रति अहोभाव से नहीं भरते, उसे कभी धन्यवाद देकर उसके प्रति समर्पित नहीं होते। उससे हमेशा और की मांग करते रहते हैं। उससे मनमानी चीजें न मिलने पर शिकायत करते रहते हैं। नहीं! धन्यवाद दें। शिकायत न करें। शिकायत करेंगे तो उसकी जो लहरें दिल में उठती हैं, वे भी धीरे-धीरे खो जाएगी।

शिकायती हृदय से उपासना असंभव है। जितनी ज्यादा भूख होगी धन-संपदा की, उतनी ही ज्यादा शिकायतें होंगी, उतना ही परमात्मा से फासला बढ़ेगा। इस बारीकी को बहुत गहराई से समझना होगा। धन्यवाद व अनुग्रह के भाव से उसकी अंतस में उठती लहरें बड़ी होती जाएंगी। एक दिन सब किनारे, सीमाएं ध्वस्त हो जाएंगी और हम सागर में, सागर हम में उतर जाएगा।

हम ऐसा नहीं कर पाते। जितना ही हमें मिलता है, उतने ही हम दरिद्र हो जाते हैं। हम उसे यों ही स्वीकार लेते हैं और कहते हैं- 'यह कुछ भी नहीं, और चाहिए, बहुत कुछ।' हमारी इच्छाओं और वासनाओं का कोई अंत नहीं।

**-अखंड ज्योति**

# देश विदेश

## संस्कृति और पर्यटन बड़ी भूमिका निभा सकते हैं : सुन येली

**बीजिंग।** चीनी संस्कृति और पर्यटन मंत्री सुन येली ने पेइचिंग में 14वीं राष्ट्रीय जन प्रतिनिधि सभा के तीसरे पूर्णाधिवेशन के दौरान मीडिया को बताया कि संस्कृति और पर्यटन उपभोग के विस्तार में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। संस्कृति और पर्यटन उद्योग को स्तंभ वाले उद्योग के रूप में बनाना देश के गुणवत्ता विकास में भारी महत्व रखता है। सुन के परिचय के अनुसार, वर्ष 2024 में निर्धारित पैमाने के ऊपर वाले संस्कृति व संबंधित उद्यमों की कुल कारोबार आय 140 खरब युआन रही, जो गतवर्ष से 6 प्रतिशत बढ़ी। घरेलू पर्यटकों की कुल संख्या 560 करोड़ थी, जो गत वर्ष से करीब 15 प्रतिशत बढ़ी। घरेलू पर्यटन का खर्च 5 खरब युआन है, जो गत वर्ष से 17 प्रतिशत बढ़ा।

# सागर विजन को मोदी ने दिया विस्तार, अब होगा महासागर विजन

■ **हम इस क्षेत्र की स्थिरता और समृद्धि के लिए सागर विजन के साथ आगे बढ़ रहे हैं : मोदी**



**पोर्ट लुई,** 12 मार्च (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वैश्विक दक्षिण के लिए भारत के दृष्टिकोण - सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक एवं समग्र उन्नति यानी महासागर- की घोषणा की, जो एक दशक पहले मॉरीशस में घोषित 'सागर विज़न' का उन्नत रूप है। मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में यहां पोर्ट लुई में एक प्रेस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, श्री मोदी ने कहा कि मॉरीशस भारत का महत्वपूर्ण साझीदार है, चाहे वह वैश्विक दक्षिण, हिंद महासागर या अफ्रीकी महाद्वीप का हिस्सा हो। दस साल पहले, विज़न सागर की नींव रखी गई थी, जिसका मतलब है 'क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास'। हम इस क्षेत्र की स्थिरता और समृद्धि के लिए सागर विजन के साथ आगे बढ़ रहे हैं। आज, इसे आकार देते हुए, मैं कहना चाहता हूं कि ग्लोबल साउथ के लिए हमारा विजन सागर से आगे बढ़कर 'महासागर' होगा, यानी -क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक एवं समग्र उन्नति। उन्होंने कहा कि इसमें विकास के लिए व्यापार, सतत विकास के लिए क्षमता निर्माण और साझा भविष्य के लिए पारस्परिक सुरक्षा के विचार शामिल होंगे। इसके तहत, हम प्रौद्योगिकी साझाकरण, रियायती ऋण और अनुदान के माध्यम से सहयोग बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम और वह इस बात पर सहमत हुए थे कि रक्षा सहयोग और समुद्री सुरक्षा रणनीतिक साझीदारी के प्रमुख स्तंभ हैं। स्वतंत्र, खुला और सुरक्षित हिंद महासागर हमारी साझा प्राथमिकता है।

## मॉरीशस संसद की नई इमारत के निर्माण में भारत करेगा सहयोग : मोदी

**पोर्ट लुईस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को ऐलान किया कि भारत मॉरीशस में संसद की नई बिल्डिंग बनाने में सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि यह 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' की ओर से मॉरीशस को भेंट होगी। प्रेस मीट कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत-मॉरीशस का सबंध, केवल हिंद महासागर से नहीं बल्कि हमारी साझी सांस्कृतिक परंपराओं और मूल्यों से भी जुड़ा है, हम आर्थिक और सामाजिक प्रगति की राह पर एक दूसरे के साथी हैं, प्राकृतिक आपदा हो या कोविड विपदा हमने हमेशा एक दूसरे का साथ दिया है, रक्षा हो या शिक्षा, स्वास्थ्य हो या स्पेस हम हर क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं। पिछले दस वर्षों में हमने अपने संबंधों में कई नए आयाम जोड़े हैं। पीएम मोदी ने कहा, ग्लोबल साउथ हो या हिंद महासागर या अफ्रीका भू-भाग, मॉरीशस हमारा महत्वपूर्ण साझेदार है।

## मोदी ने मॉरीशस में गंगा तालाब में पूजा अर्चना की, संगम का जल समर्पित किया

**पोर्ट लुई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मॉरीशस की दो दिवसीय की यात्रा के दूसरे दिन बुधवार को यहां 'गंगा तालाब' में पूजा अर्चना की और प्रयागराज के त्रिवेणी संगम से लाये गंगाजल को अर्पित किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मॉरीशस में प्रतिष्ठित गंगा तालाब में पूजा-अर्चना की और प्रयागराज में महाकुंभ मेले में त्रिवेणी संगम से पवित्र जल का विसर्जन किया। यह अर्पण दोनों धर्मों के बीच साझा भक्ति, सांस्कृतिक आत्मीयता और पवित्र संबंधों का सार्थक प्रतीक है। गौरतलब है कि गंगा तलाब मॉरीशस में एक जलाशय है। यह सागर सतह से 1800 फ़ुट ऊपर स्थित है और सवान्ने जिला के पहाड़ी इलाके में स्थित है।

## न्यूयॉर्क में ट्रंप प्रशासन के खिलाफ फिलिस्तीन समर्थकों ने निकाली रैली

**न्यूयॉर्क,** 12 मार्च (एजेंसियां)। फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने न्यूयॉर्क शहर में ट्रंप प्रशासन के खिलाफ विरोध मार्च निकाला। ये प्रदर्शन मध्य पूर्व, कॉलेजों में विरोध और आव्रजन से जुड़ी नीतियों के खिलाफ थे। मंगलवार को प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर उतरकर वाशिंगटन पार्क से लोअर मैनहट्टन स्थित सिटी हॉल तक मार्च किया। इस दौरान पुलिस ने दर्जनों प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। पिछले शुक्रवार को ट्रंप प्रशासन ने न्यूयॉर्क शहर में कोलंबिया विश्वविद्यालय के लिए 400 मिलियन डॉलर की फेडरल फंडिंग को रद्द कर दिया था। उन्होंने यह फैसला यहूदी-विरोधी गतिविधियों को रोकने के आधार पर लिया था। इसके साथ ही, प्रशासन ने अन्य विश्वविद्यालयों की भी समीक्षा शुरू कर दी है। कोलंबिया विश्वविद्यालय के ग्रेजुएट छात्र महमूद खलील को शनिवार को विश्वविद्यालय के होस्टल से अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) के कर्मचारियों द्वारा गिरफ्तार किया गया था। अमेरिका के स्थायी निवासी खलील ने बीते साल अप्रैल में शुरू हुए कोलंबिया विश्वविद्यालय में फिलिस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। खलील के वकील के अनुसार, खलील की पत्नी एक अमेरिकी नागरिक है और आठ महीने की गर्भवती है, उन्हें भी आईसीई से धमकियां मिली हैं। ट्रंप प्रशासन के इस फैसले के बाद न्यूयॉर्क शहर में फिलिस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शनों की एक नई लहर को बढ़ावा दिया है।



## सुडोकू 6852

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 2 | 3 | | 7 | | | |
| 3 | | 5 | | 9 | | | | |
| | | | 6 | | | | | |
| | 7 | 9 | | | | | 3 | 5 |
| | 2 | | 7 | | 4 | | 9 | |
| 5 | 4 | | | | | 2 | 8 | |
| | | | | | 3 | | | |
| | | | | 6 | | 7 | | 1 |
| | | | 5 | | 9 | 8 | 6 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : गुरूवार 13 मार्च, 2025 फाल्गुन शुक्ल पक्ष 15

### राशिफल

मेष - आप पूरे दिन शारीरिक और मानसिक थकान महसूस करेंगे। परिश्रम की अपेक्षा कम सफलता मिलने से निराशा रह सकती है। नौकरी और व्यापार के संबंध में थोड़ा चिंतित रहेंगे।

वृषभ - आज आप सभी काम दृढ़ आत्मविश्वास और मनोबल से पूरा करेंगे। उसमें सफलता भी मिलेगी। पिता की तरफ से आपको लाभ मिलेगा। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

मिथुन - नई परियोजना की शुरुआत के लिए आज दिन शुभ है। सरकार की ओर से लाभ मिलने संभावना है। व्यावसायिक क्षेत्र में आपको अधिकारियों का अच्छा प्रतिसाद मिलेगा। छोटे प्रवास का आयोजन हो सकता है।

कर्क - आज नकारात्मक मानसिकता के साथ व्यवहार न करें। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थ रहेंगे। मन में दु:ख और असंतोष की भावना हो सकती है। आंखों में पीड़ा होने की संभावना है।

सिंह - आज आप में आत्मविश्वास की अधिकता रहेगी। किसी भी काम को करने के लिए जल्दबाजी से नुकसान हो सकता है। पिता और बड़ों से लाभ होगा। सामाजिक रुप से मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

कन्या - आज आपके अहं को कोई चोट न पहुंचे और आपका किसी से झगड़ा न हो, इसका ध्यान रखें। शारीरिक रूप से शिथिलता और मानसिक रूप से चिंता बनी रहेगी।

तुला - आप के लिए आज का दिन शुभफलदायी होगा। विविध क्षेत्रों में मिलने वाले लाभ से आपकी प्रसन्नता में वृद्धि होगी। आपकी आय में भी वृद्धि होगी। मित्रों के पीछे खर्च भी होगा और उनसे लाभ भी प्राप्त होगा।

वृश्चिक - आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी होगा। व्यावसायिक स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। काम में सफलता प्राप्त करने में आसानी होगी। मान-प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होगी। नौकरी में पदोन्नति होगी।

धनु - आज स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम रहने की संभावना है। शारीरिक रूप से आलस्य की भावना रहेगी। मानसिक रूप से भी चिंता बनी रहेगी। व्यवसाय में कई विघ्न आ सकते हैं। हानिकर विचारों से दूर रहें।

मकर - व्यावहारिक और सामाजिक काम से बाहर जाने के कारण आकस्मिक धन खर्च हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। क्रोध से बचकर चलें। नकारात्मक भावनाओं को सकारात्मकता से दूर करने का प्रयास करें।

कुंभ - आज आप प्रत्येक कार्य आत्मविश्वास से पूरे करेंगे। प्रवास या पर्यटन की संभावना अधिक हैं। स्वादिष्ट व्यंजनों का भोग एवं नए वस्त्र पहनने के अवसर आपको मिलेंगे। भागीदारों से लाभ होगा। वाहनसुख प्राप्त होगा।

मीन - आज का दिन शुभफलदायी है। आप में मनोबल और आत्मविश्वास अधिक रहेगा। शारीरिक रूप से आप स्वस्थ रहेंगे। परिवार का वातावरण भी शांतिप्रद रहेगा। विरोधियों के समक्ष विजय प्राप्त होगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# दक्षिण पूर्व एशिया के साइबर अपराध केंद्रों में फंसे 266 भारतीयों की स्वदेश वापसी



■ **सोमवार को 283 भारतीयों को म्यांमार से वापस लाया गया**
■ **भारतीय वायु सेना के एक विमान में ये लोग भारत लौटे**

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (एजेंसियां)। दक्षिण पूर्व एशिया में साइबर अपराध केंद्रों से रिहा किए गए 266 भारतीय नागरिक स्वदेश वापस आ गए हैं। भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के एक विमान में ये लोग भारत लौटे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि भारत सरकार ने कल एक आईएएफ विमान द्वारा 266 भारतीयों की सुरक्षित वापसी की व्यवस्था की, जिन्हें दक्षिण पूर्व एशिया में साइबर अपराध केंद्रों से रिहा किया गया था। मंत्रालय ने भारतीय दूतावासों के प्रयासों पर भी प्रकाश डाला, जिन्होंने प्रभावित व्यक्तियों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए म्यांमार और थाईलैंड की सरकारों के साथ मिलकर काम किया। इससे पहले सोमवार को 283 भारतीयों को म्यांमार से वापस लाया गया। इन लोगों को दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में नौकरी के फर्जी ऑफर के नाम पर बहला-फुसलाकर ले जाया गया। बाद में इन्हें म्यांमार-थाईलैंड सीमा से लगे क्षेत्रों में संचालित घोटाला केंद्रों में साइबर अपराध और धोखाधड़ी की अन्य गतिविधियों में शामिल होने के लिए मजबूर किया गया। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में म्यांमार और थाईलैंड में भारतीय दूतावासों के अथक प्रयासों पर जोर दिया गया, जिन्होंने फंसे हुए लोगों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम किया। सोमवार को विशेष भारतीय वायुसेना के विमान ने थाईलैंड के माई सोत से 283 नागरिकों को लेकर उड़ान भरी।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**भारतमाला परियोजना में भ्रष्टाचार ...**

उसी हिसाब से काम करते हैं।मेरा हाथ जोड़कर निवेदन है कि मामले की सीबीआई जांच की मांग स्वीकार कर लें।इस पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने मामले की जांच आयुक्त से कराने का ऐलान किया। विषय पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि जांच में कहीं हीलाहवाला नहीं किया जाएगा। कांग्रेस की सरकार ने तो सीबीआई को बैन किया था। इस पर नेता प्रतिपक्ष ने विधायकों की समिति बनाकर मामले की जांच कराने मांग की। भारतमाला परियोजना में जांच की मांग पर विपक्ष के हंगामे के बीच सत्तापक्ष के विधायक रिकेश सेन ने कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस को केंद्रीय एजेंसी पर कब से भरोसा हो गया। जो लोग सीबीआई को बैन करते हैं। ईडी पर भरोसा नहीं है। वह आज जांच की मांग कर रहे हैं।कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने शिकायत के आधार पर जांच के दायरे पर सवाल उठाया। मंत्री ने कहा कि आयुक्त से विस्तृत जांच कराई जाएगी।

डॉ. महंत ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की ओर मुखातिब होते हुए कहा- 5 साल मैं भी विधानसभा अध्यक्ष रहा था। शासन की सहमति होने पर सीधे निर्णय लिए जा सकते हैं। आप तो 15 साल मुख्यमंत्री भी रहे। कितनों को जेल भेजा होगा, नहीं कहना चाहूंगा। विधानसभा लोकतंत्र का मंदिर है। यहां घंटी बजा रहा हूं। आप निराश करेंगे तो मजबूरी में हाईकोर्ट जाउंगा। जो जवाब मिल रहा उससे संतुष्ट नहीं हूं। इसके विरोध में हम बहिर्गमन करते हैं। इसके साथ ही सारे कांग्रेस विधायक नारेबाजी करते हुए सदन से बाहर चले गए।

**जलाशय की जमीनें ...**

रन के तौर पर खरीफ सिंचाई हेतु पानी दिया जा रहा है। परियोजना को पूर्ण करने हेतु लंबित राजस्व मामले का निराकरण समय-सीमा में किया जा रहा है। परियोजना का लाभ किसानों को वर्ष जून 2026 तक दिया जावेगा।

वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा- पिछले 5 वर्षों में जब आपकी सरकार थी इस परियोजना के लिए एक रुपये भी नहीं दिया गया। हमारे वित्त मंत्री ने इसके लिए 291 करोड़ का प्रावधान रखा है। उमेश पटेल ने कहा- जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई। क्या इसे पीछे कारण केन्द्रांश की राशि नहीं मिलना भी था। टंकराम वर्मा ने कहा- 2008 का प्रोजेक्ट है। 22 हजार हेक्टेयर में सिंचाई होना है। कुछ उद्योगों को भी पानी देना है। 22 प्रकरण लंबित हैं। भू अर्जन का काम राजस्व विभाग का है, इसके आगे का काम जल संसाधन विभाग का है। उमेश पटेल ने पूछा- केलो परियोजना की जमीन क्या किसी इंडस्ट्री को ट्रांसफर करने की शिकायत सामने आई है? मंत्री वर्मा का जवाब नहीं में आया। उमेश पटेल ने कहा- 22 खसरों का जेरापाली गांव है। वहां जिंदल इंडस्ट्री के नाम जमीन ट्रांसफर कर दी गई। अगस्त 2024 में हमने इसकी शिकायत की थी। टंकराम वर्मा ने कहा- जलाशय की जमीन ट्रांसफर हुई होगी तो निश्चित रूप से कार्यवाही करूंगा।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा- ये सीधे-सीधे लैंड यूज चेंज का मामला है। क्या सदन की अध्यक्षता वाली कमेटी से इसकी जांच कराएंगे। टंकराम वर्मा ने कहा- विभागीय जांच करा लेंगे। भूपेश बघेल ने कहा- इस पवित्र सदन की विधायकों की कमेटी से जांच करा लें। जमीन की अफरातफरी का बड़ा मामला है। आपके विभाग का कोई अधिकारी कैसे इसकी जांच कर सकता है। आपकी नाक के नीचे यह सब हुआ है। सदन की कमेटी से जांच कराएं। इस तरह के मामलों में लैंड यूज चेंज मंत्री मंडल की उप समिति के निर्णय से होता है। मैं भी राजस्व मंत्री रहा हूं, इसलिए बारीकियों को जानता हूं। इसलिए सदन की कमेटी से इसकी जांच करा लें। टंकराम वर्मा ने कहा- यह सब मेरे संज्ञान में नहीं आया है। मंत्री का यह जवाब सामने आने पर भूपेश बघेल 'सदन की कमेटी से जांच कराओ' का नारा लगाने लगे। दूसरे विपक्षी विधायकों ने भी शोर मचाना शुरु कर दिया। मंत्री के जवाब पर असंतोष जताते हुए सारे विपक्षी विधायक सदन से बाहर चले गए।

**नई नक्सल नीति को मंज़ूरी...**

मंत्रिपरिषद ने राज्य के जल संसाधन विभाग के 9 बॉधों के सुधार कार्यों के लिए 522.22 करोड़ रूपए भारत सरकार के माध्यम से ऋण स्वीकृति प्राप्त करने का निर्णय लिया गया। इनमें मनियारी टैंक, घोंघा टैंक, दुधावा, किंकारी, सोंढूर, मूरूमसिल्ली (भाग-2), रविशंकर सागर परियोजना (भाग-2), न्यूज रूद्री बैराज और पेण्ड्रावन टैंक शामिल हैं।

राज्य में सुशासन और नीति क्रियान्वयन को मजबूत करने में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप योजना शुरू करने का निर्णय लिया गया है। यह योजना आईआईएम रायपुर और ट्रांसफार्मिंग रूरल इंडिया फाउण्डेशन नई दिल्ली के सहयोग से सुशासन एवं अभिसरण विभाग द्वारा संचालित की जाएगी। यह योजना छत्तीसगढ़ के मूल निवासी युवाओं के लिए होगी। इस कार्यक्रम को सुफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले फेलो को आईआईएम रायपुर द्वारा एमबीए के डिग्री प्रदान की जाएगी। प्रारंभिक तौर पर चयनित फेलो को दो वर्ष की कुछ अवधि में आईआईएम रायपुर में शैक्षणिक सत्र में शामिल होना होगा तथा शेष अवधि में जिला/विभाग में राज्य की योजनाओं एवं कार्यक्रम हेतु कार्य करके जिला/विभाग को सहयोग प्रदान करना होगा। इस कार्यक्रम में होने वाले खर्च का वहन राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा साथ ही फेलो को प्रति माह स्टाईपेंड भी प्रदान किया जाएगा।

**विपक्ष ने सीमा पर ...**

विसंगति, परिसीमन, एनईपी पर चर्चा की मांग की। सदन की कार्यवाही शुरू होने पर उपसभापति हरिवंश ने बताया कि नियम 267 के तहत चर्चा के लिए नौ सदस्यों ने नोटिस दिया है। इसमें कांग्रेस के प्रमोदी तिवारी, तृणमूल कांग्रेस के साकेत गोखले, डोला सेन और सुष्मिता देब और आम आदमी पार्टी के संजय सिंह ने मतदाता पहचान पत्र के दोहराव के मुद्दे पर कार्य स्थगन कर चर्चा कराने की मांग की है। हालांकि सभापति द्वारा दिये गये व्यवस्था के तहत इन नोटिसों को स्वीकार नहीं किया गया है।

रेलवे में निजीकरण को लेकर सरकार को घेरा

नई दिल्ली। राज्य सभा में बुधवार विपक्ष ने सरकार पर रेलवे में सामान्य जन के हितों के बजाय निजीकरण, प्रीमियम रेलगाड़ियों के परिचालन को प्राथमिकता देने, दुर्घटनाएं रोकने में विफल रहने और विपक्षी पार्टियों की सरकारों वाले राज्यों के साथ रेल परियोजनाओं के मामले में सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। जबकि सत्ता पक्ष के सदस्यों ने मोदी सरकार के कार्यकाल में रेलवे में तीव्रगति से हो रहे कार्यों की सराहना की। रेल मंत्रालय के कार्यकरण पर चर्चा में भाग लेते हुए तृणमूल कांग्रेस की सदस्य ने डोला सेन ने कहा कि भारत जैसे देश में गरीबों की जरूरत रेलवे की प्रथम प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार का इरादा रेलवे का निजीकरण करना है और यही आज भारतीय रेल की समस्या बन गयी है। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशनों को विश्वस्तरीय बनाने की योजना भी निजीकरण से प्रेरित है पर इस कार्य में भी सरकार कुछ विशेष प्रगति नहीं कर पा रही है।

**इनोवा कार से ...**

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी, जिसके आधार पर आमानाका क्षेत्र में चेकिंग प्वाइंट बनाकर संदिग्ध कार को रोका गया। कार में ड्राइवर और एक अन्य व्यक्ति सवार थे, जिन्होंने पूछताछ के दौरान रकम के बारे में अनभिज्ञता जाहिर की। उनके अनुसार, उन्हें नागपुर के पास गाड़ी बदलने के निर्देश मिले थे।इस मामले में आजाद चौक सब डिवीजन के सीएसपी, ढ्ढक्र अमन झा ने बताया कि बड़ी मात्रा में नगद रकम बरामद की गई है। कार चालक और उसके सहयोगी ने पैसों के स्रोत के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। फिलहाल रकम को जब्त कर आगे की जांच की जा रही है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि इस रकम का हवाला नेटवर्क से कोई कनेक्शन है या नहीं।

**जांच जारी, बड़े खुलासे की उम्मीद**

पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और आरोपियों से पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह भी देखा जा रहा है कि इस रकम का उपयोग अवैध गतिविधियों के लिए किया जाना था या नहीं।

**यूनेस्को ने कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान को...**

मैना शामिल है, जो इंसानों की तरह बोलने की क्षमता रखती है।

प्राकृतिक गुफाएं-इस उद्यान में कोटमसर गुफा समेत 16 लाइमस्टोन (चूना पत्थर) की गुफाएं हैं, जो लाखों साल पुरानी हैं। खास बात यह है कि ये गुफाएं अभी भी जिंदा हैं यानी इनमें प्राकृतिक रूप से चूना पत्थर की संरचनाओं का निर्माण जारी है। अंधी मछलियां और दुर्लभ जीव- इन गुफाओं में रहने वाले कुछ जीव-जंतु जैसे अंधी मछलियां और विशेष प्रकार के चमगादड़ वैज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं।

धुरवा जनजाति का योगदान- इस क्षेत्र में रहने वाली धुरवा जनजाति हजारों साल पुरानी परंपराओं और संस्कृति का प्रतिनिधित्व करती है। ये जनजातियां जंगल के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

आगे की प्रक्रिया-अब छत्तीसगढ़ सरकार को एक साल के भीतर वर्ल्ड हेरिटेज साइट का दर्जा पाने के लिए पूरी रिपोर्ट और प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे। यदि यह प्रक्रिया सफल रहती है, तो कांगेर घाटी नेशनल पार्क न केवल भारत बल्कि दुनिया भर के लिए एक महत्वपूर्ण धरोहर के रूप में स्थापित होगा और यह पर्यटन व संरक्षण की दृष्टि से छत्तीसगढ़ के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए यह गौरव का क्षण है, क्योंकि पहली बार प्रदेश की कोई प्राकृतिक धरोहर यूनेस्को की टेंटेटिव लिस्ट में शामिल हुई है।

## वर्ग पहेली 6852



**बायें से दायें:-**

१. वह पतला रास्ता डो पैदल चलने आने-जाने वालों के पैंरों के दबाव से बन जाता है
३. किसी पुस्तक आदि का पूरक अंश
५. वर्षा
६. आलिंगन, स्वीकार करना (मुहावरा)
७. सप्ताह का एक दिन
९. अन्यथा (उर्दू)
१०. एक प्रकार का सूखा मेवा
१२. या
१३. दुख, उदासी
१४. एकटक, अनिमेष दृष्टि
१६. दरवाजा खटखटाने की क्रिया, हाथ का हल्का आघात (उर्दू)
१८. प्रताड़ित करना
२०. असुर, राक्षस
२१. जहरीली औरत
२३. सृजनात्मक, निर्माण करना

**ऊपर से नीचे:-**

१. पराग का बिखरना या फैलना
२. गेंहू, धान आदि के कटाई के बाद बचा हुआ ठूंठ
३. धोना
४. शिकाय
५. किसी वस्तु के बने होने का ढंग
८. सारथि
१०. बेमिसाल
११. दिलचस्प, अच्छा लगने वाला
१२. संख्या, अंक (उर्दू)
१३. बेचने वाला
१४. संकीर्ण हृदय, कंजूस
१५. जिसे वरदान मिल गया
१७. फूलों का गुच्छा, स्तुति करने वाला
१८. स्वप्न. ख्वाब
१९. नाव खेने वाला
२२. इंसाफ

### वर्ग पहेली-6851



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1560- स्पेन की नौसेना ने त्रिपोली के डीजेरबा पर कब्जा किया।
1567- ओस्टरवील की लड़ाई बेल्जियम के एंटवर्प के पास ओस्टरवील गांव में हुई। इस लड़ाई को अस्सी साल के युद्ध की शुरुआत माना जाता है.
1774- भारत में पहला डाक सेवा कार्यालय खोला गया।
1781- खगोलशास्त्री विलियम हर्शेल ने यूरेनस ग्रह का पता लगाया।
1800- मराठा साम्राज्य को अपनी योग्यता से शिखर पर पहुंचाने वाले राजनेता नाना फडणवीस का निधन।
1881- रूसी शासक अलेक्जेंडर द्वितीय की हत्या।
1892- बॉम्बे-तांसा वाटर वर्क्स को खोला गया।
1899- आंध्र प्रदेश के राजनेता बुर्गुला रामकृष्ण राव का जन्म।
1921- मंगोलों ने चीन से स्वतंत्रता प्राप्त की
1940- पंजाब के पूर्व गवर्नर माइकल ओ डायर को लंदन में उधम सिंह ने गोली मारकर हत्या कर दी। इसे 1919 के जलियांवाला बाग के नरसंहार के प्रतिशोध के तौर पर देखा गया।
1956- न्यूजीलैंड ने टेस्ट क्रिकेट खेलने का दर्जा मिलने के 26 साल बाद अपनी पहली जीत हासिल की।
1963- विभिन्न खेलों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार प्रदान करने का ऐलान किया गया।
1980- भारतीय राजनीति के युवा नेता वरूण गांधी का जन्म।
1992- तुर्की में आये भूकंप से करीब 500 लोगों की मौत हो गई और हजारों लोग बेघर हो गए।
1996- भारतीय नाटक और फिल्म अभिनेता शफी इनामदार का निधन।
1997- मदर टेरेसा की उत्तराधिकारी के रूप में सिस्टर निर्मला को मिशनरीज ऑफ चैरिटी के सुपीरियर जनरल के पद पर चुना गया।
2004- भारतीय शास्त्रीय संगीत की महान विभूति प्रसिद्ध सितार वादक उस्ताद विलायत खां का निधन।
2013- कैथोलिक चर्च के 266वें पोप के रूप में पोप फ्रांसिस का चयन।

## दुनिया को जानें

### चीन ने एक रॉकेट से 18 उपग्रहों को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया

**बीजिंग,** 12 मार्च (एजेंसियां)। चीन के लॉन्ग मार्च-8 वाई6 वाहक रॉकेट ने 'एक रॉकेट और अठारह उपग्रहों' के तरीके से हैनान वाणिज्यिक अंतरिक्ष प्रक्षेपण केंद्र में पूर्व निर्धारित कक्षा में कियानफान तारामंडल नेटवर्किंग उपग्रहों के पांचवें बैच को लॉन्च किया। लॉन्च मिशन पूरी तरह सफल रहा। रिपोर्टों के अनुसार, लॉन्ग मार्च 8 चीन की नई पीढ़ी का मध्यम आकार का दो-चरण तरल प्रणोदक वाहक रॉकेट है, जिसे चीन एयरोस्पेस विज्ञान और प्रौद्योगिकी निगम की पहली अकादमी द्वारा विकसित किया गया है। यह एकल या कई उपग्रह प्रक्षेपणों का समर्थन कर सकता है और इसमें उच्च लागत प्रदर्शन और उत्कृष्ट सुरक्षा प्रदर्शन की विशेषताएं हैं। इसकी वहन क्षमता समान स्तर के घरेलू मध्यम आकार के रॉकेटों में सर्वश्रेष्ठ है और यह सूर्य-समकालिक कक्षा और निम्न-कक्षा में बड़े तारामंडल नेटवर्किंग मिशनों के लिए विशेष रूप से उपयुक्त है।

# खेल जगत

## टी-20 विश्वकप जीतना अगला लक्ष्य : हार्दिक

**मुंबई।** भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने कहा अगला लक्ष्य 2026 में घरेलू जमीन पर होने वाले टी-20 विश्वकप को जीतना है। हार्दिक ने पहले ही अगली चुनौती - आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2026 पर अपनी नजरे जमा ली हैं। इस विश्वकप की भारत मेजबानी करेगा। घरेलू धरती पर होने वाले टूर्नामेंट के साथ भारत को न केवल घरेलू परिस्थितियों का लाभ मिलेगा। बल्कि वैश्विक मंच पर अपना दबदबा जारी रखने के उद्देश्य से गत विजेता के रूप में भी प्रवेश करेगा।उन्होंने कहा कि मुझे ऐसी जीत पसंद है, जहां हर कोई आता है, अपना दिल लगाता है और आप जानते हैं कि मुझे लगता है कि यह भारत के लिए था। चैंपियंस ट्रॉफी हो चुकी है, अब अगला लक्ष्य भारत में आईसीसी टी-20 विश्वकप जीतना है। हार्दिक ने 2017 की चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल को याद करते हुए कहा कि 2017 में काम बाकी था।



# उम्मीद नहीं की थी, भारतीय सीनियर हॉकी टीम के लिए खेलने का मौका मिलेगा : अर्शदीप

### हरमनप्रीत ने मुझसे कहा, वह मैच जीतने की पूरी कोशिश करेंगे ताकि यह मेरे लिए यादगार बन जाए

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (देशबन्धु)। 20 बरस के उदीयमान स्ट्राइकर अर्शदीप सिंह ने भारत की सीनियर हॉकी टीम के लिए अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर का आगाज हाल ही में भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो हॉकी लीग 2024-25 से किया। अर्शदीप सिंह की प्रतिभा को सराहते हुए हॉकी इंडिया ने उन्हें शनिवार को यहां दिए जाने वाले सातवें सालाना हॉकी इंडिया अवार्डस 2024 में जुगराज सिंह अपकमिंग प्लेयर ऑफ द ईयर (पुरुष अंडर 21) अवॉर्ड के लिए नामित किया गया। भारतीय जूनियर टीम के लिए दमदार प्रदर्शन कर सुर्खियों में आए स्ट्राइकर अर्शदीप सिंह अब बेंगलुरू में भारत की जूनियर हॉकी टीम के दिसंबर में होने वाले जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप की तैयारियों में जुटे हैं। अर्शदीप पहले पहल बीते बरस दिसंबर 2024 में जूनियर पुरुष हॉकी एशिया कप में छह गोल कर सुर्खियों में आए। अर्शदीप कहते हैं,' जूनियर एशिया कप 2024 मेरे लिए खासा बढ़िया रहा और इसमें मैंने कई गोल किए। इसमें पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल में हमारी जूनियर टीम की जीत मेरे लिए बेहद यादगार क्षण था। मैने सोचा था कि इस साल के आखिर में जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के बाद मुझे भारत की सीनियर टीम में खेलने का मौका मिलेगा। मैंने उम्मीद नहीं की थी कि मुझे एफआईएच प्रो लीग में भारतीय सीनियर हॉकी टीम के लिए इतनी जल्दी खेलने का मौका मिल जाएगा। हमारी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने मुझसे कहा था कि वह मैच जीतने की कोशिश करेंगे ताकि यह मेरे लिए यादगार बन जाए। उन्होंने मुझसे यह भी कहा कि मैं अपना पहला गोल करने के लिए पूरी कोशिश करूं।' जूनिसर एशिया कप के बाद अर्शदीप सिंह ने इस साल के शुरू में हैदराबाद तूफांस के लिए पुरुष हॉकी इडिया लीग (एचआईएल) 2024-25में टूर्नामेट के उदीयमान खिलाड़ी का पुरस्कार जीत कर सभी का ध्यान खींचा। अर्शदीप ने तीन गोल कर हैदराबाद तूफांस को एचआईएल 2024-25 फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। अर्शदीप सिंह ने अपने एचआईएल में खेलने के अनुभव की बाबत कहा,'एचआईएल में हमारी हैदराबाद तूफांस की टीम में माहौल बेहद सकारात्मक था। जब मैं एचआईएल में हैदराबाद तूफांस के लिए खेल रहा था तभी मुझे मालूम पड़ा की मुझे एफआईएचल प्रो लीग के लिए भारत की सीनियर टीम के लिए चुन लिया गया। मेरे लिए यह बड़ गर्व का क्षण था और मैंने सबसे पहले अपनी मां को फोन का अपने सीनियर भारतीय टीम में चुने जाने की बाबत बताया।' अर्शदीप ने जब एफआईएच प्रो लीग में स्पेन के खिलाफ मैच के लिए अपना नाम भारतीय टीम के लाइनअप में देखा तो यह उनके लिए वाकई बहुत बड़ा क्षण था।



**अर्शदीप पहले पहल बीते बरस दिसंबर 2024 में जूनियर पुरुष हॉकी एशिया कप में छह गोल कर सुर्खियों में आए।**

### सीनियर खिलाड़ियों ने दबाव से निपटने में मदद की : फॉरवर्ड अर्शदीप

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (एजेंसियां)। 20 वर्षीय फॉरवर्ड अर्शदीप सिंह हाल ही में अपने लगातार प्रदर्शन के लिए सुर्खियों में रहे हैं, जिसके चलते उन्हें भुवनेश्वर में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 (पुरुष) में सीनियर इंडिया में पदार्पण का मौका मिला। अर्शदीप ने पहली बार पिछले साल दिसंबर में 2024 पुरुष जूनियर एशिया कप के दौरान सुर्खियां बटोरीं, जब उन्होंने टूर्नामेंट में छह गोल किए और स्टिक से प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए बहुत अच्छा टूर्नामेंट था और मैंने कुछ अच्छे गोल किए। खास तौर पर फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ जीतना मेरे लिए खास पल था। मुझे लगा था कि इस साल के अंत में जूनियर विश्व कप के बाद मुझे सीनियर्स के लिए खेलने का मौका मिलेगा, लेकिन मुझे इतनी जल्दी सीनियर टीम में जगह बनाने की उम्मीद नहीं थी। हालांकि जूनियर एशिया कप के दौरान उन्होंने सबका ध्यान खींचा था, लेकिन अर्शदीप सिंह का ब्रेकआउट टूर्नामेंट इस साल की शुरुआत में हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) था, जहां उन्हें टूर्नामेंट का अपकमिंग प्लेयर चुना गया था।

# बल्लेबाजी में उतार-चढ़ाव के बावजूद सर्वश्रेष्ठ फिनिशर बन गए केएल राहुल

■ राहुल को एकदिवसीय मैचों में नई चुनौती का सामना करना पड़ा, जब उन्हें छठे स्थान पर भेजा गया

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (एजेंसियां)। ऑसिलेटरी मोशन की विशेषता एक निश्चित बिंदु के बारे में किसी वस्तु की बार-बार आगे-पीछे की गति है, जैसा कि घड़ी के पेंडुलम द्वारा उदाहरण दिया गया है। भारतीय टीम में सबसे अधिक ऑसिलेटरी खिलाड़ी को खोजने की प्रतियोगिता में, केएल राहुल सर्वसम्मति से चुने जाएंगे। राहुल के शानदार कवर ड्राइव और उनकी कलाई से सहज फ्लिक, जब वे अपने सर्वश्रेष्ठ पर होते हैं, तो बस गति में कविता होती है। लेकिन राहुल होना आसान नहीं है - उनकी बल्लेबाजी की स्थिति में उतार-चढ़ाव चुनौतीपूर्ण रहे हैं, एक पेंडुलम की आगे-पीछे की गति के समान। 2025 चैंपियंस ट्रॉफी जीत के दौरान भारत के लिए मैच फिनिश करने में राहुल की सफलता इसका उदाहरण है। राहुल को एकदिवसीय मैचों में नई चुनौती का सामना करना पड़ा, जब उन्हें छठे स्थान पर भेजा गया, जो कि अक्षर पटेल के अपने सामान्य नंबर पांच पर आने के बाद फिनिशर की स्थिति थी। इसके अलावा, इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में, हमेशा इस बात पर सवाल उठते रहे कि राहुल को ऋषभ पंत से आगे क्यों तरजीह दी गई। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए उस भूमिका में राहुल की सफलता उनके शांत, विनम्र और सक्रिय अनुकूलनशीलता से चिह्नित थी - ऐसे गुण जो उनके लिए दूसरी प्रकृति बन गए हैं। हालांकि उनके 136 टूर्नामेंट रन महत्वहीन लग सकते हैं, लेकिन वे भारत के निचले मध्य क्रम में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की पूरी कहानी नहीं बताते हैं। केएल राहुल के बचपन के कोच सैमुअल जयराज ने मंगलुरु से आईएएनएस से कहा कि जब भी उन्हें बल्लेबाजी क्रम में नीचे भेजा जाता था, तो वे शिकायत नहीं करते थे। वे मुझसे पूछते थे कि मैं कैसे बेहतर हो सकता हूं और मुझे उस तरह से क्यों खेलना चाहिए। देखिए, जब भी वे छठे या सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने जाते हैं, तो मुश्किल से कुछ गेंदें होती हैं। उन्होंने हमेशा बल्लेबाजी की है, चाहे वे कहीं भी खेले हों। इसलिए मानसिकता में बदलाव और परिस्थिति के अनुसार खुद को ढालना, यह सब नया है। उन्होंने अलग-अलग भूमिकाएं निभाई हैं, लेकिन यह भूमिका अलग थी और उन्होंने इसके लिए काम करना शुरू कर दिया। योजना और तैयारी अच्छी थी, इसलिए वह अच्छा खेल सके। वह अपनी भूमिका समझते थे और अगर आपने फाइनल देखा हो, तो जब बाएं हाथ के स्पिनर गेंदबाजी कर रहे थे, तो वह आसानी से पॉइंट, कवर और एक्स्ट्रा कवर के बीच सिंगल ले लेते थे।



**जब भी उन्हें बल्लेबाजी क्रम में नीचे भेजा जाता था, तो वे शिकायत नहीं करते थे। वे मुझसे पूछते थे कि मैं कैसे बेहतर हो सकता हूं और मुझे उस तरह से क्यों खेलना चाहिए : सैमुअल जयराज, कोच**

# अलाना किंग को फरवरी के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार मिला

**दुबई,** 12 मार्च (एजेंसियां)। महिला एशेज के दौरान अलाना किंग के शानदार प्रदर्शन के कारण उन्हें फरवरी 2025 के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार मिला है। ऑस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर ने अपनी टीम की साथी एनाबेल सदरलैंड और थाईलैंड की थिपाचा पुथावोंग को कड़ी टक्कर देते हुए यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता। उनकी जीत से इस पुरस्कार में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा बढ़ गया है, इससे पहले सदरलैंड (दिसंबर 2024) और बेथ मूनी (जनवरी 2025) ने भी जीत दर्ज की थी, जिससे यह लगातार तीसरा महीना है जब किसी ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने यह सम्मान हासिल किया है। यह पहली बार है जब किंग को आईसीसी मासिक पुरस्कार मिला है, और उन्होंने अपनी टीम की साथियों को उनकी सामूहिक सफलता का श्रेय देने में देर नहीं लगाई।

किंग ने कहा कि लड़कियों के लिए यह एक बड़ी गर्मी रही है, और हम जिस तरह से एशेज को बरकरार रख पाए हैं, उससे हम वाकई बहुत खुश हैं। मुझे उस सफलता में भूमिका निभाने पर गर्व है और मैं उस श्रृंखला, विशेष रूप से टेस्ट मैच को लंबे समय तक याद रखूंगी। एमसीजी पर एशेज टेस्ट से बड़ा कोई मंच नहीं है, और मैं इसका हिस्सा होने के लिए बहुत आभारी हूं। किंग ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में एकमात्र टेस्ट में इंग्लैंड पर ऑस्ट्रेलिया की शानदार जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने मात्र 98 रन देकर नौ विकेट चटकाए, जिससे ऑस्ट्रेलिया की पारी और 122 रन की शानदार जीत में अहम भूमिका निभाई। पहली पारी में, किंग ने 4-45 के आंकड़े के साथ इंग्लैंड की बल्लेबाजी लाइनअप को तहस-नहस कर दिया, जिससे मेहमान टीम 170 रन पर आउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया ने 270 रन की शानदार बढ़त हासिल कर ली, दूसरी पारी में उन्होंने और भी अधिक आक्रामक




**लड़कियों के लिए यह एक बड़ी गर्मी रही है, और हम जिस तरह से एशेज को बरकरार रख पाए हैं, उससे हम वाकई बहुत खुश हैं : अलाना किंग**

# रोहित तीसरे स्थान पर पहुंचे, गिल वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर कायम

**दुबई,** 12 मार्च (एजेंसियां)। हाल ही में संपन्न आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के अभियान के बाद, भारत के कप्तान रोहित शर्मा वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग चार्ट में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जिसमें उनके साथी सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल पहले स्थान पर हैं। भारत ने दुबई में न्यूजीलैंड पर चार विकेट की रोमांचक जीत के साथ अपना तीसरा चैंपियंस ट्रॉफी खिताब जीता, बुधवार को जारी रैंकिंग अपडेट में दोनों टीमों के स्टार खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया है।

फाइनल में 83 गेंदों पर मैच जिताऊ 76 रन बनाने वाले रोहित दो पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। फाइनल में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए रोहित को प्लेयर ऑफ द मैच की ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। इस बीच, टूर्नामेंट में 218 रन बनाने वाले विराट कोहली टूर्नामेंट में 218 रन बनाने के बाद शीर्ष पांच (पांचवें स्थान) पर बने हुए हैं। न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने भी उल्लेखनीय प्रगति की है। डेरिल मिशेल एक पायदान ऊपर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि युवा सनसनी रचिन रविंद्र 14 पायदान ऊपर चढ़कर 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ग्लेन फिलिप्स भी छह पायदान ऊपर चढ़कर 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड के कप्तान मिशेल सेंटनर गेंदबाजी में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में से एक रहे, उन्होंने टूर्नामेंट में नौ विकेट लिए, जिसमें फाइनल में दो विकेट शामिल हैं। उनके प्रयासों से वह छह पायदान ऊपर चढ़कर वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।



### रोहित का लक्ष्य 2027 विश्व कप खेलना : रिकी पोंटिंग

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि रोहित शर्मा का वनडे से संन्यास नहीं लेने का मतलब है कि उनका लक्ष्य 2027 पुरुष वनडे विश्व कप खेलना है। रोहित ने भारत के कप्तान के रूप में अपना दूसरा आईसीसी खिताब जीता, जब टीम ने दुबई में 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के लिए न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया। पिछले साल बारबाडोस में विश्व कप जीतने के बाद जिस तरह से उन्होंने टी20 प्रारूप से संन्यास लिया था, उसी तरह से रोहित के वनडे से संन्यास लेने की अफवाहें चल रही थीं।

## सार संक्षेप

### गोल हंटर्स की खिताबी हैट्रिक

**नई दिल्ली।** गोल हंटर्स फुटबाल क्लब ने कोनसाइंट फुटबाल को 5-1 से हरा कर फुटसाल दिल्ली लीग का खिताब जीत लिया द्य के डी जाधव इंदिरा गांधी स्टेडियम में खेले गए रोमांचक फाइनल में हंटर्स के अनुभवी और जाने माने खिलाड़ियों ने बेहतर तालमेल और मौकों का लाभ उठा कर प्रतिद्वंद्वी को परास्त किया द्य मानव शर्मा और अनमोल अधिकारी ने दो दो और कप्तान अंश गुप्ता ने एक गोल जमाया द्य उपविजेता टीम का इकलौता गोल हिमांशु चंटोला ने किया द्य लगातार तीसरा खिताब जीतने वाले हंटर्स के अनमोल को टॉप स्कोरर, लेटमिनट को प्लेयर ऑफ द लीग और मोला को बेस्ट गोलकीपर आंका गया। तेज रफ्तार से खेले गए फाइनल मुकाबले में यूं तो टक्कर बराबर की रही लेकिन मौकों का लाभ उठा कर अनुभवी खिलाड़ियों ने शुरू से ही खेल पर पकड़ बना ली और लगातार हमलावार रुख अपना कर खिताब पर कब्जा बनाए रखा।

### ड्रीम स्पोर्ट्स फाउंडेशन ने की टेबल टेनिस टूर्नामेंट के शुभारंभ की घोषणा

**मुंबई।** ड्रीम स्पोर्ट्स फाउंडेशन ने पहली बार अंडर-15 टेबल टेनिस टूर्नामेंट की शुरुआत करने की घोषणा की है। टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया (टेटेएफआई) द्वारा समर्थित ड्रीम स्पोर्ट्स चैंपियनशिप टेबल टेनिस 2025, चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में 17 से 22 मार्च के बीच खेली जायेगी। इस टूर्नामेंट में राष्ट्रीय रैंकिंग के आधार पर चयन किये गये देश भर के 30 पुरुष और महिला एथलीट भाग लेंगे। इस आयोजन में 11-14 वर्ष की आयु के युवा पैडलर्स भी भाग लेंगे। जिससे उच्च क्षमता वाले एथलीटों को एक अनूठा प्रतिस्पर्धी अवसर मिलेगा।

### मुचोवा को हराकर स्वियाटेक इंडियन वेल्स क्वार्टरफाइनल में

**कैलिफोर्निया।** गत चैंपियन इगा स्वियाटेक ने कैरोलिना मुचोवा को हराकर इंडियन वेल्स क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। स्वियाटेक का मुचोवा के खिलाफ मैच बारिश के कारण लगभग एक घंटे देरी से शुरू हुआ। 57 मिनट तक चले मुकाबले में पोलैंड की स्वियाटेक ने चेक गणराज्य की मुचोवा को 6-1, 6-1 से हराया। क्वार्टरफाइनल में स्वियाटेक का मुकाबला चीन की आठवीं वरीयता प्राप्त झेंग किनवेन से होगा।

डब्ल्यूएफआई का निलंबन हटने पर महावीर फोगाट ने कहा

# खेल मंत्रालय ने कुश्ती खिलाड़ियों के हित में अच्छा फैसला लिया

**चरखी दादरी,** 12 मार्च (एजेंसियां)। खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) का निलंबन वापस ले लिया। डब्ल्यूएफआई का निलंबन हटने पर द्रोणाचार्य अवार्डी पहलवान महावीर फोगाट ने प्रतिक्रिया दी। महावीर फोगाट ने बुधवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि खेल मंत्रालय ने निलंबन हटाकर कुश्ती खिलाड़ियों के हित में अच्छा फैसला लिया है। अब अच्छे पहलवानों को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा और वे बेहतर प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन कर सकेंगे।

बता दें कि महिला पहलवानों विनेश फोगाट, साक्षी मलिक समेत बजरंग पूनिया इत्यादि ने महासंघ अध्यक्ष पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। साथ ही दिल्ली में प्रदर्शन कर ठोस कार्रवाई की मांग की गई थी। उस समय द्रोणाचार्य अवार्डी महावीर फोगाट भी पहलवानों के पक्ष में उतरे थे। प्रदर्शन के बाद मामला कोर्ट में चला गया, वहीं खेल मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआई पर बैन लगा दिया था। महावीर फोगाट ने आगे कहा कि डब्ल्यूएफआई पर खेल मंत्रालय द्वारा बैन लगाने से कुश्ती खिलाड़ियों के भविष्य पर तलवार लटकी हुई थी। अब खेल मंत्रालय ने बैन हटा लिया है, इसके बाद अब पहलवानों को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। महावीर फोगाट ने ब्रजभूषण मामले में विनेश, बजरंग पूनिया समेत पहलवानों के प्रदर्शन पर पूछे गए सवाल को टालते हुए कहा कि कोर्ट अपने स्तर पर फैसला लेगा। जो फैसला आए वह खिलाड़ियों के हित में ही होगा। साथ ही कहा कि खेल मंत्रालय ने खिलाड़ियों के पक्ष में बेहतर फैसला लिया है। केंद्र सरकार ने खिलाड़ियों के लिए बेहतर किया है और अब अच्छा होगा।



# चोटिल राहुल द्रविड़ जयपुर में राजस्थान रॉयल्स कैंप में शामिल हुए

**जयपुर,** 12 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ बुधवार को जयपुर में टीम के तैयारी शिविर में शामिल होंगे। इससे एक सप्ताह पहले बेंगलुरु में एक क्लब मैच के दौरान उनके बाएं पैर में चोट लग गई थी। आईपीएल फ्रेंचाइजी ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक तस्वीर साझा की, जिसमें द्रविड़ अपने बाएं पैर में प्लास्टर पहने हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने पोस्ट के साथ कैप्शन दिया, मुख्य कोच राहुल द्रविड़, जिन्हें बेंगलुरु में क्रिकेट खेलते समय चोट लगी थी, अब ठीक हो रहे हैं और आज जयपुर में हमारे साथ जुड़ेंगे। पूर्व रॉयल्स कप्तान ने 2011 से 2015 तक फ्रेंचाइजी के साथ पांच सीजन बिताए। उन्होंने 2014 में रॉयल्स के साथ अपने कोचिंग करियर की शुरुआत की, जब वे कप्तान से टीम के मेंटर बन गए। भारत के पूर्व मुख्य कोच द्रविड़ ने 22 फरवरी को नासूर मेमोरियल शील्ड में केएससीए ग्रुप ढ्ढ, डिवीजन ढ्ढढ्ढढ्ढ लीग मैच में अपने छोटे बेटे अन्वय के साथ खेलकर क्रिकेट के मैदान पर आश्चर्यजनक वापसी की। राहुल द्रविड़ और उनके बेटे अन्वय ने बेंगलुरु के एसएलएस क्रीडांगना क्रिकेट ग्राउंड में यंग लायंस क्लब के खिलाफ 50 ओवर के मैच में विजया क्रिकेट क्लब (मालूर) का प्रतिनिधित्व किया।



# स्क्वैश: इंडियन ओपन में रमित, अनाहत शीर्ष भारतीय प्रतिभाओं में शामिल

**मुंबई,** 12 मार्च (एजेंसियां)। शीर्ष खिलाड़ी रमित टंडन, वेलावन सेंथिलकुमार, वीर चोटरानी, अनाहत सिंह और आकांक्षा सालुंखे देश के पहले पीएसए स्क्वैश कॉपर इवेंट इंडियन ओपन में भाग लेने के लिए तैयार हैं। इनमें मिस्त्र, कनाडा, मलेशिया, जापान जैसे देशों की कुछ बेहतरीन प्रतिभाएं भी शामिल हैं। 24-28 मार्च को बॉम्बे जिमखाना में होने वाला 40,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाला इवेंट 2018 के बाद देश में शीर्ष स्क्वैश टूर्नामेंट की वापसी का प्रतीक है, जब मुंबई ने सीसीआई इंटरनेशनल - एक पीएसए वर्ल्ड टूर सिल्वर टूर्नामेंट की मेजबानी की थी। यह टूर्नामेंट बॉम्बे जिमखाना के इंडोर कोर्ट में आयोजित किया जाएगा, जिसमें क्वार्टरफाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल के लिए फुल-ग्लास आउटडोर कोर्ट बनाया जाएगा, जो दर्शकों के लिए एक रोमांचक अनुभव होगा। भारत के नंबर 1 खिलाड़ी रमित ने कहा कि घर पर प्रतिस्पर्धा करना हमेशा खास होता है और भारत में जेएसडब्ल्यू इंडियन ओपन जैसे पीएसए इवेंट का होना इस खेल के लिए बहुत बड़ा बढ़ावा है। प्रतिस्पर्धा का स्तर बहुत ऊंचा है और यह भारतीय खिलाड़ियों के लिए खुद को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ परखने का एक शानदार अवसर है।

लॉस एंजेलिस 28 में स्क्वैश के ओलंपिक में पदार्पण के साथ, इस तरह के आयोजन गति बनाने और अगली पीढ़ी को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण हैं। पीएसए के सीईओ एलेक्स गॉफ ने भारत में पीएसए टूर्नामेंट की वापसी का स्वागत किया और इसे खेल के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि घरेलू धरती पर विश्व स्तरीय आयोजनों की मेजबानी करने से न केवल भारतीय खिलाड़ियों को उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में मदद मिलती है, बल्कि इससे स्क्वैश पारिस्थितिकी तंत्र भी मजबूत होता है।

भारत की महिला नंबर 2 अनाहत ने भी टूर्नामेंट के बारे में अपनी उत्सुकता साझा करते हुए कहा कि भारत में शीर्ष स्तरीय पीएसए इवेंट लाना खिलाड़ियों और प्रशंसकों दोनों के लिए एक बड़ा बदलाव है। शीर्ष अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करना हमें बेहतर बनने के लिए प्रेरित करता है, और यह आगे बढ़ने का एक शानदार अवसर है।



■ **यह टूर्नामेंट बॉम्बे जिमखाना के इंडोर कोर्ट में आयोजित किया जाएगा, जिसमें क्वार्टरफाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल के लिए फुल-ग्लास आउटडोर कोर्ट बनाया जाएगा**

# राजस्थान में शुरू हुई एशियन लीजेंड्स लीग धवन, थरंगा और रायुडू पर रहेगी नजर

**नाथद्वारा (राजस्थान),** 12 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान के नाथद्वारा में मदन पालीवाल मिराज स्पोर्ट्स सेंटर (एमपीएमएससी) में एशियन लीजेंड्स लीग 2025 की शुरुआत हुई, जिसमें प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के बीच क्रिकेट मुकाबलों की रोमांचक श्रृंखला के लिए मंच तैयार किया गया। शुरुआती दिन अफगानिस्तान पठान और एशियन स्टार्स के बीच एक बेहद रोमांचक मैच देखने को मिला। एमपीएमएससी में माहौल उत्साह से भरपूर है, जहां हजारों क्रिकेट प्रेमी अपने पसंदीदा क्रिकेट दिग्गजों को एक्शन में देखने के लिए एकत्रित हुए थे। आगामी कार्यक्रम में और भी शानदार मैच होने का वादा किया गया है, जिसमें अगला मैच 12 मार्च को बांग्लादेश टाइगर्स और एशियन स्टार्स के बीच होना है, उसके बाद 18 मार्च, 2025 तक अन्य मैच होंगे।प्रशंसक शिखर धवन, केदार जाधव, सौरभ तिवारी, उपुल थरंगा, चमारा कपुगेदेरा, शापूर जादरान, अंबाती रायुडू और फैज फजल जैसे प्रतिष्ठित खिलाड़ियों के साथ रोमांचक मुकाबलों का बेसब्री से इंतजार कर सकते हैं। एशियन लीजेंड्स लीग 2025 की शुरुआत मदन पालीवाल मिराज स्पोर्ट्स सेंटर (एमपीएमएससी) के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जिसके वैश्विक खेल केंद्र बनने की कल्पना की गई है।मिराज ग्रुप के चेयरमैन मदन पालीवाल ने कहा कि मिराज ग्रुप में हम सभी के लिए यह गर्व कारण है कि हमारे अपने एमपीएमएससी, नाथद्वारा में एशियन लीजेंड्स लीग 2025 की सफल शुरुआत हुई है।



### सुडोकू 6852 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 8 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 3 | 8 | 5 | 2 | 9 | 1 | 6 | 7 | 4 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 2 | 8 |
| 6 | 7 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 3 | 6 | 2 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 1 | 3 | 9 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 8 | 4 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 | 6 | 3 |

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इंडसइंड बैंक | 4.38 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 3.18 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 2.45 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.77 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 1.60 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इंफोसिस | 4.28 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.80 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 2.43 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.99 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.91 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 88,003 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,02,000 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 87. 33 | 87.40 |
| पौड स्टर्लिंग | 106.21 | 106.45 |
| यूरो | 88.45 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4280-4380 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4250-4350 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 6700-6800 |
| मसूर काली | 7300-7400 |
| उड़द दाल | 9200-9300 |
| मूंग दाल | 9250-9350 |
| अरहर दाल | 8400-8500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



## चालू वित्त वर्ष में जनवरी तक 18,120 करोड़ से ज्यादा के हुए ट्रांजैक्शन, डिजिटल पेमेंट में उछाल, यूपीआई सबसे आगे

**नई दिल्ली**, 12 मार्च (एजेंसियां)। केंद्र सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 में इस साल जनवरी तक यूपीआई सहित डिजिटल पेमेंट ट्रांजैक्शन 18,120 करोड़ से ज्यादा रिकॉर्ड किया गया है, जिसमें ट्रांजैक्शन वैल्यू 2,330 लाख करोड़ रुपये को पार कर गई है।

वित्त वर्ष 2021-22 में कुल डिजिटल पेमेंट ट्रांजैक्शन 8,839 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 18,737 करोड़ हो गया है, जिसमें 46 प्रतिशत की सीएजीआर वृद्धि हुई। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि यह वृद्धि यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) के कारण हुई है, जो 69 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़ा और वित्त वर्ष 2021-22 के 4,597 करोड़ ट्रांजेक्शन से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 13,116 करोड़ ट्रांजेक्शन हो गया। केंद्रीय मंत्री ने जानकारी दी कि वित्त वर्ष 2023-24 में कुल डिजिटल पेमेंट ट्रांजैक्शन का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा यूपीआई ने हासिल किया है। इसके अलावा, डिजिटल पेमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर (क्यूआर कोड और पीओएस टर्मिनल), नए व्यापारियों की ऑनबोर्डिंग और थर्ड पार्टी ऐप प्रोवाइडर (टीपीएपी) भी योजना अवधि के दौरान काफी हद तक बढ़े हैं। सरकार ने देश में डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने और डिजिटल पेमेंट इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए डिजिधन मिशन की शुरुआत की है। यूपीआई और डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने के लिए बैंकों और दूसरे इकोसिस्टम पार्टनर्स को प्रोत्साहित करने के लिए वित्त वर्ष 2021-22 से एक प्रोत्साहन योजना लागू की गई है। योजना को डिजाइन करते समय बैंकों सहित हितधारकों के साथ परामर्श किया गया। जागरूकता पैदा करने और डेटा कलेक्शन के लिए बैंकों के लिए एक डेडिकेटेड प्रोत्साहन योजना (आईएसबी) पोर्टल भी डेवलप किया गया है। नतीजतन, यूपीआई पेमेंट सहित डिजिटल पेमेंट की पेशकश करने वाले बैंकों की संख्या वित्त वर्ष 2021-22 में 216 से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 572 हो गई है। देश में डिजिटल भुगतान के विकास में रुपे डेबिट कार्ड और कम मूल्य के भीम-यूपीआई ट्रांजैक्शन पर्सन टू मर्चेंट (पी2एम) को प्रमोट करने के लिए 'प्रोत्साहन योजना' ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। भारतीय टेक और ड्यूरेबल्स सेक्टर में 2024 की चौथी तिमाही में 6 प्रतिशत की वृद्धि, छोटे शहर महानगरों से आगे नई दिल्ली, 12 मार्च (आईएएनएस)। भारतीय टेक और ड्यूरेबल्स सेक्टर ने 2023 की इसी तिमाही की`ब तुलना में 2024 की चौथी तिमाही में 6 प्रतिशत की मात्रा और मूल्य वृद्धि दर्ज की है।




■ वर्ष 2023-24 में कुल डिजिटल पेमेंट ट्रांजैक्शन का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा यूपीआई ने हासिल किया

## जुर्माने से बचने के लिए 15 मार्च से पहले जमा करें अग्रिम कर

**नई दिल्ली**, 12 मार्च (एजेंसियां)। अग्रिम कर जमा करने की आखिरी तिथि 15 मार्च है। वे करदाता जिनकी अनुमानित कर देयता एक वित्त वर्ष में 10,000 रुपए से अधिक होती है, उन्हें अग्रिम कर का भुगतान करना होता है। अग्रिम कर का भुगतान वित्त वर्ष के दौरान चार अलग-अलग किस्तों में किया जाता है। करदाता को अग्रिम कर की पहली किस्त 15 जून को देनी होती है, जिसमें अनुमानित कर का 15 प्रतिशत का भुगतान करना होता है। इसके बाद 15 सितम्बर को दूसरी किस्त देनी होती है, जिसमें कम से कम 45 प्रतिशत अग्रिम कर देना होता है। इसके अलावा अग्रिम कर की तीसरी किस्त का भुगतान 15 दिसंबर को करना होता है। इसके तहत कम से कम अनुमानित कर का 75 प्रतिशत का भुगतान करना होता है। वहीं, आखिरी किस्त 15 मार्च को भुगतान करनी होती है। इसमें करदाता को अपनी अनुमानित कर देयता का कम से कम 90 प्रतिशत का भुगतान करना होता है। उन्हें भी अग्रिम कर का भुगतान करना होता है। वहीं, प्रॉपर्टी, शेयर, म्यूचुअल फंड और अन्य संपत्तियों की बिक्री करने, 15 मार्च से 31 मार्च के बीच किसी प्रॉपर्टी को बेचने पर या फिर वे एनआरआई जिनके पास भारत में आय का स्रोत होता है उन्हें भी अग्रिम कर का भुगतान करना होता है।

## भारत में वेयरहाउस की मांग 2024 में 12 प्रतिशत बढ़ी, मुंबई सबसे आगे



■ रियल एस्टेट कंसल्टेंसी फर्म नाइट फ्रैंक इंडिया द्वारा जारी की गई रिपोर्ट

**मुंबई**, 12 मार्च (एजेंसियां)। भारत के आठ प्रमुख बाजारों में 2024 में वेयरहाउसिंग ट्रांजैक्शन वॉल्यूम 56.4 मिलियन स्क्वायर फीट रहा है। इसमें सालाना आधार पर 12 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। 2023 में यह आंकड़ा 50.3 मिलियन स्क्वायर फीट रहा है। यह जानकारी रियल एस्टेट कंसल्टेंसी फर्म नाइट फ्रैंक इंडिया द्वारा बुधवार को दी गई। रिपोर्ट में कहा गया कि वेयरहाउसिंग मार्केट में 233 मिलियन स्क्वायर फीट की अतिरिक्त बिल्डिंग क्षमता है, जो कि 2024 के ट्रांजैक्शन वॉल्यूम की तुलना में चार गुना अधिक है। इससे भविष्य की मांग को आसानी से पूरा किया जा सकता है। रिपोर्ट में बताया गया कि वेयरहाउस के औसत किराए में वृद्धि हुई है। 2024 में खाली स्थानों की संख्या 11.5 प्रतिशत दर्ज की गई थी, जिससे किराये की वृद्धि सीमित रही। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया कि 2024 में 62 प्रतिशत या 34.71 मिलियन वर्ग फीट का लेनदेन ग्रेड ए स्पेस में हुआ है। मांग में वृद्धि में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की भूमिका अहम रही। 2024 में कुल मांग में इस सेक्टर की हिस्सेदारी 39 प्रतिशत थी।

वेयरहाउसिंग सेक्टर के लिए मुंबई सबसे बड़ा मार्केट रहा। 2024 में यहां ट्रांजैक्शन वॉल्यूम 10.3 मिलियन स्क्वायर फीट का रही। मुंबई में थर्ड पार्ट लॉजिस्टिक्स (3पीएल) इंडस्ट्री में मांग का प्राथमिक चालक था। मांग में इसकी हिस्सेदारी 43 प्रतिशत थी। वेयरहाउसिंग के लिए दिल्ली-एनसीआर दूसरा सबसे बड़ा बाजार था। 2024 में कुल लेनदेन में इसकी हिस्सेदारी 16 प्रतिशत थी। रिपोर्ट के अनुसार, बेंगलुरु, कोलकाता, अहमदाबाद और चेन्नई के बाजारों में ट्रांजैक्शन वॉल्यूम में 25-29 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।

## रियल एस्टेट डेवलपर्स ने पिछले साल 2335 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (एजेंसियां)। भारत में रियल एस्टेट डेवलपर्स ने 2024 के दौरान 23 प्रमुख शहरों में 39,742 करोड़ रुपए मूल्य की 2,335 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया है। यह जानकारी बुधवार को जारी जेएलएल की रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि इस अधिग्रहण ने 194 मिलियन स्क्वायर फीट के रियल एस्टेट डेवलपमेंट के रास्ते खोल दिए हैं। इसमें करीब 62,000 करोड़ रुपए के निवेश की आवश्यकता होगी। रिपोर्ट में बताया गया कि 2024 में भी टियर 1 शहरों का प्रभुत्व बना हुआ है। कुल जमीन खरीद में इन शहरों की हिस्सेदारी 72 प्रतिशत थी। हालांकि, टियर 2 और टियर 3 शहर एक महत्वपूर्ण 28 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने में कामयाब रहे हैं जो 662 एकड़ जमीन के बराबर होता है। रिपोर्ट में बताया गया कि नागपुर, वाराणसी, इंदौर, वृंदावन और लुधियाना जैसे शहर भूमि अधिग्रहण के प्रमुख केंद्र बनकर उभरे हैं। जेएलएल विश्लेषण से पता चलता है कि प्रति एकड़ भूमि की लागत पिछले तीन वर्षों में लगातार बढ़ी है, जो 2022 में लगभग 11 करोड़ रुपए से बढ़कर 2024 में 17 करोड़ रुपए हो गई है। कोविड-19 के बाद 2024 कार्यालय और आवासीय परिसंपत्ति वर्ग में रियल एस्टेट के लिए सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला वर्ष साबित हुआ है। मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) 2024 के लिए भूमि अधिग्रहण में अग्रणी बनकर उभरा है, जहां डेवलपर्स ने 19 अलग-अलग सौदों के माध्यम से लगभग 407 एकड़ जमीन हासिल की है, जो वर्ष के कुल भूमि लेनदेन का 17 प्रतिशत है। वहीं, एनसीआर में गुरुग्राम में सबसे अधिक 21 सौदे हुए, इसके बाद नोएडा में 14 और गाजियाबाद में एक सौदा हुआ।



■ 23 प्रमुख शहरों में 39,742 करोड़ रुपए मूल्य की 2,335 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया

## 5जी सर्विस अब 776 में से 773 जिलों में उपलब्ध : केंद्र सरकार

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने बुधवार को संसद को बताया कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में शुरू की गई 5जी सर्विस वर्तमान में देश के 776 में से 773 जिलों में उपलब्ध हैं, जिसमें लक्षद्वीप भी शामिल है। संचार और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में लोकसभा को बताया कि 28 फरवरी तक देश भर में टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स (टीएसपी) द्वारा 4.69 लाख 5त्र बेस ट्रांसीवर स्टेशन (बीटीएस) स्थापित किए गए हैं। टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स (टीएसपी) ने देश भर में 5जी सर्विस का विस्तार किया है और स्पेक्ट्रम नीलामी के लिए नोटिस इनवाइटिंग एप्लीकेशन (एनआईए) में निर्धारित न्यूनतम रोलआउट दायित्वों से आगे निकल गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इन दायित्वों से आगे मोबाइल सर्विस का विस्तार टीएसपी के टेक्नो-कमर्शियल विचार पर निर्भर करता है। सरकार ने देश में 5जी सर्विस को शुरू करने के लिए कई पहल की हैं, जैसे 5जी मोबाइल सर्विस के लिए स्पेक्ट्रम की नीलामी; एडजस्टेड ग्रोस रेवेन्यू (एजीआर), बैंक गारंटी (बीजी) और ब्याज दरों को रेशनलाइज करने के लिए वित्तीय सुधार; 2022 की नीलामी और उसके बाद प्राप्त स्पेक्ट्रम के लिए स्पेक्ट्रम उपयोग शुल्क को हटाना। मंजूरी के लिए प्रक्रिया का सरलीकरण; आरओडब्ल्यू अनुमतियों और दूरसंचार अवसंरचना की स्थापना की मंजूरी को सुव्यवस्थित करने के लिए पीएम गतिशक्ति संचार पोर्टल और आरओडब्ल्यू (राइट ऑफ़ वे) नियमों का शुभारंभ और छोटे सेल और दूरसंचार लाइन की स्थापना के लिए स्ट्रीट फर्नीचर के उपयोग के लिए समयबद्ध अनुमति।




## सार संक्षेप

### एसर का दिल्ली में 250वां स्टोर शुरू करने की घोषणा

**नई दिल्ली।** कंप्यूटर और तकनीक क्षेत्र की कंपनी एसर ने राजधानी के नेहरू प्लेस में अपना 250वां एक्सक्लूसिव स्टोर शुरू करने की बुधवार को घोषणा की। एसर इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक हरीश कोहली ने इस अवसर पर कहा कि यह केवल एक नया स्टोर खोलने का मौका नहीं है, बल्कि भारत में एसर की यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। उन्होंने कहा 'हमारा 250वां एक्सक्लूसिव स्टोर इस बात का प्रमाण है कि हम विश्वस्तरीय तकनीक को मेट्रो शहरों से लेकर छोटे कस्बों तक हर भारतीय के लिए सुलभ बनाना चाहते हैं। यह केवल शुरुआत है, हमारा लक्ष्य इस साल 300 से अधिक स्टोर्स खोलना है, ताकि एसर हर ग्राहक के और करीब पहुंच सके।' उन्होंने कहा कि यह विस्तार आधुनिकतम टेक्नोलॉजी को भारत में उपभोक्ताओं तक अत्याधुनिक तकनीक को पहुंचाने की एसर की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। दिल्ली के नेहरू प्लेस में स्थित यह नया स्टोर ग्राहकों को आधुनिक और रोचक खरीदारी का अनुभव देगा।

### एसआईपी निवेश वित्त वर्ष 25 में अब तक 32 प्रतिशत बढ़कर 2.63 लाख करोड़ रुपए रहा

**मुंबई।** भारत में सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) निवेश वित्त वर्ष 2024-25 के पहले 11 महीने (अप्रैल-फरवरी अवधि में) में 2,63,426 करोड़ रुपये रहा है। यह जानकारी एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) द्वारा बुधवार को जारी डेटा से मिली। यह आंकड़ा एसआईपी निवेश में सालाना आधार पर 32.23 प्रतिशत की बढ़त को दिखाता है। पूरे वित्त वर्ष 24 में एसआईपी के जरिए निवेश 1,99,219 करोड़ रुपये था। एसआईपी निवेश में बढ़ोतरी बाजार में निवेशकों के बढ़ते विश्वास को दिखाता है। फरवरी 2025 में एसआईपी निवेश 25,999 करोड़ रुपए रहा है, जो कि जनवरी 2025 में 26,400 करोड़ रुपए था। एम्फी के डेटा के मुताबिक, फरवरी में 44.56 लाख नई एसआईपी शुरू हुई हैं। हालांकि, इस दौरान 55 लाख के करीब एसआईपी बंद भी हुई हैं।

### मजबूत बाजार स्थिति के बावजूद 'स्विगी' लाभ कमाने में करेगा मुश्किलों का सामना: जेफरीज

**मुंबई।** जेफरीज की बुधवार को आई रिपोर्ट के अनुसार, फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी को बाजार में अपनी मजबूत उपस्थिति के बावजूद लाभ कमाने से जुड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। ब्रोकरेज फर्म ने कंपनी के फाइनेंशियल परफॉर्मेंस पर चिंताओं का हवाला देते हुए स्विगी लिमिटेड पर 'होल्ड' रेटिंग और 400 रुपए के टारगेट प्राइस के साथ कवरेज शुरू किया है। भारत के ऑनलाइन फूड डिलीवरी मार्केट में स्विगी 45 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है और जोमैटो के साथ प्रतिस्पर्धा तगड़ी है। कंपनी के फूड डिलीवरी बिजनेस में मध्यम अवधि में हाई-टीन की वृद्धि होने की उम्मीद है।

## शेयर बाजार में रही गिरावट

■ सेंसेक्स 72.56 अंक टूटकर 74,029.76 अंक पर रहा

■ निफ्टी 27.40 अंक उतरकर 22,470.50 अंक पर टिका

**मुंबई** 12 मार्च (एजेंसियां)। एशियाई बाजारों की गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर आईटी, टेक, फोकस्ड आईटी और दूरसंचार समेत ग्यारह समूहों में हुई भारी बिकवाली से आज शेयर बाजार गिरकर बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 72.56 अंक टूटकर 74,029.76 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 27.40 अंक उतरकर 22,470.50 अंक पर आ गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 0.57 प्रतिशत कमजोर होकर 39,364.59 अंक और स्मॉलकैप 0.48 प्रतिशत गिरकर 44,117.81 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 4122 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2491 में गिरावट जबकि 1494 में तेजी रही वहीं 137 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 31 कंपनियों में बिकवाली जबकि 19 में लिवाली हुई।

बीएसई के 11 समूहों का रुझान नकारात्मक रहा। इससे फोकस्ड आईटी 3.05, आईटी 3.02, टेक 2.69, दूरसंचार 2.16, रियल्टी 1.74, कमोडिटीज 0.32, सीडी 0.17, इंडस्ट्रियल्स 0.35, कैपिटल गुड्स 0.31, धातु 0.46 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.54 प्रतिशत टूट गए। एशियाई बाजारों में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान हांगकांग का हैंगसेंग 0.76 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.23 प्रतिशत कमजोर रह गया। वहीं, ब्रिटेन का एफटीएसई 0.50, जर्मनी का डैक्स 1.50 और जापान का निक्केई 0.07 प्रतिशत मजबूत रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 168 अंक की मजबूती के साथ 74,270.81 अंक पर खुला और दमदार लिवाली के बल पर थोड़ी देर बाद ही 74,392.15 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से दोपहर तक यह 73,598.16 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 74,102.32 अंक के मुकाबले 0.10 प्रतिशत उतरकर 74,029.76 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी 38 अंक बढ़कर 22,536.35 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,577.40 अंक के उच्चतम जबकि 22,329.55 अंक के निचले स्तर पर रहा।




इस दौरान सेंसेक्स की गिरावट पर रही कंपनियों में इंफोसिस 4.28, टेक महिंद्रा 2.80, नेस्ले इंडिया 2.43, टीसीएस 1.99, एचसीएल टेक 1.91, एशियन पेंट 1.56, एक्सिस बैंक 1.38, जोमैटो 1.23, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.10, एसबीआई 0.97, भारती एयरटेल 0.95, टाइटन 0.78, अडानी पोर्ट्स 0.74, मारुति 0.47, टाटा स्टील 0.36, पावरग्रिड 0.09, एनटीपीसी 0.06 और एलटी 0.01 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, इंडसइंड बैंक 4.38, टाटा मोटर्स 3.18, कोटक बैंक 2.45, बजाज फाइनेंस 1.77, एचडीएफसी बैंक 1.60, आईटीसी 1.48, सन फार्मा 1.25, अल्ट्रासिम्को 0.78, रिलायंस 0.74, बजाज फिनसर्व 0.74, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.16 और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 0.01 प्रतिशत लाभ में रहे।

## भारत में गोल्ड ईटीएफ इनफ्लो फरवरी में 99 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (एजेंसियां)। भारत में निवेशकों की रुचि गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स (गोल्ड ईटीएफ) में तेजी से बढ़ी है। फरवरी में नेट इनफ्लो में 1,979.84 करोड़ रुपये रहा है। यह जानकारी एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) द्वारा बुधवार को दी गई। इससे पहले फरवरी 2024 में गोल्ड ईटीएफ में निवेश 997.22 करोड़ रुपये था, जो कि सालाना आधार पर ईटीएफ इनफ्लो में 99 प्रतिशत की बढ़ोतरी के दिखाता है। वैश्विक आर्थिक अस्थिरता और शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के कारण भारत में गोल्ड ईटीएफ में नेट इनफ्लो लगातार 10वें महीने सकारात्मक रहा है। गोल्ड की कीमतों में हो रही बढ़ोतरी के कारण गोल्ड ईटीएफ का एसेट्स अंडर मैनेजमेंट फरवरी के अंत में 55,677.25 करोड़ रुपए रहा है। गोल्ड ईटीएफ का एयूएम फरवरी 2024 में 28,529.88 करोड़ रुपए था, जो कि जनवरी 2025 में 51,839.39 करोड़ रुपए था।

बाजार विश्लेषकों का मानना है कि गोल्ड ईटीएफ की बढ़ती मांग का कारण इक्विटी बाजारों में जारी गिरावट और वैश्विक अनिश्चितता है। निवेशक गोल्ड जैसी सुरक्षित-संपत्तियों की ओर रुख कर रहे हैं, जिसने ऐतिहासिक रूप से बाजार में गिरावट के दौरान स्थिरता प्रदान की है। फरवरी में भारत में गोल्ड की कीमतों में 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे यह अधिक आकर्षक निवेश विकल्प बन गया। पूरे कैलेंडर वर्ष 2024 में भारत में गोल्ड ईटीएफ ने 11,266.11 करोड़ रुपये का कुल शुद्ध प्रवाह दर्ज किया था जो 2023 में 2,923.81 करोड़ रुपये से तीन गुना से ज्यादा अधिक है। वैश्विक मोर्चे पर गोल्ड ईटीएफ में 2025 में लगातार दूसरे महीने मजबूत प्रवाह देखा गया। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) के अनुसार, फरवरी में दुनिया भर में गोल्ड ईटीएफ में 9.4 बिलियन डॉलर का शुद्ध प्रवाह देखा गया, जो मार्च 2022 के बाद से सबसे अधिक मासिक वृद्धि है।



## खाद्य तेलों में टिकाव चीनी महंगी

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन = वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 78 रिंगिट चढ़कर 4815 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.11 सेंट की गिरावट के साथ 41.82 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।



गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन** : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**अनाज** : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

## भारत 25 प्रतिशत की वृद्धि के साथ सबसे तेजी से बढ़ने वाला कनेक्टेड कार बाजार बना

**नई दिल्ली,** 12 मार्च (एजेंसियां)। भारत कनेक्टेड कारों के लिए सबसे तेजी से बढ़ने वाला बाजार बन गया है, जिसमें साल 2024 में 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। बुधवार को आई एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। काउंटरपॉइंट रिसर्च की इस रिपोर्ट के अनुसार, 'अडॉप्शन' में यह वृद्धि घरेलू वाहन निर्माताओं द्वारा अपने व्हीकल लाइनअप में कनेक्टिविटी फीचर्स को इंटीग्रेट करने के कारण देखी गई है। साल 2024 में वैश्विक स्तर पर बिकने वाली सभी पैसेंजर कारों में से लगभग 75 प्रतिशत एम्बेडेड सेलुलर कनेक्टिविटी के साथ आई, जो पिछले साल 71 प्रतिशत थी। ग्लोबल कनेक्टेड कार बाजार में कुल मिलाकर आठ प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो स्मार्ट मोबिलिटी सॉल्यूशन की बढ़ती मांग को दर्शाती है। काउंटरपॉइंट के एसोसिएट डायरेक्टर ग्रेग बेसिक ने कहा, 'मास-मार्केट कारों में कनेक्टिविटी सुविधाओं की बढ़ता पेनेट्रेशन इस विस्तार का एक प्रमुख कारक रहा है।' उन्होंने कहा कि वाहन निर्माता ड्राइविंग एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने और सुरक्षा में सुधार करने के लिए एडवांस्ड टेलीमैटिक्स, रीयल-टाइम नेविगेशन और कनेक्टेड इन-कार एंटरटेनमेंट फीचर्स को शामिल कर रहे हैं।




वाहन निर्माता ड्राइविंग एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने और सुरक्षा में सुधार करने के लिए एडवांस्ड टेलीमैटिक्स, रीयल-टाइम नेविगेशन और कनेक्टेड इन-कार एंटरटेनमेंट फीचर्स को शामिल कर रहे: **ग्रेग बेसिक, डायरेक्टर, काउंटरपॉइंट एसोसिएट**

वैश्विक स्तर पर, टोयोटा ग्रुप ने 2024 में कनेक्टेड कारों की बिक्री में अग्रणी स्थान हासिल किया, उसके बाद फॉक्सवैगन समूह और हुंडई किआ ऑटोमोटिव समूह का स्थान रहा। हालांकि, बीवाईडी ग्रुप ने अपने सभी मॉडलों में एम्बेडेड कनेक्टिविटी की पेशकश करने की अपनी रणनीति के कारण 34 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ सबसे अधिक बढ़ोतरी दर्ज की। भारत इस सेगमेंट में सबसे तेजी से बढ़ने वाले देश के रूप में उभरा है, जबकि अमेरिका और जर्मनी अन्य प्रमुख बाजारों के रूप में इस मामले में भारत से पीछे रहे। काउंटरपॉइंट के वरिष्ठ विश्लेषक पर्व शर्मा ने कहा, 'दुनिया भर में वाहन निर्माता इन-कार यूजर एक्सपीरियंस, सेफ्टी और व्हीकल परफॉर्मेंस को बेहतर बनाने के लिए एम्बेडेड कनेक्टिविटी को इंटीग्रेट कर रहे हैं।' उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे कनेक्टिविटी एक स्टैंडर्ड ऑफरिंग बनती जा रही है, उपभोक्ता मांग ऑटोमोटिव इंडस्ट्री के विकास को आकार दे रही है। टेलीमैटिक्स कंट्रोल यूनिट्स (टीसीयू) 4जी कनेक्टिविटी को सक्षम बनाती हैं। टीसीयू का दबदबा बना हुआ है, 2024 में बेची गई 94 प्रतिशत कनेक्टेड कारें 4जी नेटवर्क पर निर्भर हैं।

■ साल 2024 में वैश्विक स्तर पर बिकने वाली सभी पैसेंजर कारों में से लगभग 75 प्रतिशत एम्बेडेड सेलुलर कनेक्टिविटी के साथ आई

# बस्तर में शांति स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा 'बस्तर पंडुम': विष्णु देव साय

■ मुख्यमंत्री ने किया च्बस्तर पंडुम 2025 का लोगो अनावरण



**रायपुर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। बस्तर के लोग जीवन का हर पल उत्सव की तरह जीते हैं और अपनी खुशी की अभिव्यक्ति के लिए उनके पास समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है। बस्तर में शांति स्थापना के लिए हम तेजी से अपने कदम बढ़ा रहे हैं और बस्तर पंडुम के माध्यम से बस्तर के लोकजीवन और लोकसंस्कृति को सहेजने के साथ ही उनकी उत्सवधर्मिता में हम सहभागी बनेंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज विधानसभा परिसर स्थित समिति कक्ष में मांदर की थाप पर नाचते कलाकारों की मौजूदगी में बस्तर पंडुम 2025 के लोगो का अनावरण किया और यह बातें कही। उन्होंने बस्तर पंडुम के सफल आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह आयोजन सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के साथ ही बस्तर के प्रतिभाशाली कलाकारों को सशक्त मंच प्रदान करेगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बस्तर पंडुम के बुकलेट का विमोचन किया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि हमारी सरकार बनने के बाद बस्तर का विकास और वहां के लोगों को मुख्य धारा से जोड़ना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल रहा है। बस्तर को माओवाद से मुक्त करने की दिशा में हमने तेजी से अपने कदम बढ़ाए हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर ओलंपिक और हाल ही में आयोजित अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन में भी बस्तर वासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। यह दर्शाता है कि बस्तर वासियों का विश्वास लगातार शासन के प्रति बढ़ा है और वे क्षेत्र में शांति और अमन-चैन चाहते हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमने बजट में नक्सली हिंसा से ग्रसित रहे पुवर्ती गांव में भी अस्पताल खोलने का बड़ा निर्णय लिया है। नियद नेल्ला नार योजना के माध्यम से हम बस्तर वासियों के मूलभूत जरूरत को तेजी से पूरा कर रहें हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर के लोग अपनी सादगी के लिए जाने जाते हैं और हर मौके को अपने खास अंदाज में सेलिब्रेट करते हैं। बस्तर पंडुम के माध्यम से बस्तर के असल जीवन को और करीब से देखा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि बस्तर पंडुम में नृत्य, गीत, लोककला, लोकसंस्कृति, नाट्य, शिल्प, रीति- रिवाज, परंपरा और व्यंजन सहित विभिन्न 7 विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। श्री साय ने कहा कि बस्तर में खुशहाली हो, लोग भयमुक्त होकर अपने अंदाज में जिये और उन्हें शासन की सभी सुविधाओं का लाभ मिले। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव, उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, विधायक श्री किरण देव, विधायक सुश्री लता उसेंडी, विधायक श्री विनायक गोयल, संस्कृति विभाग के सचिव श्री अन्बलगन पी. और संचालक संस्कृति श्री विवेक आचार्य मौजूद रहे।

### बस्तर की पहचान को दर्शा रहा है बस्तर पंडुम का लोगो

बस्तर पंडुम के लोगो में बस्तर के लोकजीवन को जीवंत रूप में प्रदर्शित किया गया है और यह उनकी सांस्कृतिक पहचान से गहरे से जुड़ा हुआ है। बस्तर के विरासत को बहुत ही कलात्मक ढंग से दिखाने का प्रयास इसमें किया गया है। च्बस्तर पंडुमज्ज गोंडी का शब्द है जिसका अर्थ है बस्तर का उत्सव। प्रतीक चिन्ह में बस्तर की जीवनरेखा इंद्रावती नदी, चित्रकूट जलप्रपात, छत्तीसगढ़ का राजकीय पशु वनभैंसा, राजकीय पक्षी पहाड़ी मैना, बायसन हॉर्न मुकुट, तुरही, ढोल, सल्फी और ताड़ी के पेड़ को शामिल गया है। इस प्रतीक चिन्ह के माध्यम से सरल, सहज और उम्मीदों से भरे अद्वितीय बस्तर को आसानी से जाना और समझा जा सकता है।

### नृत्य, गीत समेत 07 प्रमुख विधाओं पर केंद्रित होगा आयोजन

''बस्तर पंडुम 2025'' में जनजातीय नृत्य, गीत, नाट्य, वाद्ययंत्र, पारंपरिक वेशभूषा एवं आभूषण, शिल्प-चित्रकला और जनजातीय व्यंजन एवं पारंपरिक पेय से जुड़ी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। ये स्पर्धाएं तीन चरणों में संपन्न होंगी। जनपद स्तरीय प्रतियोगिता 12 से 20 मार्च, जिला स्तरीय प्रतियोगिता 21 से 23 मार्च, संभाग स्तरीय प्रतियोगिता दंतेवाड़ा में 1 से 3 अप्रैल तक सम्पन्न होगी। प्रत्येक स्तर पर प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

### बस्तर के लोकजीवन और परंपराओं पर आधारित आयोजन होंगे प्रमुख आकर्षण

बस्तर पंडुम में बस्तर की पारंपरिक नृत्य-शैली, गीत, रीति-रिवाज, वेशभूषा, आभूषण और पारंपरिक व्यंजनों का शानदार प्रदर्शन होगा। प्रतियोगियों के प्रदर्शन को मौलिकता, पारंपरिकता और प्रस्तुति के आधार पर अंक दिए जाएंगे। आयोजन में समाज प्रमुखों, जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ नागरिकों को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाएगा। प्रतियोगिता के विजेताओं के चयन के लिए एक विशेष समिति बनाई गई है, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ आदिवासी समाज के वरिष्ठ मुखिया, पुजारी और अनुभवी कलाकार शामिल रहेंगे। इससे प्रतियोगिता में पारदर्शिता बनी रहेगी और पारंपरिक लोककला को न्याय मिलेगा।

# मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के विभागों की 6710 करोड़ 85 लाख से अधिक की अनुदान मांगें पारित

**रायपुर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा तथा बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 6710 करोड़ 85 लाख से अधिक की अनुदान मांगें पारित की गई।



लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए विभागीय मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सदन में कहा कि बजट में जिला चिकित्सालय गरियाबंद एवं गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही के भवन निर्माण हेतु 4 करोड़ रूपए बजट में प्रावधानित है। साथ ही मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के जनकपुर में 100 बिस्तर वाले अस्पताल की स्थापना का प्रावधान है, ताकि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। इसके साथ ही जांजगीर-चांपा और कबीरधाम जिले में 100 बिस्तर अस्पताल को 220 बिस्तर अस्पताल में उन्नयन करने के साथ 516 पद सृजित किए जाने का प्रावधान किया है।

उन्होंने कहा कि बजट में स्वास्थ्य संस्थानों के सुदृढ़ीकरण हेतु राष्ट्रीय स्तर के संस्थान जैसे-राज्य वैक्सीन भण्डार, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र, ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ स्पीच एवं हियरिंग की स्थापना के लिए 20 करोड़ का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाइयां आसानी से उपलब्ध हो सके इसलिए नवीन जन औषधि केन्द्रों की स्थापना का प्रावधान किया गया है।

मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि सिकल सेल रोगियों को निशुल्क दवाइयां, परामर्श और समय पर जांच सुविधा प्रदान किए जाने हेतु प्रदेश के प्रत्येक ब्लॉक में सिकल सेल स्क्रीनिंग सेंटर की व्यवस्था किए जाने हेतु बजट में 5 करोड़ तथा सियान केयर क्लिनिक योजना हेतु 2 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। ग्राम पूवर्ती विकासखण्ड कोन्टा, ग्राम भेज्जी जिला सुकमा तथा सिरिमकेला जिला जशपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना के लिए 36 पद प्रावधान किए गए हैं।

मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सेंदरी, जिला बिलासपुर में स्थित मानसिक चिकित्सालय को 100 बिस्तर से बढ़ाकर 200 बिस्तर अस्पताल के रूप में उन्नयन किया जाएगा। साथ ही बजट में जगदलपुर एवं मनेन्द्रगढ़ में दो नवीन मानसिक चिकित्सालय प्रारंभ किये जाने का प्रावधान है। इसी तरह दंतेवाड़ा के 100 बिस्तर अस्पताल को 220 बिस्तर सिविल अस्पताल के रूप में उन्नयन करने का प्रावधान किया गया है, ताकि यहां के नागरिकों को उच्च गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

उन्होंने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत प्रदेश के 77 लाख 20 हजार परिवारों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सुरक्षा योजना प्रदान करने के लिये 1500 करोड़ का प्रावधान है। डॉ. भीमराव अंबेडकर चिकित्सालय रायपुर स्थित एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट के कार्डियोलॉजी विभाग का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विगत एक वर्ष के प्रयास से यहां कार्डियक बाईपास भी प्रारंभ हो गया है, जिसके विस्तार हेतु 10 करोड़ का बजट रखा गया है।

## अतिरिक्त प्रधान सेनानी ठाकुर ने किया जिला सेनानी कार्यालय का निरीक्षण

**जांजगीर-चांपा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। अतिरिक्त प्रधान सेनानी (डी.आई.जी.) एसडीआरएफ प्रशिक्षण केंद्र एवं प्रभारी संभागीय सेनानी एस.के. ठाकुर ने जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी, नगर सेना जांजगीर-चांपा के कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में मौजूद दस्तावेजों एवं पंजीयों की जांच की। साथ ही, बाढ़ एवं आपदा राहत कार्यों में उपयोग होने वाले उपकरणों, अग्निशमन सेवा से संबंधित वाहनों एवं अन्य संसाधनों का बारीकी से निरीक्षण किया।



इस अवसर पर उन्होंने जवानों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जवानों की परेड एवं किट की भी जांच की। इस निरीक्षण के दौरान जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी सुश्री योग्यता साहू सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नक्सलियों के मंसूबे नाकाम, जवानों ने बरामद की दो आईईडी

**कांकेर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। नक्सलियों की साजिश को एक बार फिर सुरक्षा बलों ने नाकाम कर दिया है। कांकेर जिले के कोयलीबेडा थाना क्षेत्र में पानीडोबीर के पास जवानों ने गश्त के दौरान दो आईईडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) बरामद की हैं। जानकारी के अनुसार, नक्सलियों ने इन आईईडी को जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए प्लांट किया था।



सुरक्षा बलों को पहले से ही टीसीओसी (टैक्टिकल काउंटर ऑपरेशन कैंपेन) के मद्देनजर अलर्ट पर रखा गया था। इसी सतर्कता के चलते जवानों ने समय रहते नक्सलियों की इस साजिश को विफल कर दिया। बरामद आईईडी को बम निरोधक दस्ते ने सुरक्षित तरीके से डिफ्यूज कर दिया है। गौरतलब है कि टीसीओसी के दौरान नक्सली सुरक्षाबलों को निशाना बनाने की फिराक में रहते हैं, लेकिन इस बार भी उनकी मंशा कामयाब नहीं हो पाई।

# होली मिलन समारोह में विधानसभा परिसर हुआ रंग-गुलाल से सराबोर

**रायपुर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। विधानसभा परिसर में आज होली मिलन समारोह का रंगारंग आयोजन हुआ, जिसमें विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत सहित तमाम विधायकों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं। आयोजन का पूरा माहौल होली के उल्लास में सराबोर रहा। मंत्रियों और विधायकों ने पारंपरिक फाग गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिस पर विधानसभा सदस्य झूमते नजर आए।



मंत्री-विधायकों के फाग गीतों से गूंजा विधानसभा परिसर-होली मिलन समारोह में लोक परंपरा का विशेष रंग देखने को मिला। मंत्री-विधायकों द्वारा गाए गए फाग गीतों से विधानसभा परिसर में सांस्कृतिक समृद्धि की झलक दिखी।

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने मुख मुरली बजाए, छोटे से श्याम कन्हैया गीत की मधुर प्रस्तुति दी। विधायक अनुज शर्मा ने का तैं मोला मोहिनी डाल दिये रे और रंग बरसे गीत गाकर समां बांध दिया। विधायक श्री कुंवर सिंह निषाद ने फागुन मस्त महीना और चना के डार राजा गीत गुनगुनाया। विधायक दिलीप लहरिया ने नदिया के पार म, कदली कछार म गीत सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। विधायक रामकुमार यादव और श्रीमती चातुरी नंद ने भी फाग गीतों से समां बांधा।

डॉ. सुरेंद्र दुबे की कविताओं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बढ़ाया रंग-लोकप्रिय कवि डॉ. सुरेंद्र दुबे ने अपनी हास्य और होली की रंगीन कविताओं से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा श्री राकेश तिवारी और उनकी टीम ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने डॉ. सुरेंद्र दुबे, राकेश तिवारी व उनकी टीम को सम्मानित किया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वनमंत्री केदार कश्यप, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, विधायक अजय चंद्राकर, धर्मलाल कौशिक, पुरंदर मिश्रा, धर्मजीत सिंह, मोतीलाल साहू, सुशांत शुक्ला, संदीप साहू, गुरु खुशवंत साहेब, भैयालाल राजवाड़े, ईश्वर साहू, कुंवर सिंह निषाद, रिकेश सेन, रामकुमार यादव, भावना बोहरा, योगेश्वर राजू सिन्हा, अटल श्रीवास्तव, ललित चंद्राकर सहित विधानसभा के अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## कार में काली फिल्म और हूटर लगाकर घूमना युवक को पड़ा महंगा, पुलिस ने की कार्रवाई

**रायगढ़,** 12 मार्च (देशबन्धु)। शहर में भौकाल दिखाने के लिए वाहन में ब्लैक फिल्म और पुलिस हूटर लगाकर घूम रहे एक युवक को रामपुर सिविल लाइन पुलिस ने सबक सिखाया। पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस की नजर उस वाहन पर पड़ी, जो काले शीशे और हूटर के साथ सड़कों पर फर्राटे भर रहा था। शक होने पर पुलिस ने वाहन को रोका और जांच की, जिसमें नियमों का उल्लंघन सामने आया।



होली के त्यौहार में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। अभियान चलाकर पुलिस ऐसे लोगों को सबक सिखा रही है। इसी कड़ी में सीविल लाईन पुलिस ने उस युवक को गिरफ्तार कर लिया है,जो लोगों के बीच अपनी धाक जमाने के लिए अपनी चार पहिया वाहन में ब्लैक फिल्म और हूटर लगाकर शहर की सड़कों पर फर्राटे भर रहा था।

पूछताछ में पता चला कि वाहन चालक पेशे से एक सैलून संचालक है, लेकिन अपनी शान दिखाने के लिए उसने गाड़ी में ब्लैक फिल्म और पुलिस सायरन लगा रखा था। पुलिस ने तुरंत मौके पर ही गाड़ी से ब्लैक फिल्म और हूटर हटवा दिया और मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शहर में इस तरह से अवैध रूप से हूटर और काली फिल्म लगाकर घूमने वालों पर लगातार नजर रखी जा रही है। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि लोग कानून का उल्लंघन न करें।

## चरित्र शंका पर पत्नी और 3 पुत्री की हत्या

■ जांजगीर चांपा जिला न्यायाधीश ने आरोपी को सुनाई 4 बार आजीवन कारावास की सजा

**जांजगीर चांपा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। जिले के बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम देवरी में आरोपी देशराज कश्यप ने चरित्र शंका को लेकर पत्नी और तीन बेटियों की धारदार हथियार से मारकर हत्या की गई थी। जिसपर सुनवाई करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत ने फैसला सुनते हुए चार हत्या के मामले में चार बार आजीवन कारावास की सजा और 1-1 हजार रुपए के अर्थ दण्ड से दंडित किया है। घटना की जानकारी 2 अगस्त 2023 को देवरी के देवेंद्र बिंझवार ने पंतोरा चौकी में दी कि देशराज कश्यप के घर 31 जुलाई से बंद था तीन दिन से घर में चहल पहल नहीं होने पर कुछ लोग घर में देखे कि देशराज कश्यप की पत्नी और तीन बेटियों खून से सनी मृत अवस्था में पडी है,और रांपा खून से सना हुआ मिला घटना की सूचना मिलने के बाद पंतोरा पुलिस मौके में पहुंची और जाँच की। डाक्टरी परीक्षण में 4 दिन पहले हत्या होने की पुष्टि की। पुलिस ने धारा 302 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था। लोक अभियोजक संदीप सिंह बनाफर ने बताया कि बलौदा थाना क्षेत्र के देवरी गाँव में 31 जुलाई 23 को अपनी पत्नी और तीन बेटियों की हत्या कर दी थी। मामले में बलौदा पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर धारा 302 के तहत कार्रवाई की और हत्या का कारण पत्नी की चरित्र पर शंका होना पाया, मामले में जिला सत्र न्यायाधीश ने सुनवाई करते हुए आरोपी के इस कृत्य को गंभीर अपराध मानते हुए चार बार आजीवन कारावास और चार बार 1-1 हजार अर्थ दंड से दण्डित किया है।

**NECC**

| 13.03.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 420 | 68 | 175 |
| चिल्हर | 6 | 90 | 200 |

डिलीवरी 435 सैकड़ा
दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

**उल्टा पुल्टा**

मैडम- क्लास में जो बेवकूफ हो वो खड़ा हो जाएं।
पप्पू मसूमियत से खड़ा हो गया
मैडम- क्या तुम बेवकूफ हो?
पप्पू- नहीं मैडम आप अकेली खड़ी थीं इसलिए मुझे अच्छा नहीं लगा।

**संपादकीय**

## कानून हाथ में न ले कोई

हाल के दिनों में लोगों द्वारा कानून अपने हाथों में लेने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। यह एक खतरनाक प्रवृत्ति है जिससे समाज में सिर्फ अराजकता और अशांति ही होगी। पुलिस और सरकार को भी चाहिये कि ऐसे तत्वों पर सख्त कार्रवाई करे। किसी की गलती होने या उसके द्वारा छोटा-मोटा अपराध किये जाने पर अन्य लोग आरोप सिद्ध होने के पहले ही या आशंका मात्र से किसी के साथ मार-पीट करने लगते हैं। यह किसी व्यक्ति द्वारा किये गये अपराध से भी बड़ा कृत्य है क्योंकि इससे जो न्यायिक प्रक्रिया है वह अवरूद्ध होती है। साथ ही, किसी आरोपी के साथ हुई मार-पीट से यदि उसकी मृत्यु हो जाती है तो उसके अन्य अपराधों की भी जांच-पड़ताल खत्म हो जाती है। इसलिये नागरिकों को चाहिये कि वे समाज को असभ्य व बर्बर न होने दें। यदि इस प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलता है तो कभी भी किसी का भी नम्बर आ सकता है।

देश में किसी भी तरह का अपराध होने पर उसकी सुनवाई, न्याय करने और दण्ड देने की निश्चित प्रक्रिया है। किसी के साथ कोई अपराध हो तो उसे पुलिस के पास जाना चाहिये, न कि स्वयं ही मार-पीट की जाये। अक्सर ट्रेनों में सीट या जगह के लिये, पार्किंग को लेकर अथवा रास्ते पर वाहनों की भिड़ंत होने की स्थिति में लोग आपस में लड़कर ही मामला निपटा लेने चाहते हैं। इसमें कमजोर को शक्तिशाली के हाथों या फिर निहत्थे को शस्त्रधारी के द्वारा अथवा अकेले को अनेक द्वारा मिलकर पीटा या मार डाला जाता है जो न्याय सिद्धांत के खिलाफ है। ऐसे सैकड़ों कारण हैं जिनके चलते सरे आम सड़कों या घरों में लोग हिंसा का प्रयोग करते दिखते हैं जबकि हमारी न्याय व्यवस्था पर्याप्त सक्षम है कि वह दोषियों को दण्डित कर सके। फिर, कानून के सामने सभी समान होते हैं जिसके कारण सभी को अपनी बात कहने का अवसर होता है।

अंबिकापुर के एक रिहायशी इलाके में मंगलवार को जो हुआ वह इसी बात का सबूत है कि लोग कानून अपने हाथों में लेकर खुद ही आरोपी को दण्ड देने की इच्छा रखते हैं। एक घर के बाहर से दो व्यक्ति स्कूटी चुराते हुए पकड़े गये। एक तो भाग खड़ा हुआ लेकिन दूसरा लोगों की पकड़ में आ गया। उन्होंने युवक के हाथ गमछे से बांध दिये तथा देर तक उसकी पिटाई करते रहे। इसके चलते वह आरोपी बेहोश हो गया। इसके बाद पुलिस को खबर की गयी जिसने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। इस तरह की घटनाएं अक्सर होती रहती हैं जिन्हें टाला जाना चाहिये। गलतफहमी के चलते भी किसी के साथ ऐसा हो सकता है जो उसके साथ अन्याय ही कहा जाएगा। पुलिस को चाहिये कि वह कानून अपने हाथों लेने वाले तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करे।

# जिपं अध्यक्ष पद के चुनाव की तारीख बढ़ने से नाराज विपक्षियों ने कलेक्टेर परिसर में किया धरना-प्रदर्शन



**सुकमा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। बुधवार को जिला पंचायत अध्यक्ष पद के चुनाव की दूसरी दफा तारीख बढ़ाए जाने से नाराज विपक्षीय दल के निर्वाचित सदस्य बुधवार को कलेक्टेड परिसर पर धरना प्रदर्शन किया। ज्ञात हो कि पहले 05 मार्च को यह चुनाव कराया जाना था जिसे 12 मार्च किया गया। वहीं प्रशासन ने एक और बार तारीख बढ़ाते हुए इसे 20 मार्च कर दिया है। जिसको लेकर नाराज कांग्रेस व सीपीआई के नेताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान पूर्व विधायक मनीष कुंजाम, पूर्व चित्रकूट विधायक राजमन बेंजाम, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी और सात निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों समेत बड़ी संख्या में दोनों विपक्षी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे। एक घंटे से अधिक समय तक प्रदर्शन करने के बाद कांग्रेस-सीपीआई के नेताओं ने अध्यक्ष पद का चुनाव नही होने तक धरना प्रदर्शन, चक्काजाम और नगर बंद जैसे बड़े आंदोलन किए जाने का आह्वान किया।

### सत्ता के लिए भाजपा लोकतंत्र की कर रही हत्या : मनीष कुंजाम

सीपीआई नेता व पूर्व विधायक मनीष कुंजाम ने प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि आज जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का निर्वाचन होना था जो कि पहले 05 मार्च को होना था पर इसे आज 12 मार्च किया गया। प्रशासन ने इसे दुबारा आगे बढ़ाते हुए 20 मार्च कर दिया है जिसकी जानकारी हमे आज मिलती है। वहीं कल हुए जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव में कुछ उलटफेर करते हुए भाजपा ने अपना एक अध्यक्ष व उपाध्यक्ष बना लिया है। जिसके कारण आज की तारीख में होने वाले निर्वाचन को आगे बढ़ा दिया गया है। जिसकी हम निंदा करते हैं। श्री कुंजाम ने कहा कि भाजपा की सरकार हर प्रकार के हथकण्डे अपनाकर उनके पार्टी की सरकार जिला पंचायत में बनाना चाहते हैं इसके लिए चाहे लोकतंत्र की हत्या ही करनी क्यों न पड़े। भाजपा के नेता टाइम आगे बढ़ाकर हमारे चुने गए जनप्रतिनिधियों को भय, दबाव और लालच देकर खरीदने की कोशिश कर रहे हैं। हमारे एक सदस्य के पति सरकारी नौकरी पर हैं जिन पर कार्रवाई करने का दबाव लगातार बनाया जा रहा है।

### जनादेश का हो सम्मान : राजमन बेंजाम

कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक राजमन बेंजाम ने कहा कि भाजपा की रीति नीति रही है कि वह जनप्रतिनिधियों पर तमाम तरह के दबाव बनाकर उन्हें खरीदने की कोशिश करती है वहीं यहां भी हो रहा है। लगातार असफल होने के कारण तारीख पर तारीख बढ़ाया जा रहा है। बेंजाम ने कहा कि क्या अब भाजपा को खरीद फरोख्त पर ही >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# होली त्यौहार शांति एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण में मनाएं : अपर कलेक्टर



**जगदलपुर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। कलेक्टर हरिस एस के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर सीपी बघेल ने जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में शांति एवं कानून व्यवस्था समिति की बैठक ली। उन्होंने कहा कि होली त्यौहार रंगों का पर्व के साथ ही प्रेम और भाईचारे का त्यौहार है, जिला में होली त्यौहारई शांति एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण में मनाया जाए। होलिका दहन के दौरान डामर सड़क, बिजली के तार और पोल से दूरी बनाकर किया जाए। होली त्यौहार रंगों का पर्व है लेकिन असामाजिक तत्वों द्वारा हुडदंग भी करने की कोशिश होगी इस पर नियंत्रण करवाना समाज प्रमुखों, गणमान्य नागरिकों की ज़िम्मेदारी है। इस पर नियंत्रण हेतु प्रशासन और पुलिस विभाग अपना कर्तव्य तो निभायेंगे ही, लेकिन नागरिकों को भी इस दिशा में सहयोग प्रदान करना आवश्यक है। विभिन्न कक्षाओं का वार्षिक परीक्षा इस समय भी चल रहा है, इसलिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग से बचना होगा। बैठक में अति. पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग ने कहा कि शहर और ग्रामीण क्षेत्रों पर सुरक्षा हेतु पर्याप्त सुरक्षा बल लगाया जाएगा साथ ही होलिका दहन के दिन शहर में फ्लैग मार्च का आयोजन किया जाएगा। बैठक में सभी नागरिकों से अपील की गई कि होली खेलते समय ध्यान रखे कि रंग गुलाल बिना सहमति के किसी भी व्यक्ति एवं महिला पर ना डालें। यदि उनके द्वारा रंग गुलाल नहीं खेलने का अनुरोध करते है तो उनकी भावना का सम्मान किया जाए। नशे की हालत में दो पहिया या चार पहिया वाहन ना चलायें। दो पहिया वाहन में दो से अधिक सवारी ना बिठाए और ना ही तेज गति से चलायें। पुलिस द्वारा तीन सवारी गाड़ियों पर आज से कार्यवाही करने की जानकारी दी गई साथ ही शराब सेवन कर गाड़ी चलाने पर जप्ती की कार्यवाही करने की सूचना दी गई तेज रफ्तार से वाहन न चलाएँ और ट्रैफिक नियमों का पालन करें। बैठक में विभिन्न समाजों के >> शेष पृष्ठ 9 पर >

**शांति एवं कानून व्यवस्था समिति की हुई बैठक**

# अधिवक्ता संघ ने किया महिला दिवस का आयोजन



**जगदलपुर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। बस्तर जिला अधिवक्ता संघ के द्वारा मंगलवार को जिला सत्र न्यायालय परिसर में स्थित ग्रंथालय कक्षा में महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिला न्यायाधीशों के साथ महिला अधिवक्ताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख न्यायाधीश जिला एवं सत्र न्यायालय, मनीष कुमार ठाकुर ने सभी को महिला दिवस की शुभकामना देते हुए कहा कि अधिकारों के साथ-साथ अपने दायित्वों के प्रति भी जागरूक रहकर कार्य करने की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में सभी न्यायाधीशों के साथ जिलाअधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अरुण दास एवं काफी संख्या में अधिवक्ता गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष हेलेना गिरिधर और सचिव लिखेश्वर जोशी ने की।

# दोरनापाल में नपं के नए अध्यक्ष और पार्षदों ने ली शपथ

- शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए सांसद महेश कश्यप
- राधा नायक ने ली नपं दोरनापाल अध्यक्ष पद की शपथ



**सुकमा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। नगर पंचायत दोरनापाल में बुधवार को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत के साथ किया गया। नगर पंचायत दोरनापाल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राधा नायक के साथ सभी 15 पार्षदों ने अपने पद और गोपनीयता की शपथ ली। नवनिर्वाचित पार्षदों में गीता मिड़ियम, धर्मेन्द्र सिंह भदौरिया, ललिता मिड़ियम, बसंती यादव, जमुना यादव, सोड़ी मंगली, पुष्पलता भदौरिया, अरूण सुनानी, मड़कम हुँगी, कोशी ठाकुर, लक्ष्मी चौहान, सोड़ी मंगी, शेखर शायतोड़े, मड़कम पोदिये, मड़कम राजे शामिल थे। नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाने का कार्य पीठासीन अधिकारी एवं एसडीएम शबाब खान और ने किया। सांसद महेश कश्यप ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार के साथ दोरनापाल में ट्रिपल इंजन की सरकार बन गई है। नगर पंचायत दोरनापाल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ। नगर के समग्र विकास के लिए सभी जनप्रतिनिधियों को मिलकर कार्य करना होगा। महिला सशक्तिकरण और युवा विकास कैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। जिससे क्षेत्र की जनता को अधिक से अधिक समग्र विकास का लाभ मिल सके।

### नगर के समग्र विकास के लिए सब मिल करेंगे काम : राधा नायक

दोरनापाल की नवनिर्वाचित अध्यक्ष राधा नायक ने कहा कि हम सभी वर्ग और सभी समाज को साथ में लेकर आगे बढ़ेंगे। शहर के सभी प्रबुद्ध नागरिकों को मूलभूत सुविधा 24 घंटे बिजली, साफ पेयजल, साफ-सफाई तथा पक्की सड़क समेत नगर के समग्र विकास के लिए हम सब मिल जुलकर काम करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर सांसद महेश कश्यप, अध्यक्ष के रूप में दिनेश कश्यप, विशिष्ट अतिथि के रूप मे धनीराम बारसे, जिला पंचायत सदस्य हूंगाराम मरकाम, जनप्रतिनिधि कोरसा सन्नु, भाजपा कोषाध्यक्ष लीलाधर राठी, नगर पंचायत सीएमओ हूंगाराम गोंदे, उपअभियंता विकास मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# जगदलपुर जनपद उपाध्यक्ष पद पर पुरषोतम कश्यप के निर्वाचित होने पर माहरा समाज में हर्ष का माहौल



**माहरा समाज ने भाजपा संगठन का जताया आभार**

**जगदलपुर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। माहरा समाज बस्तर के संभागीय संयोजक विनय सोना ने जगदलपुर जनपद पंचायत चुनाव में उपाध्यक्ष पद पर माहरा समाज के सदस्य व नव-निर्वाचित जनपद सदस्य पुरुषोत्तम कश्यप के उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर भाजपा संगठन, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, मंत्री केदार कश्यप एवं बस्तर सांसद महेश कश्यप व सभी जनपद सदस्य व कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा है कि, बस्तर में माहरा समाज सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। हमारा समाज राजनीति के साथ- साथ हर क्षेत्र में अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहा है। किन्तु समाज को उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिलने पर निराशा होती थी किन्तु भाजपा ने आज समाज के सदस्य व बजरंग दल के कार्यकर्ता पुरुषोत्तम कश्यप को जनपद उपाध्यक्ष बनाकर माहरा समाज के स्वाभिमान व गौरव को बढ़ाने का काम किया। राजनीति में माहरा समाज को प्रतिनिधित्व मिलने का जो सपना हमारे पूर्वजों व वरिष्ठ सदस्यों ने देखा था वह सपना भाजपा के सहयोग से आज पुरुषोत्तम कश्यप को उपाध्यक्ष बनते देख पूरा हो रहा है। भाजपा की इस सार्थक पहल के बाद माहरा समाज के सभी सदस्यों को आशा है कि, माहरा समाज की बस्तर में उपस्थिति को मद्देनजर रखते हुए भारतीय जनता पार्टी एवं उनके अनुषांगिक संगठन में माहरा समाज के योग्य लोगों की सहभागिता बढ़ाने पर निकट भविष्य में बल दिया जाएगा।

# क्षेत्रीय सरस एवं कृषि मेला में पहुंचे सांसद महेश कश्यप




**नलकूप खनन के लिए 4 किसानों को दी गई सहायता अनुदान राशि**

**सुकमा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। मिनी स्टेडियम सुकमा में आयोजित क्षेत्रीय सरस मेला एवं कृषि मेला में सांसद महेश कश्यप पहुंचे और विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टॉल का अवलोकन किया। मेले के दौरान विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। किसान हितग्राहियों को सब्जी मिनी कीट, मत्स्य जाल, आइस बॉक्स वितरित किए गए, वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को प्रशस्ति पत्र कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त 4 किसानों को नलकूप खनन अनुदान के तहत 25-25 हजार रुपये की सहायता अनुदान राशि प्रदान की गई। सांसद महेश कश्यप और अधिकारियों ने मेले में लगे विभिन्न विभागीय स्टालों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बस्तर खनिज संपदा से परिपूर्ण क्षेत्र है और प्रदेश सरकार गांव-गांव में सड़कों व स्कूलों का विकास कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का जिक्र करते हुए बताया कि सरकार इस योजना के तहत 50 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान कर रही है। साथ ही, कृषि विभाग के माध्यम से किसानों को जागरूक किया जा रहा है और उन्हें आर्थिक रूप से समृद्ध करने के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 70 लाख से अधिक माताओं और बहनों को महतारी वंदन योजना का लाभ दिया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, जिला पंचायत सदस्य हुंगाराम मरकाम, कोरसा सन्नू, बारसे माड़े, कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन, कृषि विभाग के उप संचालक पी.आर. बघेल समेत उद्यानिकी, मत्स्य, पशुपालन विभाग और कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक मौजूद रहे।

# राज्य सरकार की पहल पर इंद्रावती जोरा नाला कंट्रोल स्ट्रक्चर से पानी का प्रवाह नदी के मुख्य धारा में



- उड़ीसा सरकार के सहयोग से जोरा नाला के स्ट्रक्चर में डाली गई रेत की बोरियां
- किसानों को जोरा नाला की समस्या का निराकरण की दी गई जानकारी

**जगदलपुर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। राज्य सरकार की पहल पर जोरा नाला के बीच जल विभाजन के लिए बनाए गए कंट्रोल स्ट्रक्चर में पानी बहाव छत्तीसगढ़ प्रदेश को करने हेतु ओड़िसा सरकार की सहमति के बाद जोरा नाला के स्ट्रक्चर में रेत की बोरिया डाल निर्धारित मात्रा में जल प्रवाह इंद्रावती नदी के मुख्य धारा में किया गया है। जल समस्या के समाधान हेतु मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर प्रदेश सरकार के जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप द्वारा केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल को इन्द्रावती नदी के जल संकट की समस्या से अवगत कराया गया। जिस पर केन्द्रीय मंत्री ने राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं ओडिशा राज्य के मुख्यमंत्री श्री मांझी को समस्या का हल करने निर्देश दिये। जिसके परिपालन में ओडिशा राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा राज्य के अधिकारियों को निर्देश दिए जिसका असर ये हुआ कि जोरा नाला में स्थित कन्ट्रोल स्ट्रक्चर को अस्थाई रूप से एक फिट ऊंचा किया गया जिससे इन्द्रावती नदी के जल प्रवाह में वृद्धि हुई है। साथ ही इन्द्रावती नदी के अप स्ट्रीम एवं डाउन स्ट्रीम में जमा रेत को हटाने का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है, जिसे अप्रैल के प्रथम सप्ताह तक हटा लिया जाने का आश्वासन दिया गया है। उक्त सम्बन्ध में कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन पर अपर कलेक्टर सीपी बघेल, अति. पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग, ईई जल संसाधन वेद पांडेय द्वारा में स्थानीय कृषकों को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभा कक्ष में अवगत कराया गया। ज्ञात हो कि इन्द्रावती नदी का उद्गम ओडिशा राज्य के कालाहांडी के रामपुर धुमाल नाम के गांव से हुआ है। इन्द्रावती नदी 164 किलोमीटर उड़ीसा राज्य में बहने के उपरांत 9 कि.मी. लम्बाई में छत्तीसगढ़ एवं उड़िसा की सीमा बनाते हुए छत्तीसगढ़ में प्रवेश करती है एवं लगभग 232 कि.मी. छत्तीसगढ़ में बहने के पश्चात 129 कि.मी. महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ की सीमा बनाते हुए गोदावरी नदी में मिलती है। इस प्रकार यह नदी कुल 534 कि.मी. अपने उद्गम स्थल से बहने के उपरांत गोदावरी नदी में मिलती है। इन्द्रावती नदी का कुल कैचमेंट एरिया 41665 वर्ग किमी है जिसमें उड़िसा राज्य में कैचमेंट 7435 वर्ग कि.मी., छत्तीसगढ़ राज्य में 33735 वर्ग कि.मी. एवं महाराष्ट्र राज्य में 495 वर्ग कि.मी. है। दिसम्बर 1975 को मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश एवं मुख्यमंत्री उड़ीसा के मध्य समझौता हुआ था, जो बाद में गोदावरी जल विवाद प्राधिकरण के निर्णय वर्ष 1978 का हिस्सा बना। इन्द्रावती के उड़ीसा मध्यप्रदेश (छत्तीसगढ़) सीमा पर उड़ीसा 45 टी.एम.सी. जल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगा। कम बारिश होने पर पानी की उपलब्धता की यह मात्रा समानुपातिक रूप से कम की जा सकेगी। मध्यप्रदेश (छत्तीसगढ़) डाउनस्ट्रीम प्रोजेक्ट के लिए अतिरिक्त 18 टी.एम.सी. जल का उपयोग कर सकेगा जिसमें प्रत्येक परियोजना में 1.5 टी.एम.सी. से ज्यादा उपयोग नहीं कर सकेगा। 11 जुलाई 1979 के अनुबंध के अनुसार उड़ीसा अपर इन्द्रावती परियोजना साईट तक सम्पूर्ण पानी का उपयोग कर सकेगा।

**जोरा नाला की समस्या:** उड़ीसा राज्य की सीमा पर ग्राम सूतपदर में इन्द्रावती दो भागों में बंट जाती है। एक हिस्सा इन्द्रावती नदी के रूप में लगभग 5 कि.मी. उड़ीसा में बहते हुए ग्राम भेजापदर में छत्तीसगढ़ में प्रवेश करती है जो डाउनस्ट्रीम में जगदलपुर, चित्रकोट से होते हुए गोदावरी में मिल जाती है। दूसरा हिस्सा जोरा नाला के रूप में 12 कि.मी. बहते हुए शबरी (कोलाब) नदी में मिल जाती है। पूर्व में जोरा नाला का पानी इन्द्रावती में आ रहा था। कालांतर में कटाव के साथ-साथ जोरा नाला का बहाव बढ़ता गया एवं इन्द्रावती का बहाव कम होता गया। समस्या गंभीर होने पर दिसम्बर 2003 को प्रमुख अभियंता, उड़ीसा एवं प्रमुख अभियंता छत्तीसगढ़ की बैठक में निर्णय लिया गया कि इन्द्रावती जोरा नाला के मुहाने पर बराबर मात्रा में पानी के बंटवारे के लिए एक पक्का स्ट्रक्चर का निर्माण किया जाये। पक्का स्ट्रक्चर का निर्माण उडीसा के द्वारा किया जाये एवं दूसरी डिजाईन सी.डब्लू.सी द्वारा की जाये। पक्के स्ट्रक्चर निर्माण की प्रक्रिया के दौरान छत्तीसगढ़ द्वारा लगातार गैर मानसून समय (नवम्बर से जून) में 8.511 टी.एम.सी. जल छत्तीसगढ़ सीमा पर उपलब्ध कराने की मांग की गई जिसमें उड़िसा शासन ने 3.475 टी.एम.सी. जल उपलब्ध कराने की सहमती दी। तीसरी अंतर्राज्यीय बैठक सीडब्लूसी दिल्ली में आयोजित की गई थी। यह बैठक जगदलपुर एवं डाउन स्ट्रीम क्षेत्र की जल समस्यां को लेकर की गई थी। इस बैठक में छत्तीसगढ़ द्वारा पूर्व में वांछित गैर मानसून समय आवश्यकता की जानकारी दी गई थी। इन्द्रावती नदी एवं जोरा नाला में संरचना (स्ट्रक्चर) का निर्माण कार्य जून 2016 में पूर्ण किया गया था। पक्का स्ट्रक्चर निर्माण के उपरान्त भी जोरा-नाला मुहाने पर इन्द्रावती एवं >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# सेहत के लिए खतरनाक अमानक नमकीन व मिठाई



**दंतेवाड़ा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। होली त्यौहार के दृष्टिगत कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के आदेशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के निर्देशन में विभिन्न होटलों, मिठाई की दुकानों, किराना दुकानों, नमकीन निर्माता व्यापारियों के खाद्य परिसर का निरीक्षण किया गया एवं विभिन्न खाद्य पदार्थों का नमूना जांच हेतु लिया गया।

इस दौरान जिले अंतर्गत समस्त मिठाई की दुकानों एवं किराना दुकानों तथा विभिन्न खाद्य विनिर्माता प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दंतेवाडा जिले के विभिन्न स्थानों गीदम, दन्तेवाड़ा, बचेली, किरन्दुल, बारसूर, नकूलनार एवं दन्तेवाड़ा मेला स्थल आदि क्षेत्रों के खाद्य परिसरों का निरीक्षण किया गया एवं चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों से खाद्य सैंपल जैसे मिठाईयां, पनीर, दुध, दही, नमकीन, आटा, बेसन, मैदा, सूजी, मैदा आदि का नमूना जांच हेतु लिया गया। निरीक्षण एवं सैंपलिंग के दौरान चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के द्वारा कुल 126 सेंपल विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से लिया, निरीक्षण एवं सैंपलिंग के दौरान जो भी खाद्य पदार्थ उपयोग के अनुकूल नहीं पाया गया एवं अमानक पाया गया, उन्हें तुरंत नष्ट करवाया गया। संबंधित व्यापारी को नोटिस जारी करते हुए चेतावनी भी दी गई कि गलती दुबारा पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही एवं लाइसेंस निलंबित भी की जावेगी।

- खाद्य विभाग ने उपभोक्ताओं को दी चेतावनी
- होटलों, मिठाई दुकानों और किराना स्टोर की जांच
- होली के मद्देनजर कार्रवाई, 126 सेंपल का परीक्षण

कुछ खाद्य प्रतिष्ठान जिनके पास खाद्य लाईसेन्स नहीं पाया गया या एक्सपायर होना पाया गया उन्हें नोटिस जारी कर आवेदन हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान विभिन्न व्यापारियों को कुल 5 नोटिस जारी किया गया। जंहा पर खाद्य पदार्थ मानव उपभोग हेतु सही नहीं पाया गया उसे तत्काल नष्ट करवाया गया। निरीक्षण के दौरान नमूना परीक्षण हेतु पूनम होटल किरन्दुल से खोवा एवं पनीर, नर नरायण होटल बचेली से रसगुल्ला, विधान होलटल किरन्दुल से बर्फी, गोलदार डेयरी किरन्दुल से पेड़ा, राजस्थान बिकानेर किरन्दुल से कलाकंद, बाबा होटल बचेली से खोवा एवं पेड़ा, पवन स्वीट्स एण्ड नमकीन से बर्फी, राजस्थान स्वीट्स से बेसन लड्डू, देवभोग स्वीट्स, गुप्ता स्वीट्स, अम्बे बिकानेर से लड्डू, कलाकन्द, नमकीन, बर्फी, रसगुल्ला, मलाई पेड़ा, काजू कतली का नमूना परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भी भेजा गया, जांच उपरांत प्राप्त रिपोर्ट अनुसार नमूना जांच में यदि अमानक पाया जाएगा तो नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी एवं प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

विभाग द्वारा उपभोक्ताओं से यह अपील की गई कि बाजार में बिकने वाले खुले व अमानक खाद्य सामग्री का उपयोग करने से बचे अधिक रंग युक्त मिठाईयों के उपयोग से बचें एवं मार्केट से कोई भी खाद्य पदार्थ खरीदने से पहले उसका लेबल जांच लें, खाद्य पदार्थ के निर्माण की तिथि एवं उपयोग की तिथि अवश्य देखकर खरीदें।

# दयाराम का सपना हुआ साकार, प्रधानमंत्री आवास के तहत मकान बनने से परिवार में आई खुशियां





**कांकेर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) गरीब और बेघर परिवार के लोगों का सपना साकार कर रही है, जो पक्के आवास की सिर्फ कल्पना ही कर सकते थे। जिला मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर की दूरी पर विकासखण्ड दुर्गूकोंदल के ग्राम पंचायत हाटकोंदल निवासी श्री दयाराम इन्हीं में से एक हैं, जिन्होंने अपनी मेहनत और प्रधानमंत्री आवास योजना की मदद से अपने परिवार के लिए एक नए और पक्के मकान का सपना साकार किया है।

हितग्राही दयाराम ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में आवास स्वीकृति मिली। पहले दो कमरे के कच्चे मकान में रहते थे, जहां बरसात के दिनों में जीवन-यापन करने में अनेक प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने बताया कि मिट्टी एवं खपरैल का घर होने के कारण बारिश के दिनों में पानी का टपकना, जमीन में सीलन आने के साथ जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा भी बना रहता था। लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राशि मिलने से अपने लिए एक नया पक्का और सुरक्षित मकान बना लिया है। इस नए मकान में उनका परिवार अब खुशी-खुशी जीवन व्यतीत कर रहा है। उन्हांने अपने नए पक्का मकान के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) गरीब परिवारों के लिए एक वरदान साबित हो रही है। योजना का लाभ प्राप्त कर पक्का मकान बनने एवं निवास करने से हितग्राही दयाराम एवं उनके परिवार बेहद संतुष्ट हैं।

# शपथ लेते ही नंदलाल ने लिया जन सेवा का संकल्प

**दंतेवाड़ा,** 11 मार्च (देशबन्धु)। कुआकोंडा क्षेत्र से लगातार रिकार्ड मतो से जीत की हैट्रिक लगाने वाले भाजपा के युवा नेता नंदलाल मुड़ामी को इस पर जनसेवा के लिये जिला पंचायत अध्यक्ष का पद भी मिल गया।




जिला पंचायत दंतेवाड़ा के सभागार में बस्तर सांसद महेश कश्यप की मौजूदगी में उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम और जिले के निर्वाचित सभी जिला पंचायत सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र के विकास और विधी सम्मत कार्यो को करने की शपथ ली। कुआकोंडा ब्लाक के धुर नक्सलगढ़ पालनार से नंदलाल मुड़ामी ने भाजपा में शामिल होकर अपना राजनैतिक केरियर शुरू किया। मिलनसार, सहज और सरल व लोगो के साथ सुख-दु:ख में हमेशा साथ खड़े रहने की वजह से अपने क्षेत्र के साथ पूरे दंतेवाड़ा जिले में श्री मुड़ामी बेहद ही लोकप्रिय छबि के भाजपा में नेता है। वर्ष 2018 में नंदलाल मुड़ामी के गृहग्राम पालनार में नक्सलियों ने प्राणघातक जानलेवा हमला किया था। इस हमले वे बुरी तरह घायल हुए थे। इस वजह से वे स्वास्थ्य से जुड़े मामले हो या मूलभूत समस्याओं से जुड़ा कोई जनसरोकार का मुद्दा हो उसे प्रशासन और सरकार से करवाने की पूरी कोशिश करते हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष के पद पर बैठते ही उन्होंने कहा कि मेरे लिये यह पद केवल सम्मान नहीं, बल्कि जनसेवा का एक सच्चा संकल्प है। मेरा हमेशा प्रयास रहेगा कि दंतेवाड़ा की देवतुल्य जनता की हर मूलभूत सुविधाएं सहज और सरलता से उपलब्ध हो सके । जिले को विकास की नई ऊंचाइयों तक प्रशासन के साथ मिलकर पहुचाने का प्रयास रहेगा साथ ही दंतेवाड़ा की संस्कृति, परंपरा और सामूहिक शक्ति को देशभर में एक नई पहचान दिलाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ना है।

- सांसद महेश कश्यप की मौजूदगी में नई शुरूआत
- अध्यक्ष-उपाध्यक्ष और सदस्यों ने ली शपथ

# जिले के 18 हजार असाक्षरों को साक्षर बनाने महाअभियान 23 को

**कांकेर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत् जिले में रविवार 23 मार्च को राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा में 15 वर्ष से अधिक उम्र के शिक्षार्थियों को सम्मिलित कराया जाना है, जो शिक्षा की मुख्यधारा से कटे हुए हैं। कलेक्टर एवं साक्षरता कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा आज शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर उक्त परीक्षा के सफल आयोजन हेतु आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने तथा सभी असाक्षरों को उक्त अभियान से जोड़कर उन्हें महापरीक्षा अभियान में सम्मिलित करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए।




कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज दोपहर को आयोजित बैठक में उपस्थित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों तथा सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारियों (नोडल) एवं खण्ड स्त्रोत समन्वयकों को बताया गया कि जिले में कुल 18 हजार असाक्षरों को साक्षर करने का निर्देश राज्य कार्यालय के द्वारा दिया गया है। इसके लिए जिले में कुल 602 परीक्षा केन्द्र तथा केन्द्राध्यक्ष बनाए गए हैं। कलेक्टर ने सभी विकासखण्ड के शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी शिक्षार्थी इस परीक्षा से वंचित न रहे। साथ ही किसी तरह की नकल न हो इस पर विशेष रूप से ध्यान दें। इसके अलावा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राएं जिन्होंने स्वयंसेवी शिक्षक रूप में सेवा दी हैं, उनके द्वारा टैग किये गये शिक्षार्थियों को अनिवार्य रूप से इस परीक्षा में सम्मिलित किया जाये, ताकि उस बच्चे को 10 अंक बोनस के रूप में मिल सके।

जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि परीक्षा केन्द्र में शिक्षार्थियों के लिये पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की समुचित व्यवस्था हो। शिक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र व समय की जानकारी अनिवार्य रूप से विभिन्न माध्यमों से प्रदान की जाये। जिला परियोजना अधिकारी श्रीमती पुष्पांजलि ठाकुर द्वारा राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के निर्देशों को विस्तार से परीक्षा संबंधी जानकारी सभी ब्लाक के अधिकारियों को दी गई, जिसमें महापरीक्षा अभियान का प्रचार प्रसार नामांकन, पंजीकरण, डाटा कम्प्यूटरीकरण और परीक्षा की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने एवं प्रत्येक विकासखण्ड में कंट्रोल रूम स्थापित करने हेतु दायित्वों के बारे में बताया गया। बैठक के अंत में कलेक्टर के द्वारा सभी अधिकारियों एवं साक्षरता अमले को महापरीक्षा अभियान को सफलतापूर्वक संचालित करने तथा सभी शिक्षार्थियों को इस अभियान में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने के लिये निर्देशित किया गया तथा साक्षरता शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं उपाध्यक्ष श्री हरेश मंडावी सहित शिक्षा विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

- कलेक्टर ने बैठक लेकर दिए आवश्यक तैयारियों के निर्देश
- उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम

## पीएम आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत विभिन्न पदों के संविदा नियुक्ति हेतु वरीयता सूची जारी

**जगदलपुर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत प्रशिक्षण आवास समन्वय विकासखण्ड समन्वयक, तकनीकी सहायक एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर के रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति के लिए प्राप्त दावा-आपत्ति आवेदन पत्रों का सूक्ष्म जांच परीक्षण निराकरण उपरांत पात्र अभ्यर्थियों का पदवार वरीयता सूची का प्रकाशन किया गया है। जिसका अवलोकन जिला पंचायत के सूचना पटल पर एवं जिला बस्तर के वेब साईट 222.इड्डह्यह्लड्डह्.द्दश1.द्बठ्ठ पर भी किया जा सकता है।

## दिव्यांग व्यक्तियों हेतु विवाह प्रोत्साहन राशि 2 दम्पत्ति को स्वीकृत

**जगदलपुर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग व्यक्ति समान अवसर अधिकारों का संरक्षण एवं पूर्ण भागीदारी अधिनियम के प्रावधनों के तहत दिव्यांग व्यक्तियों के लिए विवाह प्रोत्साहन अंशदान योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 हेतु अटल बिहारी बाजपेई वार्ड हनुमान मंदिर गली जगदलपुर के हेमंत राव गुन्टू पत्नि विजय लक्ष्मी गुन्टू और विकासखण्ड बस्तर बड़ेचकवा के बंसत कुमार कश्यप पत्नि संगम कश्यप को 50-50 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की गई है।

## बस्तर ओलंपिक के विजेताओं को मिलेगी खेल वृत्ति

**जगदलपुर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। संचालनालय खेल एवं कल्याण रायपुर द्वारा जारी आदेश के तहत बस्तर ओलंपिक 2024 के संभाग स्तर के विजेता खिलाड़ियों को जूनियर को 2400 एवं सीनियर को 3000 रूपये की खेलवृत्ति प्रदान करने का निर्णय लिया गया है साथ ही बस्तर जिले के लिए 259 खिलाड़ियों को 7 लाख 800 रुपए की खेल वृत्ति स्वीकृत की गई है। उक्त राशि विजेता खिलाड़ियों के बैंक खाते में अंतरित की जाएगी। कलेक्टर हरीश एस ने खिलाड़ी की खेल वृत्ति के आहरण के निर्देश दे दिए हैं सभी खिलाड़ियों को उनके खाते में राशि अंतरित की जाएगी इसी प्रकार बस्तर ओलंपिक के विजेता 38 हॉकी खिलाड़ियों को सीधे रायपुर अकादमी में प्रशिक्षण प्रदान करने का निर्णय लिया गया है, जहां उन्हें आवास, भोजन,शिक्षा, खेल की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

# ऑपरेशन थियरेटर शुरू करने कांग्रेस का धरना

**दंतेवाड़ा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। जिला अस्पताल में ऑपरेशन थियेटर जल्द शुरू करने युवा कांग्रेस ने आज एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस धरना प्रदर्शन में सैकड़ों की संख्या में जिला कांग्रेस कमेटी एवं युवा कांग्रेसी शामिल हुए।




इससे पूर्व भी युवा कांग्रेसियों ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन देकर ओटी जल्द शुरू करने की मांग की थी। जानकारी देते हुए युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गणेश दुर्गा ने बताया कि ऑपरेशन थियेटर शुरू नहीं होने के कारण ग्रामीणों को लगातार परेशानी हो रही है। स्वास्थ्य विभाग के लापरवाही से ठेकेदार मनमानी समय लेकर कार्य पूरा नहीं पा रहा है। जिले के इतने बड़े अस्पताल में करीब छ महीने से ऑपरेशन नहीं हो रहा है। गणेश ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग ओटी जल्द शुरू कराने बिल्कुल भी गंभीर नजर नहीं आ रहा है। दुरस्थ अंचल से पहुंच ग्रामीण गीदम या फिर जगदलपुर जाने पर मजबुर हो रहे हैं। नक्सल इलाका होने के कारण यहां नक्सल घटनाएं होती हैं। ऑपरेशन थियेटर नहीं होने की स्थिति में उन्हें जगदलपुर रिफर किया जाता है। ठेकेदारों की कार्य प्रणाली को देख कर लगता है कि उन्हें स्वास्थ्य विभाग की ओर से अभयदान मिला हुआ है। ओटी निरीक्षण के दौरान हमारी टीम ने देखा था कि काफी निम्न स्तर का सामान ओटी में लगाया जा रहा है, जिसका विरोध हमारे द्वारा किया गया था।

गणेश ने कहा आज नोडल अधिकारी के नाम पर युवक कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में स्वास्थ्य विभाग को दस दिवस का और समय दिया गया है अगर जल्द ही ओटी का संचालन शुरू नहीं हुआ तो अनिर्श्चित कालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान पूर्व विधायक देवती महेंद्र कर्मा, जिप सदस्य सुलोचना कर्मा, वीरेंद्र गुप्ता, विमल सलाम, अजय मरकाम, अनिल कर्मा, मनोज मालवीय, लछ्छु मंडावी, अजय उईके, भोला मरकाम, उमेश कश्यप, अविनाश सरकार, विक्रांत भारती, रधुवीर यादव, अर्जुन भास्कर, गायेंद्र सिंह, शैलेंद्र यादव, किशोर जूरी, करण इक्छाम, दया भास्कर, सुरीज सेठिया, उमेश राणा, नीलेश कुजूर, निखिल टोपो,आयुष यादव, राजकुमार समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

- 6 महीने से परेशान हो रहें मरीज
- पूर्व विधायक देवती सहित कई कांग्रेसी प्रदर्शन में शामिल



**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस और जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन ने कलेक्ट्रेट परिसर में माँ भवानी स्व सहायता समूह, बस्तर द्वारा हर्बल गुलाल व होली सामग्री का स्टॉल लगाया। उसका निरीक्षण कर स्व सहायता समूह के सदस्यों से होली सामग्री क्रय कर उनका उत्साहवर्धन किया ।

## प्रादेशिकी का शेष...

### होली त्यौहार शांति एवं ...

प्रतिनिधियों ने होलिका दहन एवं रंग उत्सव के दिन शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु पर्याप्त पुलिस व्यवस्था, आपात कालीन सेवा हेतु नम्बर जारी करने,अस्पताल में डॉक्टरों की ड्यूटी मय एम्बूलेंस व्यवस्था करने का सुझाव दिया।

**आपातकालीन हेतु दूरभाष नंबर जारी**

आपातकालीन की स्थिति होने पर पुलिस कंट्रोल रूम 07782-222170, 9479194098 और 112 पर संपर्क कर सकते है। बैठक में सीएसपी आकाश ,श्रीमाल वर्मा, एस डी एम भरत कौशिक सहित सामाजिक संस्था के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### राज्य सरकार की पहल पर...

जोरा नाला में बराबर पानी नहीं जा रहा है। जोरा नाला में ज्यादा पानी जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में छत्तीसगढ़ को लगभग औसतन 40.71 प्रतिशत एवं उडिसा राज्य को 59.29 प्रतिशत ग्रीष्म ऋतु में जल प्रवाह हो रहा है। इन्द्रावती नदी में पक्के स्ट्रक्चर के डाउन स्ट्रीम में लगभग 5 कि.मी. में उड़िसा द्वारा अत्यधिक पानी का दोहन किया जा रहा है जिससे छत्तीसगढ़ की सीमा पर इन्द्रावती में न्यूनतम बहाव है। पक्के स्ट्रक्चर के डाउन स्ट्रीम में बाईं ओर इन्द्रावती नदी में कटाव हो रहा है जिसे समझौते के अनुसार इसकी मरम्मत उड़ीसा द्वारा की जानी चाहिए। पक्के स्ट्रक्चर के डाउन स्ट्रीम में दांयी ओर, जोरा नाला में कटाव हो रहा है जो कालांतर में बढ़कर इन्द्रावती में मिल सकता है जिससे इन्द्रावती का बहाव डायवर्ट हो सकता है. समझौते के अनुसार इसकी मरम्मत उड़िसा द्वारा की जानी चाहिए।

6 जनवरी 2021 को उडीसा राज्य जल संसाधन विभाग के दो मुख्य अभियंता एवं अन्य अधिकारी तथा छत्तीसगढ़ राज्य जल संसाधन विभाग के अधिक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता एवं अन्य अधिकारी के साथ जोरा नाला कंट्रोल स्ट्रक्चर का संयुक्त निरीक्षण किया गया जिसमे कंट्रोल स्ट्रक्चर के अपस्ट्रीम में जल भराव हेतु रेत एवं बोल्डर इत्यादी को हटाने व जोरा नाले के घुमाव को सीधा करने के लिए तथा घुमावदार भाग के डाउन स्ट्रीम हिस्से को मिट्टी से बंद करने का अनुरोध किया, इस संबंध में उड़ीसा राज्य जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के द्वारा उनके उच्चाधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही करने का विश्वास दिलाया गया था। वर्ष 2018 के बाद इन्द्रावती नदी में सतत जल का प्रवाह कम हो रहा है ।

# जैविक कृषि में अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मददगार

दंतेवाड़ा, 12 मार्च (देशबन्धु)। जिला पंचायत सभागार में कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के मैदानी अधिकारियों, कृषि मित्रों, कृषि सखियों और जैविक कार्यकर्ताओं के लिए एक कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य कृषि के क्षेत्र में एआई तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देना था, ताकि जैविक खेती में किसानों को उत्पादकता बढ़ाने, लागत कम करने और पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने में मदद मिल सके। इस कार्यशाला में फसल निगरानी और प्रबंधन सैटेलाइट इमेजिंग और ड्रोन एआई का उपयोग करके और सैटेलाइट और ड्रोन से प्राप्त छवियों के विश्लेषण, फसल की स्वास्थ्य स्थिति, मिट्टी की गुणवत्ता और पानी की आवश्यकता का पता लगाने, फसल रोग और कीट प्रबंधन, एआई मॉडल के माध्यम से फसलों में रोग और कीटों की पहचान करने, सटीक कृषि सेंसर के जरिये और मिट्टी, पानी और मौसम की स्थिति की निगरानी करने, एआई इन डेटा का विश्लेषण करके किसानों को सही समय पर सही निर्णय लेने में मदद किए जाने, स्वचालित सिंचाई प्रणाली एआई आधारित सिस्टम मिट्टी की नमी और मौसम की स्थिति के आधार पर सिंचाई को स्वचालित रूप से नियंत्रित किए जाने, फसल पूर्वानुमान यील्ड प्रेडिक्शन एआई मॉडल ऐतिहासिक डेटा, मौसम की स्थिति और मिट्टी की गुणवत्ता का उपयोग करके फसल की उपज का सटीक अनुमान लगाने, मार्केट ट्रेंड एनालिसिस एआइ का उपयोग करके बाजार की मांग और कीमतों का विश्लेषण करने, स्वचालित मशीनरी रोबोटिक्स एआई आधारित रोबोट्स का उपयोग बुवाई, निराई, कटाई और छंटाई जैसे कार्यों में किए जाने, श्रम लागत, कम करने के उददेष्य से स्वचालित एआई से लैस ट्रैक्टर, मिट्टी और पानी प्रबंधन मिट्टी विश्लेषण एआई मिट्टी की गुणवत्ता और पोषक तत्वों का विश्लेषण करके उर्वरकों के उपयोग को अनुकूलित करने के संबंध में जानकारी दी गई।



- दंतेवाड़ा के किसानों को नई तकनीक से मिलेगी बेहतर उत्पादन
- कार्यशाला में कृषि मित्रों, सखियों और जैविक कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण

कार्यशाला में यह भी बताया गया कि एआई जल संसाधनों के प्रबंधन में मदद करता है, जिससे पानी की बर्बादी को कम किया जा सकता है। साथ ही एआई आधारित वर्चुअल असिस्टेंट किसानों को फसल प्रबंधन, बाजार जानकारी और सरकारी योजनाओं के बारे में सलाह देते हैं। पशु पालन की दृष्टि से पशु स्वास्थ्य निगरानी एआई का उपयोग करके पशुओं के स्वास्थ्य और व्यवहार की निगरानी की जाती है, जिससे बीमारियों का समय पर पता लगाया जा सकता है। दुग्ध उत्पादन प्रबंधन एआई डेयरी फार्मों में दुग्ध उत्पादन को अनुकूलित करने में मदद करता है। आपदा प्रबंधन मौसम पूर्वानुमान एआई मॉडल मौसम की स्थिति का सटीक पूर्वानुमान लगाते हैं, जिससे किसानों को आपदाओं से बचने में मदद मिलती है। बाढ़ और सूखा प्रबंधन एआई का उपयोग करके बाढ़ और सूखे की स्थिति का पूर्वानुमान लगाया जाता है, जिससे किसानों को समय पर सुरक्षात्मक उपाय करने में मदद मिलती है।

एआई कृषि के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रहा है, जिससे किसानों को अधिक उत्पादक और टिकाऊ खेती करने में मदद मिल रही है। यह तकनीक न केवल दंतेवाड़ा जिले में उत्पादन बढ़ाने में उपयोगी सिद्ध होगी, बल्कि पर्यावरणीय प्रभाव को भी कम करेगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला प्रशासन से अलका महोबिया, सूरज पंसारी (उपसंचालक, कृषि), भूमगादी संचालक आकाश बढ़वे, मीना मंडावी (सहायक संचालक, उद्यान), केवीके, सहायक संचालक धीरज बघेल और भोले लाल पैकरा सहित 150 ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, कृषक मित्र, जैविक कार्यकर्ता एवं प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे।

# बस्तर पंडुम के गरिमामयी आयोजन के दिए आवश्यक निर्देश



## कलेक्टर ने समय सीमा बैठक में की विकास कार्यों की समीक्षा

**कोण्डागांव,** 12 मार्च (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर कुणाल दुदावत ने में आगामी बस्तर पंडुम के आयोजन को लेकर आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ की अनूठी आदिवासी संस्कृति और परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के उद्देश्य से 'बस्तर पंडुम' का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के माध्यम से बस्तर संभाग की समृद्ध लोककला, रीति-रिवाज, पारंपरिक जीवनशैली और सांस्कृतिक विरासत को संजोने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। सभी जनपद सीईओ को ब्लॉक स्तरीय आयोजन के लिए आवश्यक तैयारी करने के निर्देश देते हुए कहा कि बस्तर पंडुम का आयोजन परंपरागत एवं गरिमापूर्ण ढंग से करें। जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने विभागवार योजनाओं की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने प्रधान मंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत युवाओं के पंजीयन की स्थिति की जानकारी लेकर कहा कि इस योजना के तहत युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है, इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें। कलेक्टर ने एग्रीस्टेक योजना के तहत किसानों के पंजीयन कार्य की समीक्षा करते हुए सभी तहसीलदारों को 20 मार्च तक शेष किसानों का पंजीयन पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सीएससी सेंटर में किसानों से अवैध रूप से पैसे वसूलने की शिकायतों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन के लिए 31 मार्च तक सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के शासकीय ईमेल निर्माण और प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे प्रशासनिक प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और त्वरित बनाया जा सके। उन्होंने प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत कार्यों की विकास खंडवार समीक्षा करते हुए आवास प्लस के तहत पंजीयन कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत सफाई अभियान की नियमित निगरानी के निर्देश दिए और गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई करने हेतु संबंधित एसडीएम को निर्देशित किया।

इसके अलावा कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि विशेषकर रात्रि के समय चिकित्सकों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित हो ताकि मरीजों को असुविधा न हो। उन्होंने जिले के नगरीय निकायों में अवैध प्लाटिंग पर सख्ती बरतने के निर्देश दिए और कहा कि अवैध प्लाटिंग के मामलों की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

बैठक में मुख्य मंत्री जनदर्शन एवं कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों सहित समय-सीमा में लंबित विभिन्न प्रकरणों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, डीएफओ एन.गुरूनाथन, आर.के.जांगड़े सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने किया परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण, परखीं आवश्यक व्यवस्थाएं



**कांकेर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। माध्यमिक शिक्षा मंडल छत्तीसगढ़ द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं का संचालन गत 1 मार्च से किया जा रहा है। इसके लिए जिले में कुल 130 परीक्षा केन्द्र स्थापित किए गए हैं, जहां पर पंजीकृत नियमित स्वाध्यायी परीक्षार्थी विषयवार परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं। परीक्षा केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं का अवलोकन व निरीक्षण करने कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने आज सुबह शहीद रामकुमार यादव शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर का आकस्मिक दौरा किया। इस दौरान वहां पर कक्षा 10वीं के सभी परीक्षार्थी व्यावसायिक पाठ्यक्रम की परीक्षा देते नजर आए। साथ ही परीक्षा कक्ष में पर्यवेक्षक एवं शिक्षक उपस्थित पाए गए। परीक्षा केन्द्र में विद्युत, पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था थी।

उक्त परीक्षा केन्द्र में आज कक्षा दसवीं के व्यावसायिक ट्रेड के अंतर्गत रिटेल एवं ब्यूटी एंड वैलनेस विषय की परीक्षा आयोजित थी, जिसमें रिटेल विषय की परीक्षा में 20 एवं ब्यूटी एंड वैलनेस विषय में 26, इस प्रकार कुल 46 परीक्षार्थी उपस्थित थे। बोर्ड परीक्षा की जिला नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर सुश्री आस्था बोरकर ने बताया कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 01 से 28 मार्च तक संचालित की जा रही हैं। जिले में इसके लिए कुल 130 परीक्षा केन्द्र स्थापित किए गए हैं, जहां कक्षा 10वीं में कुल 11728 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया है, जिनमें 11 हजार 480 नियमित और 248 स्वाध्यायी परीक्षार्थी सम्मिलित हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कक्षा 12वीं में कुल 08 हजार 809 पंजीकृत परीक्षार्थी विषयवार परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी श्री अशोक पटेल उपस्थित थे।

# कलेक्ट्रेट परिसर में स्व-सहायता समूह ने हर्बल गुलाल का लगाया स्टॉल

**कोण्डागांव,** 12 मार्च (देशबन्धु)। कोण्डागांव जिला कार्यालय परिसर में फरसगांव विकास खण्ड के ग्राम झाटीबन के मां शीतला स्व सहायता समूह द्वारा अपने निर्मित हर्बल गुलाल के विक्रय के लिए स्टॉल लगाया गया है। उक्त स्टॉल में मंगलवार को कलेक्टर कुणाल दुदावत, डीएफओ एन.गुरूनाथन व आर.के.जागड़े सहित जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई द्वारा हर्बल गुलाल का क्रय किया गया। ऐसे ही जिला कार्यालय के अधिकारियों तथा यहां आने वाले आगंतुकों में भी हर्बल गुलाल क्रय करने हेतु उत्साह देखने को मिला। यह स्टॉल जिला कार्यालय परिसर में 13 मार्च तक खुला रहेगा।



## कलेक्टर सहित अधिकारियों ने भी खरीदा हर्बल गुलाल

इस संबंध में पीआरपी सागर सेठी ने बताया कि विगत 5 वर्षों से झाटीबन की मां शीतला स्व सहायता समूह द्वारा हर वर्ष होली के अवसर पर हर्बल गुलाल बेचा जाता है। हर्बल गुलाल को पलास, धवई, सिन्दुर, मेहन्दी, चुकन्दर, लाल भाजी, पालक, हल्दी एवं गुलाब जल से बनाया जा रहा है, जिसमें कृषि विज्ञान केन्द्र कोण्डागांव द्वारा समूह को तकनीकी मार्गदर्शन के साथ आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराये गये हैं। यह गुलाल होली पर बाजारों में बिकने वाले हानिकारक रासायनिक गुलालों से होने वाले दुष्प्रभावों जैसे त्वचा में एलर्जी, अस्थमा, सिर दर्द, खुजली एवं इन्फेक्शन से बचाता है तथा त्वचा को शीतलता प्रदान करते हुए प्राकृतिक वस्तुओं से बनने के कारण त्वचा के लिए गुणकारी भी होता है। हर्बल गुलाल के निर्माण हेतु समूह के सदस्यों द्वारा वर्ष भर आवश्यक वनोत्पादों का संग्रहण किया जाता है। कलेक्टर परिसर के अलावा होली के पूर्व घड़ी चौक में भी हर्बल गुलाल का स्टॉल लगाकर विक्रय किया जाएगा।

# हाई स्कूल जोबा के शिक्षक-शिक्षिकाओं पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की हुई मांग

**कोण्डागांव,** 12 मार्च (देशबन्धु)। कार्य में लापरवाही बरत रहे हाई स्कूल जोबा के शिक्षक-शिक्षिकाओं पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की जागरुक ग्रामीणजनों द्वारा मांग करने का मामला सामने आया है।



ग्राम पंचायत जोबा के ग्राम जोबा एवं आश्रित ग्राम बड़े उसरी, तहसील एवं जिला कोण्डागांव, छत्तीसगढ़ के निवासी मुकेष मण्डावी, सुखचरन बघेल, चंदन नेताम, नरेंद नेताम एवं तुलसी राम बघेल ने 11 मार्च 2025 को जिला मुख्यालय कोण्डागांव में पहुंचकर जिला षिक्षा अधिकारी जिला कोण्डागांव को कार्य में लापरवाही बरत रहे हाई स्कूल जोबा के षिक्षक-षिक्षिकाओं पर अनुषासनात्मक कार्यवाही करने बाबत। विषयवस्तु की लिखित में षिकायत किया है। शिकायत पत्र में उल्लेख किया है कि 07 मार्च 2025 को हमने देखा कि स्कूल संचालन अवधी में हाई स्कूल जोबा के परिसर के अंदर विद्यार्थीगण पढ़ाई-लिखाई करने के बजाय हो हल्ला कर रहे हैं, खेल रहे हैं। जब हमने स्कूल के अंदर जाकर देखा और उसी परिसर में संचालित मीड़िल स्कूल के षिक्षकों एवं विद्यार्थियों से पूछा तो पता चला कि 07 मार्च 2025 को ही 9 वीं कक्षा के विद्यार्थियों का संस्कृत विशय का परीक्षा होना था। लेकिन हाई स्कूल में पदस्थ एक भी षिक्षक-षिक्षिका उपस्थित नहीं थे। ज्ञात हो कि हाई स्कूल जोबा में संत कुमार सोरी, जीवन लाल जैन, नृपेंन चंद राय, बुधमन मौर्य एवं श्रीमती श्वेता दुबे नामक शिक्षक-शिक्षिका पदस्थ हैं। पूछने पर कुछ विद्यार्थियों ने बताया कि जीवन लाल जैन लगभग हर साल परीक्षा के समय लंबी छुट्टी पर चले जाते हैं। शिक्षक-शिक्षिकाओं के द्वारा बच्चों को पढ़ाने में ध्यान नहीं देने से ग्रामीण क्षेत्र के हमारे बच्चे अच्छी षिक्षा पाने से वंचित हो रहे हैं। हम ग्रामीणों के द्वारा यह शिकायत सद्भावनापूर्वक किया जा रहा है, ताकि शिक्षक-शिक्षिकाओं के द्वारा बच्चों को पढ़ाने में ध्यान दिया जाए और हमारे बच्चे भी अच्छी बेहतर षिक्षा ले सकें। उपरोक्त लेख करने के बाद जिला षिक्षा अधिकारी से आग्रह किया है कि कार्य में लापरवाही बरत रहे हाई स्कूल जोबा के शिक्षक-शिक्षिकाओं पर अनुषासनात्मक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

## सार-संक्षेप

### केन्द्रीय के पहली कक्षा में प्रवेश हेतु पंजीयन 21 तक

**कोण्डागांव,** 12 मार्च (देशबन्धु)। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए केन्द्रीय विद्यालय कोंडागाँव में कक्षा-1 में प्रवेश के लिए ऑन लाइन पंजीकरण शुक्रवार 21 मार्च रात्रि 10 बजे तक ऑन लाइन माध्यम से होगा। केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि प्रवेश संबंधित विवरण विद्यालय के वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। कक्षा-1 में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 6 वर्ष पूर्ण तथा अधिकतम आयु 8 वर्ष से कम होना अनिवार्य है। आयु की गणना 31 मार्च 2025 के अनुसार होगी। कक्षाओं में सीटों का आरक्षण केन्द्रीय विद्यालय संगठन के प्रवेश दिशा-निर्देश 2025-26 के अनुसार किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट पर अवलोकन किया जा सकता है।

# हर्बल गुलाल को मिला कांकेर के बाजार में स्थान

**कांकेर**, 12 मार्च (देशबन्धु)। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के तहत गठित महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पाद हर्बल गुलाल उनकी आय का जरिया बन गया है। रंगों के पर्व होली में अब रसायनयुक्त रंग एवं गुलाल की जगह हर्बल रंग-गुलाल स्थान लेने लगा है, जिससे वे न सिर्फ पर्यावरण और स्वास्थ्य की सुरक्षा में भी अपना योगदान दे रही हैं, अपितु उन्हें जीविकोपार्जन का सशक्त माध्यम भी मिल गया है। समूह द्वारा निर्मित हर्बल रंग-गुलाल अब कांकेर के पुराना बस स्टैण्ड के समीप मुख्य मार्ग पर स्थित सी-मार्ट एवं कलेक्टर कार्यालय परिसर में खरीदा जा सकेगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मंडावी ने बताया कि कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जिले के विकासखण्ड कांकेर, दुर्गूकोंदल, नरहरपुर एवं भानुप्रतापपुर में गठित 06 महिला स्वसहायता समूह की 45 महिला सदस्यों द्वारा प्राकृतिक रंग हर्बल गुलाल बनाया जा रहा है। इस हर्बल गुलाल की विशेषता यह है कि इसके प्राकृतिक पदार्थ जैसे पालक भाजी, धनिया के पत्ते, पलाश के फूल, गैंदे के फूल, हल्दी, मेहंदी की पत्ती, धंवई के फूल, चुकंदर, सिंदूर के बीज एवं अरारोट का आटा का उपयोग गुलाल तैयार करने में किया जाता है। चूंकि समूह द्वारा बनाये गये उत्पाद में शुद्धता शत-प्रतिशत होती है एवं विश्वसनीय होती है। उन्होंने बताया कि गत वर्षों से जिले में बिहान योजना से जुड़े समूहों द्वारा हर्बल गुलाल बनाया जा रहा है, यह केमिकल फ्री होने के कारण इस गुलाल को काफी पसंद किया जा रहा है। इससे त्वचा में किसी भी प्रकार का साईड इफेक्ट नहीं होता है। विकासखण्ड भानुप्रतापपुर की श्रीमती भारती साहू, धनेश्वरी दुग्गा और विकासखण्ड कांकेर के ग्राम सिंगारभाट की शोभा प्रसाद द्वारा हर साल हर्बल गुलाल बनाया जाता है। समूह सदस्यों द्वारा इस वर्ष कुल 287 किलोग्राम हर्बल गुलाल उत्पादित कर 195 किलोग्राम 200 रूपए प्रतिकिलो की दर से 39 हजार रूपए का विक्रय किया गया है, जिसमें 19 हजार 220 रूपए का शुद्ध लाभ प्राप्त हो चुका है। इसके अलावा समूह द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल शासकीय कार्यालयों में स्टॉल लगाकर एवं हाट-बाजार के माध्यम से विक्रय किया जा रहा है।



## आजीविका के साथ समूह की महिलाओं के हर्बल उत्पाद को भी मिल रहा प्रतिसाद

# आयुष विभाग का फरसपाल में शिविर

**दंतेवाड़ा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया के मार्गदर्शन और कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के कुशल निर्देशन में आयुष विभाग द्वारा दंतेवाड़ा में विभिन्न विकासखण्डों में स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है।




दंतेवाड़ा के पोन्दूम के बाद गीदम के फरसपाल में यह शिविर आयोजित हुआ। फरसपाल शिविर में वात रोग, बवासीर, अर्श भगंदर, पीलिया, बीपी, शुगर, मलेरिया, हिमोग्लोबिन जैसे रोगों का ईलाज हुआ। रक्त परीक्षण कर निःशुल्क आयुर्वेद दवा प्रदान की गई। राष्ट्रीय कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. जगदम्बा पण्डा आयुर्वेद विशेषज्ञ ने बताया कि प्रत्येक गुरूवार को सियान जतन योजना का संचालन हो रहा है। स्कूली बच्चों को आयुर्वेद विद्या कार्यक्रम के तहत आयुष की जानकारी दी जा रही है। एनीमिया, सुप्रजा, फाइलेरिया, कुपोषण, वयो मित्र (वृद्ध जनों के लिए), ऑथरॉइटिस, वात रोग का परीक्षण कर ईलाज भी किया जा रहा है और जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी तरह गर्भवती माताओं के लिए भी कार्यक्रम संचालित हो रहा है। जतन कार्यक्रम के तहत आयरन तथा उच्च पोषण आहार प्रदान करने की जानकारी दी जा रही है। पूरे प्रदेश में आयुष विभाग द्वारा 9 राष्ट्रीय कार्यक्रमों का संचालन हो रहा है। आदिवासी बहुल दंतेवाड़ा जिले में भी प्राचीन आयुष चिकित्सा पद्धति को जन-जन तक पहुंचाने और स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से जागरूकता के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। शासन-प्रशासन के सहयोग से अब जन-जन के बीच यह चिकित्सा पद्धति भी लोकप्रिय हो रही है।

- मरीजों का परीक्षण, निःशुल्क दवा वितरण
- जिले के चारों ब्लाक में होंगे शिविर
- जन-जन तक पहुंच रही आयुष चिकित्सा पद्धति

# चारामा पुलिस थाना में शांति समिति की बैठक



**चारामा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। 14 मार्च होली पर्व को लेकर पुलिस थाना चारामा के द्वारा शांति समिति की बैठक थाना परिसर में आयोजित की गई। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष भुनेश्वर नागराज, व्यापारी संघ के अध्यक्ष युगल खत्री, अनुविभीय अधिकारी श्री बंजारा, तहसीलदार सत्येन्द्र शुक्ल, नायाब तहसीलदार कृष्णा पाटले, प्रवीण नेताम, थाना एसआई प्रेमशंकर ठाकुर, नगर के सभी वार्ड पार्षद, ग्राम पंचायतों के सरपंच, सहित नगरवासी एवं पत्रकार बैठक में उपस्थित हुए। बैठक मे होली के पर्व को शांति तरीके से मनाने की अपील की गई। नगर के हर चौक चौराहो पर पुलिस उपस्थित रहेगी, ग्राम पंचायतो में पुलिस गस्त करती रहेगी, पुलिस की नजर वाहनो में तीन सवारी बैठकर घुमने वाले, शराब पीकर गाडी चलाने एंव जबरजस्ती रंग लगाने वालो और नाबालिको के द्वारा सडक पर वाहन चलाने पर रहेगी, बोर्ड की परीक्षाओं को देखते हुए ध्वनि यंत्रों को पर प्रतिबंध रहेगा. नियमों के उल्लंघन पर पर तत्काल कार्यवाही की जायेगी। 14 मार्च होली शुक्रवार को है वर्तमान मे रमजान एंव शुकवार को जुम्मा की नवाज होगी, जिस पर सुरक्षा व्यवस्था की जायेगी। सभी धार्मिक भाईचारा के साथ शांति पूर्वक होली खेले। किसी भी वाद विवाद की स्थिति पैदा न होने दे एंव किसी विवाद की स्थिति पर तत्काल पुलिस को सूचना अवश्य दे। ग्राम के सरपंच एंव कोटवार ग्राम पंचायतो में शांति एंव सुरक्षा पर विशेष ध्यान दे।

# कलेक्टर ने की आकांक्षी विखं माकड़ी में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा

**कोण्डागांव,** 12 मार्च (देशबन्धु)। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बुधवार को माकड़ी स्थित जनपद पंचायत भवन में आयोजित बैठक में आकांक्षी विकास खण्ड माकड़ी में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायतों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी ग्रामीण पेयजल से वंचित न रहे और सभी घरों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। सभी आंगन बाड़ी केन्द्रों, शाला भवनों सहित अन्य शासकीय भवनों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किया जाएगा। आंगन बाड़ी भवनों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए तथा पानी टंकी स्थापित करने के लिए शासन द्वारा विशेष पहल की गयी है। इसे सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं पंचायत के प्रतिनिधि कार्य करेंगे। अच्छी स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के निर्देश देने के साथ ही स्वास्थ्य केन्द्रों में उपलब्ध सुविधाओं का प्रदर्शन करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने हिमोग्लोबिन जांच में हो रही देरी पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए इसे तत्काल सुधारने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य केंद्रों में होने वाली जांचों की गति को तेज किया जाए ताकि मरीजों को समय पर उपचार मिल सके। उन्होंने कहा कि घर में प्रसव के मामलों में स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी और मितानीन को जिम्मेदार ठहराया जाएगा।



## पेयजल, स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर दिया जोर

कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए आय, जाति और निवास प्रमाण पत्रों के प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही, अपार आईडी से संबंधित कार्यों को भी शीघ्र पूरा करने के लिए भी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही शालाओं को उपलब्ध कराए गए सभी टेलीविजन का लाभ विद्यार्थियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।शिक्षा के क्षेत्र में कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षाओं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों के अगले शैक्षिक सत्र में प्रवेश की प्रक्रिया को सुनिश्चित करने, शिक्षा विभाग को विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए सख्त निर्देश दिए। छात्रावासों में सुविधाओं के संबंध में भी कलेक्टर ने निर्देश दिए कि छात्रावासों में छात्रों को सभी आवश्यक सुविधाएं दी जाए।

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अनुविभागीय दण्डाधिकारी अजय उरांव सहित जिला एवं विकास खण्ड स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# शपथ लेते ही सक्रिय हुए अध्यक्ष रजनीश

## पार्षद सूरज के साथ गीदम के वार्ड 8 और 9 का भ्रमण किया

**दंतेवाड़ा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। गीदम नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना एवं पार्षद सूरज सिंह ठाकुर ने आज वार्ड क्रमांक 8 एवं 9 का भ्रमण किया। वार्ड में मूलभूत समस्या पेयजल, नाली की निकासी, बोर, लाइट जैसी समस्याओं को करीब से समझ कर उसके निदान करने का प्रयास किया गया।



अध्यक्ष रजनीश एवं पार्षद सूरज ने वर्षों से अधूरी, अपूर्ण नाली को तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही कई स्थानों पर वार्डवासियों के द्वारा बताया गया कि भूमि के कारण अधूरे नाली को पूरा करने में समस्या आ रही थी, जिसे ध्यान में रखते हुए तहसीलदार से फोन में बात कर उस समस्या का समाधान निकाला गया। निरीक्षण के दौरान पेय जल की समस्या का तत्काल निदान करने हेतु इंजीनियर को निर्देशित किया गया। वार्ड भ्रमण में वार्डवासियों की समस्या को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु आश्वस्त किए। इस त्वरित कार्यवाही के लिए वार्डवासियों ने भी अध्यक्ष एवं पार्षद को धन्यवाद दिया। वार्ड भ्रमण के दौरान मुख्य रूप से नगर पंचायत के इंजीनियर, पूर्व पार्षद शोएब रिजवी, हरि, रमन, फंडे एवं वार्डवासी उपस्थित रहें।

# कैपिटल ज़ोन

**उल्टा पुल्टा**

गोलू- एक पड़ोसी से- मैं आपकी बेटी से शादी करना चाहता हूं.पड़ोसी- कितना कमा लेते हो?

गोलू- 20 हजार रुपये प्रति माह.पड़ोसी- मैं अपनी बेटी को 15 हजार रुपये प्रति माह पॉकेट मनी देता हूं.गोलू- मैं भी तो उसी को जोड़कर ही तो बता रहा हूं.

## संपादकीय

### कानून हाथ में न ले कोई

*हाल के दिनों में लोगों द्वारा कानून अपने हाथों में लेने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। यह एक खतरनाक प्रवृत्ति है जिससे समाज में सिर्फ अराजकता और अशांति ही होगी। पुलिस और सरकार को भी चाहिये कि ऐसे तत्वों पर सख्त कार्रवाई करे। किसी की गलती होने या उसके द्वारा छोटा-मोटा अपराध किये जाने पर अन्य लोग आरोप सिद्ध होने के पहले ही या आशंका मात्र से किसी के साथ मार-पीट करने लगते हैं। यह किसी व्यक्ति द्वारा किये गये अपराध से भी बड़ा कृत्य है क्योंकि इससे जो न्यायिक प्रक्रिया है वह अवरूद्ध होती है। साथ ही, किसी आरोपी के साथ हुई मार-पीट से यदि उसकी मृत्यु हो जाती है तो उसके अन्य अपराधों की भी जांच-पड़ताल खत्म हो जाती है। इसलिये नागरिकों को चाहिये कि वे समाज को असभ्य व बर्बर न होने दें। यदि इस प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलता है तो कभी भी किसी का भी नम्बर आ सकता है।*

*देश में किसी भी तरह का अपराध होने पर उसकी सुनवाई, न्याय करने और दण्ड देने की निश्चित प्रक्रिया है। किसी के साथ कोई अपराध हो तो उसे पुलिस के पास जाना चाहिये, न कि स्वयं ही मार-पीट की जाये। अक्सर ट्रेनों में सीट या जगह के लिये, पार्किंग को लेकर अथवा रास्ते पर वाहनों की भिड़ंत होने की स्थिति में लोग आपस में लड़कर ही मामला निपटा लेने चाहते हैं। इसमें कमजोर को शक्तिशाली के हाथों या फिर निहत्थे को शस्त्रधारी के द्वारा अथवा अकेले को अनेक द्वारा मिलकर पीटा या मार डाला जाता है जो न्याय सिद्धांत के खिलाफ है। ऐसे सैकड़ों कारण हैं जिनके चलते सरे आम सड़कों या घरों में लोग हिंसा का प्रयोग करते दिखते हैं जबकि हमारी न्याय व्यवस्था पर्याप्त सक्षम है कि वह दोषियों को दण्डित कर सके। फिर, कानून के सामने सभी समान होते हैं जिसके कारण सभी को अपनी बात कहने का अवसर होता है।*

*अंबिकापुर के एक रिहायशी इलाके में मंगलवार को जो हुआ वह इसी बात का सबूत है कि लोग कानून अपने हाथों में लेकर खुद ही आरोपी को दण्ड देने की इच्छा रखते हैं। एक घर के बाहर से दो व्यक्ति स्कूटी चुराते हुए पकड़े गये। एक तो भाग खड़ा हुआ लेकिन दूसरा लोगों की पकड़ में आ गया। उन्होंने युवक के हाथ गमछे से बांध दिये तथा देर तक उसकी पिटाई करते रहे। इसके चलते वह आरोपी बेहोश हो गया। इसके बाद पुलिस को खबर की गयी जिसने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। इस तरह की घटनाएं अक्सर होती रहती हैं जिन्हें टाला जाना चाहिये। गलतफहमी के चलते भी किसी के साथ ऐसा हो सकता है जो उसके साथ अन्याय ही कहा जाएगा। पुलिस को चाहिये कि वह कानून अपने हाथों लेने वाले तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करे।*

# होली पर 24 घंटे जारी रहेगी आपात चिकित्सा सेवा

## अंबेडकर अस्पताल के मेडिकल स्टाफ को विशेष निर्देश, शहर में सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद




**रायपुर**, 12 मार्च (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल और स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल के दिशा निर्देश पर होली के त्योहार को ध्यान में रखते हुए अम्बेडकर अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने की व्यवस्था की गई है। अस्पताल अधीक्षक डॉ संतोष सोनकर ने डॉक्टरों नर्सिंग स्टाफ पैरामेडिकल स्टाफ और अन्य संबंधित विभागों को अलर्ट मोड में रहने के लिए निर्देशित किया है।

होली के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना या आपातकालीन चिकित्सा स्थिति के संभावित मामलों को देखते हुए आपात चिकित्सा सेवाओं को चौबीसों घंटे चालू रखने के निर्देश दिए गए हैं। होली के दिन 14 मार्च को शासकीय अवकाश होने के कारण ओपीडी बाह्य रोगी विभाग बंद रहेगा लेकिन इमरजेंसी सेवाएं पूर्ववत 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी।

**आपात चिकित्सा सेवाओं को लेकर विशेष प्रबंध**-आपातकालीन वार्डों में जीवन रक्षक दवाओं और आवश्यक संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। मेडिकल स्टाफको अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए गए हैंए ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल सहायता दी जा सके। सभी डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफको इमरजेंसी ड्यूटी के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया गया है। मरीजों को समय पर इलाज मिल सकेए इसके लिए ट्रॉमा और इमरजेंसी यूनिट को विशेष रूप से सशक्त किया गया है।

अस्पताल परिसर में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए सुरक्षा गार्ड और बंदूकधारी गार्ड तैनात किए गए हैं। सिक्योरिटी सुपरवाइजर को विशेष सतर्कता बरतने और सुरक्षा स्टाफको चौकसी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। आपात स्थिति में कानून.व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस से समन्वय किया गया है।

**अस्पताल से डीकेएस अस्पताल तक एंबुलेंस सेवा उपलब्ध**

गंभीर मरीजों को आवश्यकतानुसार चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए डीकेएस अस्पताल स्थित सुपर स्पेश्यलिटी विभाग में भेजने की प्रक्रिया को तेज और सुगम बनाने के लिए अम्बेडकर अस्पताल से डीकेएस अस्पताल तक एम्बुलेंस सेवा 24 घंटे सक्रिय रहेगी। अस्पताल प्रशासन ने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि होली का त्योहार सावधानीपूर्वक मनाएं और किसी भी आकस्मिक चिकित्सा स्थिति में घबराए बिना अस्पताल की आपातकालीन सेवाओं का लाभ उठाएं।

**होली से पहले रायपुर में दुकानों की जांच शुरू**

# मिठाई के 50 सैंपल में से दो मिले अमानक



होली में मिलावटी मिठाई के कारोबार में वृद्धि की आशंका को देखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मिठाई की दुकानों की जांच शुरू कर दी है। कई दुकानों से नमूने लिए गए। इसके अतिरिक्त संचालित खाद्य प्रयोगशाला में 50 नमूनों की जांच की गई। इसमें से 48 नमूने मानक और दो नमूने अमानक पाए गए। विवान फूड प्रोफेसर कॉलोनी अग्रवाल मिठाई वाला दावड़ा कॉलोनी पचपेड़ी नाका कलकत्ता स्वीट टाटीबंध रायपुर और न्यू दिल्ली स्वीट्स रायपुर से नमूने लिए गए। गुलाब जामुन ;खुला कुंदा लूसए चमचम लूस और गुजिया के चार.चार विधिक नमूने लिए गए।

बता दें कि राजधानी में तकरीबन एक हजार मिठाई दुकानें हैं। इनमें होली के त्योहार में खपाने के लिए मिठाइयां बनकर तैयार हैं। एक दिन में चार मिठाई दुकानों की जांच हुई है। ऐसे में होली के बाद भी एक चौथाई दुकानों की जांच नहीं हो पाएगी।

**पनीर की भी की गई जांच**

बंद बता दें कि दीवाली और उसके बाद विभाग ने कई चिंटल मिलावटी पनीर जब्त किया था। कार्रवाई में विवाद होने के बाद से पनीर की जांच बंद हो गई है। जबकि पहले बंद की गई फैक्ट्री के फिर से शुरू होने की खबर है। ट्रेनों और बसों के रास्ते से दूसरे राज्यों से पनीर और खोवा की खेप आ रही है।

**सड़कों पर मुरूम बिछाने में जुटा निगम**

होलिका दहन 13 मार्च को है और 14 मार्च को होली खेली जाएगी। नगर निगम अमला होलिका दहन स्थलों पर मुरुम बिछाने का कार्य शुरू कर दिया है। वहींए आयुक्त विश्वदीप ने अधिकारियों से कहा कि होलिका स्थलों पर पेयजल की आपूर्ति और पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था होनी चाहिए।

उन्होंने सभी 10 जोन कमिश्नरों से कहा कि शहर में प्रस्तावित होलिका दहन स्थल पर मुरुम पहले से ही बिछा दिया जाए। इससे सड़कों को खराब होने से बचाया जा सकेगा। साथ ही गली.मोहल्लों और चौक.चौराहों की होलिका समितियों को भी कहा जाए कि मुरुम के ऊपर ही होलिका जलाई जाए।

# होली के दिन बदला जुम्मे की नमाज का समय

## वक्फ बोर्ड ने सभी मस्जिदों के पदाधिकारी को भेजा पत्र



**रायपुर**, 12 मार्च (देशबन्धु)। होली के दिन शुक्रवार को छत्तीसगढ़ की मस्जिदों में नमाज के वक्त में बदलाव किया गया है। छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने बताया, सामाजिक समरसता बनी रहे, इस वजह से यह फैसला लिया गया है। ज्यादातर मस्जिदों में दोपहर एक बजे होने वाली नमाज अब 2 से 3 बजे के बीच होगी।

शुक्रवार को होली है, इस वजह से यह बदलाव किया गया है। सभी मस्जिदों के पदाधिकारी को इस संबंध में वक्फ बोर्ड की ओर से पत्र भेज दिया गया है।

इस बार शुक्रवार को होली है। इस दिन मुस्लिम समुदाय के लोग जुम्मे की नमाज पढ़ते हैं। दोपहर 12 बजे जोहर की नमाज होती है। इस नमाज को पढ़ने के लिए नमाजी मस्जिद के लिए निकलेंगे तो विवाद की आशंका है इसलिए छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष ये निर्णय लिया है और सभी से शांति बनाए रखने की अपील की है. छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड अध्यक्ष द्वारा लिए गए निर्णय का बीजेपी ने स्वागत किया है।

# भूपेश बघेल को सीडी केस से बरी करने के खिलाफ चुनौती

**रिवीजन केस फाइल, सुनवाई जल्द शुरू होगी**

**रायपुर**, 12 मार्च (देशबन्धु)। 2017 में चर्चा में आए सेक्स सीडी केस में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ख़िलाफ़ केस हटाने के अदालत के आदेश को सीबीआई ने चुनौती दी है। रायपुर में सीबीआई की विशेष कोर्ट ने सेक्स सीडी मामले से भूपेश के ख़िलाफ़ केस इस आधार पर ख़त्म करने के आदेश दिए थे कि उनके ख़िलाफ़ मुक़दमा चलाने का कोई आधार नहीं बनता। वकीलों ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि सीबीआई ने इस मामले में बुधवार को लोवर कोर्ट में रिवीजन फाइल किया, जिसे सेशंस में ट्रांसफर कर दिया गया है। रिवीजन पर सुनवाई की तारीख जल्द ही मिल जाएगी।

बहुचर्चित सेक्स सीडी कांड की सात साल बाद सुनवाई शुरू करने वाली सीबीआई की विशेष अदालत ने पिछले मंगलवार को पूर्व सीएम और कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल को साफ़ बरी कर दिया था। अदालत ने इस मामले में सीबीआई और बचाव पक्ष की जिरह सुनने के बाद कहा था कि भूपेश बघेल के ख़िलाफ़ सेक्स सीडी मामले में मुक़दमा चलाने का कोई आधार ही नहीं है। अदालत ने भूपेश बघेल के ख़िलाफ़ दर्ज केस को ही ख़ारिज कर दिया था। इसी फ़ैसले के खिलाफ सीबीआई फिर अदालत पहुँची है।

सेक्स सीडी मामला अक्टूबर में 2017 को तब सामने आया था, जब पुलिस ने भूपेश के करीबी सहयोगी विनोद वर्मा को दिल्ली से गिरफ्तार किया था और कुछ सीडी बरामद की थीं। रायपुर में उसी दिन सीडी वायरल हो गई थी। उस समय छत्तीसगढ़ में डॉ रमन सिंह की सरकार थी। तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेश बघेल को तब इस केस में आरोपी बनाते हुए गिरफ्तार कर लिया गया था, क्योंकि तब भूपेश ने कथित तौर पर कहा था कि सीडी तब के मंत्री राजेश मूणत की है। हालांकि जिस दिन सीडी वायरल हुई, उसी शाम यह स्पष्ट हो गया था कि सीडी मर्फ़ करके बनाई गई है।

गूगल से पोर्न क्लिक निकालकर उसने मंत्री का चेहरा फिट कर दिया गया था। जांच में यह खुलासा भी हुआ था कि यह फर्जी सीडी मुंबई में 2017 के शुरू में बनाई गई थी और बनाने वाले युवक से सीडी छत्तीसगढ़ के ही कुछ लोगों ने 90 हज़ार रुपए में खरीदी थी। तब पुलिस ने इसी मामले में भूपेश और विनोद को अरेस्ट कर लिया था। बाद में दोनों जमानत पर रिहा भी हो गए थे। उसके बाद चुनाव हुए और भाजपा को हराकर कांग्रेस ने सरकार बनाई। भूपेश बघेल सीएम बने और मामला ठंडे बस्ते में चला गया। 2024 में फिर भाजपा की सरकार बनी, तो यह मामला भी उछला। साय सरकार ने केस सीबीआई को सौप दिया।

# रायपुर जिपं चुनाव की तारीख फिर बढ़ाने के खिलाफ कलेक्ट्रेट में कांग्रेस का प्रदर्शन



**रायपुर**, 12 मार्च (देशबन्धु)। रायपुर जिला पंचायत की तारीख़ आज पुन: बढ़ाने को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन कर तानाशाही का विरोध किया।

कांग्रेस सयुक्त महासचिव विनोद तिवारी ने बताया 23 फरवरी को तीसरे चरण का चुनाव होने के पश्चात 5 मार्च को जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव की घोषणा की गई। 3 तारीख़ को प्रशासन द्वारा चुनाव की तारीख़ आगे बढ़ा कर 12 मार्च कर दी गई। 12 मार्च को 11 बजे पुन: चुनाव को स्थगित कर 20 मार्च की तारीख़ तय की गई है

आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं को इस बात की जानकारी मिली की आज फिर पुन: ज़िला पंचायत चुनाव को निरस्त कर दिया गया है इसके विरोध में कार्यकर्ताओ द्वारा जम कर विरोध किया गया। कलेक्ट्रेट में तपती दोहरी में ज़मीन में बैठ कर कार्यकर्ता घंटों प्रदर्शन करते रहे। एडिशनल कलेक्टर राठौर द्वारा प्रदर्शनकारियों से चर्चा कर आगे की तारीख़ से अवगत कर आगामी तारीख़ में चुनाव कराने का आश्वासन दिया।

विनोद तिवारी ने कहा की भाजपा के पास जिला पंचायत में बहुमत नही है इसलिए भाजपा के इशारे पर बार बार चुनाव की तारीख़ बढ़ाई जा रही है। ताकि किसी तरह जोड़ तोड़ कर अपना अध्यक्ष बना ले। किंतु भाजपा के लिए ऐसा संभव नही है कांग्रेस के पास बहुमत होने की वजह से भाजपा इस बात से चिंतित है की राजधानी में कांग्रेस का अध्यक्ष ना बने इसलिए भाजपा द्वारा लोकतंत्र का गला घोटा जा रहा है पर ये अपने मंसूबे में सफल नही होंगे।

# कचरा से बायो गैस प्लांट, रांवाभाटा से दूर लगाने कलेक्टर-आयुक्त को ज्ञापन



**रायपुर**, 12 मार्च (देशबन्धु)। बीरगांव नगर निगम के महापौर नंदलाल देवांगन ने बताया कि रायपुर नगर पालिक निगम द्वारा भारत पेट्रोलियम कंपनी के सहयोग से नगर पालिक निगम बीरगांव के रांवाभाटा में कचरा से बायो गैस प्लांट लगाने का निर्णय लिया गया है। रायपुर नगर निगम के इस निर्णय से आमजनता में अत्यंत आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय जनप्रतिनिधि भी इस निर्णय के खिलाफ है। उन्होने कहा कि बीरगांव में पहले से ही 24 घंटे कल-कारखानों एवं भारी वाहनों से निकला काला धुंआ इस तरह से फैला हुआ है कि स्वस्थ वायु में सांस लेना दूभर हो गया है। हम सभी उद्योगो के प्रदूषण की मार तो झेल ही रहें है उपर से इस प्लांट के लगने से पूरा क्षेत्र, शहर के चारो तरफ से इकठा किये गये कचरे से बदबूदार हो जायेगा। इसके कारण अनेक असाध्य रोग भी जन्म लेंगे। जिस स्थान में यह प्लांट लगाने की योजना है, उसके चारो तरफ घनी आबादी है तथा यहां बहुत से स्कूल एवं कालेज में पढने वाले बच्चें भी है, प्लांट के शोर के कारण उनकी पढाई भी प्रभावित होगी।

सघन आबादी क्षेत्र में इस तरह की योजना लाना बिलकुल ही गलत एवं आमजनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड करने जैसा है। रायपुर नगर पालिक की इस योजना को आबादी से दूर, खुले स्थान पर लगाए जहां उससे निकले प्रदूषित वेस्ट को उचित तरीके से नष्ट किया जा सके

ऐसे स्थान पर प्लांट लगाये जाने के लिये कलेक्टर एवं आयुक्त, रायपुर नगर पालिक निगम को ज्ञापन भी सौंपा गया है। स्थानीय निवासियों के साथ बीरगांव नगर पालिक निगम के पार्षदगण एवं हम सभी बायो गैस प्लांट को रांवाभाटा से किसी अन्य स्थान पर स्थापित करने की शासन-प्रशासन से मांग करते है।

कलेक्टर एवं आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर को ज्ञापन सौंपने एवं बायो गैस प्लांट को अन्य स्थान पर स्थापित करने की मांग करने करने वालों में प्रदेश कांगेस कमेटी के पूर्व महामंत्री, पंकज शर्मा, बीरगांव नगर पालिक निगम के सभापति कृपाराम निषाद, योगेन्द्र सोलंकी, डॉ.एस.आर.पात्रे, इकराम अहमद, बसंत सेन, मोहम्मद रियाज, डिकेन्द्र सिन्हा, भारती नंदु चंद्राकर, महिला ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पलता वैष्णव, हेम चंद्राणी, उबारन दास, संतोष कुमार साहू, दिलदार कुमरे, शिव कुमार, डॉ. शकील, पुष्पा आशीष यादव, दीनू निषाद, अश्वनी यादव, ओमप्रकाश साहू, आदि प्रमुख रूप से सम्मिलित है।

# छत्तीसगढ़ में अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण को लेकर सांसद बृजमोहन ने लोकसभा में उठाया सवाल

- छत्तीसगढ़ में 12 नए अग्निशमन केंद्रों की होगी स्थापना : बृजमोहन
- देश में अग्निशमन केंद्रों की 97.54फीसदी कमी सांसद बृजमोहन के सवाल पर गृहमंत्रालय का जवाब

**रायपुर**, 12 मार्च (देशबन्धु)। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा में छत्तीसगढ़ में अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण को लेकर गृह मंत्रालय से सवाल किया। उन्होंने जानना चाहा कि पिछले तीन वर्षों में इस योजना के तहत राज्य में क्या पहल की गई, कितनी राशि आवंटित और उपयोग की गई, तथा अग्निशमन अवसंरचना की कमियों और उनके समाधान के लिए सरकार की क्या योजना है।



गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने जवाब देते हुए बताया कि पंद्रहवें वित्त आयोग की सिफारिश पर राज्यों में अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए 5000 करोड़ रुपये की योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ राज्य को 147.745 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिसमें से 33.24 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी की जा चुकी है। इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ में 12 नए अग्निशमन केंद्रों की स्थापना, आधुनिक अग्निशमन उपकरणों जैसे फायर टेंडर, हाई एक्सपेंशन फोम जनरेटर, सेमी-ऑटोमेटिक डिफाइब्रिलेटर, स्मोक एक्सट्रैक्टर आदि की खरीद, अग्निशमन कर्मियों का क्षमता निर्माण प्रशिक्षण, राज्य के अग्निशमन सेवा मुख्यालय को मजबूत करने का कार्य किया जाएगा।

गृह मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार देश में अग्निशमन केंद्रों की 97.54 फीसदी कमी है। 80.04फीसदी अग्निशमन एवं बचाव वाहन की कमी है। 96.28फीसदी अग्निशमन कर्मियों की आवश्यकता बनी हुई है।

गृह मंत्रालय के अनुसार, अग्निशमन सेवाएं राज्यों के अधिकार क्षेत्र में आती हैं, लेकिन केंद्र सरकार सलाहकार भूमिका निभा रही है। राज्यों को अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए 2026 तक लक्ष्य पूरे करने होंगे। इसके लिए महानिदेशक (एफएस, सीडी और एचजी) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करना आवश्यक होगा।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि राज्य में अग्निशमन सेवाओं को आधुनिक और प्रभावी बनाना बेहद जरूरी है, ताकि आपातकालीन स्थितियों में बेहतर प्रतिक्रिया दी जा सके। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि छत्तीसगढ़ में इस योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए और राज्य को अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराए जाएं।

# महिला एवं बाल विकास के लिए 8245 करोड़ तथा समाज कल्याण विभाग के लिए 1575 करोड़ के अनुदान मांगें पारित

**रायपुर**, 12 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के विभागों के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 9820 करोड़ रूपए की अनुदान मांगे पारित की गई, जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग के लिए 8245 करोड़ रूपए तथा समाज कल्याण विभाग के लिए 1575 करोड़ रूपए की अनुदान मांगें शामिल हैं।

लक्ष्मी राजवाड़े ने सदन को बताया कि महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को समाज में आर्थिक रूप से सबल और सशक्त बनाये जाने हेतु विगत वित्तीय वर्ष के मुख्य बजट में 3000 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया था, जिसमें वृद्धि करते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 के मुख्य बजट में 5500 करोड़ रूपये का बजट प्रावधान किया गया है। योजना को और अधिक जनहितकारी व हितग्राहीमूलक बनाये जाने हेतु ई.के.वाय.सी. के लिए राशि रूपये 4 करोड़ 90 लाख का बजट प्रावधान किया गया है।

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि कामकाजी महिलाओं के बच्चों की देखभाल, पोषण व उनके बौद्धिक विकास के लिए पालना केन्द्रों के संचालन के लिए बजट में 10 करोड़ रूपये का प्रावधान रखा गया है। महिला सुरक्षा एवं संरक्षण से संबंधित प्रचलित कानूनों के क्रियान्वयन के लिए 5 करोड़ 11 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है। बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत जनजागरूकता एवं विशेष अभियान हेतु प्रस्तावित बजट में 1 करोड़ 50 लाख रूपये का प्रावधान किया गया है।

श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों सहित विभागीय भवनों के मरम्मत व विद्युत व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए 50 करोड़ रूपये का बजट प्रावधान रखा गया है, जिसमें स्वयं के भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में विद्युत सुविधा पहुंचाने के लिए राशि रूपये 2 करोड़ का नवीन मद में प्रावधान शामिल किया गया है। आंगनबाड़ी केन्द्रों में सुविधाओं का विस्तार व संचालन के लिए वर्ष 2025-26 के बजट में आंगनबाड़ी सेवायें-सामान्य अन्तर्गत 700 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने कहा कि 'पीएमजनमन'' योजना अन्तर्गत प्रथम चरण में 80 बसाहटों में आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित की जा रही है। इस योजना हेतु बजट में 11 करोड़ 40 लाख रूपये का वित्तीय प्रावधान किया गया है। कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को दिये जाने वाले मानदेय एवं अन्य हितलाभ के लिए 500 करोड़ रूपये का बजट प्रस्तावित किया गया है।

# ग्रीन आर्मी संस्था की बैठक में प्लास्टिक समस्या और समाधान पर अहम फैसले




**रायपुर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। ग्रीन आर्मी संस्था द्वारा आज वृंदावन हाल, सिविल लाइन, रायपुर में प्लास्टिक प्रदूषण और उसके समाधान पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में पर्यावरणविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों और आम नागरिकों सहित विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने जानकारी दी कि बैठक में प्लास्टिक प्रदूषण की गंभीरता पर चर्चा हुई और इससे निपटने के लिए प्रभावी कदम उठाने पर विचार किया गया। ग्रीन आर्मी संस्था ने प्लास्टिक उपयोग में कमी लाने, पुनर्चक्रण को बढ़ावा देने और जन-जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत पर बल दिया।

बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णय

1. 250 सामुदायिक भवनों को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त किया जाएगा।

2. शहर के प्रमुख 125 होटल और कैटर्स को नो सिंगल यूज प्लास्टिक अभियान का ब्रांड एंबेसडर बनाया जाएगा।

3. प्लास्टिक की सप्लाई रोकने के लिए स्थानीय, राज्य और केंद्र सरकार से कठोर कदम उठाने की मांग की गई।

4. 125 स्कूलों और 25 कॉलेजों को अभियान से जोड़ते हुए 1.25 लाख विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

5. छत्तीसगढ़ के 36 प्रमुख समाजों के साथ सहभागिता अनुबंध कर उनके समुदायों में प्लास्टिक प्रतिबंधित किया जाएगा।

6. शहर के 25 बाजारों में व्यापारियों को जोड़कर झोला विक्रय प्रारंभ किया जाएगा।

7. नगर निगम जोन में 10 बर्तन बैंक न्यूनतम शुल्क पर संचालित किए जाएंगे।

8. 25 हाउसिंग सोसाइटी में प्लास्टिक प्रतिबंधित कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

9. पानी की प्लास्टिक बोतलों के विकल्प के रूप में तांबे के लोटे के जल को बढ़ावा दिया जाएगा।

10. धार्मिक स्थलों, मंदिर, मस्जिद, चर्च और गुरुद्वारों में प्लास्टिक प्रतिबंधित करने पर बल दिया गया।

11. प्रत्येक माह की 11वीं और 5वीं तारीख को नो प्लास्टिक डे घोषित** कर 20 लाख लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया गया।

संस्था के प्रमुख वक्ताओं के विचार

ग्रीन आर्मी संस्था के प्रदेश अध्यक्ष एवं संस्थापक अमिताभ ने कहा, प्लास्टिक प्रदूषण हमारे पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर खतरा है। हमें मिलकर इसके समाधान के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। रायपुर जिला अध्यक्ष गुरदीप टुटेजा ने प्लास्टिक के सही निपटान और पुनर्चक्रण को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक में दिशा कॉलेज कोटा, न्यूटेक पब्लिक स्कूल गुढ़ियारी और प्रांजल पब्लिक स्कूल बोरियाखुर्द ने सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति हेतु सहभागिता अनुबंध किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन ग्रीन विंग अध्यक्षा निधि अग्रवाल ने किया। मंच पर आशीष शर्मा, मोनिका, भारती श्रीवास्तव और विनीत शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में शामिल सभी प्रतिभागियों ने ग्रीन आर्मी संस्था के प्रयासों की सराहना की और प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# होलिका दहन का महत्व और शुभ मुहूर्त आज

**रायपुर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। होलिका दहन हिन्दू धर्म में एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो होली के पहले दिन मनाया जाता है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत, और अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है. फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि को होलिका दहन किया जाता है. इस साल गुरुवार, 13 मार्च 2025 होलिका दहन किया जाएगा. होलिका दहन के दिन सांकेतिक रुप में अग्नि में होलिका का दहन किया जाता है. इस उत्सव से होली के त्योहार की शुरुआत होती है और इसके दूसरे दिन रंग वाली होली यानि की 14 मार्च 2025 को रंगोत्सव मनाया जाता है।

इस साल होलिका दहन के दिन भद्रा का साया रहेगा जिसकी शुरुआत 13 मार्च को सुबह 10 बजकर 35 मिनट से 14 मार्च तक 12 बजकर 23 मिनट तक रहेगी. इस कारण होलिका दहन का शुभ मुहूर्त सिर्फ 1 घंटे का रहेगा. जो 13 मार्च 2025 को रात्रि 11 बजकर 26 मिनट से 12 बजकर 19 मिनट तक है. कुछ अन्य सोर्स की जानकारी के अनुसार दूसरा मुहूर्त रात्रि 11 बजकर 27 मिनट से 12 बजकर 30 मिनट तक है. और दूसरे दिन यानि 14 मार्च को रंगो वाली होली खेली जाएगी. इस दिन लोग एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली के पर्व की बधाई देते हैं।

# निगम ने जब्त किया 200 किलो पॉलीथिन



**रायपुर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। आज नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही के नेतृत्व में जोन 3 जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे के निर्देश पर छत्तीसगढ़ राज्य पर्यावरण संरक्षण मण्डल क्षेत्रीय कार्यालय के वैज्ञानिक मानिक चंदेल, उप अभियंता एस. के. चौधरी, निगम जोन 3 के जोन स्वास्थ्य अधिकारी पूरन ताण्डी सहित जोन के अन्य सम्बंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में पुलिस प्रशासन बल के सहयोग से राजधानी शहर रायपुर के पंडरी बाजार क्षेत्र में समाज हित में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से दुकानों में प्रतिबंधित पॉलीथिन की आकस्मिक जाँच और स्थल निरीक्षण किया. आकस्मिक निरीक्षण के दौरान पंडरी बाजार क्षेत्र में वनश्री इंटरप्राइजेस दुकान से लगभग 200 किलोग्राम ( लगभग एक टाटा 407 वाहन को भरकर ) प्रतिबंधित पॉलीथिन को जप्त कर नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर जोन 3 के जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री पूरन ताण्डी ने सम्बंधित दुकान संचालक को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी दी है. अभियान आगे भी सतत जारी रहेगा।

# महापौर मीनल चौबे व सभापति सूर्यकांत ने दी होली पर्व की अग्रिम बधाई

**रायपुर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। राजधानी शहर की प्रथम नागरिक नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे व सभापति सूर्यकांत राठौर ने सभी नगर वासियों को होलिका द हन और होली पर्व पर अग्रिम हार्दिक शुभकामनायें देते हुए सभी नागरिकों के जीवन में सुख, समृद्धि स्वास्थ्य, शान्ति प्रदान करने हेतु और रायपुर को सुन्दर, स्वच्छ और सुव्यवस्थित नगर बनाने सकारात्मक ऊर्जा शक्ति प्रदान करने हेतु परमपिता परमेश्वर के श्री चरणों में विनम्र प्रार्थना की है. महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने नागरिकों से होली पर्व पर पालतू जानवरों, सड़कों के मवेशियों और जानवरों द्वपर रंग - गुलाल आदि ना डालने की विनम्र अपील की है. महापौर ने कहा कि होली के दिन लोग गाय, श्वान, बिल्ली आदि पालतू जानवरों पर रंग - गुलाल डाल देते हैं, जबकि वास्तव में ऐसा करना उचित नहीं है, कारण कि पालतू जानवरों को इससे अत्यंत असुविधा होती है. इसलिए नागरिकों को इसका ध्यान रखना चाहिए और रंग - गुलाल आदि उन पर नहीं डालना चाहिए, ताकि किसी भी जानवर को पर्व के दिन किसी भी प्रकार की असुविधा ना होने पाए. महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने सभी नगरवासियों से अधिकाधिक संख्या में नगर हित में स्वच्छता एप्प डाउनलोड कर मोबाइल पर स्वच्छता फीडबैक देने की विनम्र अपील की है. नगर पालिक निगम रायपुर के सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने सभी नगर वासियों को होलिका दहन और होली पर्व पर अग्रिम हार्दिक शुभकामनायें देते हुए सभी नगर वासियों के जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य, शान्ति प्रदान करने हेतु और रायपुर को सुन्दर, स्वच्छ और सुव्यवस्थित नगर बनाने सकारात्मक ऊर्जा शक्ति प्रदान करने हेतु परमपिता परमेश्वर के श्रीचरणों में विनम्र प्रार्थना की है।

# सम्पति विरूपण मामलों पर 5 संस्थानों को लगा जुर्माना

**रायपुर,** 12 मार्च। आज नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम नगर निवेश विभाग द्वारा विभिन्न जोनों के क्षेत्रों में शासकीय सम्पति में सम्पति विरूपण किये जाने पर सम्बंधित 5 सस्थानों पर नोटिस देकर कुल 45 हजार रूपये का जुर्माना किया है. नगर निगम जोन 3 नगर निवेश विभाग द्वारा कचना में अविनाश ग्रुप के चितवन प्रोजेक्ट का प्रचार विज्ञापन किये जाने पर 5 हजार रूपये का जुर्माना सम्बंधित विज्ञापनकर्ता आकाश जैन पर किया है, वहीं जोन 4 नगर निवेश विभाग ने महादेवघाट स्थित कृष्णा साल्वम के संचालक पर जोन 4 के तहत मालवीय रोड, कालीबाड़ी मार्ग में सम्पति का विरुपण करने पर 10 हजार रूपये, मेसर्स साईं कोचिंग ( साईं एग्री क्लासेस ) कालीबाड़ी चौक के पास के संचालक हेमंत सिन्हा पर कालीबाड़ी मार्ग एवं अन्य स्थानों पर शासकीय सम्पति का विरु पण करने पर 10 हजार रूपये, जोन क्रमांक 7 नगर निवेश विभाग द्वारा राजकुमार कॉलेज के सामने भाटिया काम्प्लेक्स में स्थित महर्षि विद्या मन्दिर - 2 के संचालक पर 10 हजार रूपये, प्रभात टाकीज के संचालक पर फिल्म (लॉकडाउन के मजा ) का शासकीय सम्पति का विरुपण कर अवैध प्रचार विज्ञापन किये जाने पर 10 हजार रूपये का जुर्माना नोटिस जारी करते हुए किया है एवं अगले 3 दिन के भीतर जुर्माना अदा नहीं किये जाने पर सम्बंधित पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज करवाने की चेतावनी सम्बंधित संस्थाओं को दी गयी है. नगर निगम जोन 10 नगर निवेश विभाग द्वारा जोन के तहत न्यू राजेन्द्र नगर मार्ग में वी. एस. फैंसी स्टोर, बाबा पिचकारी एंड गुलाल सेंटर,गुरुकृपा फेंसी स्टोर पर 1-1 हजार रूपये का जुर्माना किया गया है. वहीं लालपुर सर्विस रोड में मंशाराम साहू पर सड़क बाधा शुल्क 1000 रूपये और कल्याण सिंह ठाकुर पर सड़क बाधा शुल्क रूपये 1000 का जुर्माना किया गया है. मंशाराम साहू और कल्याण सिंह ठाकुर शीतला तालाब के समीप के निवासी पर 2=2 हजार रूपये का जुर्माना निर्माण कार्य में माननीय एनजीटी के निर्देश पर वायु प्रदूषण पर कारगर नियंत्रण हेतु आवश्यक ग्रीन नेट नहीं लगाए जाने पर 2-2 हजार रूपये का जुर्माना किया गया है।




# क्यूरो स्कूल श्रीनगर ने अपने 22 अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड स्वर्ण पदकों की उपलब्धि का जश्न



**रायपुर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। क्यूरो स्कूल श्रीनगर ने अपने 22 अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड स्वर्ण पदकों की उपलब्धि का जश्न माता-पिता और सफल छात्रों के साथ मनाया और सभी स्वर्ण पदक विजेताओं को उनके माता-पिता के साथ बधाई देने और शुभकामनाएं देने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सफलता समारोह का आयोजन किया गया। क्यूरो स्कूल का स्वर्ण पदक सफलता समारोह श्रीनगर, शाखा रायपुर परिसर में मुख्य अतिथि सीईओ-डॉ. शेख इस्माइल, स्कूल के प्रिंसिपल-श्री राजीव तिवारी और एच.आर. और एडमिन हेड-श्री सुशांत पटनायक के साथ शिक्षकों और कर्मचारियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

# किसान आत्महत्या की जांच के लिए कांग्रेस ने बनाई पांच सदस्यीय समिति

**रायपुर,** 12 मार्च। महासमुंद जिले के ग्राम सिंघनपुर (झलप) में किसान पूरण निषाद के आत्महत्या के पीछे कारणों की जांच के लिए कांग्रेस ने पांच सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। समिति के संयोजक खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश नियुक्त किए गए हैं। छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा गठित समिति में बतौर सदस्य पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, पीसीसी पूर्व महामंत्री अमरजीत चावला, महासमुंद जिला अध्यक्ष रश्मि चंद्राकर, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अंकित बागबाहरा नियुक्त किए गए हैं। संगठन एवं प्रशासनिक प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू द्वारा जारी पत्र में समिति के सदस्य गांव का दौरा कर पीड़ित परिजनों और ग्रामीणों से चर्चा कर घटना पर रिपोर्ट तैयार कर कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया गया है।

# आयुक्त ने दिए सी और डी वेस्ट पर कार्रवाई करने के निर्देश



**रायपुर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। आज नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप ने साप्ताहिक टीएल बैठक में अधिकारियों को शहर में अनेक स्थानों पर सड़कों पर दिखने वाली सी एंड डी वेस्ट पर कार्यवाही अभियान चलाकर सभी जोनों में करने और सड़कों से भवन निर्माण सामग्रियों को जप्त कर सम्बंधित भवन स्वामियों पर सड़क बाधा शुल्क जुर्माना लगाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं. आयुक्त ने अधिक से अधिक मात्रा में सड़कों से भवन निर्माण सामग्रियां जप्त कर जरवाय के सी एन्ड डी प्लांट में भिजवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने ठेकेदारों को भवन निर्माण सामग्रियों को सी एंड डी प्लांट भेजने कार्यवाही करने के निर्देश देने कहा है. आयुक्त ने अधिकारियों को अवैध प्लाटिंग और अवैध निर्माण के प्रकरणों में अभियान चलाकर कार्यवाही करने निर्देशित किया है. आयुक्त ने बड़े भवनों का सर्वे कर वहाँ भूतल पर सुव्यवस्थित वाहन पार्किंग की व्यवस्था नियमानुसार भवन स्वामियों को निर्देश देकर सुनिश्चित करने कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं. आयुक्त ने सभी जोन कमिश्नरों को जोन कार्यालयों की व्यवस्था सुधारने और वहाँ आने वाले आमजनों के कार्यों को जोन स्तर पर किया जाना सुनिश्चित करने की व्यवस्था देने के निर्देश दिए हैं. आयुक्त ने सभी जोन कमिश्नरों को कार्यालयीन दिवसों में स्वत: सुबह 10 बजे कार्यालय पहुंचना और सभी जोन अधिकारियों और कर्मचारियों का सुबह 10 बजे तक अनिवार्य रूप से ड्यूटी पर उपस्थित होना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं. आयुक्त ने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनचौपाल, निदान 1100, जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों से प्राप्त जनशिकायतों का नियमानुसार त्वरित निदान तत्परता के साथ करवाने के निर्देश दिए हैं. आयुक्त ने अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशासनिक कार्य दायित्व का अच्छी तरह समय पर निर्वहन करने, आमजनों के साथ अच्छा व्यवहार और आचरण रखने, जनसमस्याएं ध्यानपूर्वक सुनकर उनका यथासंभव निदान करवाने का कार्य और प्रयास करने के निर्देश दिए हैं. आयुक्त ने जोन अधिकारियों को सभी मुख्य मार्गो के चौक - चौराहों को स्वच्छ और सुन्दर रखने, तालाबों, उद्यानों की स्वच्छता व्यवस्था बनाये रखने पर विशेष ध्यान रखने कहा है, ताकि आमजनों को नगर विकास कार्यों का सहज तरीके से समुचित लाभ प्राप्त होता रहे.आयुक्त ने गर्मी में संभावित जल संकट से ग्रस्त स्थानों को चिन्हित कर व्यवहारिक आवश्यकता के अनुसार पानी टैंकरों से नागरिकों को सुगम जलपूर्ति सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए हैं. बैठक में अपर आयुक्त सर्वश्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, यू. एस. अग्रवाल, पंकज के. शर्मा, श्रीमती कृष्णा खटीक, मुख्य अभियंता श्री यू. के. धलेन्द्र, अधीक्षण अभियंता श्री संजय बागड़े, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के महाप्रबंधक ( तकनीकी ) श्री पंकज कुमार पंचायती, उपायुक्त डॉक्टर दिव्या चन्द्रवंशी, श्री जसदेव सिंह बाबरा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही, नगर निवेशक श्री आभाष मिश्रा, सभी जोन कमिश्नरों, कार्यपालन अभियंताओं, सभी विभागों के प्रभारी अधिकारियों की उपस्थिति रही.

## टीम प्रहरी का अभियान

# राजधानी के यातायात को सुगम और व्यवस्थित करने जिला प्रशासन चला रहा अभियान




**रायपुर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के यातायात को सुगम और सुव्यवस्थित बनाने के मद्देनजर जिला प्रशासन रायपुर लगातार प्रयास कर रही है। राजधानी के ऐसे इलाके जहां भीड़ भाड़ और वाहनों के आवाजाही ज्यादा रहती है। टीम प्रहरी द्वारा ऐसे इलाकों में उन्हें व्यवस्थित कर यातायात को सुगम और व्यवस्थित बनाने की पहल की जा रही है। इससे राजधानीवासियों को ट्रैफिक जाम से बड़ी राहत मिल रही है।

कलेक्टर रायपुर डॉ. गौरव कुमार सिंह की पहल पर टीम प्रहरी अभियान की शुरूआत की गई है। कलेक्टर डॉ सिंह के निर्देशानुसार आज टीम प्रहरी ने कार्रवाई करते हुए बैजनाथ पारा, मालवीय रोड़ तथा एवरग्रीन चौक पर यातायात बाधित कर रहे सड़कों के किनारे व्यवसायिक प्रतिष्ठानों एवं स्ट्रीट वेंडर के ठेला, गुमटी, साइन बोर्ड सहित अन्य सामान का जब्ती बनाया गया।

नगर निगम, पुलिस एवं जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे इस अभियान के तहत निरंतर समझाइश के साथ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान नगर निगम निवेशक आभाष मिश्रा, यातायात डीएसपी सतीश ठाकुर तथा जोन-04 के संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## निधन

### ओम प्रकाश बन्छोर



**भिलाईनगर,** 12 मार्च। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल विभाग के सेवानिवृत्त एग्जीक्यूटिव इंजीनियर ओम प्रकाश बंछोर, पिता स्व शंकर लाल बंछोर 73 वर्ष का 12 मार्च को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गुरुवार 13 मार्च को किया जाएगा। अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान शॉप नंबर-4, सेक्टर-4 भिलाई से सुबह 10 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे श्रीमती चंद्रयायणी बंछोर के पति, श्रीमती नमिता वर्मा पुत्री,व मोनेश बंछोर पुत्र एकांश बछोर पार्षद वार्ड-59 एमआईसी मेंबर नपानि भिलाई के पिता थे।

# ई-वे बिल जांच के नाम पर अवैध वसूली का मामला सदन में उठा

## अवैध वसूली की कोई शिकायत नहीं मिली है : ओपी चौधरी



**रायपुर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। ई-वे बिल जांच के नाम पर वसूली का मामला भाजपा विधायक अनुज शर्मा ने ध्यानाकर्षण के जरिए सदन में उठाया।उन्होंने कहा कि ई-वे बिल के नाम पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है. वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि जांच के नाम पर अवैध वसूली की कोई शिकायत नहीं मिली है।

भाजपा विधायक अनुज शर्मा ने ई-वे बिल के नाम पर गाड़ियों को रोका जाता है, लेकिन लेन देन कर छोड़ दिया जाता है।व्यवसाइयों को बेवजह परेशान किया जा रहा है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि जांच के नाम पर अवैध वसूली की कोई शिकायत नहीं मिली है। एप के जरिए वाहनों की जांच की जाती है।बिल नहीं पाये जाने पर विभाग के अधिकारियों को वीडियो अपलोड कर व्हाट्स एप पर सूचना दी जाती है. 31 करोड़ को शास्ति वसूल की गई। मंत्री ने बताया कि विभाग द्वारा चुनिदा अधिकारियों की एक ही जगह पर ड्यूटी नहीं लगाई गई है। पूरे प्रदेश में ई वे बिल जांच के लिए 15 टीमों का गठन किया गया है।63 अधिकारी ई-वे बिल की जांच कर रहे हैं।कर अपवंचन करने वाले लोगों के खिलाफ ही कार्रवाई की जाती है। कर अपवंचन रोकने विभाग द्वारा कार्रवाई की जाती है. कारोबारियों से अवैध वसूली नहीं की जाती है। अनुज शर्मा ने कहा कि बिना ई-वे बिल के समान भेजने वाले कारोबारियों के खिलाफ़ क्या कार्रवाई की जाती है? मंत्री ने बताया कि कोई भी कारोबारी एप के जरिए दो मिनट के भीतर ई-वे बिल जारी कर सकता है।किसी भी टोल पर ऐसी गाड़ी आसानी से स्कैन हो जाती है।भारत सरकार का सॉफ्टवेयर बीफा है, जिसके जरिए आसानी से ट्रैकिंग की जा सकती है ई-वे बिल जारी करने की लिमिट पचास हजार रुपए से बढ़ाकर एक लाख रुपए कर दिया है। भाजपा विधायक अनुज शर्मा ने पूछा कि ई-वे बिल जारी कर कारोबार करने वाले कितने कारोबारियों के खिलाफ़ कार्रवाई की गई? इस पर मंत्री चौधरी ने कहा कि टैक्स वसूली के लिए टेरर क्रिएट करना उद्देश्य नहीं होता है।

# चंद्रग्रहण खगोलीय घटना : अंधविश्वास में न पड़े : डॉ. दिनेश मिश्र

**रायपुर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा प्रारंभ में यह माना जा रहा था कि चंद्रग्रहण राहू-केतू के चंद्रमा को निगलने से होता है, जिससे धीरे-धीरे विभिन्न अंधविश्वास व मान्यताएँ जुड़ती चली गईं, लेकिन बाद में विज्ञान ने यह सिद्ध किया कि चंद्रग्रहण पृथ्वी की छाया के कारण होता है। जब चंद्रमा पृथ्वी की छाया में प्रवेश करता है तब उसका एक किनारा जिस पर छाया पडने लगती है काला होना शुरू हो जाता है जिसे स्पर्श कहते हैं। जब पूरा चंद्रमा छाया में आ जाता है तब पूर्णग्रहण हो जाता है। जब चंद्रमा का पहला किनारा दूसरी ओर छाया से बाहर निकलना शुरू होता है तो ग्रहण छूटना शुरू हो जाता है। जब पूरा चंद्रमा पृथ्वी की छाया से बाहर आ जाता है तो ग्रहण समाप्त हो जाता है जिसे ग्रहण का मोक्ष कहते हैं।

कुछ लोगों ने इस चंद्र ग्रहण के रंग को लेकर इसे खूनी चंद्र ग्रहण खा है और इसके दुष्प्रभाव की आशंका जाहिर की है पर यह सब आशंकाएं और भविष्यवाणियां सही नहीं हैं. वास्तव में

चंद्र ग्रहण में पूर्णता के दौरान चंद्रमा का लाल रंग पृथ्वी के किनारे के चारों ओर वायुमंडल से होकर गुजरने वाले सूर्य के प्रकाश के कारण होता है। हमारा वायुमंडल सूर्य के प्रकाश की नीली किरणों को दूर कर देता है, और प्रकाश की लाल तरंगदैर्ध्य पृथ्वी की छाया में चली जाती है। आप सूर्यास्त से ठीक पहले भी इस प्रभाव को देख सकते हैं- उस समय, सूर्य का प्रकाश बहुत सारी हवा से होकर गुजर रहा होता है, नीली तरंगदैर्ध्य को बिखेर रहा होता है और लाल तरंगदैर्ध्य को छोड़ रहा होता है। चंद्र ग्रहण के बारे में सोचें, जो आपको उसी क्षण पृथ्वी के पूरे किनारे पर होने वाले सामूहिक सूर्योदय और सूर्यास्त का रंग दिखाता है। पूर्ण चंद्रग्रहण के दौरान चंद्रमा का रंग एक चंद्रग्रहण से दूसरे चंद्रग्रहण में भिन्न हो सकता है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि सूर्य की रोशनी जिस हवा से गुजर रही है वह धूल भरी, साफ या बादल वाली है। कभी-कभी पूर्ण चंद्रग्रहण के दौरान, चंद्रमा हल्का या गहरा लाल, नारंगी या यहां तक ??कि गहरा भूरा दिखाई दे सकता है। यह पूर्ण चंद्रग्रहण का अदभुत हिस्सा है . नवंबर 2021 और नवंबर 2022 में चंद्रग्रहण दोनों गहरे, ईंट जैसे लाल रंग के थे। डॉ दिनेश मिश्र ने कहा चंद्रग्रहण का कहीं कोई दुष्प्रभाव नहीं है, इसे लेकर तरह-तरह के भ्रम व अंधविश्वास हैं। लेकिन लोगों को इन अंधविश्वासों में नहीं पडना चाहिए तथा ग्रहण को देखा जा सकता है तथा वैज्ञानिक इसका अध्ययन भी करते हैं। भारत के महान खगोलविद् आर्यभट्ट ने आज से करीब 1500 वर्ष पहले 499 ईस्वी में यह सिद्ध कर दिया था कि चन्द्रग्रहण सिर्फ एक खगोलीय घटना है जो कि चन्द्रमा पर पृथ्वी की छाया पडने से होती है। उन्होंने अपने ग्रंथ आर्यभट्टीय के गोलाध्याय में इस बात का वर्णन किया है। इसके बाद भी चन्द्रग्रहण की प्रक्रिया को लेकर विभिन्न भ्रम एवं अंधविश्वास कायम है।



- चंद्र ग्रहण में लाल रंग भी प्राकृतिक है, खतरा नहीं, खगोलीय घटना के साक्षी बनें
- अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा चंद्रग्रहण एक खगोलीय घटना है

डॉ. मिश्र ने कहा यह एक खगोलीय घटना है। सभी नागरिकों को इसे बिना किसी डर या संशय के देखना चाहिए। चंद्रग्रहण देखना पूर्णत: सुरक्षित है।

डॉ. मिश्र ने कहा जब चंद्रग्रहण होने वाला होता है तब विभिन्न भविष्यवाणियाँ सामने आने लगती हैं जिससे आम लोग संशय में पड़ जाते हैं जबकि चंद्रग्रहण में खाने-पीने, बाहर निकलने की बंदिशों का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। ग्रहण से खाद्य वस्तुएँ अशुद्ध नहीं होती तथा उनका सेवन करना उतना ही सुरक्षित है जितना किसी सामान्य दिन या रात में भोजन करना। इस धारणा का भी कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है कि गर्भवती महिला के गर्भ में पल रहे शिशु के लिए चंद्रग्रहण हानिकारक होता है तथा ग्रहण की वजह से स्नान करना कोई जरूरी नहीं है अर्थात् इस प्रकार की आवश्यकता का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है तथा ग्रहण का अलग-अलग व्यक्तियों पर भिन्न प्रभाव पडने की मान्यता भी काल्पनिक है। यह सब बातें केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा जारी पुस्तिका में भी दर्शायी गयी है।

# होली स्पेशल न्यू ट्रेण्ड का टी-शर्टस– 'खेलो और फेंको'





**रायपुर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। होली को लेकर सभी युवाओं में जोश का माहौल है, ऐसे में बाजारों में होली की खरीददारी बढ़ती जा रही है। होली के रंगों और पिचकारियों और अन्य सामानों की खरीददारी का समाचार तो सभी ने सुना है, परंतु आजकल के युथ्स में होली को लेकर खास उत्साह नजर आ रहा है।

अब युवा अपने होली डे को स्पेशल बनाने के लिए होली स्पेशल व्हाइट टी-शर्ट और पेण्ट लेना पसंद अधिक कर रहे हैं। यह टी शर्ट सिर्फ होली खेलने के लिए है। खेलो, फाड़ो और फेंक दो। यह ट्रेंड अब बड़ा बाजार बन गया है। पहले जहां लोग सादा पुराने कपड़ों में ही होली मनाकर खुश हो जाते थे वहीं अब बाजारों में लोग मॉडर्न ट्रेण्ड के क्रेज को लेकर अपने और पूरे परिवार के लिए व्हाइट टी-शर्ट और पेण्ट खरीदना पसंद कर रहे है जो कल बाजारों में काफी कम और किफायती दामों पर उपलब्ध है और लोगों के मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए उपलब्ध कराया गया है। मालवीय रोड स्थित व्हाइट टी-शर्ट की दुकान को एक परिवार पिछले 20-30 वर्षों से होली पर करीब 5-7 दिन लगाता है। जिसमें बच्चों से लेकर बूढ़े तक के लिए होली के व्हाइट-शर्ट और पेण्ट छोटे बच्चों के लिए 100 से 150 रू और बड़ों के लिए 100 रू. से 500 रू. में उपलब्ध है। इन अलग-अलग दुकानों पर इन्होंने 50 हजार से 3 लाख रुपए तक सामान भरा है। जिसे तीन भाई मिलकर शहर के अलग-अलग पांच जगहों पर जिसमें तेलीबांधा, कटोरा तालाब, मरीन ड्राइव के सामने, मालवीय रोड गोलबाजार पर अपनी दुकान लगाकर व्यवसाय कर रहे हैं। इस व्यवसाय में मुनाफे की बात पूछने पर उसने बहुत ही विनम्रता के साथ बताया कि वे इस व्यवसाय में मुनाफा अधिक नहीं कमाते है, उनका ध्येय केवल लोगों के मनोरंजन को ध्यान में रखना अधिक है। आज के इस व्यवसाय के प्रतिस्पर्धा के युग ऐसे नेक विचार रखना भी उस परिवार के खुशहाल व्यक्तित्व को प्रदर्शित करता है जो वास्तव में प्रशंसा के पात्र हैं। उनका कहना है आजकल के युवा 100 रुपए वाला टी-शर्ट लेना अधिक पसंद कर रहे है। टी-शर्ट भी ऐसे है जिसमें कोई टशन नहीं है। ऐसे टी-शर्ट्स जिसे ''खेलो और फेंको''।

# रायपुर रेल मंडल के 11 स्टेशनों में ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन




**रायपुर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। रायपुर रेल मंडल में अब यात्रियों को बिना कतार में लगे अनारक्षित टिकट प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी। डिजिटल टिकटिंग को प्रोत्साहित करने और सेल्फ टिकटिंग को बढ़ावा देने के लिए रेलवे प्रशासन ने 11 प्रमुख स्टेशनों पर 19 ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन स्थापित की हैं। इसके साथ ही यात्रियों को मोबाइल ऐप के माध्यम से भी डिजिटल टिकट बुकिंग और भुगतान की सुविधा दी जा रही है।

**प्रमुख स्टेशनों पर एटीएम की उपलब्धता :** रायपुर 06, दुर्ग,02, भिलाई पावर हाउस 02, भाटापार 02, तिल्दा नेवरा 01, हथबंद 01, बिल्हा 01, दाधापारा 01, भिलाई 01, कुम्हारी 01, दल्लीराझरा 01

**डिजिटल टिकटिंग और भुगतान के लाभ:** यात्री बिना कतार में लगे एटीएम या यूटीएस ऐप से जनरल अनारक्षित टिकट प्राप्त कर सकते हैं।, क्यूआर कोड और आर.वालेट के माध्यम से डिजिटल भुगतान की सुविधा उपलब्ध है।, आर.वालेट से भुगतान करने पर यात्रियों को 3: का अतिरिक्त बोनस मिलता है। यूटीएसऑन मोबाइल ऐप से यात्री किसी भी स्टेशन का टिकट घर बैठे बुक कर सकते हैं।, इस पहल से यात्रियों को नकद लेन.देन की परेशानी और खुले पैसे की समस्या से मुक्ति मिलेगी। डिजिटल भुगतान से टिकटिंग प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी और अनियमितताओं से बचाव होगा।, यात्रियों का समय बचेगा और टिकट लेने की प्रक्रिया सरल और सुरक्षित होगी।

**यात्रियों की सहायता के लिए उठाए गए कदमः** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी के मार्गदर्शन में वाणिज्य विभाग की टीम यात्रियों को एटीएम और यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के प्रयोग के लिए प्रेरित कर रही है। रेलवे ने फेसिलिटेटर की नियुक्ति की हैए जो यात्रियों को टिकट निकालने में सहायता करेंगे। साथ ही टिकट काउंटर पर मौजूद कर्मचारी भी इस संबंध में यात्रियों को जागरूक कर रहे हैं। रायपुर स्टेशन सहित अन्य स्टेशनों पर हेल्प.डेस्क की व्यवस्था की गई हैए जहां टिकट चेकिंग और बुकिंग स्टाफद्वारा यात्रियों को एटीएम और यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

# सूरज की किरणें उगलने लगी आग



**रायपुर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में सूरज के तेवर सख्त हो गए हैं। बादल साफ होने से दिन में पारा 38 के पार पहुंच गया है। वहीं मौसम विभाग ने अगले दो दिन में पारा और बढ़ने के संकेत दिए हैं। रायपुर में अगले 24 घंटे में पारा 40 डिग्री पर पहुंचने की संभावना है। पिछले कुछ सालों का रिकॉर्ड देखें तो मार्च में ही रायपुर में पारा 40 डिग्री तक पहुंच जाता है। कई मौकों पर लू भी चलने लगती है। इधर दुर्ग बिलासपुर में भी सूरज के तीखे तेवर के चलते दोपहर में गर्म हवाएं चलनी शुरू हो गई है।

**अगले 2 दिन और गर्मी बढ़ेगी**

## अन्य शहरों में भी चढ़ेगा पारा

मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि रायपुर समेत बाकी शहरों में पारा चढ़ेगा। इससे तेज धूप के कारण गर्मी बढ़ जाएगी। वहींए पिछले 24 घंटे में रायपुर में अधिकतम तापमान आधा डिग्री गिर गया जबकि न्यूनतम तापमान दो डिग्री तक चढ़ गया। इससे रात की हल्की ठंड भी गायब होने लगी है। प्रदेश में अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक बढ़ेगा।

## गर्मी की शुरुआत

प्रदेश में गर्मी की हल्की शुरुआत हो चुकी है। सोमवार को राजधानी का अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री रहाए जो सामान्य से 2.7 डिग्री ज्यादा रहा। वहीं मंगलवार को पारा में बढ़ोतरी हुई। आज यानी बुधवार को दोपहर 1 बजे तक पारा 38 डिग्री के पार पहुंच गया। यह सामान्य से 4.6 डिग्री ज्यादा रहा। राजनांदगांव प्रदेश में सबसे ज्यादा गर्म रहा। वहां अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री रहा। सबसे कम तापमान अंबिकापुर का 12.4 डिग्री रहा।

## उत्तर-पश्चिम से हवा आना शुरू

प्रदेश में उत्तर. पश्चिम से हवा आना शुरू हो गई है। इस कारण हवा गर्म हो रही है और तापमान बढ़ रहा है। प्रदेश में राजस्थान से आने वाली गर्म हवा से गर्मी बढ़ती है। यह सिलसिला 8 से 10 जून तक रहता है। मौसम विज्ञान केंद्र लालपुर के मौसम विज्ञानियों के अनुसारए पश्चिम ईरान व इसके आसपास के क्षेत्रों में चक्रवाती परिसंचरण के रूप में एक पश्चिम विक्षोभ बना हुआ है। इसकी ऊंचाई समुद्र तल से 5.8 से 9.6 किमी है। रायपुर के अलावा बिलासपुर रायगढ़ व राजनांदगांव में पारा चढ़ने का ट्रेंड रहा है। पिछले कुछ सालों में सुकमा दंतेवाड़ा महासमुंद भी काफी गर्म रहने लगा है। कई बार ये शहर रायपुर व बिलासपुर से भी गर्म रहने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार मार्च में गर्मी तो बढ़ेगी। इसके आसार अभी से दिख रहे हैं। रायपुर में इंडस्ट्रियल एरिया तो है ही साथ ही कंक्रीट के जंगल के कारण भी यह बाकी शहरों की तुलना में तपता है। दूसरी ओरए सुकमा व दंतेवाड़ा का काफी गर्म रहना चौंकाना भी है।

# टी 20 मैच के सेमीफाइनल मैच को लेकर यातायात पुलिस ने बनाया रूट प्लान

**रायपुर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। 13 एवं 14 मार्च 2025 को शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्री क्रिकेट स्टेडियम नया रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय मास्टर लीग टी.20 मैच का सेमीफाइनल खेला जाना है। इस दौरान क्रिकेट मैच देखने के लिए राज्य के अलग.अलग जिलो से आने वाले दर्शकों के सुगम आवागमन तथा खिलाड़ियों के सुरक्षित आवागमन हेतु यातायात पुलिस रायपुर द्वारा मार्ग एवं पार्किंग व्यवस्था निर्धारित किया गया ह रायपुर शहर से होकर क्रिकेट स्टेडियम जाने के लिए तेलीबांधा थाना तिराहा नेशनल हाइवे क्र.53 होकर सेरीखेड़ी ओव्हरब्रीज से नया रायपुर मार्ग होकर स्टेडियम तिराहा से सांई अस्पताल रोड होकर सांई अस्पताल पार्किंग व सेंध तालाब पार्किंग में अपना वाहन पार्क कर स्टेडियम पैदल पहुंचेगे। बिलासपुर की ओर से होकर क्रिकेट स्टेडियम आने वाले दर्शकगण बिलासपुर.रायपुर मार्ग से होकर धनेली नाला से रिंग रोड नम्बर.03 होकर विधानसभा चौकए राजू ढाबा रिंग रोड नंम्बर.03 जंक्शन होकर नेशनल हाइवे क्र.53 से मंदिर हसौद होकर नवागांव से स्टेडियम टर्निग होकर स्टेडियम के पूर्व दिशा स्थित परसदा पार्किंग एवं कोसा पार्किंग में अपना वाहन पार्क कर पैदल स्टेडियम पहुचेंगे। बलौदा बाजार.खरोरा मार्ग से होकर स्टेडियम आने वाले दर्शक बलौदाबाजार.रायपुर मार्ग में विधानसभा ओव्हरब्रीज चौक से रिंग रोड नम्बर.03 होकर विधानसभा चौकए राजू ढाबा रिंग रोड नंम्बर.03 जंक्शन होकर नेशनल हाइवे क्र.53 से मंदिर हसौद होकर नवागांव से स्टेडियम टर्निग होकर स्टेडियम के पूर्व दिशा स्थित परसदा पार्किंग एवं कोसा पार्किंग में अपना वाहन पार्क कर पैदल स्टेडियम पहुचेंगे। धमतरी.जगदलपुर की ओर से आने वाले दर्शक अभनपुर से केन्द्रीए उपरवारा मंत्रायल चौकए कोटराभाठाए सेंध तालाब होकर सांई अस्पताल पार्किंग व सेंध तालाब पार्किंग में अपना वाहन पार्क कर स्टेडियम पैदल पहुंचेगे। दुर्ग.भिलाई की ओर से आने वाले दर्शक टाटीबंध से रिंग रोड 01 होकर पचपेढ़ीनाकाए तेलीबांधा थाना तिराहा नेशनल हाइवे क्र.53 होकर सेरीखेड़ी ओव्हरब्रीज से नया रायपुर मार्ग होकर स्टेडियम तिराहा से सांई अस्पताल रोड होकर सत्यसांई अस्पताल पार्किंग व सेंध तालाब पार्किंग में अपना वाहन पार्क कर स्टेडियम पैदल पहुंचेगे। महासमुंद सरायपाली की ओर से आने वाले दर्शकों के लिए आरंग से सीधे स्टेडियम टर्निंग होकर स्टेडियम के पूर्व दिशा स्थित परसदा पार्किंग एवं कोसा पार्किंग में अपना वाहन पार्क कर पैदल स्टेडियम पहुचेंगे। पासधारी वाहनों के लिए मार्ग एवं पार्किंग पासधारी वाहन जिन्हे पार्किंग पास जारी हुआ है वे सेरीखेड़ी ओव्हर ब्रीज होकर नया रायपुर प्रवेश मार्ग से स्टेडियम टर्निंग डॉ खूबचंद बघेल चौक कयाबांधा चौक सेक्टर कोटराभांठा चौक ;सेक्टर.17,20 से ग्राम सेंध सेक्टर.04,10 होकर स्टेडियम पार्किंग 2 में अपना वाहन पार्क कर सकेंगे। मध्यम भारी माल वाहनों का आवागमन प्रतिबंध सेमीफाइनल क्रिकेट मैच आयोजन के दौरान सुगम सुरक्षित यातायात व्यवस्था हेतु नया रायपुर के सभी प्रवेश मार्गो पर मध्यम भारी मालवाहक वाहनों का प्रवेश अपरान्ह 03:00 बजे से रात्रि 01:00 बजे तक पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। असुविधा से बचने हेतु इस मार्ग स्थान पर वैकल्पिक मार्गो का प्रयोग कर सकते है। शराब बीड़ी.सिगरेट गुटका तंबाखु सुटकेश लेडिज बैग कागज का पैकेट।




# एनकाउंटर के बाद गैंगस्टर अमन साहू की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल

**रायपुर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। झारखंड के पलामू जिले में मंगलवार को एनकाउंटर में ढेर गैंगस्टर अमन साहू ;अमन साव को सोमवार रात 8.11 बजे रायपुर से लेकर निकली थी। रांची पहुंचने से पहले रास्ते में यह घटना हो गई। अमन पर छत्तीसगढ़ में अलग.अलग थानों में पांच मामले दर्ज हैं। एनकाउंटर के बाद अब अमन की फोटो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुई है। यह साफ तौर पर फोटोशूट की तरह दिख रहा है। अमन बैरक के अंदर है। बाहर से गेट बंद है। यह फोटो उसी दिन की बताई जा रही है कि जिस दिन वह जेल में गया था। अमन साहू रायपुर सेंट्रल जेल में पिछले 148 दिनों से बंद था। इस दौरान उसने जेल में न केवल रील बनाई बल्कि फोटोशूट भी कराया जो अब चर्चा का विषय बन गया है।

## कनाडा और मलेशिया से ऑपरेट हो रहा फेसबुक अकाउंट

एनकाउंटर में मारे जाने के बाद साहू के गुर्गों ने फेसबुक पर पोस्ट की है जो अब वायरल हो रही है। पोस्ट में अमन साहू का समर्थन करते हुए कैप्शन लिखा गया है। मारे जाने के 13 घंटे पहले अमन के फेसबुक अकाउंट से एक फोटो पोस्ट की गई है। उसमें वह सोफे में बैठा हुआ दिख रहा है। अमन का अकाउंट कनाडा और मलेशिया से ऑपरेट किया जा रहा है। मारे जाने की खबर के बाद एक वीडियो भी पोस्ट किया गया है। जो फोटो वायरल हो रही है वह 19 अक्टूबर 2024 के बाद की है। इस फोटो में अमन जेल के सेल में बंद है और उसने विभिन्न पोज देकर फोटोशूट कराया है। इस फोटो के वायरल होने के बाद यह सवाल उठने लगे हैं कि आखिर कैसे एक बंदी को जेल में फोटोशूट कराए जाने की अनुमति मिल गई।

## कांग्रेस ने उठाए सवाल

इस फोटो के वायरल होते ही कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं। कांग्रेस का कहना है कि अगर एक गैंगस्टर को जेल में फोटोशूट करने की अनुमति मिलीए तो जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा होता है।

## रंगदारी नहीं देने पर पीआरए ग्रुप पर अमन ने करवाई थी फायरिंग

रंगदारी नहीं देने पर उसके द्वारा फायरिंग करवाई गई थी। 13 जुलाई 2024 को अमन साहू ने झारखंड जेल में रहते हुए अपने शूटरों को रायपुर भेजकर तेलीबांधा थाना क्षेत्र के पीआरए ग्रुप के बाहर फायरिंग करवाई थी। अमन को 14 अक्टूबर को कारोबारी पर फायरिंग मामले में रायपुर लाया गया था। इसके अलावा पांच मामले और भी अमन के खिलाफदर्ज हैं। इसके बाद से 148 दिन तक वह रायपुर की सेंट्रल जेल में बंद था।

## दो केस में 17 सदस्य जेल में बंद

रायपुर पुलिस ने 26 मई को अमन साहू गैंग के पांच शूटरों को वारदात के पहले दबोच लिया था। होटल में 48 घंटे तक चले गोपनीय अभियान के तहत शूटर पकड़े गए थे। इसके बाद अमन ने जेल में रहते हुए 13 जुलाई को पीआरए गुप्र के बाहर फायरिंग करवाई। इसके बाद दोनों मामलों में कुल 17 सदस्य पकड़े गए। अक्टूबर में प्रोड्क्शन वारंट में उसे रायपुर लाया गया। उसके बाद से सेंट्रल जेल रायपुर में बंद था।

## पीआरए ग्रुप का झारखंड में रोड का ठेका

ठेकेदार प्रहलाद अग्रवाल ने झारखंड में लगभग 800 करोड़ का काम लिया। अमन गैंग के सदस्यों ने रंगदारी मांगी। पैसे देने के लिए एक बैठक बुलाई गई। इसमें अमन के गैंग के चार सदस्य मौजूद थे। इसकी सूचना एटीएस को मिल गई। एटीएस ने चार गुर्गों को दबोच लिया। इसके बाद से अमन बौखलाया हुआ था। उसने रायपुर ठेकेदार के आफिस के बाहर फायरिंग करवा दी। रायपुर पुलिस की रिमांड पूरी होने के बाद 19 अक्टूबर को गैंगस्टर अमन साहू को न्यायिक रिमांड पर रायपुर सेंट्रल जेल भेज दिया गया था।

## छत्तीसगढ़ में इन मामलों में अमन का हाथ

चार साल पहले झारखंड में बरबरीक गुप्रके कार्यालय के बाहर फायरिंग करवाई गई। ढाई साल पहले कोरबा में इसी कंपनी के दफ्तर के बाहर पर्चा फेंक कर गोली चलवाई। शंकर नगर में कोयला कारोबारी के घर के बार गोली चलाकर धमकी दी। 26 मई को फायरिंग के लिए शूटर भेजे। वारदात के पहले ही भाटागांव और गंज क्षेत्र से शूटरों को पकड़ लिया गया। 13 जुलाई 2024 को तेलीबांधा में पीआरए गुप्र के दफ्तर के बाहर गोली चलवाई गई।

# ढाबा में अवैध रूप से शराब बिक्री करते संचालक पकड़ाया



**रायपुर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। अवैध रूप से शराब की खरीदी.बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित प्रभारी ए.सी.सी यु द्वारा इस संबंध में सूचना संकलन कर मुखबीर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी जानकारी एकत्रित किए जा रहे है। इसी तारतम्य में को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना खरोरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम चिचोली स्थित पंजाबी ढ़ाबा का संचालक अपने ढ़ाबा में अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आरोपी को शराब के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना खरोरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा पंजाबी ढ़ाबा में जाकर रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही के दौरान काउंटर के पास बैठे व्यक्ति से पूछताछ करने पर व्यक्ति ने अपना नाम अमरपाल सिंह चावला होने के साथ ही स्वयं को ढ़ाबा का संचालक होना भी बताया। टीम के सदस्यों द्वारा काउंटर के नीचे रखें थैले की तलाशी लेने पर थैले में शराब रखा होना पाया गया। शराब रखने एवं बिक्री करने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर अमरपाल सिंह चावला द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी अमरपाल सिंह चावला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें देशी शराब 37 पौव् अंग्रेजी शराब गोवा 8 पौवा अंग्रेजी शराब आईकान विस्की 6 पौवा अंग्रेजी शराब इम्प्रीयल ब्लू 2 पौवा अंग्रेजी शराब रायल स्टेज 750 एम एल कुल 10.29 बल्क लीटर कीमती लगभग 7,500 रूपये तथा बिक्री रकम 48 000 रूपये जुमला कीमती लगभग 55,500 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना खरोरा में धारा 34;2 आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# कालीबाड़ी सेक्टर की आंगनबाड़ी के बच्चों ने धूमधाम से होली खेली



**रायपुर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। आज होलिका दहन के पूर्व कालीबाड़ी सेक्टर की आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों ने वीरभद्र नगर आंगनबाड़ी केंद्र में बहुत ही उत्साह और जोश के साथ होली खेली। बच्चों ने रंग गुलाल और पानी की बौछारों से एक दूसरे को रंगा। इस दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह की झलक साफदिखाई दे रही थी। आंगनबाड़ी की शिक्षिकाओं ने भी बच्चों के साथ होली खेली और उन्हें इस त्योहार के महत्व के बारे में बताया। बच्चों को यह भी सिखाया गया कि होली का त्योहार प्यार स्नेह और एकता का प्रतीक है।

इस अवसर पर आंगनबाड़ी के बच्चों को होली के उपलक्ष्य में विशेष भोजन भी परोसा गया। बच्चों ने इस दौरान बहुत ही आनंद और उत्साह के साथ होली का जश्न मनाया।

# 3 साल में 1911 हादसे, 283 की गई जान, 1322 घायल

**रायपुर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में बढ़ते सडक़ हादसे चिंता का विषय बन गए हैं। 2022 से हादसे निरंतर बढ़ते जा रहे हैं। वर्ष 2024 तक के आंकड़े साफसंकेत दे रहे हैं कि हर साल सडक़ हादसों में इजाफा हुआ है जिससे न केवल लोगों की जान जा रही है बल्कि सैकड़ों लोग घायल भी हो रहे हैं।

## 2025 के पहले दो महीनों में धारण किया गंभीर रूप

2025 के पहले दो महीनों में हादसों ने और गंभीर रूप ले लिया हैए जिससे राजधानी रायपुर में सडक़ सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं। यातायात पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पिछले तीन साल में रायपुर जिले में कुल 1911 सडक़ दुर्घटनाएं हुईंए जिनमें 283 लोग अपनी जान गंवा बैठे और 1322 लोग घायल हुए। इस आंकड़े ने शहर में सडक़ सुरक्षा के इंतजामों को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए है। 2023 में स्थिति और भी बदतर हो गई। 2023 में सडक़ हादसों की संख्या बढक़र 1961 हो गई। 2023 में हादसों में मरने वालों की संख्या बढक़र 507 हो गई और 1440 लोग घायल हुए। यह वर्ष 2022 से कहीं ज्यादा है।

## प्रशासन के कदम साबित हो रहे नाकाफी

2024 में हालात और बिगड़ गए। सडक़ हादसों के कुल 2079 मामले सामने आएए जिनमें 594 लोगों की मौत हुई और 1495 लोग घायल हुए। यह आंकड़ा इस बात को साबित करता है कि हादसों में न सिर्फइजाफा हुआ हैए बल्कि मृतकों की संख्या भी कई गुना बढ़ी है। प्रशासन ने सडक़ हादसों पर काबू पाने के लिए कुछ ठोस कदम उठाए हैं लेकिन ये कदम प्रभावी साबित नहीं हो रहे हैं। नाकाफी लग रहे हैं।

## 2025 में स्थिति और बिगड़ी

2025 के पहले दो महीने यानी जनवरी और फरवरी में 331 हादसे हुए जिनमें 221 लोग घायल हुए और 110 लोगों की मौत हो गई। इस आंकड़े से साफलग रहा है कि वर्ष 2025 में सडक़ हादसों की गति और भी तेज हो गई है और यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। हालात की गंभीरता का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि 6 मार्च तक सडक़ हादसों में 8 लोगों की जान जा चुकी है। अगर यह गति इसी तरह जारी रहीए तो साल 2025 में हादसों के आंकड़े और भी बढ़ सकते हैंए जिससे न सिर्फरायपुर की सडक़ सुरक्षा पर सवाल उठेंगेए बल्कि लोगों की जान भी दांव पर लगेगी।

## लापरवाही यातायात नियमों के उल्लंघन से बढ़ रहे हादसे

बढ़ते हादसे संकेत दे रहे हैं कि प्रशासन को अब सडक़ सुरक्षा के उपायों को सख्ती से लागू करने की आवश्यकता है। वाहन चालकों की लापरवाहीए सडक़ के खराब हालात और यातायात नियमों के उल्लंघन से हादसों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। सवाल उठता है कि क्या प्रशासन खामियों का पता लगाकर आवश्यक कदम उठाएगा क्या सडक़ सुरक्षा को लेकर प्रशासन सख्त कदम उठाएगा या यह स्थिति और भी बदतर होती जाएगी

## 2 महीने की मासूम को झाड़ियों में फेंका

**रायपुर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। अमलेश्वर के ग्रीन अर्थ सिटी के पास एक 2 माह की मासूम झाड़ियों में मिली है फिलहाल बच्ची की तबियत स्वस्थ है और उसे आगे की उपचार हेतु 108 टीम द्वारा मेकाहारा अस्पताल में एडमिट कराया गया है जानकारी के अनुसार बुधवार आज सुबह मॉर्निंग वॉक करते समय ग्रीन अर्थ सिटी अमलेश्वर के सामने डीह रोड़ पर एक लावारिस बच्ची एमएम जैन को रोते हुए दिखाई दी उन्होंने मॉर्निंग वॉक पर निकले अपने मित्र विकास पंसारे और नारायण शर्मा को इसकी सूचना दी। इसके बाद बच्ची को झाड़ियों से बाहर लेकर आए और 108 को इसकी सूचना दी सूचना मिलते ही 108 के पायलट रविंद कुमार और ईएमटी विनोद कुमार तुंरत मौके पर पहुंचें और बच्ची को ऑक्सीजन सपोर्ट व प्राथमिक उपचार करते हुए मेकाहारा अस्पताल में लेकर आएं।

उल्टा पुल्टा

गोलू- एक पड़ोसी से- मैं आपकी बेटी से शादी करना चाहता हूं.पड़ोसी- कितना कमा लेते हो?
गोलू- 20 हजार रुपये प्रति माह.पड़ोसी- मैं अपनी बेटी को 15 हजार रुपये प्रति माह पॉकेट मनी देता हूं.गोलू- मैं भी तो उसी को जोड़कर ही तो बता रहा हूं.

## संपादकीय

### कानून हाथ में न ले कोई

*हाल के दिनों में लोगों द्वारा कानून अपने हाथों में लेने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। यह एक खतरनाक प्रवृत्ति है जिससे समाज में सिर्फ अराजकता और अशांति ही होगी। पुलिस और सरकार को भी चाहिये कि ऐसे तत्वों पर सख्त कार्रवाई करे। किसी की गलती होने या उसके द्वारा छोटा-मोटा अपराध किये जाने पर अन्य लोग आरोप सिद्ध होने के पहले ही या आशंका मात्र से किसी के साथ मार-पीट करने लगते हैं। यह किसी व्यक्ति द्वारा किये गये अपराध से भी बड़ा कृत्य है क्योंकि इससे जो न्यायिक प्रक्रिया है वह अवरूद्ध होती है। साथ ही, किसी आरोपी के साथ हुई मार-पीट से यदि उसकी मृत्यु हो जाती है तो उसके अन्य अपराधों की भी जांच-पड़ताल खत्म हो जाती है। इसलिये नागरिकों को चाहिये कि वे समाज को असभ्य व बर्बर न होने दें। यदि इस प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलता है तो कभी भी किसी का भी नम्बर आ सकता है।*

*देश में किसी भी तरह का अपराध होने पर उसकी सुनवाई, न्याय करने और दण्ड देने की निश्चित प्रक्रिया है। किसी के साथ कोई अपराध हो तो उसे पुलिस के पास जाना चाहिये, न कि स्वयं ही मार-पीट की जाये। अक्सर ट्रेनों में सीट या जगह के लिये, पार्किंग को लेकर अथवा रास्ते पर वाहनों की भिड़ंत होने की स्थिति में लोग आपस में लड़कर ही मामला निपटा लेने चाहते हैं। इसमें कमजोर को शक्तिशाली के हाथों या फिर निहत्थे को शस्त्रधारी के द्वारा अथवा अकेले को अनेक द्वारा मिलकर पीटा या मार डाला जाता है जो न्याय सिद्धांत के खिलाफ है। ऐसे सैकड़ों कारण हैं जिनके चलते सरे आम सड़कों या घरों में लोग हिंसा का प्रयोग करते दिखते हैं जबकि हमारी न्याय व्यवस्था पर्याप्त सक्षम है कि वह दोषियों को दण्डित कर सके। फिर, कानून के सामने सभी समान होते हैं जिसके कारण सभी को अपनी बात कहने का अवसर होता है।*

*अंबिकापुर के एक रिहायशी इलाके में मंगलवार को जो हुआ वह इसी बात का सबूत है कि लोग कानून अपने हाथों में लेकर खुद ही आरोपी को दण्ड देने की इच्छा रखते हैं। एक घर के बाहर से दो व्यक्ति स्कूटी चुराते हुए पकड़े गये। एक तो भाग खड़ा हुआ लेकिन दूसरा लोगों की पकड़ में आ गया। उन्होंने युवक के हाथ गमछे से बांध दिये तथा देर तक उसकी पिटाई करते रहे। इसके चलते वह आरोपी बेहोश हो गया। इसके बाद पुलिस को खबर की गयी जिसने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। इस तरह की घटनाएं अक्सर होती रहती हैं जिन्हें टाला जाना चाहिये। गलतफहमी के चलते भी किसी के साथ ऐसा हो सकता है जो उसके साथ अन्याय ही कहा जाएगा। पुलिस को चाहिये कि वह कानून अपने हाथों लेने वाले तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करे।*

# दुर्ग, बालोद व बेमेतरा के 17 हजार बकायेदारों से 12.61 करोड़ की राजस्व वसूली

## बिजली बिल का भुगतान नहीं करने वाले 15547 बकायेदारों के विद्युत कनेक्शन काटे



**दुर्ग**, 12 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र द्वारा बकायेदार उपभोक्ताओं से बकाया राजस्व वसूली के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत दुर्ग रीजन (दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले) में माह जनवरी से लेकर अब तक लगभग सवा दो महिने में 17143 घरेलू, गैरघरेलू एवं अन्य श्रेणी के निम्नदाब उपभोक्ताओं से 12 करोड़ 61 लाख 08 हजार रुपए की वसूली की गई। इस दौरान बार-बार ध्यान आकृष्ट कराये जाने के बावजूद बिजली बिल का भुगतान नहीं करने वाले 15547 बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काटे गये।

अधिकारियों ने बताया कि सहायक एवं कनिष्ठ अभियंता स्तर के अधिकारियों की गठित टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए दुर्ग वृत्त के अंतर्गत जिसमें 06 विद्युत संभाग दुर्ग, अहिवारा, पाटन, बालोद, बेमेतरा एवं साजा शामिल हैं, के 7063 बकायेदार उपभोक्ताओं से विगत सवा दो महिने में 03 करोड़ 13 लाख 16 हजार रुपए की बकाया राशि वसूली की गई। दुर्ग संभाग से 91 लाख 85 हजार रुपये, अहिवारा संभाग से 01 करोड़ 08 लाख 89 हजार रुपये, पाटन संभाग से 29 लाख 70 हजार रुपये, बालोद संभाग से 43 लाख 99 हजार रुपयेए बेमेतरा संभाग से 25 लाख 37 हजार रुपये एवं साजा संभाग से 13 लाख 36 हजार रुपये की राजस्व वसूली की गई। बकाया बिल भुगतान नहीं करने वाले दुर्ग के 448, अहिवारा के 573, पाटन के 277, बालोद के 1049, बेमेतरा के 1475 एवं साजा संभाग के 43 बकायेदार उपभोक्ताओं सहित कुल 3865 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काटे गये। इसी तरह दुर्ग शहर वृत्त के तीन संभागों दुर्ग शहर, भिलाई पूर्व एवं भिलाई पश्चिम संभाग के अंतर्गत 10080 निम्नदाब उपभोक्ताओं से 09 करोड़ 47 लाख 92 हजार रुपए की वसूली की गई। बकाया बिल भुगतान नहीं करने वाले 11682 बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काटे गये।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता ने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि नियत समय पर बिजली बिल का भुगतान करें एवं विद्युत विच्छेदन की कार्यवाही से बचें।

# जिला पंचायत की नई अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, उपाध्यक्ष पवन शर्मा एवं नवनिर्वाचित सदस्यों ने ली शपथ



**दुर्ग**, 12 मार्च (देशबन्धु)। जिला पंचायत के सभागार में आज मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग दुबे ने नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे एवं उपाध्यक्ष पवन शर्मा सहित सभी नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को उनके पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर उपस्थित थे। उन्होंने जिला पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सभी सदस्यों को बधाईयां एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही उम्मीद जताई कि नई टीम जिले के विकास में नया आयाम गढ़ेगी। उपसंचालक काव्या जैन भी कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित थीं।

■ **विधायक ललित चंद्राकर की उपस्थिति में दिलाई सीओ ने शपथ**

इस अवसर पर रे्ड कारपेट बिछाने के साथ ही जिला पंचायत परिसर को काफी अच्छे से करीने के साथ सजाया गया था। नये अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के जिला पंचायत परिसर पर पहुंचने पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ से उनका स्वागत किया। जिला पंचायत के इस प्रथम सम्मेलन में शपथ ग्रहण के बाद, सदस्यों की आम राय से दो नई समितियां जल जीवन मिशन (पेयजल) स्थाई समिति तथा स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति के गठन का निर्णय लिया गया। इन दो नई समितियों के गठन के बाद 12 सदस्यीय जिला पंचायत की 7 समितियां हो जायेगी। प्रत्येक समिति में 3-3 सदस्य होगें। इस अवसर पर जिला पंचायत की नवनिर्वाचित ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# सुरधारा म्यूजिकल फाउंडेशन का स्थापना दिवस संगीत एवं समापन समारोह के साथ संपन्न



**दुर्ग**, 12 मार्च (देशबन्धु)। सुरधारा म्यूजिकल फाउंडेशन की शानदार सफलता के 5 वर्ष पूरे होने पर स्थापना दिवस और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 9 मार्च दिन रविवार को मैत्री गार्डन रिसाली भिलाई में मनाया गया। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक और भाजपा महिला मोर्चा उपाध्यक्ष नीतू श्रीवास्तव और पूर्व आयुक्त विवेक अग्रवाल उपस्थित रहे। दिव्यांग कलाकारों के संगीत का लुत्फ उठाया और कहा कि जैसी प्रतिभा इनमें है वो हम में नहीं हो सकती। संस्था की अध्यक्ष ज्योति ध्रुव के सानिध्य में आज ऐसे बच्चे संगीत के क्षेत्र में एक नया आयाम दे रहे है। ज्योति ध्रुव ऐसे बच्चों को ढूंढ कर उन्हें संगीत के मार्ग में आगे बढ़ाने का जो सकारात्मक कार्य कर रही है वो तारीफे काबिल है।

समाज में समाज सेविका का कार्य और उनका मनोबल काफी सराहनीय है। इस कार्य ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# आज निगम परिसर में खेली जायेगी फूलों की होली

**दुर्ग**, 12 मार्च (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा नगर निगम परिसर में दोपहर बाद 3 बजे से फूलों की होली खेली जायेगी। फूलों की इस होली में नगर निगम के सभी नवनिर्वाचित पार्षदगण नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारीगण पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण एक दूसरे पर फूल बरसा कर होली की शुभकामनाएं देगें। इस अवसर पर भक्ति संगीत एवं होली गीतों की संध्या का भी आयोजन किया जायेगा। महापौर ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# शिवनाथ मुक्तिधाम मार्ग का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराया जायें, कलेक्टर को ज्ञापन

**दुर्ग**, 12 मार्च (देशबन्धु)। गंजपारा से शिवनाथ नदी मुक्तिधाम मार्ग का निर्माण कार्य विगत 5 वर्षो से अधूरा पड़ा है। सड़क निर्माण कार्य अधूरा पड़ा होने के कारण इस क्षेत्र के आसपास से लगे 5-6 वार्डो के नागरिकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। अधूरा मार्ग पड़ा होने से रास्ते की धूल उड़कर प्रदूषण बढ़ा रही है जिसका असर जनता के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। इसके अलावा इस क्षेत्र के विभिन्न वार्ड वासियों एवं पार्षदों ने कलेक्टर को ज्ञापन भेजकर ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

■ **पुलगांव नाला ब्रिज के भी जीर्णोद्धार की मांग**

# महिला दिवस पर लायंस क्लब ने मां-बेटियों का किया सम्मान



**दुर्ग**, 12 मार्च (देशबन्धु)। लायंस क्लब ऑफ दुर्ग सिटी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाज में महिलाओं के योगदान की सराहना करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया। आयोजन की खास बात रही कार्यक्रम में मां.बेटियों का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दुर्ग महापौर अलका बाघमार थी। अध्यक्षता समाजसेवी एवं डॉ.मानसी गुलाटी ने की। अतिथियों द्वारा अधिवक्ता पूजा केशरी, प्राचार्य दलजीत कोराडा, सांइटिस्ट सपना सोनी, बॉलीवुड ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# दुर्ग के पार्षदों ने देखी विधानसभा की कार्रवाई, कहा सीखने का अवसर



**दुर्ग**, 12 मार्च (देशबन्धु)। दुर्ग नगर निगम के पार्षदों ने आज विधायक दुर्ग शहर गजेन्द्र यादव के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विधानसभा भ्रमण कर विधानसभा में चल रही बजट सत्र की बैठक देखी। विधानसभा की कार्रवाई को प्रत्यक्ष रूप से देखी व समझने का प्रयास किया। पार्षदों ने इस भ्रमण के दौरान, दर्शकदीर्घा, पुस्तकालय का अवलोकन करते हुए कतिपय मंत्रियों के कक्ष तक पहुंचे एवं वहां उपस्थित मंत्रियों से भी चर्चा तक जानकारी ली। इस दौरान पार्षदों ने नगरीय ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# महापौर ने किया लुचकी तालाब का निरीक्षण, साफ-सफाई व दवा डालने के दिए निर्देश



**दुर्ग**, 12 मार्च (देशबन्धु)। महापौर अलका बाघमार ने आज अपनी टीम के साथ लुचकी तालाब का निरीक्षण किया एवं साथ चल रहे अधिकारियों को तालाब की नियमित साफ सफाई कराते रहने के साथ दवाई का छिड़काव कराने के भी निर्देश दिये। उन्होंने शहर के हृदयस्थल पर स्थित लुचकी तालाब के धार्मिक सामाजिक व सार्वजनिक महत्व की चर्चा की। उन्होने शहर के सभी निस्तारी तालाबों के सार्वजनिक हितों से जुड़े रहने का उल्लेख करते हुए कहा कि इन तालाबों की सुरक्षा सभी को मिलजुल कर करते हुए इसे स्वच्छ सुंदर बनाये रखने के लिये पार्षदों के साथ नागरिकगण भी सक्रिय रहें।

श्रीमती बाघमार ने तालाबों के रखरखाव के लिये जनभागीदारी पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि शहर के अन्य निस्तारी तालाबों की भी साफ सफाई के लिये शीघ्र ही योजना बनाकर कार्य किया जायेगा। इसके लिये महापौर श्रीमती बाघमार ने अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये। इस दौरान महापौर के साथ पार्षद जितेन्द्र ताम्रकार, नीलेश अग्रवाल, शशि साहू उपस्थित थे।

■ **तालाबों के रखरखाव में जनभागीदारी जरूरी : बाघमार**

# दुर्ग जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन ने की स्पीकर डॉ. रमन सिंह से भेंट



**दुर्ग**, 12 मार्च (देशबन्धु)। जनपद पंचायत दुर्ग की नवनिर्वाचित अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन ने आज विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से उनके रायपुर निवास पहुंचकर सौजन्य भेंट की। उनके साथ छत्तीसगढ़ देवांगन समाज के अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश देवांगन, सुखदेव देवांगन भी थे। इस मुलाकात में विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन को बधाईयां व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनता ने ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# दुर्ग-अंबिकापुर-दुर्ग व अंबिकापुर-शहडोल-अंबिकापुर एक्सप्रेस में लगे एलएचबी कोच

**दुर्ग**, 12 मार्च (देशबन्धु)। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों को आरामदायक एवं सुरक्षित यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में बेहतर प्रयास किया जा रहा है। इस तारतम्य में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने व गुजरने वाली सभी गाड़ियों में योजनाबद्ध तरीके से पुराने पारंपरिक कोचों के बदले सुविधाजनक, आरामदायक और ज्यादा सुरसुक्षित नई तकनीक वाले एलएचबी कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।



इसी कड़ी में गाड़ी संख्या 18241/18242 दुर्ग .अम्बिकापुर.दुर्ग एक्सप्रेस में दुर्ग से 10 मार्च से तथा अम्बिकापुरपु से 11 मार्च से पारंपरिक कोचों के बदले एलएचबी कोच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 18756/18755 अम्बिकापुर.शहडोल.अम्बिकापुर एक्सप्रेस में 11 मार्च से एलएचबी कोच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इससे यात्रियों को बेहतर आरामदायक एवं सुरक्षित यात्रा की सुविधा मिल रही है। उल्लेखनीय है कि एलएचबी कोच यात्रियों के लिए काफी आरामदायक व सुविधायुक्त होता है। रेल परिचालन की दृष्टि से एलएचबी कोच काफी सुरक्षित भी है। वर्तमान समय की मांग पर अगर स्पीड की बात की जाए तो ये कोच सामान्य कोचों की अधिकतम गति 110-130 किमी ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# होली चातुर्मास हेतु जैन साध्वियों का आनंद मधुकर रतनभवन में मंगल प्रवेश



**दुर्ग**, 12 मार्च (देशबन्धु)। होली चातुर्मास के लिये आज जैन साध्वियों मेवाड़ प्रवर्तिनी डॉ. वंदना श्रीजी एवं अन्य साध्वीगणों ने आज जयकारों के मध्य नवकार भवन से जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब में प्रवेश किया। अंतिथि सत्कार एवं गुरू भक्ति का लाभ पायल जैन नवकार परिसर ने लिया।

इस अवसर पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए मेवाड़ प्रवर्तनी डॉ. वंदना ने कहा कि वे पहलीबार दुर्ग आई है। अनेक याद उन्होंने गुरू भगवंतों से दुर्ग संघ की प्रशंसा सुनी है। आज जब स्वयं यहां देखा तो हमारा मन भी प्रफुल्लित हो गया। साध्वी अक्षय संचेती ने अपने उद्‌बोधन में लोकमान्य संत रतन मुनि का स्मरण करते हुए कहा कि रतन मुनिजी ने छत्तीसगढ़ के पावन भूमि को धर्म और ध्यान खींचा है। गुरूदेव के छत्तीसगढ़ पर अनेक उपकार है। आज अत्यंत हर्ष के वातावरण में ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार, नकदी व सामान बरामद

**दुर्ग**, 12 मार्च (देशबन्धु)। मोहन नगर थाना के अंतर्गत स्टेशन रोड स्थित बाम्बे सेल कपड़ा दुकान से दो दिन पूर्व हुई लगभग 11 हजार 5 सौ रूपयों की नकदी व रेडीमेड कपड़ों की चोरी करलिया है। इन आरोपियों को गिरफ्तार कर आज न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।



पुलिस के अनुसार स्टेशन रोड स्थित बाम्बे सेल नाम की कपड़ों की दुकान से 10 मार्च की रात्रि दुकान के गल्ले में रखे 6 हजार रूपये नकद एक मोबाईल फोन, 5 नग विक्रय हेतु रखे गये मोबाईल, 5 टी शर्ट कुल मिलाकर साढ़े 11 हजार ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# भूजल संवर्धन हम सबका नैतिक दायित्व

**साईंस कॉलेज में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग पर कार्यशाला**

**दुर्ग**, 12 मार्च (देशबन्धु)। भूजल संवर्धन हम सबका नैतिक दायित्व है। यह हमारे आने वाले पीढ़ियों के लिए एक उपहार होगा। हममे से प्रत्येक व्यक्ति को भूजल संवर्धन हेतु अपने-अपने स्तर पर प्रयास करना चाहिए। यह निष्कर्ष शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग के भूगर्भशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय रेन वॉटर हार्वेस्टिंग कार्यशाला में निकलकर सामने आया। महाविद्यालय के भूगर्भशास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि स्वामी विवेकानंद ऑडियो-विजुअल हॉल में लगभग 200 विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों की उपस्थिति में आमंत्रित वक्ताओं ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के भूविज्ञान एवं भूगोल विभाग के विद्यार्थियों को रेन वॉटर हार्वेस्टिंग का महत्व एवं बारीकियों से अवगत कराया।

इस दो दिवसीय कार्यषाला के आयोजन का मुख्य उद्देश्य भूविज्ञान के बी.एससी छठवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा किए जाने वाले इन्टर्नषिप प्रोजेक्ट हेतु जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान करना था। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने कार्यशाला को विद्यार्थियों हेतु अत्यंत उपयोगी बताया। भूगर्भशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. एस.डी.देशमुख ने रेनवॉटर हार्वेस्टिंग की वर्तमान समय में आवश्यकता पर प्रकाष डाला। डॉ. देशमुख ने सभी आमंत्रित वक्ताओं को पौधा भेंटकर स्वागत किया। भूगोल के विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन के दौरान कहा कि यह कार्यशाला विद्यार्थियों के ज्ञान में वृध्दि हेतु मील का पत्थर साबित होगी।

डॉ. देशमुख के अनुसार प्रथम आमंत्रित व्याख्यान में रायपुर के भूजलविद विपिन दुबे ने रेन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली को स्थापित करने की विभिन्न विधियों तथा उपयोग में लाये जाने वाले विभिन्न फिल्टर तथा अन्य सावधानियों की विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों ने अनेक प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासा का समाधान किया। द्वितीय व्याख्यान में रायपुर के पाणिग्राही कसंल्टेंट समूह के प्रधान ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# रानीतराई के छात्र वर्णन चंद्रवशी ने किया एमडी में टॉप

**दुर्ग**, 12 मार्च (देशबन्धु)। रानीतराई निवासी विनयकांत चंद्रवंशी माता नंदनी चंद्रवशी के सुपुत्र डॉक्टर वर्णन चंद्रवशी ने एम बी बी एस रायपुर एम्स से प्रवीण सूची में उत्तीर्ण होने के बाद एम डी मेडिसिन को गोल्ड मेडलिस्ट के साथ महात्मागांधी शासकीय मेडिकल महाविद्यालय इंदौर से उत्तीर्ण किया है।



रानीतराई नगर में प्रथम होनहार छात्र है जो नगर सहित अंचल का नाम रोशन करते एम डी मेडिकल की डिग्री प्रवीण्य सूची गोल्ड मेडलिस्ट के साथ लिए है। प्रारंभिक छात्र जीवन से ही होनहार छात्र रहे डॉक्टर वर्णन चंद्रवशी का मूल निवास ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# एनजेसीएस बैठक बुलाने को लेकर सीटू का प्रदर्शन



**भिलाईनगर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। 99 माह बीत जाने के बाद भी सेल कर्मचारियों का वेतन समझौते से जुड़े लंबित मुद्दों का निराकरण नहीं हो सका है। कर्मचारियों को 39 माह के एरियर, एच आर ए, एच ए पर्क्स का 50 प्रतिशथ राशि में छूट, 19 माह के पर्क्स का एरियर इत्यादि सहित ठेका कर्मियों के वेतन समझौता अभी तक नहीं हुआ है। इस सम्बंध में तत्काल एन जे सी एस की बैठक बुलाई जाने की आवश्यकता है। इन्हीं सब मांगों को लेकर सीटू भिलाई सहित सेल के सभी इकाइयों में आज 12 मार्च को शांति पूर्ण प्रदर्शन किया गया है। जिसके तहत आज सुबह 8 से 9 तक बोरिया गेट में प्रदर्शन कर निदेशक प्रभारी भिलाई इस्पात संयंत्र के नाम ज्ञापन सौंपा गया वेतन समझौता में देरी के खिलाफ, सम्मानजनक वेतन समझौता को लेकर 30 जून 2021 की हड़ताल के बदौलत ही हमें 26.5 प्रतिशत पर्क्स मिल रहा है अन्यथा प्रबंधन तो 15 प्रतिशत पर्क्स भी देने के लिए तैयार नहीं था सीटू का मानना है कि कर्मियों के द्वारा लड़ी जा रही। हर लड़ाई का कोई ना कोई नतीजा जरूर निकलता है। वेतन समझौता पूर्ण होते तक कर्मियों को लेकर सीटू का स्वतंत्र एवं संयुक्त आंदोलन जारी रहेगा। सीटू नेताओं ने कहा कि 99 महीना बीत जाने के बाद भी वेतन समझौता पूर्ण नहीं हो सका है। सीटू ने कहा कि जो कि केंद्र सरकार के द्वारा थोपे गए अफॉर्डेबिलिटी क्लास के निर्देश एवं इशारे पर हो रहा है। सेल प्रबंधन 39 महीने का एरियर्स नहीं दे है जबकि वेतन समझौता के पश्चात वेतन समझौता लागू होने के दिन से बकाया एरियर्स देना प्रबंधन की जिम्मेदारी है एवं उस एरियर्स पर हर कर्मी का हक है किंतु सार्वजनिक उद्योगों में सरकार के अनावश्यक हस्तक्षेप के चलते एरियर्स को लेकर यह विवाद उत्पन्न हो गया है। सीटू ने आरोप लगाया कि अनावश्यक देरी से सभी कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के समय बड़े नुकसान का सामना करना पड़ेगा। बकाया भुगतान न करने से पीएफ राशि में नुकसान हो रहा है और पेंशन की गणना को भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर रहा है। प्रबंधन के निर्णय कर्मचारियों को कम सेवानिवृत्ति लाभ के साथ कठिन सेवानिवृत्ति जीवन की ओर धकेल रहे हैं। हायर पेंशन को लेकर तरह.तरह की रुकावटें पैदा की जा रही है जिसमें कर्मियों का कोई भी दोष नहीं है। ई पी एफओ द्वारा उच्च वेतन पर पेंशन अभी तक शुरू नहीं किया गया है। इससे कर्मचारियों का मनोबल कमजोर हो रहा है ठेका कर्मी अब उत्पादन और सभी इकाइयों के संचालन में एक अभिन्न अंग बन गए हैं। उन्हें ना केवल कठिन और जोखिम भरे कार्यों को करने के लिए मजबूर किया जाता है बल्कि सुरक्षा और मानक संचालन प्रक्रियाओं के साथ समझौता करके काम करने के लिए मजबूर है। संविदा कर्मचारियों के योगदान के बिना कंपनी का उत्पादन एवं आर्थिक लाभ अर्जित करना संभव नहीं है। सीटू की प्रमुख मांगों में सार्वजनिक क्षेत्र के निजीकरण के खिलाफ विरोध, वेतन संशोधन सहित 39 महीनों के बकाया भुगतान, भत्तों के बकाया भुगतान, एचआरए, एक अतिरिक्त वेतन वृद्धि, संविदा श्रमिकों की मांगों का समाधान, प्रोत्साहन योजना की समीक्षा, मानव संसाधन की भर्ती, आधुनिकीकरण और विस्तार परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर लागू करना, प्रशिक्षुओं के लिए रात्रि पाली भत्ता को स्थाई कर्मियों के साथ समानता, कार्यस्थल में सुरक्षा सुनिश्चित करना और पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रित करना आदि। यह जानकारी जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी ने दी है।

# फर्नीचर दुकान में लगी आग



**भिलाईनगर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। बैंकुंटधाम कैंप-2 वार्ड 32 के एक मकान म भीषण आग लग गई। बताया जा रहा है कि आग मोबाइल चार्जिंग के कारण लगी है। जिस समय घर में आग लगी तब कोई भी घर पर नहीं था। पल भर में आग ने ऐसा रूप धरा कि घर का सारा सामान खाक हो गया। अलमारी में रखे कपड़े, जेवर व नगदी सहित रसोई का सारा सामान जल गया। घटना की सूचना के करीब आधे घंटे बाद फायरा ब्रिगेड पहुंचा और आग पर काबू पाया। मामला छावनी थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार कैंप-2 बैकुंटधाम वार्ड 31 में निर्मला साहू के मकान में बुधवार सुबह 9.30 बजे भीषण आग लग गया। आसपास के लोगों की मदद से आग को बुझाने का प्रयास किया गया। लगभग 10 बजे फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचा।

छावनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत केम्प-2 तालाब के पास अली फर्नीचर गुमटी में देर रात आग लग गई। सूचना मिलते ही अग्नि सेवन एवं आपातकालीन सेवा दुर्ग की फायर टीम ने तत्काल पहुंचकर आग पर काबू पाया। जिससे आग अन्य दुकानों तक नही बढ़ सकी। आग लगने की सूचना मिलते ही अग्नि शमन दल मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया पावर हाउस ओवरब्रिज के नीचे गुमटी में फर्निचर का कार्य किया जाता है। देर रात गुमटी से धुआ अग्निशमन कर्मियों ने आग पर काबू पाया। अग्निशमन विभाग को दी। बताया जा रहा है, कि आग पर काबू पाने में1 अग्निशमन गाड़ी पानी उपयोग किया गया।

# ज्ञान ज्योति माता सावित्रीबाई के कार्यों को किया याद



**भिलाईनगर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। प्रथम शिक्षिका क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले माता के परिनिर्वाण दिवस पर बुद्ध भूमि कोसा नगर प्रतिमा स्थल के पास श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके अतुलनीय योगदान को याद किया गया। मोमबत्ती और अगरबत्ती प्रज्वलित कर माता सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। त्रिशरण और पंचशील का पाठ किया गया। बौद्ध कल्याण समिति के अध्यक्ष नरेंद्र शेन्डे ने माता सावित्रीबाई फुले के शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों को याद किया। भिमाई महिला मंडल की अध्यक्षा दानशीला रामटेके ने कहा कि महिलाओं की शिक्षा समानता और बहुजनों के हक और अधिकारों के लिए उनका संघर्ष और योगदान हमारे लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा। इस अवसर पर गीतेश्वरी रामटेके, मीनाक्षी मून, कोमल चंद्रिकापुरे, नीतू मेश्राम, माया सुखदेव, अल्का शेन्डे, श्रावस्ती रामटेके, प्रिया मेश्राम, वीरेंद्र मेश्राम, गौतम डोंगरे, प्रेरणा धाबर्डे और डॉक्टर उदय धाबर्डे व अन्य उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन रंजू खोबरागड़े ने किया तथा भविष्य में भी बुद्ध भूमि में रचनात्मक कार्यों को करने पर जोर दिया।

## सेवानिवृत पुलिस अधिकारी का होली मिलन

**भिलाईनगर,** 11 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सेवानिवृत पुलिस अधिकारी कल्याण एसोसिएशन का होली मिलन समारोह एसोसिएशन के सेक्टर-7 कार्यालय में अध्यक्ष सेवानिवृत अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बी.बी.एस. ठाकुर की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर एसोसिएशन के उपस्थित सदस्यों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली मनाई। इस अवसर पर एसोसिएशन के संरक्षक आर.पी. शर्मा, व्ही एस दवे, भारत भूषण शर्मा, रविंद्र उपाध्याय, सुरेश चंद्र गोस्वामी, अजीत यादव, डी एन पांडेय, राकेश जोशी, दिग्विजय सिंह परिहार, सचिन देव शुक्ला, विश्वास चंद्राकर, रोहित बघेल, नरेंद्र हरियाणो, हरेंद्र सिंह तोमर, वीरेंद्र सत्पथी, जगदीश उइके, महेश सिंन्हा, एन.के. साहू, विजय शर्मा, सुरेश तिवारी, गिरधारी लाल डड़सेना, चिंतामणि वैष्णव, राम अवतार यदु, सुखे राम ध्रुव, राजाराम भूआर्य, उपस्थित थे।

# आयुक्त ने आयुष्मान कार्ड बनाने की अपील



**भिलाईनगर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। निगम भिलाई चरौदा कार्यालय में आयुष्मान पंजीयन कार्य पर बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में निगम कमिश्नर डी एस राजपूत द्वारा कार्य से संलग्न कर्मचारियों से एक एक वार्ड में अब तक किये गये आयुष्मान पंजीयन 70 वर्ष से अधिक के नागरिकों एवं नये राशन कार्ड से बनाये गये की जानकारी प्राप्त की गयी। गौरतलब है कि भिलाई-चरोदा निगम को प्राप्त लक्ष्य 96726 के विरूद्ध 81909 आयुष्मान पंजीयन किया जा चुका है। जबकि वर्तमान में 15600 लोगों का पंजीयन नये सिरे से किया जाना शेष है। बडी हुयी संख्या में नये राशन कार्ड धारक भी शामिल है। इसके अलावा 70 वर्ष से अधिक के वरिष्ट जनों के भी आयुष्मान पंजीयन का टारगेट 30 प्रतिशथ तक पूरा कर लिया गया है। कमिश्नर डी एस राजपूत ने कहा कि भारत सरकार की सबसे महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक ये आयुष्मान भारत योजना है। जिसमें पंजीयन करा चुके लोगो को 5 लाख तक का चिकित्सा सुरक्षा चक्र का लाभ प्राप्त हो रहा है, क्योंकि पैसो की कमी के कारण समय पर इलाज नही होने से बीमार व्यक्ति और उनके परिजनों की स्थिति अत्यधिक पीड़ा दायक होती है। आयुक्त ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि हमारी टीम फील्ड में घर घर जाकर आयुष्मान पंजीयन कार्य कर रही हैए जिसमें आप लोग से पूर्ण सहयोग अपेक्षित है।बैठक के दौरान निगम के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अश्वनी चंद्राकर, जनसंपर्क प्रभारी विकास चन्द्र त्रिपाठी, डिकेश कुमार वर्मा, चुम्मन साहू, पुरानिक साहू, दुष्यंत साहू, गौरव वर्मा, कविता यादव, चंचला नायक, ममता बंछोर, अनिता ठाकुर, आनंद पटेल उपस्थित रहें।

# सौंदर्यीकरण के नाम पर पेड़ न हटाए : आयुक्त



**भिलाईनगर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। सौन्दर्यीकरण के नाम पर रोपे गए पौध को नष्ट न करे। उक्त निर्देश आयुक्त मोनिका वर्मा ने दिए है। उन्होंने कहा कि पौध या पेड़ को सहजते हुए ऐसे ड्राइंग बनाए जिसमें हरियाली भी रहे और विकास भी होवे। रिसाली निगम आयुक्त डुण्डेरा में स्वच्छता सर्वेक्षण की समीक्षा करने पहुंची थी। डुण्डेरा चौक के निकट नागरिकों द्वारा कचरा फेका पर आयुक्त ने नाराजगी जाहिर करते उस स्थान का सौन्दर्यीकरण करने निर्देश दिए। नागरिकों का कहना था कि कुछ दिन पहले उस स्थान पर पौध रोपा गया है। आयुक्त ने पौध या वृक्ष को बिना नुकसान पहुंचाए सौन्दर्यीकरण करने कहा है। इस दौरान अभियंता, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी, पार्षद खिलेन्द्र चंद्राकर, रोहित धनकर उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान डुण्डेरा में लगने वाले साप्ताहिक बाजार स्थल पहुंची। इस स्थान पर पौनी पसारी योजना के तहत चबुतरा बना है। चबुतरे के नीचे चिकन व्यापारी द्वारा गंदगी फैलाए जाने पर नोटिस देने निर्देश देते सुधार नहीं होने पर दुकान हटाने की कार्यवाही करने जिम्मेदारी दी। निगम ने डुण्डेरा में बने मंगल भवन के संचालन के लिए एजेंसी नियुक्त किया है। भवन के बगल में अस्थाई किचन बनाया गया है। आयुक्त ने किचन कम स्टोर रूम के लिए शेड तैयार करने प्रस्ताव शासन को भेजने निर्देश दी है।

# कोक ओवन के कर्मचारी शिरोमणी पुरस्कार से सम्मानित



**भिलाईनगर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। संयंत्र में शिरोमणी पुरस्कार योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट तथा अनुकरणीय कार्य निष्पादन के लिए शिरोमणि पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इसी के तहत संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में मुख्य महाप्रबंधक तुलाराम बेहेरा के मुख्य आतिथ्य में कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य महाप्रबंधक तुलाराम बेहेरा ने नवम्बर 2024 के लिए डी पी मिश्रा मैकेनिकल मेंटेनेंस व गुरमीत सिंह बीआरपी को, दिसम्बर 2024 के लिए डी येल्ला राव सीआरजी, मैकेनिकल मेंटेनेंस व श्री नील मिंज ;मैकेनिकल मेंटेनेंस को तथा जनवरी 2025 के लिए होमन सिंह ठाकुर व लोकनाथ साहू को कर्म शिरोमणि पुरस्कार का स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र तथा जीवनसाथी के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि तुलाराम बेहेरा ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने सुरक्षा को प्राथमिकता देकर आगे भी इसी प्रकार लगन से कार्य करते रहने तथा अपने अधीनस्थ कार्मिकों को भी कार्य में निपुण करने के लिए सभी पुरस्कार विजेताओं को प्रेरित किया। समारोह में कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग के महाप्रबंधकगण झगर सिंह, बी सी मंडल, एम एस नायक, डी के सामंतराय, आनंद शुक्ला, के नंद कुमार, सहायक महाप्रबंधक सुनील गुप्ता, एस एस मेश्राम, वरिष्ठ प्रबंधक अब्दुल अतीफ व आनंद खरात तथा अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी हेमंत कुमार भुआर्य उपस्थित थे। अथितियों की उपस्थित सभी अनुभाग प्रमुखों ने भी पुरस्कार विजेताओं के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन कार्मिक अधिकारी विजय कुमार ने किया तथा अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी प्रवीण शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# आस्था संस्था में वृद्ध जनों को मिल रहा सहयोग : प्रकाश

**भिलाईनगर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। प्रकाश गेडाम बेसरा 75 वर्षीय माता को जिसका पैर टूट गया उन्हें अपने आश्रम में सहारा दिया। ज्ञात हो की श्रीमती शकुंतला गौड़ 75 वर्षीय माताजी का बक्सर जिला बिहार की रहने वाली थी। पैर की हड्डी टूटने के बाद वे दर.दर भटक रही थी। किसी व्यक्ति ने प्रकाश अपने आश्रम में इनको सहारा देने के लिये फोन किया। उक्त व्यक्ति ने माता को ट्रेन में बिठाकर आश्रम लेकर आए आश्रम में आने पर अपने माताजी को अपने आश्रम में स्थान दिया। माताजी आश्रम में आकर बहुत खुश है और कहीं जाना नहीं चाहती है। श्री गेडाम ने बताया कि अब हमारे आश्रम में वह हम अपने माता को सेवा करेंगे।

इसी तरह आस्था संस्थान भिलाई नगर छत्तीसगढ़ द्वारा गठियावत से पीड़ित महिला 75 वर्षीय जय देशमुख को चलने फिरने में बहुत परेशानी हो रही थी एक महीना पहले आवेदन दिया था इन्होंने संस्था में व्हीलचेयर की आवश्यकता है चलने फिरने में परेशानी हो रही है संस्था की ओर से माताजी को व्हीलचेयर उपलब्ध कराई गई, साथी वकार एवं घर के अंदर चलने के लिए एक छड़ी अपार्ट कराई गई। तीनों सामान प्रकार माताजी के आंखों में आंसू रुक नहीं पा रहे थे क्योंकि वह कई महिनो से उसे लेने के लिए कोशिश कर रही थी। प्रकाश गेड़ाम के अनुसार उक्त महिला को आशा थी कि कोई उन्हें यह सहयोग करेगा, दान करेगा, लेकिन किसी ने दान नहीं किया ना कोई सहयोग किया। आज माताजी ने कहा है कि व्हील चेयर में बैठकर काम से कम मैं अपने गांव में घूम सकती हूं वरना घर के अंदर रह रहा है कि मैं बोर हो जाती।

# सुषोषण अभियान के तहत वितरित किया आहार



**भिलाईनगर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। सामाजिक सेवा संस्थान गोल्डन एम्पथी (जीई) फाउंडेशन ने सुपोषण अभियान के अंतर्गत शास्त्री चौक, शास्त्री नगर 1, तीन दर्शन मंदिर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण आहार का वितरण किया। इस दौरान हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई और बच्चों को कुपोषण से बचाने आगे आने का आह्वान किया गया। सुपोषण अभियान के अंतर्गत जीई फाउंडेशन के सदस्य शास्त्री नगर आंगनबाड़ी में बच्चों को प्रोटीन पाउडर, सोया बड़ी और बिस्किट सहित पोषण आहार प्रदान किया गया। माताओं को बच्चों में कुपोषण दूर करने के उपायों की जानकारी दी गई। इस दौरान माताओं ने अपने बच्चों को सुपोषित बनाने शपथ ली। परिक्षेत्र की सुपरवाइजर अंजू यादव ने नोनी योजना के समस्त पात्र हितग्राहियों को आंगनबाड़ी केंद्र स्तर पर पंजीयन कराने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने महतारी वंदन योजना के अंतर्गत पात्र रहे हितग्राहियों की मृत्यु उपरांत अंतरित राशि राज्य शासन को वापस करने के संबंध में प्रक्रिया की जानकारी दी। फाउंडेशन की ओर से संयोजक प्रदीप पिल्लई ने 0-5 वर्ष के बच्चों का आधार कार्ड बनाने हेतु प्रेरित किया। इस संबंध में उन्होंने समस्त औपचारिकताओं की जानकारी हितग्राही माताओं को दी। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सविता डाकोरे, तबस्सुम, रुक्मिणी चंद्राकर, रंजना बागड़े और रक्मिणी कश्यप तथा जीई फाउंडेशन की ओर से प्रकाश देशमुख, सोनम सागर और विशाखा मंगुड़े सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सेंट थॉमस कॉलेज में मनाया गया महिला दिवस



**भिलाईनगर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। सेंट थॉमस कॉलेज भिलाई में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के विमेंस सेल और पी.जी. अंग्रेजी विभाग द्वारा किया गया। जिसका उद्देश्य कार्यस्थल में दयालुता का संबंध और समानता को बढ़ावा देना था। इस आयोजन के माध्यम से सदस्यों में को मलता, सहानुभूति और करुणा विकसित करने और समाज में उनके योगदान को पहचानने पर जोर दिया गया। इस उत्सव की शुरुआत काइंडनेस चेनइ निशिएटिव से हुई। जहां संकाय सदस्यो ने अपनी रचनात्मक अभिव्यक्तियों को दीवार पर प्रदर्शित किया। एक दूसरे के साथ उपहार और आभार स्वरूप स्मृति चिह्नों का आदान-प्रदान किया और अपने दैनिक जीवन में दयालुता और संवेदनशीलता अपनाने की शपथ ली। इस अवसर पर सेंट थॉमस कॉलेज भिलाई के प्रशासक रेव रेंड फादर डॉ. पी.एस. वर्गीस और सेंट थॉमस कॉलेज भिलाई प्राचार्य डॉ. एम.जी. रोईमोन ने छात्रों और समिति के सदस्यों को इस दिन को सार्थक रूप से मनाने के लिए बधाई दी। इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम भी किया गया।

# अखिल भारतीय हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन



**भिलाईनगर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। संयंत्र के क्रीडा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग तथा राजभाषा विभाग के संयुक्त तत्वावधान मेंए होली के अवसर पर सिविक सेंटर स्थित महात्मा गाँधी कला मंदिर में संध्याकाल अखिल भारतीय हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कला मंदिर के आयोजन में राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित और चर्चित कविगण ने अपनी कला प्रतिभा से हास्य-व्यंग्य की छटा बिखेर कर इस संध्या को स्मरणीय बना दिया। छत्तीसगढ़ के ख्याति प्राप्त कविए पद्मश्री सम्मानित सुरेन्द्र दुबे ने हास्य के नए आयाम और व्यंग्य के नए प्रतिमान प्रस्तुत किए। वहीं अपनी मुखर गीतों और हास्य की बानगी के लिए प्रसिद्ध कवयित्री श्रीमती श्वेता सिंह ने अपने हास्य व्यंग्य व संवेदी कविताओं की छठा बिखेरकर इस्पात बिरादरी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कवि सम्मेलन को नई दिशा देते हुए प्रयागराज के बहुचर्चित हास्य व्यंग्य कवि श्लेष गौतम ने समकालीन परिदृश्यों पर अपने तीखे और धारदार व्यंग्य तथा हास्य प्रसंगों से संध्या को सराबोर कर दिया। इसी कड़ी में मुंबई के हास्य व्यंग्य कवि रोहित शर्मा अपने निराले अंदाज में जीवन मूल्यों पर आधारित व्यंग्यों की प्रस्तुति देकर जनवृन्द को खूब गुदगुदाया। कवि सम्मेलन के पूर्व संयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार मुख्य अतिथि के रूप मेंए कार्यपालक निदेशक विपिन गिरी, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक रावघाट अरुण कुमार ने चारों कवियों का सम्मान किया। संयंत्र ने होली के पावन पर्व पर किया गया हैं। इस कवि सम्मेलन का आयोजन संयंत्र के राजभाषा विभाग और क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया हैं। इस अवसर संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधक और इस्पात नगरी भिलाई बिरादरी के भारी संख्या में उपस्थित थे। अखिल भारतीय हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन में देश के बहुप्रतिष्ठित और नामचीन कविगण ने तत्कालीन घटनाओं का सूक्ष्म आकलन, भावप्रवणता, संवेदनशीलता, शब्दों का चयन और तथ्यों की मार्मिकता को अपनी विशेष शैली में प्रस्तुत किया और हास्य व्यंग्यों के माध्यम से प्रेम व भाईचारे का संदेश दिया तथा मानवीय संबंधों पर अपनी पैनी शैली का परिचय देते हुए वातावरण को सरस बनाया। संयंत्र प्रबंधन द्वारा भिलाई नगर परिधि के सुधि श्रोताओं हेतु आयोजित हास्य व्यंग्य से भरी इस संध्या का दर्शकों ने खूब आनंद उठाया। कविगण की हास्य और व्यंग्यात्मक कविताएं दर्शकों के आकर्षण का प्रमुख केन्द्र रही। हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और वर्तमान परिस्थितियों के तनावपूर्ण माहौल में लोगों के जीवन में खुशी और मनोरंजन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं।

# 29-30 मार्च को बिलासपुर में दिव्यांग राष्ट्रीय स्पर्धा



**भिलाईनगर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश बॉडीबिल्डर संगठन एवं पल्स जिम रायपुर के डायरेक्टर विनय पांडे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के संयुक्त तत्वावधान में छत्तीसगढ़ प्रदेश बॉडी बिल्डर संगठन की जूनियर मास्टर दिव्यांग बॉडी बिल्डर की टीम 9 मार्च 2025 को पल्स जिम रायपुर में चयनित की गई चयनित खिलाड़ियों को प्रदेश बॉडी बिल्डर संगठन टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए 29 एवं 30 मार्च को बिलासपुर में आयोजित 15वीं जूनियर मास्टर एवं दिव्यांग राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। इस अवसर पर प्रदेश संघ के महासचिव वी राजशेखर राव एवं रायपुर जिले के सचिव विनय पांडे दुर्ग जिले के सचिव अमित बन्छोर उपस्थित थे सभी खिलाड़ियों का 15 दिन का कैंप पल्स जिम रायपुर में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं टीम के कोच विनय पांडे के नेतृत्व में चयनित खिलाड़ियों को 15 दिन की ट्रेनिंग दी जाएगी। छत्तीसगढ़ प्रदेश बॉडी बिल्डर संगठन ने आशा व्यक्त की है कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रर्दशन करेगी।

## किशोरी ने की आत्महत्या

**दुर्ग,** 12 मार्च (देशबन्धु)। पोटियारोड स्थित द्वारिकापुरी कालोनी में आज एक 15 वर्षीया किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के पिता को पोस्टिंग रायगढ़ में है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। अधिक विवरण की प्रतीक्षा की जा रही है।



# बाजारों में सजी रंग-गुलाल और पिचकारियों की दुकानें, होली पर्व को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल



**खैरागढ़,** 12 मार्च (देशबन्धु)। रंगों का त्यौहारों होली के नजदीक आते ही बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। शहर के चौक-चौराहों पर रंग-बिरंगी गुलाल सहित पिचकारियों की दुकानों ने माहौल को और उत्सवमय बना दिया है। परंपरागत नगाड़ों की गूंज सुनाई देने लगी है जो होली के उल्लास को और अधिक बढ़ा रही है। इस बार 13 मार्च को होलिका दहन और 14 मार्च को होली का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। बाजार में ग्राहकों की खरीददारी धीरे-धीरे तेज होने लगी है। नगर के गोल बाजार, इतवारी बाजार, टेम्पो चौक, बक्सी मार्ग सहित प्रमुख चौक-चौराहों पर रंग-गुलाल और पिचकारियों की दुकानें सज चुकी हैं।

**बाजार में दिखने लगा ग्राहकों की रौनक, बढ़ी खरीदारी**

रंगों के इस त्योहार पर गुलाल, अबीर, पिचकारियां, वाटर गन और हर्बल रंगों की मांग बढ़ रही है। अलग-अलग डिजाइनों की पिचकारियां मिलने लगी है जिन्हें बच्चे और युवा बड़े उत्साह से खरीद रहे हैं। हालांकि अभी खरीदारी में तेजी नहीं आई है। लेकिन उम्मीद की जा रही है कि आने वाले दिनों में बाजारों में ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ेगी। होली पर्व को केवल एक दिन शेष है, ऐसे में 13 मार्च को बाजार में तगड़ी भीड़ रहेगी।

**चौक-चौराहों पर नगाड़ों की थाप गूंज रहा**

होली का जश्न नगाड़ों के बिना अधूरा माना जाता है। शहर के मुख्य चौक-चौराहों पर नगाड़ों की दुकानें भी सज चुकी हैं जिसे खरीदने लोगो की भीड़ लगी हुई है। होली पर्व के सप्ताह भर पहले ही नगाड़े की धुन सुनाई दे रही है। लोग फाग गीत के साथ नगाड़े की धुन पर होली का मजा ले रहे है। 13 मार्च की रात होलिका दहन किया जाएगा जिसे बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में होलिका दहन की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। परंपरागत विधि-विधान से लोग होलिका दहन में शामिल होकर सुख-समृद्धि और बुरी शक्तियों के नाश की कामना करेंगे। होली का पर्व हर वर्ष लोगों के जीवन में खुशियों का रंग घोलता है। जैसे-जैसे होली का दिन नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे बाजारों में रौनक बढ़ती जा रही है। आने वाले दिनों में बाजारों में और अधिक चहल-पहल देखने को मिलेगी।

## ठेठवार समाज तरौद में हुए निर्विरोध पदाधिकारियों का चुनाव, लिया नशामुक्ति का संकल्प

**बालोद,** 12 मार्च (देशबन्धु)। बालोद राज ठेठवार समाज के तहत तरौद मंडल की बैठक ग्राम मनौद में किसान भवन में रखी गई। जहां सदस्यों द्वारा विभिन्न पदाधिकारी का निर्विरोध चुनाव किया गया। जिसमें ग्राम प्रमुख जगन्नाथपुर भीषम यादव, मनौद के ग्राम प्रमुख आत्मा यादव, तरौद के ग्राम प्रमुख विलास यादव, घुमका ग्राम प्रमुख मदन लाल यादव, खैरथाडीह प्रमुख राजेश यादव चुने गए। इसी तरह तरौद मंडल क्षेत्र से मंडल अध्यक्ष के रूप में जनक यादव ग्राम घुमका निर्विरोध चुने गए। इसी तरह मंडल क्षेत्र सेवक के रूप भोज यादव को चुना गया। बैठक के अंत में सभी ने होली पूर्व मिलन कार्यक्रम के तहत नवनिर्वाचित पदाधिकारी को तिलक गुलाल लगाकर सम्मानित किया। तो वहीं इस दौरान मनौद के ग्राम प्रमुख आत्माराम यादव ने कहा कि समाज को एकजुट रखने के लिए समय.समय कर बैठक जरूरी है। इसी के तहत बालोद राज के अंतर्गत आने वाले तरौद मंडल की यह बैठक रखी गई थी। जो पूरी तरह सफल रही। बैठक में विभिन्न प्रमुख शामिल हुए। समाज में विघटन की समस्या पर भी चर्चा हुई। साथ ही नशा मुक्ति पहल की अपील युवाओं से की गई। नशा मुक्त समाज और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने को लेकर निर्णय लिया गया तो वहीं धर्मांतरण और मतांतरण के प्रलोभन में पड़कर उन्होंने समाज से दूर हो रहे समाज के कुछ लोगों को लेकर भी चिंता जाहिर करते हुए कहा कि ऐसे लोग समाज में मिलकर रहे तो अच्छा है। जीवन में समाज की कब कहां जरूरत पड़ जाए कोई नहीं जानता। वहीं उन्होंने समाज की युवा पीढ़ी को नशा से दूर रहने और शिक्षा प्राप्त देने के लिए अपील भी की। इस दौरान प्रमुख रूप से गंगाधर यादव, लीलाधर, रूपराम, शंकर लाल, रामस्वरूप, जयप्रकाश यादव, दीपक यादव, प्रकाश यादव, सुरेंद्र, कोमल, कन्हैयालाल, अशोक, संतोष, सहदेव, बंसीलाल, चंद्रभान, उदय, दिलेश्वर, ईश्वर, तुलसी, नकुल, सुदर्शन, सुदामा, सुधाकर, थानसिंह यादव आदि मौजूद रहे।



## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन



**डोंगरगढ़,** 12 मार्च (देशबन्धु)। शहर के अग्रसेन भवन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के गणमान्य नागरिक व नगर पालिका में नवनिर्वाचित महिला पार्षदों को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अधिवक्ता श्रीमती संध्या देशपांडे, अधिवक्ता ज्योति सोनवानी , महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगड़, डॉ. ममता दरगड़ ,सुषमा कोठारी, पार्षद डॉ रेखा राघोर्ते , बबीता साहू , शारदा यादव ,मेनका कंडरा, शिवांगी साखरे, लक्ष्मी यादव, राधा गुप्ता, प्रीति तराने ,एम तुलसी ,तारा गोरले, गीतांजलि राजपूत ,अनिता इंदुलकर, हेमलता तिवारी ,ममता बहेकर, चंद्रकला राजपूत, अक्षया हाटेकर, संध्या यादव, गीता दुबे उपस्थित रही हैं।कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीपक जलाकर किए। तत्पश्चात सभी अतिथियों का तिलक लगाकर, दुपट्टा ,श्रीफल भेंट किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगड़ ने महिला दिवस क्यों मनाया जाता है, इस पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में अधिवक्ता संध्या देशपांडे शामिल हुई। उन्होंने अपने उद्बोधन में महिलाओं के अधिकार एवं सुरक्षा पर प्रकाश डाला। सरकारी वकील ज्योति सोनवानी ने भी महिलाओं के हितों को बारे मे बताई। सभी पार्षदों एवं उपस्थित अतिथियों ने अपने वक्तव्य दिए साथ ही उपस्थित महिलाओं को महिला दिवस के की शुभकामनाएं दिए। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती वत्सला श्रीवास्तव ने किया।

## रमजान, होली को लेकर थाना परिसर में शांतिपूर्ण बैठक

**खैरागढ़,** 12 मार्च (देशबन्धु)। खैरागढ़ पुलिस थाने में होली और रमजान पर्व को सौहार्दपूर्ण मनाने शांति समिति की बैठक थाना परिसर में आयोजित किया गया। बैठक में जनहित और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि होली और रमजान के दौरान सौहार्द और शांति व्यवस्था बनाए रखने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएंगे। होली के अवसर पर चौक-चौराहों और संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल तैनात किया जाएगा साथ ही असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना न हो। जो लोग जबरदस्ती कर होली खेलते हैं या उग्र रूप अपनाते हैं उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में नशे और बढ़ते अपराधों पर भी चर्चा की गई जिसे लेकर यह तय किया गया कि त्योहार के दौरान अवैध शराब, मादक पदार्थों की बिक्री और उपयोग पर सख्त निगरानी रखी जाएगी। पुलिस प्रशासन लगातार गश्त करेगा ताकि कोई भी कानून व्यवस्था को भंग न कर सके।



**पर्यावरण और स्वास्थ्य का रखा जाएगा ध्यान**

होली के दौरान हर्बल और प्राकृतिक रंगों का उपयोग करने की अपील की गई। ग्रीस, कीचड़ और अन्य हानिकारक रसायनों से बने रंगों पर प्रतिबंध लगाने का सुझाव दिया गया ताकि लोगों के स्वास्थ्य पर कोई बुरा असर न पड़े। रमजान और होली का पर्व एक ही दिन है ऐसे में सभी समुदायों से आपसी भाईचारे और सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि दोनों पर्व को मिलकर हर्षोल्लास और शांति के साथ मनाया जाए ताकि सामाजिक एकता मजबूत हो। बैठक में एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, एसडीओपी लालचंद मोहले, थाना प्रभारी अनिल शर्मा, नगर पालिका सीएमओ नरेश वर्मा और यातायात प्रभारी शक्ति सिंह सहित मीडिया के साथीगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। पालिका उपाध्यक्ष रज्जाक खान, टीलेश्वर साहू, अल्ताफ अली, जफर खान, राजीव चंद्राकर, शिरीष मिश्रा, अरशद हुसैन, अयूब खान सहित अन्य गणमान्य नागरिकगण मौजूद रहे।

## चांदनी रोशन दत्ता पार्षद की अभिनव पहल



**बेमेतरा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। वार्ड नंबर 8 में बेमेतरा के विधायक दीपेश साहू के मार्गदर्शन नगर पालिका अध्यक्ष नगर पालिका के सीएमओ कमल ठाकुर कर्मचारी एवं पीएचडी ऑफिस के कर्मचारियों के सहयोग से एवं श्रीमती चांदनी रोशन दत्ता पार्षद की सक्रियता से आज होली त्योहार से पहले सफाई महा अभियान चलाया गया। जिसमें आज पंजाबी पारा मे कचरा सड़क मालवा साफ सफाई बाबा दीप सिंह गुरुद्वारा गली सड़क में साफ सफाई कंडरा पारा मैं नाली साफ सफाई वाचनालय के पास व्यर्थ मे जो पानी बह रहा था मीठा पानी लीकेज को बनाने का कार्य किया गया।

## भरदा कला के अशोक गौटिया के पुत्र राकेश की जन्मदिवस पर बधाई देने वाले का लगा तांता



**साजा,** 12 मार्च। साजा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत भरदा कला अशोक गोटिया के सुपुत्र बिट्टू साहू ऊर्फ राकेश को आज की शुभ तिथि 11 मार्च के अवतरन दिवस की बहुत बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामना देते हुए फेसबुक, व्हाट्सएप, मैसेज, इंस्टाग्राम, मे बधाई देने वाले का लगा तांता।

## इंदिरा नगर में मनाया गया महिला दिवस



**डोंगरगढ़,** 12 मार्च। मंगलवार को नगर के इंदिरा नगर वार्ड नंबर 5 में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम अशिक्षित एरिया लेवल फेडरेशन के तत्वाधान में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नव निर्वाचित पार्षद श्रीमती प्रीति चमन समुंद्रे अल्का कश्यप, ललिता साखरे वर्षा मेश्राम, लक्ष्मी यादव उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ वार्ड की महिला पार्षद श्रीमती प्रीति चमन समुद्रें ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने महिला दिवस को यादगार बनाने के लिए खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की। महिलाओं ने खुलकर डांस भी किया। अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाने पर महिलाओं में खुशी देखने को मिली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती समुद्रें ने कहा कि महिलाओं को आगे आकर सामाजिक कार्यों में भाग लेना चाहिए उन्होंने कहा कि अब महिला अछूती नहीं है अब तो अंतरिक्ष में भी महिलाओं का बोलबाला है इसलिए अब हीन भावना से ऊपर उठकर महिलाओं को समाज के निर्माण की भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। संस्था के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आयोजन के लिए शुभकामनाएं भी उन्होंने दी और महिलाओं के उत्थान के लिए आगे जाकर कार्य करने का आवाहन भी किया। उक्त कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारी अध्यक्ष सुनिता बघेल सचिव चमेली साहू कोषाध्यक्ष मनीषा मेश्राम उपाध्यक्ष सकून दोहराते सहसचिव अनिता लिल्हारे सहित सदास्यगण एवम बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी। उन्होंने महिलाओं के उत्थान के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।

## तहसील साहू समाज ने मनाई होली मिलन



**गुण्डरदेही,** 12 मार्च (देशबन्धु)। बुधवार को तहसील साहू संघ गुण्डरदेही द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन स्थानीय साहू सदन मे किया गया,जिसमे तहसील अंतर्गत आने वाले गांव के ग्रामीण अध्यक्ष और परिक्षेत्रीय अध्यक्षगण शामिल हुए कार्यक्रम मे तहसील साहू संघ द्वारा एक वर्ष के अंदर किए गए आय व्यय की जानकारी समाज के पदाधिकारियों द्वारा दिया गया तहसील साहू संघ के अध्यक्ष डॉ.मानसिंग सार्वा ने बताया की प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी तहसील साहू संघ द्वारा होली मिलन समारोह रखा गया था इसके साथ साथ एक वर्ष का हिसाब किताब और कई अन्य विषयों पर चर्चा किया गया तहसील साहू संघ के सहसचिव किशन साहू ने कहा की तहसील साहू संघ द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवक युवतियों को निशुल्क कोचिंग प्रदान किया जाता है उसके लिए भी पंजीयन की शुरुआत किया गया है ताकि बच्चों को अपने कॅरियर बनाने मे मार्गदर्शन मिल सके।

## भरदा के ढाबा में अवैध शराब बिक्री को लेकर पहुंचे दो पंचायत पदाधिकारी

**गुरुर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। नेशनल हाईवे 930 ग्राम भरदा एवं ग्राम धनोरा के मध्य संचालित दो ढाबा में अवैध रूप से शराब बिक्री की शिकायते मिली है। शिकायत मिलने के बाद ग्राम पंचायत भरदा एवं धनोरा के पदाधिकारी सहित ग्राम विकास समिति के पदाधिकारी भी बुधवार को अचानक ढाबा में दबिश दी।



जहां अवैध रूप से चल रहे शराब बिक्री को तत्काल बंद करने के लिए पदाधिकारीयों ने ढाबा संचालकों को समझाईए दिए। ढाबा में अवैध रूप से शराब बेचने एवं बिठाकर शराब पिलाने पर पंचायत द्वारा कार्रवाई के लिए चेतावनी दी गई है। दोनों ग्राम पंचायत के लगभग 30 से अधिक पदाधिकारी ढाबा पहुंचे थे, जहां ढाबा संचालकों को बताया गया कि ढाबा में अवैध रूप से शराब बेचने एवं पिलाने के कारण छोटे बच्चों पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा है। ढाबा में शराब पीने के बाद लोग गाली गलौज एवं मारपीट भी करने लगे हैं, जिसके कारण क्षेत्र मे शांति व्यवस्था भंग हो रही है। पंचायत द्वारा यहां एनओसी में सिर्फ ढाबा संचालित करने के लिए ही अनुमति दी गई है लेकिन यहां अवैध रूप से शराब की बिक्री किया जा रहा है, जिसके कारण यहां जगह-जगह गंदगी शराब की शीशी, पानी पाउच, डिस्पोजल, बीड़ी सिगरेट जैसे अन्य प्रतिबंधित सामग्रियों के कारण ढाबा के पीछे स्थित खेत खलिहानों को भी नुकसान पहुंच रहा है। ग्राम धनोरा के बटालियन चौक में भी अवैध रूप से शराब बिक्री की शिकायते मिली है।

पंचायत के पदाधिकारीयों ने दोनों ढाबा संचालकों को सीसीटीवी कैमरा लगाने एवं शौचालय का निर्माण करने के लिए भी आदेशित किया है। वही दोनों ग्राम के समन्वय से अवैध रूप से शराब बिक्री को रोकने हेतु निगरानी समिति का चुनाव भी किया जाएगा, जो समय-समय पर ढाबा की गतिविधियों पर निरीक्षण कर शासन प्रशासन को इस संबंध में अवगत कराएंगे। इस दौरान ग्राम पंचायत भरदा से सरपंच कोमल साहू, पूर्व सरपंच रोहित निषाद, ग्राम पंचायत धनोरा सरपंच सुमन साहू सहित वरिष्ठ जन घनाराम साहू, रोशन साहू, मोहनलाल कलिहारी, नीलांबर साहू सहित दोनों ग्राम पंचायत के पंचगण एवं अन्य वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

## निधन

### ओम प्रकाश बन्छोर



**भिलाईनगर,** 12 मार्च। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल विभाग के सेवानिवृत्त एग्जीक्यूटिव इंजीनियर ओम प्रकाश बंछोर, पिता स्व शंकर लाल बंछोर 73 वर्ष का 12 मार्च को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गुरुवार 13 मार्च को किया जाएगा। अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान शॉप नंबर-4, सेक्टर-4 भिलाई से सुबह 10 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे श्रीमती चंद्रयायणी बंछोर के पति, श्रीमती नमिता वर्मा पुत्री,व मोनेश बंछोर पुत्र एकांश बछोर पार्षद वार्ड-59 एमआईसी मेंबर नपानि भिलाई के पिता थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### जिला पंचायत की नई अध्यक्ष ...

अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, उपाध्यक्ष पवन शर्मा के अलावा सदस्यगण दानेश्वर दालू साहू, उषा सोनवानी, जितेन्द्र यादव, प्रिया साहू, आशा विक्की मिश्रा, श्रद्धा साहू, देवेन्द्र चंद्रवंशी, नीलम राजेन्द्र चंद्राकर, नोमिन ठाकुर, कल्पना नारद साहू उपस्थित थे।

इनके अलावा भाजपा की ओर से भिलाई जिला भाजपा अध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन, कांतिलाल बोथरा, काशीनाथ शर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष माया बेलचंदन, प्रेमसागर चतुर्वेदी, सत्यप्रकाश बंजारे, सहित अनेक जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता, कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे।

### सुरधारा म्यूजिकल फाउंडेशन का ...

में संस्था के सचिव उमेश कुमार यादव, सह सचिव राजेश गुप्ता, उपाध्यक्ष विकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आनंद बक्शी और विशेष सलाहकार राजू उके उपस्थित थे।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर उन महिलाओं का सम्मान भी किया गया जो समाज में एक अच्छा संदेश दे रही है। इनमें संध्या बड़वाइक, वंदना निखाडे, गायत्री यादव, शानू साहू, शशि सोनाछाटा, ज्ञानू मैत्रे, किरण गुप्ता साथ में सूरज पटेल, जयप्रकाश, अनिल शुक्ला दिव्यांग दृष्टिबाधित बच्चे विवेक लेमन, आयुष,अजय, कृष्णा, लोकेंद्र, ओमप्रकाश, मेघा, अदिति, विश्वकांत आदि शामिल थी।

### आज निगम परिसर में ...

अलका बाघमार ने उक्त जानकारी देने के साथ ही आम नागरिकों से भी होली शांति व सौहार्द्रता के साथ मनाने की अपील की है।

श्रीमती बाघमार ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि होली खेलते हुए सभी की सुविधा असुविधा का ध्यान रखते हुए किसी की सहमति के बगैर उस पर रंग गुलाल न डाले। इसी तरह होलिका दहन को लेकर भी उन्होंने वृक्षों को क्षति न पहुंचाने, वृक्षों व बिजली के तार के नीचे भी होली न जलाने की अपील की है।

### शिवनाथ मुक्तिधाम मार्ग का ...

पुलगांव नाला के ब्रि की मरम्मत की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि ब्रिज जर्जर होने से यहां पूर्व में कई दुर्घटनाएं हो चुकी है । दो वर्ष पूर्व हुई सड़क दुर्घटना में 2 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। वार्डवासियों ने शिवनाथ नदी तक सड़क निर्माण पूरा न होने तथा पुलगांव ब्रिज का जीर्णोद्धार न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

### महिला दिवस पर लायंस क्लब ने ...

कलाकार जागेश्वरी मेश्राम के अलावा समाजसेवी संस्था अंकिता कल्याण समिति के सदस्यों का भी सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में क्लब के सदस्य माँ व बेटी भाग्यश्री मोडक.धनश्री, अनिता पाण्डेय.निकिता, रत्नमाला पालिया.सोनम, पिंकी सम्मानित किए गए। कार्यक्रम का संचालन आंकाक्षा मिश्रा एवं अनिता तिवारी और आभार प्रदर्शन सुमन पाण्डेय एवं अनिता शक्ला द्वारा किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब ऑफदुर्ग सिटी वाइस डिट्रीक्ट प्रेसीडेंट रश्मी अग्रवाल, एरिया ऑफिसर अनिता शुक्ला, रूपीन्दर कौर कालकेट, रूची सक्सेना, विभा, पुष्पा पाण्डेय, पुष्पा मिश्रा, बरखा, बिन्दू, रीतू, मंजू बरमेचा, उभयराम, भारती कुर्रे, वर्षा गुप्ता, अनुराधा दूबे के अलावा अन्य सदस्य मौजूद रही।

### दुर्ग के पार्षदों ने देखी ...

प्रशासन मंत्री, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप, के अलग अलग कक्षों में जाकर संबंधित विभागों के कामकाज की जानकारी विधानसभा से जुड़े तमाम प्रश्नों को पूछकर अपनी जिज्ञासा शांत की। विधानसभा में प्रश्नकाल में किस तरह प्रश्न पूछने सहित अन्य प्रक्रियाओं की भी जानकारी ली। पार्षदों ने विधानसभा का भ्रमण करने तथा विभिन्न गतिविधियों के देखने, मंत्रियों से चर्चा के बाद अपनी प्रतिक्रिया में बताया कि यह भ्रमण इनके लिये काफी कुछ सीखने व अनुभव प्राप्त करने का अवसर था। इस भ्रमण में सभापति श्याम शर्मा, पार्षद कुलेश्वर साहू, कांशीराम कोसरे, कमल देवांगन, मनीष साहू, चंद्रशेखर चंद्राकर, सरस निर्मलकर, खालिक रिजवी, गुड्डू यादव शिव नायक सहित अन्य पार्षदगण भी उपस्थित रहें।

### दुर्ग जनपद अध्यक्ष ...

उन्हें जो जिम्मेदारी दी है उसे अच्छे से निभाएं, अच्छे से जनता की सेवा करें। छत्तीसगढ़ देवांगन समाज के अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश देवांगन ने नगरीय निकाय एवं पंचायती राज चुनाव में देवांगन समाज को समुचित प्रतिनिधित्व देने के लिये भाजपा नेतृत्व के प्रति आभार जताया। देवांगन जनकल्याण समिति के अध्यक्ष घनश्याम देवांगन ने भी दुर्ग की नई जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन को बधाई दी है।

### दुर्ग-अंबिकापुर-दुर्ग ...

की तुलना में 160 से भी अधिक की गति के लिए डिजाईन की गई है । एलएचबी कोच में हाइड्रोलिक सस्पेंशन का प्रयोग किया जाता है । वही दाएं बाएं मूवमेंट के लिए भी सस्पेंशन का प्रयोग किया गया है, जिससे सफर आरामदायक हो जाता है ।

### होली चातुर्मास हेतु ...

मेवाड़ प्रवर्तिनी वंदनाश्रीजी, साध्वी कलावती श्रीजी, साध्वी अक्षय ज्योति जी, साध्वी उपासना जी, साध्वी नवकीर्ति जी, साध्वी योगलब्धि जी, साध्वी अक्षता जी, साध्वी श्री आदिती जी का नवकार परिसर जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब में प्रवेश हुआ।

आज सामूहिक उपवास एवं सामयिक : साध्वी डॉ. वंदनाश्रीजी के सानिध्य में कल 13 मार्च को होली पर सामूहिक उपवास एवं दो सामयिक आराधना होगी। यह जानकारी श्रमण संघ के प्रचार प्रसार प्रमुख नवीन संचेती ने दी।

### चोरी के दो आरोपी ...

का सामान व नकदी की चोरी हो गई। दूकान संचालक बबला कमरान की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की पतासाजी की। इस तहकीकात के दौरान कनक साहू पिता मंगलू साहू (22) निवासी बांसपारा वार्ड 28 दुर्ग एवं गोविंद यादव (21) निवासी गैंदी डबरी वार्ड 13 मोहन नगर को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से नकद रकम, मोबाईल व कपड़े बरामद किये गये। आरोपी जेल भेज दिये गये है।

### भूजल संवर्धन ...

डॉ. कुण्डलेश्वर पाणिग्राही ने विद्यार्थियों को रेनवॉटर हार्वेस्टिंग के छत्तीसगढ़ में स्थापित विभिन्न जगहों की प्रणाली को पावर प्वाइंट प्रजेटेंशन के माध्यम से प्रस्तुत किया। डॉ. पाणिग्राही ने बताया कि कभी भी प्रदूषित जल को रेन वॉटर हार्वेस्टिंग हेतु प्रयोग न करें। वर्कशॉप के दूसरे दिन भिलाई के भूजल विद तुलेश्वर ने अपने प्रस्तुतिकरण में बताया कि भूविज्ञान विभाग द्वारा शासकीय महाविद्यालय, रिसाली तथा शासकीय महाविद्यालय, जामगांव आर महाविद्यालय प्रांगण में स्थापित रेन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली कैसे कार्य करती है। आमंत्रित वक्ता देवव्रत ने कहा कि बारिश के पानी को भूजल में प्रेषित करने के पूर्व उसे फिल्टर से गुजारना आवष्यक है। तृतीय आमंत्रित वक्ता मोहनीश पाण्डेय ने कहा कि प्रकृति स्वयं एक फिल्टर का कार्य करती है। हमें रेन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली में साईज के हिसाब से बोल्डर, चार कोल, महीन रेत, फिटकरी तथा वायर की जाली का सावधानी पूर्वक उपयोग करना चाहिए। इस वर्कशाप के आयोजन में भूगोल विभाग के समस्त अतिथि सहायक प्राध्यापक तथा भूविज्ञान के डॉ. विकास स्वर्णकार एवं डॉ. इन्द्रजीत साकेत का उल्लेखनीय योगदान रहा।

### रानीतराई के छात्र...

रानीतराई है लेकिन स्कूल की पूरी पढ़ाई दुर्ग भिलाई से पूरा करने के बाद रायपुर एम्स से एम बी बी एस की डिग्री लिए है । डॉक्टर वर्णन चंद्रवशी के परिवार में डाक्टरी पेशा में रहकर वर्षों से अंचल में सेवा देते आरहे है, इनके दादा स्व.छन्नूलाल चंद्रवशी भी डाक्टर थे बड़े पापा नीलकांत चंद्रवंशी भी डाक्टर है अब स्वयं वर्णन चंद्रवशी डाक्टर बनकर अपने परिवार के संस्कार और सेवाभाव को आगे बढ़ाने में लगे है ।

## मां दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाना करकाभाट में पेराई सीजन समाप्त



**गुरुर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। बालोद जिले के एकमात्र दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाना करकाभाट में अब पेराई सीजन समाप्त हो चुका है। कारखाना प्रबंधन से जानकारी के मुताबिक 4 माह के भीतर शक्कर कारखाना में 64 हजार 647 टन गन्ने की पेराई की गई, जहां 66 हजार 445 चि. शक्कर का उत्पादन हुआ है। यह शक्कर कारखाना ब्लॉक मुख्यालय गुरुर से 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है लेकिन गुरुर के अलावा पूरे बालोद जिला में लक्ष्य के अनुरूप गन्ने की खेती नहीं होने के कारण हर वर्ष कारखाना प्रबंधन को धमतरी, कांकेर, मानपुर, मोहला, बेमेतरा, धमधा, कवर्धा जैसे अन्य क्षेत्रों से गन्ना मंगाना पड़ता है, इस वर्ष भी अन्य क्षेत्रों से गन्ना मंगाया गया था। पेराई सीजन समाप्त होने के बाद अब कर्मचारियों द्वारा शक्कर की पैकेजिंग किया जा रहा है। इसके आलावा शक्कर को डंप किया जा रहा है। कारखाना प्रबंधन से जानकारी के मुताबिक इस वर्ष गन्ना बेचने के लिए गुरुर, बालोद सहित अन्य क्षेत्र के 1 हजार 3 किसानों को टोकन जारी किया गया था, कारखाना प्रबंधन को गन्ना बेचने के एवज मे गन्ना उत्पादक किसानों को 15 करोड़ 37 लाख रुपए का भुगतान किया जा चुका है, जबकि 4 करोड़ 99 रुपए का भुगतान करना बाकी है। कृषि विभाग गुरुर से जानकारी के मुताबिक गुरुर तहसील क्षेत्र में गन्ना फसल क्षेत्र विस्तार के लिए शासन प्रशासन के अलावा विभाग द्वारा भी किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है ताकि शक्कर कारखाना में नियमित रूप से गन्ना पेराई चलता रहे।

# वस्त्रदान समिति ने रक्तदान शिविर आयोजित किया

■ 45 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया




**बेमेतरा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। 9 मार्च को बेमेतरा के स्थानीय गांधी भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था । जिसमें कुल 45 रक्तदाताओं ने अपना रक्तदान किया ।

यह आयोजन...वस्त्रदान समिति,छग., सरयूपारीय ब्राह्मण समाज,बेमेतरा एवं युवा योद्धा, बेमेतरा के संयुक्त तत्वाधान में था।वस्त्रदान समिति के *प्रदेश संयोजक डॉ? अविनाश तिवारी* ने मंच संचालन करते हुये...रक्तदान के महत्व, लाभ एवं रक्तदान करने हेतु जागरुकता तथा रेडक्रास के उद्देश्यों अपने व्याख्यान दिये तथा साथ ही, रेडक्रास के संस्थापक सर हेनरी ड्यूरेंट के जीवन पर प्रकाश डाला । *ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अजय शर्मा* ने सामाजिक अधोसंरचना,सामाजिक कार्यों में बढ़ोतरी के लिए जोर दिया ताकि, अधिकाधिक लोग लाभान्वित हों । *महिला ब्राह्मण समाज की अध्यक्षा श्रीमती ममता तिवारी* ने आह्वान किया कि, महिला अपनी भागीदारी बढ़ायें एवं उनके सामाजिक उत्थान हेतु समयानुसार, सामर्थ्यनुसार कार्य करें ताकि, मुख्यधारा से जोड़ा जा सके ।

नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विजय सिन्हा* ने कहा कि, चिकित्सा क्षेत्र में ऐसे कार्यक्रम होते रहना चाहिए ताकि, किसी भी मरीज को रक्त के अभाव में परेशानी नहीं हो । परिषद अध्यक्ष ने वस्त्रदान समिति, छग के कार्यों की सराहना करते हुये कहा कि, असहायों की सहायता, नारायण सेवा के बराबर है । वस्त्रदान समिति हेतु उन्होंने और भी यथासंभव सहयोग का आश्वासन दिया । *युवा योद्धा के संरक्षक डॉ? तारेन्द्र साहू* ने भविष्य में भी समाजोन्मुख कार्य करने बात कही जिससे आने वाली पीढ़ी को जागरुक कर सकें ।

रेडक्रास के डॉ? सत्यनारायण पाण्डेय एवं देवेन्द्र दुबे* ने...कहा कि, सेवाभावी संस्थाओं को प्रत्येक चार माह में रक्तदान कार्यक्रम करने चाहिए । जिससे रक्त का अभाव नहीं हो । *बीजेपी जिला अध्यक्ष अजय साहू* ने कार्यक्रम को अनुकरणीय बताया एवं बधाई दिया । *प्रदेश संरक्षक दिनेश साहू* ने सम्पूर्ण कार्यक्रम का आभार व्यक्त किया । उक्त कार्यक्रम में रक्तदाताओं को सम्मानित कर, सुपाच्य स्वल्पाहार प्रदान किया गया । इस कार्यक्रम में..श्रीमती शारदा तिवारी,सविता तिवारी,मंजू शर्मा, रश्मि फणेन्द्र मिश्रा,नीतू कोठारी,वर्षा गौतम,अंजना तिवारी,कुसुम सिन्हा,प्रदीप दुबे,पं.रामप्रताप शास्त्री, दिनेश शर्मा,धरम तिवारी,राहुल तिवारी, श्रीनिवास द्विवेदी,संकल्प शर्मा, किरण कुमार मिश्रा,भावेश शर्मा,सिद्धांत तिवारी,मनीष शर्मा,आदर्श शर्मा, भास्कर तिवारी,अतीत मिश्रा,राकेश शर्मा,मोंटी साहू, दिनेश साहू,राजा यादव,राजू साहू,ओमप्रकाश यदु, अजय कौशिक,धर्मेंद्र शर्मा,टीकाराम पटवा,वेदप्रकाश तिवारी,नितीश पाठक,संजय तिवारी,प्रतीक दुबे,वतन मिश्रा,अजय कौशिक, कार्तिक सोनी,राजेन्द्र साहू, लक्ष्मण देवांगन,परमेश्वर यादव,गोविन्द यादव,अशोक डांगी,ललित सिंग,तुलेश्वर चौहान... एवं बहुत लोगों ने रक्तदान किया तथा सेवा कार्य किया ।

# ईडी के विरुद्ध कांग्रेस का प्रदर्शन



**बेमेतरा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। प्रवर्तन निदेशालय के द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव भूपेश बघेल के भिलाई स्थित निवास पर छापेमारी के विरोध मे आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष आशीष छाबड़ा के निर्देश पर ईडी और भाजपा सरकार का पुतला दहन कर प्रवर्तन निदेशालय और भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।

पुतला दहन करते हुए कांग्रेस नेताओ ने ईडी की कार्यवाही पर कहा कि ईडी, सीबीआई जैसे संस्थाओं का भाजपा दुरुपयोग कर कांग्रेस नेताओ को डराना चाहती है पर कांग्रेसी ऐसे कार्यवाही से डरने वाले नही है।भाजपा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आक्रमक रविय्ये से डरी हुई है , ईडी को बताना चाहिए कि पूर्व मुख्यमंत्री के घर के छापे से क्या दस्तावेज मिले है । कांग्रेस नेताओ ने कहा कि विधानसभा मे सवाल किए जाने पर कार्यवाही की जा रही है, भाजपा की विपक्षी दलों पर इस तरह की कार्यवाही प्रतिशोध की राजनीति है जिसे जनता देख रही है और आने वाले समय मे इसका जवाब देगी।

पुतला दहन मे सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी,लूकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस,अविनाश तिवारी ,जोगेंद्र छाबड़ा,पार्षद रश्मि मिश्रा,रीता पांडे,राजू साहू, गोलू साहू ,प्रकाश ठाकुर,दयासिंग वर्मा,सुनील नामदेव, प्रशांत तिवारी, बबलू जनार्दन, रवि रजक,रुबी सलूजा ,हेमिन यादव, श्रीराम यादव, रोमन वर्मा,सीताराम यदु, रुप्पी साहू, राघवेन्द्र मनु,रामसंजीवन, भावसिंग राज,प्रज्ज्वल वर्मा सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# होली में वर्षों से जारी है डंडा नृत्य की परंपरा

**थान खम्हरिया,** 12 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की पूरी संस्कृति लोक नृत्य और गीतों से सजी हुई हैं। यहां हर एक तीज त्यौहारो पर लोक नृत्य गीतों का चलन है। होली त्यौहार की परंपरा वर्षो से चली आ रही है। किसी भी त्यौहार को मनाये जाने के पीछे एक कथा प्रचलित होती है। हर त्यौहार की एक कहानी है। जो हम बचपन से अब तक देखते आ रहे हैं। रंग, गुलाल , ढोल, नगाड़े, डंडा, नाच को देखते हैं। तो मन प्रफुल्लित हो उठता है।



त्यौहार का एहसास हमें दिलाता है। अधिकतर आदिवासी समाज व पटेल समाज के लोग होली हो या दिवाली के समय ढोल, नगाड़ों के साथ नृत्य करने नगर में आते हैं। बदले में भेट स्वरूप नगद व अनाज देने का प्रचलन है। घर-घर जाकर डंडा नृत्य करते हैं। नृत्य संगीत के जरिए अपने जीवन की कहानी और अपनी खुशियां व्यक्त करते हैं। जिसमें डांडिया के तर्ज में वह डांस करते हैं। और बीच-बीच में कोयल की तरह आवाज निकालते हैं। समीप ग्राम लखनपुर, विचारपुर, लोहारा, रगरा, सुरुजपुरा, की टोली डंडा नृत्य करने नगर में पहुंची। मुलाकात के दौरान बताया विगत 10 ,15 सालों से नगर में होली दीवाली त्योहार के समय अपनी टोली लेकर पहुंचते हैं। डंडा नाच, नृत्य को देखकर घर वाले छोटे हो चाहे बड़े सब बाहर आकर आनंद का अनुभव करते हैं।

# शांति समिति की बैठक लेकर शांति सौहार्द्र आपसी भाई चारा के साथ होली पर्व मनाने व उपद्रवियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही का दिया गया संदेश

**बेमेतरा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। होली पर्व को लेकर बेमेतरा पुलिस द्वारा थाना सिटी कोतवाली, पुलिस कंट्रोल रूम बेमेतरा परिसर में शांति समिति की बैठक आहूत किया गया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री रामकृष्णा साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह के मार्गदर्शन में एसडीएम बेमेतरा प्रकाश भारद्वाज,



एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बेमेतरा उप निरीक्षक राकेश साहू, तहसीलदार आशुतोष गुप्ता के उपस्थिति में आगामी होली त्यौहार को मद्देनजर रखते हुये नगर के सभी वरिष्ठ एवं गणमान्य नागरिकगण, जनप्रतिनिधियों, पार्षदगण की उपस्थिति मे शांति समिति की मीटिंग ली गई ।

एसडीएम बेमेतरा प्रकाश भारद्वाज के द्वारा होली त्यौहार में शहर/गांव की सामाजिक सदभावना को बनाए रखते हुए त्योहार मनाने की अपील किया गया। श्री भारद्वाज के द्वारा केमिकल, हानिकारक रंगों का प्रयोग नहीं करने हेतु कहा गया साथ ही लोगों को जबरन रंग न लगाएं।

एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की ने सभी से चर्चा करके नगर के ऐसे मोहल्ले व स्थान जहां विगत वर्षो में होली के दौरान कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हुई है एवं उपद्रव हुआ है वहां फिक्स पाईंट लगाकर अतिरिक्त बल तैनात करने एवं सघन पेट्रोलिंग करवाने के संबंध में आश्वस्त किया गया।

बेमेतरा पुलिस द्वारा लोगों से यह अपील किया गया है कि होली का पर्व शांति सौहार्द्र एवं आपसी भाई चारा के साथ मनायें एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का सहयोग करें। साथ ही पर्व के दौरान उपद्रव, हुडदंगी करने वालों के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही करने का संदेश भी दिया गया।

शांति समिति बैठक में शहर के वरिष्ठ व गणमान्य नागरिकगण, जनप्रतिनिधियों, पार्षदगण, एवं इलेक्ट्रानिक /प्रेस मिडिया के पत्रकार बंधुगण उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत गडुवा में सुरज राजपूत निर्विरोध उपसरपंच निर्वाचित

**थान खम्हरिया,** 12 मार्च (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत गडुवा में उपसरपंच पद के लिए हुए निर्वाचन में सुरज राजपूत को निर्विरोध चुना गया। उनके निर्विरोध निर्वाचन से ग्रामवासियों में हर्ष का माहौल रहा। ज्ञात हो कि राजपूत जी दशकों से जनसेवक है। इस अवसर पर उन्हें शुभकामनाएं देने एवं बधाई प्रेषित करने के लिए जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों का आगमन हुआ।



बधाई देने वालों में सांसद प्रतिनिधि सोनू पटेल, सरपंच फाफी बाई, सेवा सहकारी समिति बीजा के अध्यक्ष बीरेंद्र वर्मा, अनिल ठाकुर, रामनारायण वर्मा, पीलाराम पटेल, अवध निषाद, डॉ नारायण सिंह पटेल, शिवचरण सेन, अजय यादव, बालेश्वर साहू, विजय साहू, ओमप्रकाश यादव, चंद्रदेव यादव, अवध निषाद, सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने नवनिर्वाचित उपसरपंच सुरज राजपूत को ग्राम विकास के लिए निरंतर कार्य करने हेतु शुभकामनाएं दीं।इस दौरान उपस्थित जनसमूह ने ग्राम पंचायत के समग्र विकास, जनहितकारी योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन एवं ग्रामीण क्षेत्र में आवश्यक सुविधाओं के विस्तार पर विचार-विमर्श किया। सभी ने आशा जताई कि नवगठित पंचायत नेतृत्व ग्राम को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में योगदान देगा।

# नाबालिग से जबरदस्ती दुष्कर्म करने वाले दो आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**खैरागढ़,** 12 मार्च (देशबन्धु)। नाबालिक के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म करने वाले दो आरोपियों को बकरकट्टा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्रार्थिया ने थाना बकरकट्टा में लिखित आवेदन पेश किया कि 8 मार्च 2025 को अपनी बहू, देवर बेटी नाबालिक पीड़िता एवं सहेलियों के साथ गांव के सुखऊ गोंड के घर से चौथिया बारात ग्राम सरोधी गई थी। प्रार्थिया की देवर बेटी नाबालिक पीड़िता अपनी सहेलियों के साथ रात्रि करीबन 10 बजे खजानी लेने किराना दुकान गई थी, किराना दुकान बंद होने से वापस शादी घर आ रही थी तभी आरोपी विजय पिता भारत धुर्वे उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम सरोधी थाना बकरकट्टा एवं हेमन पिता भोपाल पोर्ते उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम कुम्ही थाना बकरकट्टा ने पीड़िता को पैर से फंसा कर गिरा दिया और उठाकर गांव के खेत तरफ ले गये और कपड़े फाड़कर आरोपियों ने नाबालिक पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया, किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी गई। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 03/ 25 धारा 70(2) 351(2) बीएनएस एवं 4, 6 पॉक्सो एक्ट का अपराध घटित करना पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध किया गया। अपराध की गंभीरता को देखते हुए एसपी त्रिलोक बंसल, एएसपी नितेश कुमार गौतम के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी आशा रानी के निर्देशन में आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़ने निर्देशित किया गया था। थाना प्रभारी उप निरीक्षक कैलाश साहू, सहायक उप निरीक्षक जयमल उइके आरक्षक सुभाष चंद्र, संदीप वर्मा की टीम गठित कर आरोपियों को पकड़ कर पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार किए जाने से आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया।




# ईडी की कार्रवाई को लेकर कांग्रेसियों ने किया जमकर विरोध, पुतला दहन

**बालोद,** 12 मार्च (देशबन्धु)। मंगलवार की शाम को भाजपा सरकार पर कुशासन का आरोप लगाते हुए और ईडी के खिलाफप्रदर्शन करते हुए कांग्रेसियों ने कांग्रेस भवन के पास पुतला दहन किया। इस दौरान पुलिस से पुतला बुझाने और जलाने को लेकर झुमा झटकी भी हुई। फिर कांग्रेस भवन से सभी कार्यकर्ताए नेता नारेबाजी करते जय स्तंभ चौक तक पहुंचे और प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस की जिला अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर ने कहा ईडी द्वारा द्वेष पूर्ण कार्रवाई की जा रही है। हमारे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर छापा मारना बेवजह परेशान करना था। वहां ऐसा कुछ मिला नहीं है जो किसी तरह की घोटाले को साबित करें। हमारे पूर्व मुख्यमंत्री और हमारे विधायकों के परेशान करने की कोशिश की जार रही है। विधानसभा सत्र में हमारे विधायकों द्वारा जो प्रश्न लगाया जा रहे हैं उसका जवाब भाजपा के मंत्री और सरकार नहीं दे पा रहे हैं और इसी द्वेष से परेशान करने के लिए केंद्र सरकार की ईडी का दुरुपयोग करते हुए राज्य सरकार कांग्रेसियों को परेशान कर रही है। इसी के कारण पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर जो ईदी की टीम जाकर उन्हें परेशान की है और बिना आधार छवि खराब करने की कोशिश की इसका हम घोर विरोध करते हैं। अगर भाजपा सरकार द्वारा ऐसी हरकत दुबारा करती है तो हम भी दिखाएंगे कि कांग्रेस क्या है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व विधायक डोमेंद्र भेड़िया, कृष्णा दुबे, रतिराम कोसमा, धीरज उपाध्याय, पार्षद विनोद बंटी शर्मा, चंद्रेश हिरवानी, आंचल प्रकाश साहू, अनिल यादव, साजन पटेल, सुमित शर्मा, संदीप साहू, दिनेश्वर साहू, सुनील मंडावी, सतीश यादव, रीता सोनी, चंद्रहास साहू, चमेली साहू, मनोज ठाकुर, नारायण साहू, रोहित सागर, आदित्य दुबे सहित अन्य मौजूद रहे।



# बाइक के टक्कर से सवार युवक की मौत



**थान खम्हरिया,** 12 मार्च (देशबन्धु)। समीप ग्राम रणवीरपुर थाना चौकी रणवीरपुर एस आई सिकंदर कुर्रे, एस आई यद्धा प्रसाद देशमुख के जानकारी के अनुसार बनिया के समीप मजार के पास , आपस में दो मोटर साइकिल के टक्कर होने हो जाने के कारण मोटरसाइकिल का सवार पुखराज, पिता रामकृष्ण साहू मजगांव की घटना स्तर पर मृत्यु हो गई। वही प्रकाश रामसिंह पाल मजगांव, राजेश बहाली गोरझूमर, खिलेश सेन को रेफर कर दिया गया है। घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थान खमरिया लाया गया। जहा नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉ मनीष ठाकुर डॉ ओ पी साहू ने बेहतर इलाज के लिए उच्च संस्था भेज दिया गया। मृतक बाइक सवार की पहचान हो चुकी है। घटना के संबंध में बताया गया गोरझूमर खमरिया व खमरिया से, रणवीरपुर की ओर जा रहे थे। इसी बीच पुल के समीप एक दूसरे बाइक को टक्कर मार दी इस हादसे में बाइक सवार पुखराज , रामकृष्ण साहू की घटना स्थल पर मृत्यु हो गई । सूचना मिलते ही थाना खमरिया, थाना रणवीरपुर पुलिस ने घटना स्थल पहुंचकर सव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु खम्हारिया भेज दिया गया।

उपरोक्त घटना के संदर्भ में पंडरिया विधानसभा क्षेत्र की विधायिका भावना बोहरा के द्वारा पीड़ित परिवार मृतक परिवार के हवा घायलों के लिए अपनी संवेदना दुख व्यक्त की और शासन के द्वारा जो भी सहयोग राशि है वह दिलाने का प्रयास करूंगी।

# आगामी होली पर्व व रमजान को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

■ एसडीएम, तहसीलदार, थाना प्रभारी व जनप्रतिनिधि रहे शामिल



**बालोद,** 12 मार्च (देशबन्धु)। बालोद यातायात पुलिस कार्यालय के सामने शांति समिति की बैठक रखी गई। जो कि आगामी होली के पर्व और चल रहे रमजान के महीने को लेकर केंद्रित था। इस बैठक में प्रमुख रूप से थाना प्रभारी रविशंकर पांडेय, एसडीएम सुरेश साहू, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित यातायात प्रभारी राकेश ठाकुर और नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी विशेष रूप से मौजूद रहे। इस दौरान मौजूद विभिन्न वर्ग के लोगों से उनकी राय भी जानने की कोशिश की गई। जिसमें खास तौर से डीजे को लेकर मुद्दा उठा। गणेश विसर्जन के दौरान कुछ लोगों ने पुलिस प्रशासन पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाया। इस पर थाना प्रभारी रविशंकर पांडेय ने स्पष्ट कहा कि हम किसी तरह से डीजे की अनुमति नहीं दे सकते। सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट निर्देश है। ना हम दे सकते हैं ना एसडीएम सर। इसलिए अगर आप डीजे बजवा रहे हैं तो निर्धारित ध्वनि के अंतर्गत बजाए। अगर किसी भी तरह से कोई शिकायत आती है तो हम तत्काल जब्ती करेंगे। अपने रिस्क पर आप बजवा सकते हैं पर अपनी ओर से हम कोई अनुमति नहीं दे सकते। उन्होंने मुस्लिम समाज के सदर शाहिद खान से भी उनकी राय जानी।

उन्होंने कहा कि रमजान के दौरान होली के दिन हमारा दोपहर 12:30 से 2 बजे के बीच जुम्मा का नमाज का वक्त है। इस दौरान हमें कम से कम प्रशासन और आम जनता की सहयोग की जरूरत है। जिस पर सभी ने हामी भरी और कहा कि बालोद हमेशा एक जुटता का प्रतीक रहा है। यहां आज तक हिंदू मुस्लिम को लेकर किसी तरह की कोई विवाद की स्थिति पैदा नहीं हुई है। सबने हमेशा सभी का सम्मान किया हैं। मिलजुल कर त्यौहार का आनंद लिया है। शाहिद खान ने भी इस पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि बालोद वासियों ने हमें आज तक कोई शिकायत का मौका नहीं दिया है। वहीं कुछ पार्षदों सहित विभिन्न वार्ड के नागरिकों ने डीजे को लेकर मुद्दा उठाया कि होली में डीजे बजाने की अनुमति दी जाए। पर प्रशासन ने सीधे तौर पर हाथ खड़े करते हुए कहा कि यह हमारे हाथ में नहीं है। हम अनुमति नहीं दे सकते। आप अपने रिस्क में बजाइए। पर किसी तरह से किसी को परेशानी नहीं होनी चाहिए। क्योंकि बोर्ड परीक्षा का सीजन चल रहा है। इसलिए कम आवाज में डीजे बजाए तो ही ज्यादा अच्छा है। इस बैठक के दौरान शांति समिति के मुद्दों के अलावा शहर की अन्य ज्वलंत मुद्दों को लेकर भी चर्चा हुई। नवनिर्वाचित पार्षद बंटी शर्मा ने आरोप लगाया कि बस स्टैंड के आसपास अवैध रूप से शराब बेचा जा रहा है। कुछ लोग हैं जो लंबे समय से शराब बेच रहे हैं। लेकिन उनके ऊपर कोई कार्रवाई नहीं होती है। इस पर ध्यान दिया जाना चाहिए। लोग हम पर आरोप लगाते हैं कि पार्षद शराब बिकवा रहे हैं। पुलिस प्रशासन इस पर सख्त हो। तो वही बस स्टैंड में पुलिस कर्मचारियों की तैनाती होनी चाहिए। क्योंकि शाम होते ही वह आसामाजिक तत्वों का अड्डा बनता है। इसी तरह वार्ड 12 के पार्षद सुमित शर्मा ने दल्ली राजहरा से बालोद झलमला की ओर तेज रफ्तार से दौड़ने वाली भारी वाहनों को लेकर सवाल उठाया कि लगातार पुलिस की कार्रवाई के बावजूद यातायात के नियमों का उल्लंघन हो रहा है। रफ्तार इतनी होती है कि किसी की जान कभी भी जा सकती है। एसपी, कलेक्टर निवास और थाने के सामने से ही उक्त बड़ी वाहन तेज रफ्तार से गुजरते हैं। पर मजाल है कि कोई उन पर कोई बड़ी कार्यवाही करें। इसी तरह विमल साहू और अन्य लोगों ने भी आरोप लगाया कि बुधवारी बाजार के आसपास भी अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। इससे वार्ड का माहौल खराब हो रहा है। इस पर तत्काल एक्शन लिया जाना चाहिए।

इस बात पर नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने भी स्वीकारते हुए कहा कि छोटे.छोटे बच्चे भी शराब के आदी हो रहे हैं। इस पर तत्काल कार्रवाई हो यह ठीक नहीं है। इन सभी परिस्थितियों पर जवाब देते हुए थाना प्रभारी रविशंकर पांडेय ने कहा कि बस स्टैंड बालोद में पुलिस सहायता केंद्र खोलने को लेकर शासन से अनुमति प्राप्त हो गई है। जल्द ही इसकी व्यवस्था हो जाएगी और जहां भी अवैध शराब बेचने की शिकायत प्राप्त होती है हमें तत्काल खबर करें। हम जरूर कार्रवाई करेंगे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी आग्रह किया कि ऐसे आसामाजिक तत्वों को पकड़ने में वे योगदान दे। कई बार स्थिति यह होती है कि लोग सूचना देते हैं लेकिन हमारे पहुंचने तक आरोपी फरार हो जाते हैं। इसलिए उन्होंने अपील किया कि खासकर जनप्रतिनिधि इन आसामाजिक तत्व पर नजर रखें और उन्हें पकड़वाने में पुलिस प्रशासन की मदद करें। हम कड़ी से कड़ी कार्रवाई कर अवैध शराब बेचने वालों को सलाखों के पीछे पहुंचाएंगे। तो वही तेज रफ्तार से दौड़ती गाड़ियों को लेकर कहा कि इस पर शासन प्रशासन को विभिन्न प्रस्ताव भेजे गए हैं। स्पीड गन सहित अन्य सुविधा बालोद में मिलने की उम्मीद है। जिससे यह सब व्यवस्था सुधरेगी। विभिन्न जनप्रतिनिधि और व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन द्वारा लगाए गए चौक चौराहा के कैमरे खराब होने का मुद्दा भी उठाया। जिस पर पुलिस नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने सभी को शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाने और मुसलमान भाइयों को भी उनके रमजान में पूरा सहयोग करने की अपील की। थाना प्रभारी रवि शंकर पांडेय ने सभी जनप्रतिनिधियों को स्पष्ट किया कि अपने वार्ड वासियों खास तौर से शरारती युवाओं को स्पष्ट बोल दो कि मुखौटा लगाकर होली नहीं खेलना है।

# फाग महोत्सव का रंगारंग शुभारंभ

**थान खम्हरिया,** 12 मार्च (देशबन्धु)। हर वर्ष फागुन का महीना आते ही सारा वातावरण जैसे रंगीन हो जाता है। अमीरी, गरीबी से ऊपर उठकर मित्रता और भाई चारे का त्योहार होली मानो इन सब में फाल्गुनी बहारे रंग भर रही है।

कौन रंग फागुन रंगे, रंगता कौन बसंत

प्रेम रंग फागुन रंग, प्रीत कुसुम बसंत,,

रोम रोम केसर घुली, चंदन महके अंग,, कब जाने कब धो गया, फागुन सारे रंग,,

होली खेले रघुवीरा अवध में,,

रस घोले रे माघ फागुन वा,

गीतकारों के द्वारा पूरी मस्ती के साथ झूमते हुए प्रस्तुत किया। भारत त्यौहारों व उत्सवों का देश है। यहां बारह महीने विभिन्न पर्व आते-जाते हैं। अभी हमारा देश होली के रंगों तथा ढोल-नगाड़ों व फाग की धुन से सराबोर है। हमारा नगर भी इससे अछूता नहीं है, स्व. पुरषोत्तम अग्रवाल की स्मृति में पुरषोत्तम अग्रवाल फाउंडेशन के तत्वावधान में संस्कृति विभाग - छत्तीसगढ़ शासन के विशेष सहयोग से *तीन दिवसीय* क्षेत्रीय फाग महोत्सव का भव्य प्रतियोगिता के रूप में आयोजन किया गया है।



■ चार टोलियों ने दी प्रथम दिवस में प्रस्तुति

■ 13 मार्च को होगा पुरस्कार वितरण

आयोजन का उद्देश्य क्षेत्रीय प्रतिभाओं को अवसर प्रदान कर प्रतिभाओं को सामने लाना है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि चंदन अग्रवाल द्वारा समस्त पार्षदों व श्रोताओं के भारी उत्साह के बीच मां सरस्वती के तैल चित्र पर गुलाल लगाकर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।

सबसे पहले केंवट पारा की टोली ने गणेश वंदना के साथ जोरदार आगाज किया। अपनी प्रस्तुति के माध्यम से आसमान की उंचाई तथा समंदर की गहराई को छुने का प्रयास किया। इसके पश्चात कुम्हार पारा, यादव पारा और देवांगन पारा ने रंगारंग प्रस्तुति दी। नगर के गणमान्य नागरिक राजेश ठाकुर, आशीष राज सिंघानिया, मुकेश सिंघानिया, अनिल सिंघानिया, संतोष तेली, घसिया निषाद, रूद्रेश अग्रवाल, मनीष कंकरवाल, कमलेश शर्मा, जीवन साहू, पार्षद नेहा जितेंद्र सिन्हा आदि इस रंगारंग आयोजन में उपस्थित रहे। चेतन सिन्हा व रामकृष्ण सिन्हा ने निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया तथा मंच का संचालन रामसनेही नामदेव द्वारा सफलतापूर्वक किया गया।

## संपादकीय

# कानून हाथ में न ले कोई

हाल के दिनों में लोगों द्वारा कानून अपने हाथों में लेने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। यह एक खतरनाक प्रवृत्ति है जिससे समाज में सिर्फ अराजकता और अशंति ही होगी। पुलिस और सरकार को भी चाहिये कि ऐसे तत्वों पर सख्त कार्रवाई करे। किसी की गलती होने या उसके द्वारा छोटा-मोटा अपराध किये जाने पर अन्य लोग आरोप सिद्ध होने के पहले ही या आशंका मात्र से किसी के साथ मार-पीट करने लगते हैं। यह किसी व्यक्ति द्वारा किये गये अपराध से भी बड़ा कृत्य है क्योंकि इससे जो न्यायिक प्रक्रिया है वह अवरूद्ध होती है। साथ ही, किसी आरोपी के साथ हुई मार-पीट से यदि उसकी मृत्यु हो जाती है तो उसके अन्य अपराधों की भी जांच-पड़ताल खत्म हो जाती है। इसलिये नागरिकों को चाहिये कि वे समाज को असभ्य व बर्बर न होने दें। यदि इस प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलता है तो कभी भी किसी का भी नम्बर आ सकता है।

देश में किसी भी तरह का अपराध होने पर उसकी सुनवाई, न्याय करने और दण्ड देने की निश्चित प्रक्रिया है। किसी के साथ कोई अपराध हो तो उसे पुलिस के पास जाना चाहिये, न कि स्वयं ही मार-पीट की जाये। अक्सर ट्रेनों में सीट या जगह के लिये, पार्किंग को लेकर अथवा रास्ते पर वाहनों की भिड़ंत होने की स्थिति में लोग आपस में लड़कर ही मामला निपटा लेने चाहते हैं। इसमें कमजोर को शक्तिशाली के हाथों या फिर निहत्थे को शस्त्रधारी के द्वारा अथवा अकेले को अनेक द्वारा मिलकर पीटा या मार डाला जाता है जो न्याय सिद्धांत के खिलाफ है। ऐसे सैकड़ों कारण हैं जिनके चलते सरे आम सड़कों या घरों में लोग हिंसा का प्रयोग करते दिखते हैं जबकि हमारी न्याय व्यवस्था पर्याप्त सक्षम है कि वह दोषियों को दण्डित कर सके। फिर, कानून के सामने सभी समान होते हैं जिसके कारण सभी को अपनी बात कहने का अवसर होता है।

अंबिकापुर के एक रिहायशी इलाके में मंगलवार को जो हुआ वह इसी बात का सबूत है कि लोग कानून अपने हाथों में लेकर खुद ही आरोपी को दण्ड देने की इच्छा रखते हैं। एक घर के बाहर से दो व्यक्ति स्कूटी चुराते हुए पकड़े गये। एक तो भाग खड़ा हुआ लेकिन दूसरा लोगों की पकड़ में आ गया। उन्होंने युवक के हाथ गमछे से बांध दिये तथा देर तक उसकी पिटाई करते रहे। इसके चलते वह आरोपी बेहोश हो गया। इसके बाद पुलिस को खबर की गयी जिसने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। इस तरह की घटनाएं अक्सर होती रहती हैं जिन्हें टाला जाना चाहिये। गलतफहमी के चलते भी किसी के साथ ऐसा हो सकता है जो उसके साथ अन्याय ही कहा जाएगा। पुलिस को चाहिये कि वह कानून अपने हाथों लेने वाले तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करे।

**उल्टा पुल्टा**

मैडम- क्लास में जो बेवकूफ हो वो खड़ा हो जाएं।
पप्पू मसूमियत से खड़ा हो गया
मैडम- क्या तुम बेवकूफ हो?
पप्पू- नहीं मैडम आप अकेली खड़ी थीं इसलिए मुझे अच्छा नहीं लगा।

# सुहेला तहसील कार्यालय परिसर में परेशान होकर किसान ने किया आत्महत्या का प्रयास



**स्वास्थ्य केन्द्र सुहेला में कराया गया भर्ती, हालत बनी हुई हैं गंभीर**

**बलौदाबाजार,** 12 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के एक अन्नदाता ने प्रशासन के लेट-लतीफी के चलते आज जहर खा लिया। मामला बलौदाबाजार जिले के सुहेला का है.। किसान ने त्वरित न्याय नहीं मिलने के चलते तहसील कार्यालय से निकलते ही कार्यालय परिसर में ही जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। मौके पर मौजूद लोगों व तहसीलदार ने तुरंत किसान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुहेला में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है। फिलहाल उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं इस खबर के सामने आते ही स्थानीय प्रशासन में हडकंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार किसान हीरालाल साहू निवासी बुढ़गहन गांव का है। वह लंबे समय से अपनी जमीन पर कब्जे से जुड़े विवाद को लेकर परेशान था। यह प्रकरण सुहेला तहसील में चल रहा था। कई चक्कर लगाने के बाद आज भी जब उसे अगली पेशी तारीख दी गई तब अंततः प्रशासन से मदद न मिलने के चलते परेशान किसान ने कार्यालय से बाहर निकलते ही जहर खा लिया। इस घटना ने स्थानीय प्रशासन पर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल डॉक्टरों की टीम किसान की हालत पर नजर बनाए हुए हैं। लेकिन इस घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों और किसान संगठनों में आक्रोश बढ़ गया है।

**किसान का आत्महत्या का प्रयास शासन-प्रशासन की नाकामी हैं : हितेन्द्र ठाकुर**

ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रशासन ने पहले ही उचित कार्रवाई की होती, तो यह स्थिति नहीं आती। किसान पहले से ही आर्थिक और मानसिक दबाव में रहते हैं, ऐसे में प्रशासन की लापरवाही उनके लिए आत्महत्या जैसे गंभीर कदम उठाने का कारण बन जाती है। किसानों की आत्महत्या की घटनाएं बढ़ रही हैं और प्रशासन की निष्क्रियता इस समस्या को और विकराल बना रही है। यह घटना एक बार फिर बताती है कि अगर समय पर प्रशासन ने हस्तक्षेप किया होता, तो आज एक किसान अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष नहीं कर रहा होता। कांग्रेस जिलाध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने किसान द्वारा आत्महत्या के प्रयास को बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण कहा है। उन्होने कहा कि राजस्व मंत्री के विधानसभा क्षेत्र का किसान राजस्व अधिकारियों की लापरवाही के चलते आत्महत्या का प्रयास करने को मजबूर हो रहे है। इससे यह सिद्ध हो रहा है कि सरकार और सरकार के मंत्री संवेदनहीन हो गये हैं। प्रशासन पर कोई नियंत्रण नहीं है। यह सरकार की नाकामी और मंत्री जी की असफलता है।

कलेक्टर ने जांच के दिए निर्देश-वहीं मामले को लेकर कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि सुहेला तहसील से मामला सामने आया है, किसान ने >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# मुख्यमंत्री साय को देवांगन ने होली की शुभकामनाएं देकर लिया आशीर्वाद



**नवापारा राजिम,** 12 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर में बुधवार दोपहर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जहां विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री, मंत्रिमंडल सदस्यों सहित सभी विधायकों ने जमकर होली खेली। इस दौरान युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन भी आयोजन में शामिल हुए और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मंत्रीगणों व विधायकों को रंग गुलाल लगाकर उनसे आशीर्वाद लेते हुए सभी को होली त्यौहार की बधाई दी।

श्रीदेवांगन ने जानकारी देते हुए बताया कि होली में लोग आपसी बैर-भाव भूलकर एक-दूसरे को रंग लगाकर त्यौहार मनाते हुए खुशियां बांटते हैं। इसी तरह आज सभी विधायकों ने राजनीतिक द्वेष भूलकर होली त्यौहार मनाते हुए प्रदेशवासियों को भी एक अच्छा संदेश दिया है। यह एक बहुत बढ़िया आयोजन था, जिसमें उसे हिस्सा लेने का अवसर मिला। आयोजन में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह और मुख्यमंत्री साय ने मुझे पुत्रवत स्नेह प्रदान कर होली की शुभकामनाएं दी, साथ ही बेहतर कार्य करते रहने का आशीर्वाद भी दिया।

# अर्जुनी में विष्णु साहू बने निर्विरोध उपसरपंच



**अर्जुनी/बलौदाबाजार,** 12 मार्च (देशबन्धु)। अर्जुनी के ग्राम पंचायत भवन में उप सरपंच का चुनाव संपन्न हुआ जिसमे निर्विरोध विष्णु साहू को बनाया गया। 12 मार्च को उप सरपंच का चुनाव मे पीठासीन अधिकारी नरेश कुमार एवं सहायक पीठासीन अधिकारी विष्णु प्रसाद साहू के द्वारा उप सरपंच चुनाव की कार्य को विधिवत संपन्न कराया। उप सरपंच के लिए विष्णु साहू के नाम पर सभी ने सहमति प्रदान किया। तत्पश्चात पीठासीन अधिकारी के द्वारा विष्णु साहू को उपसरपंच निर्विरोध घोषित किया गया। उप सरपंच विष्णु साहू के स्वागत में कार्यकर्ता ग्रामवासी के द्वारा आतिशबाजी नगाड़े के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित सरपंच कविता ध्रुव, पंच चित्ररेखा यदु, कन्हैया कटारे, बिंदा भसगौरी, मुगेशीया साहू, राजेश्वरी ध्रुव, सचिन कुमार सोनी, प्रेमचंद साहू, प्रीति साहू, राधेश्याम साहू, पूर्णिया साहू, ओम प्रकाश साहू, संगीता, प्रेमचंद वर्मा, मालती साहू, रूपेश कुमार वर्मा, भोला यदु, प्रमिला वर्मा, श्याम बाई रजक एवं चंद्रौतिन साहू, सचिव राजेश साहू, धर्मेंद्र कटारे, प्रमोद सांखला, लखन यदु, गंगा प्रसाद यदु, प्रीतराम वर्मा, डायना राजू पुनीत राम वर्मा भीम साहू शैलेश जैन, राजेश साहू, धर्म साहू, योगेश साहू, सोहन वर्मा सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# जपं में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को शपथ दिलाई गई



**महासमुंद,** 12 मार्च (देशबन्धु)। जनपद पंचायत महासमुंद के प्रांगण में नवनिर्वाचित अध्यक्षध, उपाध्यक्ष, जनपद सदस्यों का प्रथम सम्मिलन का आयोजन किया गया। उक्त सम्मिलन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत महासमुंद बीएस मंडावी द्वारा समस्त नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान एवं उपाध्यक्ष हुलसी जितेन्द्र चन्द्राकर ने शपथ ली। जनपद सदस्यों में दसरी बाई ध्रुव, योगेश्वरी साहू, गजल विक्रम महिलांग, अंजली खैरवार, प्रियंका लवेश ढीढी, विष्णु साहू, विजय लक्ष्मी जांगडे, संगीता राहुल चन्द्राकर, सुधा योगेश्वर कौंदकेरा, महेन्द्र साहू, संतोष कुमार साहू, नीता तुलाराम साहू, निधि लोकेश चन्द्राकर, पुष्पा बाई रूपलाल ध्रुव, सृष्टी मोहित ध्रुव, रूपकुमारी खिलावन सिंह ध्रुव, अश्वनी हूमन दीवान, रोशन कुमार पटेल, सुषमा टण्डन, धनेश गायकवाड़, तिजन गब्बर साहू, बलविन्दर सिंह सीटू एवं कौशिल्या ठाकुर द्वारा पंचायती राज अधिनियम के तहत शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ऐतराम साहू, विशिष्ट अतिथि >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# बिना अनुमति आमापाली में बोर खुदाई, दो बोरवेल वाहन जब्त



**महासमुंद,** 12 मार्च (देशबन्धु)। बसना तहसील के ग्राम आमापाली में बिना अनुमति के खेत में बोरवेल खुदाई करते दो वाहनों को प्रशासन ने जब्त किया है। एसडीएम बसना मनोज खांडे के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। जिसमें कर्नाटक से आए दो बोरवेल वाहन क्रमांक केए 01 एमपी 1559 एवं केए 16 बी 5276 को जब्त किया गया। तहसील प्रशासन को सूचना मिली थी कि आमापाली के कुरचूंडी रोड स्थित खेत में बिना किसी आधिकारिक स्वीकृति के बोर खुदाई की जा रही है। इस पर तहसील प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और खुदाई कार्य को रुकवाया। जांच में यह सामने आया कि संबंधित व्यक्ति के पास बोर खुदाई की कोई अनुमति नहीं थी। इसके बाद एसडीएम बसना श्री खांडे के निर्देशानुसार दोनों वाहनों को जप्त कर लिया गया। गौरतलब है कि बिना अनुमति के बोरवेल खुदाई करना कानूनन प्रतिबंधित है। भूजल स्तर को नियंत्रित रखने और अवैध खुदाई को रोकने के लिए प्रशासन समय.समय पर सख्त कार्रवाई करता रहा है। प्रावधानों के अनुसार प्राधिकृत अधिकारी नलकूप खनन की आवश्यकता होने पर अनुमति प्रदान करने की कार्यवाही करेगें। बोरवेल खनन अथवा बोरवेल मरम्मत का कार्य पंजीकृत बोरवेल एजेंसी द्वारा ही की जाएगी। कोई भी व्यक्ति या एजेंसी द्वारा उक्त अधिनियम के उल्लंघन में नलकूप खनन करना पाया जाता है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। प्रशासन ने किसानों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे बोरवेल खुदाई के लिए पहले आवश्यक अनुमति प्राप्त करें, अन्यथा अवैध खुदाई करने पर कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

# जंवईबांधा मे अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस व महिला उन्मुखीकरण का आयोजन



**बीईओ धनेश्वरी साहू व प्राचार्य रिया तिवारी ने महिलाओं को सशक्तिकरण के लिए किया प्रेरित**

**नवापारा राजिम,** 12 मार्च (देशबन्धु)। शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला जंवईबांधा व शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के संयुक्त आयोजन मे शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के परिसर मे अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस व महिला उन्मुखीकरण का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती धनेश्वरी साहू बीईओ अभनपुर ,विशेष अतिथि डा.रिया तिवारी प्रिंसिपल ग्रेसियस कालेज अभनपुर, अध्यक्षता मुकेश साहू नवनिर्वाचित सरपंच ने की। अतिथियो द्वारा माँ सरस्वती के तैल चित्र मे दीप प्रज्वलन के पश्चात सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ व बैच लगाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि बीईओ धनेश्वरी साहू ने अपने उद्बोधन मे कहा कि उन्होने अपने जीवन मे संघर्ष करते हुए यह मुकाम प्राप्त किया है, एक महिला को समाज मे प्रोत्साहित करने वाले कम होते है, जबकि हतोत्साहित करने वाले ज्यादा होते हैं, उन्होंने बताया कि उनके पिता टी.आर.साहू( शिक्षक) ने हमेशा उसे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया व असफल होने पर कभी मेहनत करना मत छोडना कहा, उन्होंने कहा कि आज अपने पिताजी के द्वारा दिए इसी गुरुमंत्र के कारण इस मुकाम पर पहुँची हूँ उन्होंने महिलाओं सहित उपस्थित सभी लोगो को विपत्ति आने पर कमजोर नही पड़ने व डटकर मुकाबला करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि डा. रिया तिवारी ने कहानी के माध्यम से बताया कि जब तक मानव मे जेंडर के प्रति नही सोच नही बदलेगी तब तक समाज से लिंग भेद दूर नहीं किया जा सकता,इस बात को महिलाओं को सबसे पहले समझना है अपने परिवार मे ही बेटा व बेटियों मे भेदभाव नही करना है जिससे समाज मे जेंडर संबंधी भेदभाव दूर हो सकेगा। सरपंच मुकेश साहू ने कहा कि हमें हमेशा नारियों का सम्मान करना चाहिए व समाज में उचित स्थान देना चाहिए, जिससे नारी शक्ति आगे बढेगी। नवनिर्वाचित महिला पंच सहित उपस्थित सभी महिलाओं का अतिथियों के द्वारा श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। शाला विकास समिति व शाला परिवार के द्वारा अतिथियों का मोमेन्टो,शाल,श्रीफल व कलम देकर सम्मानित किया गया। सभी अतिथियो ने अपने उद्बोधन मे महिला शशक्तिकरण पर बल दिया।सरपंच मुकेश साहू के द्वारा विभिन्न खेलो मे विजेता महिलाओं को पुरुस्कृत किया गया।इस अवसर पर बीईओ धनेश्वरी साहू,प्रिंसिपल डा.रिया तिवारी, एबीईओ राजेश साहू,शशिकिरण साहू,सरपंच मुकेश साहू,व्यायाम शिक्षक तारक सर, एस.एम.सी अध्यक्ष प्राथमिक व माध्यमिक द्वय चन्द्रशेखर साहू व राकेश साहू , उपाध्यक्ष डुकेश साहू, मालिक राम साहू, कपिल साहू,राधेश्याम साहू, घनश्याम साहू, प्रधान पाठक ओमप्रकाश सोनकला, प्रधान पाठक भागवत कुर्रे,शिक्षिका अंजूलता गिलहरे, शिक्षक चेतनलाल साहू,शिक्षक शंकर साहू,रिचा जांगड़े, दुलारी साहू,असमत साहू,इन्दु ध्रुव, गजाधर साहू,सुशीला यादव सहित बहुत संख्या मे महिलाएँ ,पंचायत पदाधिकारीगण व ग्रामवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका अंजुलता गिलहरे ने किया।

# खोड़िया तालाब पार में धारदार चाकू लहराते एक आरोपी गिरफ्तार



**धमतरी,** 12 मार्च (देशबन्धु)। थाना सिटी कोतवाली पेट्रोलिंग पर रवाना हुआ था तभी रामबाग धमतरी के पास मुखबिर से सुचना प्राप्त हुआ की अजीत सोना उर्फ टीमा पिता रामू सोना, साकीन स्वीपर कॉलोनी जालमपुर वार्ड थाना सिटी कोतवाली धमतरी नाम का व्यक्ति विंध्यवासिनी वार्ड के पास खोड़िया तालाब पार धमतरी में अपने हाथ में एक धारदार चाकू को लहराते हुये आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा की सूचना पर तत्काल कोतवाली पुलिस टीम मुखबिर के बताये विंध्यवासिनी वार्ड,खेड़िया तालाब पार धमतरी के पास पहुंचकर देखे तो एक द्वारा धारदार हथियार चाकू को अपने हाथ लेकर आम जगह पर लहरा रहा था जिसे देखकर आने जाने वाले लोगो में भय व्याप्त था। आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया जिससे नाम पता पुछने पर उसने अपना नाम अजीत सोना उर्फ टीमा पिता रामू सोना,साकीन स्वीपर कॉलोनी जालमपुर वार्ड धमतरी का रहने वाला बताया।

आरोपी के कृत्य अपराध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के पर्याप्त साक्ष्य सबुत पाये जाने से गवाहों के समक्ष विधिवत गिरफतार कर आरोपी से धारदार लोहे का चाकू जप्त कर उनके विरुद्ध थाना कोतवाली में अप.क्र.59/25 धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर,आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। धमतरी पुलिस द्वारा त्यौहारों के मद्देनजर शहर में ऐसे घटनाओं को रोकने के लिये ऐसे असामाजिक तत्वों एवं बदमाशों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है।

उक्त कार्यवाही में थाना सिटी कोतवाली से प्रआर. पारस चंद सोम, आरक्षक मुकेश सिन्हा, चंदर जमदार, डायमंड यादव, नीरज पांडे, महेंद्र कोसरिया का विशेष योगदान रहा।

# होली पर्व में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु शांति समिति की बैठक




**जिले के समस्त थाना एवं चौकी में आयोजित की गई शांति समिति की बैठक**

**बलौदाबाजार,** 12 मार्च (देशबन्धु)। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा होली पर्व में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु शांति समिति की बैठक जिला मुख्यालय सहित जिले के समस्त थाना एवं चौकी में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों, पत्रकारों, क्षेत्र अंतर्गत समस्त ग्राम सरपंच एवं कोटवारों की उपस्थिति में होली पर्व पर शांति एवं सद्भाव बनाए रखने हेतु अपील की गई।

11 मार्च को जिले के समस्त थाना एवं चौकी में होली त्यौहार में पर्याप्त सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के संबंध मे शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र अंतर्गत प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों, नगर एवं सर्व समाज के वरिष्ठ तथा गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, पत्रकार बंधु, ग्राम सरपंच एवं ग्राम कोटवार आदि उपस्थित हुए। बैठक मे आगामी होली पर्व एवं जुम्मा की नमाज में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने एवं आपसी सौहार्द का वातावरण बनाए रखने की अपील की गई। शांति समिति की बैठक में मुख्य रूप से निम्न बातों पर चर्चा की गई-होलिका दहन बिजली तार ट्रांसफार्मर आदि के नीचे न जलायें, किसी भी आमजन पर उसकी सहमति के बिना रंग गुलाल न लगाये, होली त्यौहार के दौरान शराब पीकर लड़ाई झगड़ा न करे, होली के त्यौहार पर सामाजिक सौहार्द बनाये रखे, होली के त्यौहार पर मुखौटा आदि का प्रयोग न करे, बाईक में तीन सवारी गाडी बिल्कुल ना चलाये, होली में केमिकल युक्त गुलाल एवं पेंट का उपयोग न करे, होली में गुब्बारा में पानी एवं कीचड़ का उपयोग न करे, होली त्यौहार पर आम रास्तों, सडक मार्ग में जाम की स्थिति उत्पन्न न होने दे, होली में राहगीरों का गाड़ी रोककर, जबरदस्ती रंग गुलाल न लगावे, होली के दौरान अपशब्दों का प्रयोग न करे, भाईचारा के साथ होली का पावन त्यौहार मनावे, होलिका दहन में हरे भरे पौधों को काटकर न डाले, किसी का लकड़ी, कंडा व उपयोगी लकड़ियों को जबरदस्ती न डाले, होली में नशीली पदार्थों का सेवन न करे, इससे लड़ाई झगड़ा होने की संभावना बनती है, होली आम रोड पर इकट्ठा होकर न खेले, होली के दौरान एम्बुलेंस अग्निशमन वाहन एवं पुलिस वाहन को आने जाने दे, होली त्यौहार के दौरान किसी प्रकार सभी शांति भंग करने का कोई भी कृत्य ना करें, किसी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर तत्काल पुलिस को सूचित कर सहयोग करे।

# पदभार ग्रहण करने के पश्चात नपा अध्यक्ष अशोक जैन ने वार्डों का किया भ्रमण



**मूलभूत सुविधाओं के साथ सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण**

**बलौदाबाजार,** 12 मार्च (देशबन्धु)। नगर में नगर पालिका द्वारा सफाई व्यवस्था के साथ-साथ जनसामान्य के मूलभूत सेवा कार्य में पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था कार्यो का निरीक्षण नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा किया गया। इस दौरान वार्डवासियों से चर्चा करते हुये सफाई एवं पेयजल व्यवस्था की जानकारी ली गई।

नगर पालिका अध्यक्ष के पद पर पदस्थ होने के साथ ही नगर में किये जा रहे कार्यो के संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई एवं सफाई संबंधी कार्यो की जानकारी स्वच्छता निरीक्षक मनोज कश्यप से लेने के साथ वार्ड भ्रमण किया गया। सिविल लाईन, गार्डन चौक, संजय कॉलोनी, पाड़े पारा का निरीक्षण करते हुए रामसागर तालाब के आस-पास के तालाब की घाटों की सफाई कराने सफाई कर्मचारियों को लगाया गया था। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा नगर में सामान्य कार्यो का निरीक्षण किया गया व सवच्छता कार्यो में संलग्न कर्मचारियों की जानकारी भी ली गई, वर्तमान में स्वच्छता सर्वेक्षण का कार्य भी चल रहा है। नगर पालिका बलौदाबाजार सफाई कार्यो में प्रथम रहे इसके लिए सभी को मेहनत से काम करना आवश्यक है व जन सामान्य से भी खुले में कचरा नहीं फेकने व जागरूक नागरिक होने के कर्तव्यों का निर्वहन करने की अपील की गई।

**अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन 10 अप्रैल तक**

**बलौदाबाजार,** 11 मार्च। भारतीय थल सेना में अग्निवीर की भर्ती के लिये अधिसूचना जारी की जा चुकी है जो भारतीय सेना की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अग्निवीर की भर्ती जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेडमैन (8वीं एवं 10वीं उत्तीर्ण) महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती धर्म गुरु, नर्सिंग सहयोगी और सिपाही फार्मा के पदो के लिये जारी की गई है।

# नपं फिंगेश्वर में अध्यक्ष व पार्षदों ने लिया शपथ

**फिंगेश्वर,** 12 मार्च (देशबन्धु)। आज 12 मार्च नगर पंचायत परिषद में नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष राजेंद्र धनराज सूर्यवंशी एवं नवनिर्वाचित पार्षदों को अनुविभागी अधिकारी विशाल कुमार महाराणा प्रशासनिक अधिकारी तहसीलदार डिंपल ध्रुव द्वारा मंच पर उपस्थित अतिथि पूर्व विधायक अमितेश शुक्ला प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री, चंदूलाल साहू पूर्व सांसद एवं पिछड़ा वर्ग राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, संतोष उपाध्याय पूर्व विधायक राजीम ,अनिल चंद्राकर जिला अध्यक्ष भाजपा गरियाबंद ,शिवकुमार सिंह ठाकुर पूर्व सरपंच फिंगेश्वर ,भागवत हरित पूर्व जनपद सदस्य फिंगेश्वर, ओमप्रकाश बन्छोर पूर्व सरपंच फिंगेश्वर श्रीमती मंजूलता हरित मंडल अध्यक्ष फिंगेश्वर, जितेंद्र सिंह ठाकुर पूर्व जनपद उपाध्यक्ष फिंगेश्वर समस्त अतिथियों की उपस्थिति नगर के सभी वार्ड से आए अतिथि गन जनप्रतिनिधीकरण पत्रकार गण की उपस्थिति में शपथ दिलाया गया कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों द्वारा पूजा अर्चना कर मंच पर आसीन हुए मंच में विशेष अतिथि के रूप में राजीम नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव भी उपस्थित थे एवं निर्वाचित महिला पार्षद नगर अध्यक्ष एवं समस्त पार्षद मंच पर विराजमान थे नगर पंचायत अधिकारी चंदन मानकर एवं पूरे स्टाफ के द्वारा समस्त अतिथियों एवं पार्षदों का सम्मान स्वागत पुष्पहार से किया गया एसडीएम श्री विशाल महाराणा द्वारा नगर अध्यक्ष को शपथ दिलाने पश्चात सभी पार्षदों को बारी-बारी शपथ दिलाया गया मंच को संबोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता भागवत हरित ने सभी निर्वाचित पार्षदों अध्यक्ष को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी साथ ही नगर में विकास ही विकास की धारा बहे ऐसा विश्वास निर्वाचित सदस्यों पर जाताया पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने सभी पार्षदों एवं नगर अध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि हमें विकास की दिशा में एकजुट होकर हमर फिंगेश्वर कें नारे को प्राथमिकता देते हुए आप सभी आगे बढ़े नगर में नगर वासियों की समस्याओं के प्रति कार्य करके दिखाएं पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने भी संबोधित करते हुए कहा कि जनता ने जितने प्यार से भरोसा से आप सभी को नगर का मुखिया बनाया है आप सभी उसमें खरे उतरे चुनाव के बाद सभी लोग बिना किसी भेदभाव के विकास की ओर ध्यान दें प्रतिनिधि सेवा के लिए ही चुने जाते हैं आज राष्ट्र में प्रदेश में हमारे वरिष्ठ नेता अपने श्रम परिश्रम त्याग के बाद ही बड़े मुकाम को प्राप्त किए हैं आप भी अच्छा करोगे तो आगे बढ़ोगे मंच को पूर्व विधायक अमित शुक्ला ने संबोधित करते हुए कहा कि आज बड़ा अच्छा अवसर है हम सभी लोग भाजपा कांग्रेस न होकर एक परिवार की तरह इस मंच पर उपस्थित है सभी लोगों ने मुझे बड़ा स्नेह दिया है हम सब किसी ने किसी रूप में समाज की सेवा में लगे हैं आप सबका प्यार मिलता रहे आयोजक अधिकारी एवं समस्त निर्वाचित पदाधिकारी को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया




शपथ ग्रहण करता पार्षद जिनमें मुख्य रूप से वार्ड नंबर एक रामधीन साहू वार्ड नंबर 2 हेमनारायण महिलागं वार्ड नंबर 3 श्रीमती चंचल कमलेश यादव वार्ड नंबर 4 कुसुम गोड वार्ड नंबर 5 पदमा यदु वार्ड नंबर 6 दीपक श्रीवास उपाध्यक्ष नगर पंचायत फिंगेश्वर वार्ड नंबर 7 अनिल चंद्राकर वार्ड नंबर 8 जगदीश यादव वार्ड नंबर 9 बिजोरी उर्फ शांति कोसरीया वार्ड नंबर 10 रामनारायण टांडेकर वार्ड नंबर 11 नरेंद्र कुमार रात्रे वार्ड नंबर 12 हैप्पी अभिषेक सोनी वार्ड नंबर 13 चांदनी कमलेश कश्यप वार्ड नंबर 14 डॉक्टर हरीश कुमार हरित वार्ड नंबर 15 टीका चांद नंदलाल ध्रुव सभी ने शपथ ग्रहण किया शपथ ग्रहण में उपस्थित जन समुदाय के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी हजारों मेंसंख्या में महिला। पुरुष युवा एवं वरिष्ठ नेता गण उपस्थित थे जिनमें मुख्य रूप से हर नारायण सूर्यवंशी कमलेश यादव रामू राम साहू भुवन साहू किरणेश सोनी अशोक साहू, आशा धृतलहरे अतुल श्रीवास्तव शरद चतुर्वेदी।

# होली के मद्देनजर आरंग पुलिस थाना में शांति समिति की बैठक

## शांति से मनाएं होली, हुड़दंगियों पर रहेगी पुलिस की नजर

**आरंग,** 12 मार्च (देशबन्धु)। आरंग में रंगों का त्योहार होली 14 मार्च को है, ऐसे में रायपुर जिले में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। होली के मद्देनजर प्रशासन ने बुधवार को शांति समिति की बैठक की जिसमें आईएएस सुश्री अनुपमा आनंद ने सभी से शांतिप्रिय और मर्यादित तरीके से होली मनाने की अपील की है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि जो भी व्यक्ति कानून व्यवस्था भंग करेगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। होली के दौरान आरंग में अशांति फैलाने वालों पर विशेष नजर रखने के लिए थाना प्रभारी और समस्त स्टाफ को निर्देश जारी किए गए हैं। आईएएस अनुपमा आनंद भी खुद पूरे क्षेत्र की गतिविधियों की विशेष मॉनिटरिंग करेंगी। संवेदनशील इलाकों में आवश्यकतानुसार अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती होगी और कहीं भी कानून-व्यवस्था भंग करने की कोशिश हुई, तो त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



शांति और सौहार्द में बाधा डालने वालों पर सख्त कार्रवाई = बैठक में उपस्थित सीएसपी लंबोदर पटेल ने स्पष्ट शब्दों में कहा होली का त्योहार खुशियों, प्रेम और भाईचारे का प्रतीक है। हमारी प्राथमिकता है कि हर व्यक्ति सुरक्षित माहौल में यह त्योहार मनाए। यदि कोई व्यक्ति कानून अपने हाथ में लेता है या शांति भंग करने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलेभर में हर गतिविधि पर हमारी पैनी नजर रहेगी। उन्होंने लोगों से सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की अपील करते हुए कहा कि त्योहार में अशांति फैलाने या नशे की हालत में हंगामा करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन ने कहा कि होली का असली रंग तब खिलता है, जब हम एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें। यह पर्व भाईचारे का है, इसे सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाएं। प्रशासन अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है, लेकिन हर नागरिक का भी कर्तव्य है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

पुलिस रहेगी सतर्क, बाइक में तीन सवारी चलने पर होगी कड़ी कार्रवाई,हर गतिविधि पर पुलिस की नजर।

# शांति समिति की बैठक में होली को शांतिपूर्ण मनाने की अपील

## हुल्लड़बाजी पर होगी सख्त कार्रवाई



**पिथौरा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। आगामी होली पर्व को लेकर पिथौरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें नवपदस्थ एसडीओपी अजीत ओगरे, तहसीलदार नितिन ठाकुर, नप अध्यक्ष देवेश निषाद, विधायक जनसंपर्क कार्यालय प्रभारी स्वप्निल तिवारी, मन्नू ठाकुर, मनमीत छाबड़ा सहित नगर के गणमान्य नागरिक, व्यापारीगण एवं सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में एसडीओपी अजीत ओगरे ने नागरिकों से होली त्यौहार को सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि जबरन रंग लगाने, शराब पीकर वाहन चलाने और हुल्लड़बाजी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। चूंकि इस वर्ष होली शुक्रवार को है, मुस्लिम समाज ने नमाज और इबादत के समय में सहयोग की अपील की। बैठक में उपस्थित सभी नागरिकों ने भाईचारे और सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया। इस दौरान नगर के जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों और नागरिकों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक का उद्देश्य त्योहार को शांति और सद्भाव के साथ मनाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाना था।

# विखं स्तरीय समावेशी शिक्षा प्रशिक्षण आयोजित

**बागबाहरा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। विकासखंड स्तरीय समावेशी शिक्षा प्रशिक्षण का आयोजन बागबाहरा के टाउन हॉल में आयोजित हुआ। यह प्रशिक्षण सुश्री भूपेश्वरी साहू विकासखंड स्त्रोत समन्वयक के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम सरस्वती वंदना से प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ तत्पश्चात विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुश्री भूपेश्वरी साहू ने प्रशिक्षण पर अपना विचार रखा। इसके बाद मास्टर ट्रेनर बीआरपी श्रीमती रेखा चौहान ने समावेशी शिक्षा क्या है? इसका क्या महत्व है? तथा 21 प्रकार के दिव्यंगता पर अपना विचार रखा। मास्टर ट्रेनर महावीर सेन ने दिव्यंगता होने के कारण, गर्भावस्था के समय तथा नवजात शिशु के देखभाल पर अपना विचार रखा। किस प्रकार प्रथम दिवस का प्रशिक्षण समाप्त हुआ। ड्यूटी दिवस के प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर बीआरपी रेखा चौहान द्वारा दिव्यांग बच्चों के साथ व्यवहार के तरीके, नई शिक्षा नीति एवं एवं समावेशी शिक्षा की अवधारणा, निशक्तजन अधिकार अधिनियम के बारे में बताया। मास्टर ट्रेनर महावीर सेन द्वारा दिव्यांगजनों के जीवन को बेहतर बनाने की कवायद, अभिभावकों की भूमिका तथा दिव्यांगजनों को मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस पर महासमुंद से जिला स्त्रोत समन्वय रेखराज शर्मा तथा एपीसी पेडागॉजी श्रीमती संपा बॉस का आगमन हुआ। जिला स्त्रोत समन्वयक की रेखराज शर्मा द्वारा प्रशिक्षण के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण में प्राथमिक विद्यालय से लेकर उच्च प्राथमिक विद्यालय तक के शिक्षकों तथा पालकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में सह प्रशिक्षक के रूप में दौलत राम दीवान, पुष्कर पटेल, रिंकल बग्गा ने सहयोग प्रदान किया।



# चोरों ने स्कूल की खिड़की तोड़ मध्यान्ह भोजन की 5 कट्टा चावल किया पार



**भखारा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। बिसाहू सिंह गौर शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यमिक शाला भखारा में एमडीएम महिला शक्ति स्व.सहायता समूह के द्वारा संचालित किये जा रहे मध्यान्ह भोजन पर चोरों ने डाका डाल दिया है। एमडीएम महिला स्व सहायता समूह की रसोई कक्ष में रखे 6 कट्टा चावल में से दो बार 5 कट्टा चावल को 7 मार्च एवं 11 मार्च को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। सूत्रों से पता चला है कि चोरों ने उक्त चोरी एक बार ताला तोड़कर और दूसरी बार खिड़की तोड़ कर किया है अज्ञात चोरों ने रसोई कक्ष में रखे आलू,मिर्च की भी चोरी की है। एमडीएम महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं ने उक्त चोरी की शिकायत थाना भखारा में की है।

# किसान नेता राजू शर्मा ने पानी छोड़ने की मांग

**तिल्दा नेवरा,** 12 मार्च (देशबन्धु)।



किसान नेता राजू शर्मा ने कहा कि तिल्दा सिमगा धरसीवा, मांढ़र, भाटापारा केनाल से पानी दिया जाए गंगरेल में पर्याप्त पानी होने के बावजूद भी अधिकारियों द्वारा जानबूझकर निस्तार के लिए पानी नहीं छोड़ा जा रहा है जिसके कारण किसानों द्वारा गर्मी फसल एवं तालाबों में पानी नहीं होने से जल संकट उत्पन्न हो गया है भाटापारा शाखा नहर के अधिकारी से मुलाकात कर शीघ्र ही पानी छोड़ने की मांग की कुम्हारी जलाशय में महानदी का पानी अदानी पावर प्लांट द्वारा शीघ्र छोड़ जाए किसान नेता राजू शर्मा ने कहा है कि जलस्तर कम होने के कारण समस्याएं उत्पन्न हो रही है कुम्हारी जलाशय के एजुकेटेड इंजीनियर एवं अदानी पावर प्लांट के यूनिट हेड से मुलाकात कर शीघ्र ही जलाशय में पानी देने की मांग की है गांव के निस्तार तालाब सूख जाने से पशु पक्षी एवं जानवरों के लिए समस्या उत्पन्न हो रही है शीघ्र ही छोड़ जाए पानी जलाशय में पर्याप्त पानी है गंगरेल में भी पानी पर्याप्त है शीघ्र छोड़ने से समस्या का समाधान होगा।

# अभा पूर्व सैनिक सेवा परिषद् छग का राज्य स्तरीय त्रैमासिक फिजिकल बैठक

**भाटापारा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ त्रैमासिक फिजिकल बैठक, जिला बलौदा बाजार भाटापारा में रखा गया, जिसमें अध्यक्ष सुनील कुमार तिवारी, उपाध्यक्ष नीलेश तंबोली, सचिव धीरेंद्र वर्मा, कोषाध्यक्ष अजय कुमार, मीडिया प्रभारी पुरेंद्र वर्मा, साह मीडिया प्रभारी युगल किशोर चुने गए,और उनके शपथ ग्रहण किया गया, जिसमें संरक्षक, कैप्टन टीपी बघमार, सूबेदार में मेजर सूर्यकांत अग्रवाल सूबेदार सुनील वर्मा, हवलदार नारायण साहू, नायक मनु लाल और सदस्य में सूबेदार नंद कुमार,अजय कुमार पांडे सतनारायण यादव,शिव शंकर साहू, शंकर पुरी गोस्वामी, उत्तम सिंह, छविराम चंद्रवंशी, देवेंद्र सिंह वर्मा, राजेंद्र यादव, तीरथ पाठक तुलसीराम आंचल, राजकुमार यादव सम्मिलित थे।



अखिल भारतीय पूर्व सैनिक संघ जिला बलौदा बाजार भाटापारा द्वारा अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद बलौदा बाजार भाटापारा जिसमें सैन्य मातृशक्ति के लिए प्रियंका तिवारी का जिला अध्यक्ष के लिए चयन हुआ जिसमें मातृशक्ति संरक्षक उषा बघमार ,बिंदु यादव ,इंद्राणी वर्मा , मीनाक्षी तंबोली ,केसरी वर्मा सोनिया साहू, प्रीति वर्मा सुनीता आंचल विमल वर्मा प्रतिमा पांडे, कविता गोस्वामी डॉली साहूसम्मिलित थे अखिल भारतीय पूर्व सैनिक,सेवा परिषद् छत्तीसगढ़ का राज्य स्तरीय त्रैमासिक फिजिकल बैठक आज भाटापारा के जनपद पंचायत कार्यालय में सम्पन्न हुआ जिसमें कांकेर, बालोद, धमतरी दुर्ग, महासमुंद सारंगढ़ बिलासपुर और रायपुर के साथ साथ बलौदाबाजार भाटापारा के तकरीबन 80 पूर्व सैनिक सम्मिलित हुए है और 30 वीर नारी के साथ साथ मातृ शक्ति सम्मिलित हुए है उक्त जानकारी जिला अध्यक्ष सुनील तिवारी अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद् जिला इकाई बलौदाबाजार भाटापारा द्वारा दिया गया। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा द्वारा अपने उद्बोधन में सैनिकों, की गरिमा और गौरव का उल्लेख करते हुए पुरुष सैनिकों के रूप में समाज और राष्ट्र को लाभान्वित होने की बात कही साथ ही उन्होंने यह कहा वीर सैनिकों और बलिदान से प्रेरणा लेकर देसी में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

# शा.प्रा. शाला नवापारा में कक्षा पांचवी के बच्चों का विदाई कार्यक्रम

**नवापारा राजिम,** 12 मार्च (देशबन्धु)। नारायण शिक्षा सेवा समिति के सदस्यों श्रीमती गीता अग्रवाल बीना अग्रवाल, सविता अग्रवाल, कुसुम अग्रवाल, पुष्पा देवी सांखला, संटू अग्रवाल के द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मनाया गया जिसमें अन्य बच्चों के द्वारा गीत कविता प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में उपस्थित संकुल समन्वयक विजय साहू ने बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी होना चाहिए आगे बढ़कर अपने गुरु और अपने परिवार का नाम रोशन करने के साथ-साथ सभी बड़ों का सम्मान भी करे, गीता अग्रवाल ने बच्चों को यह शिक्षा दी गई की किसी भी प्रकार पढ़ाई के क्षेत्र में कठिनाई होने पर बच्चे शिक्षकों से संपर्क करके उन्हें जानकारी दें ताकि उनकी पढ़ाई में बाधा को दूर कर सके और आगे की शिक्षा के लिए सहयोग कर सके, इसी कड़ी में बीना अग्रवाल जी ने सभी बच्चों को बड़ों का सम्मान करने और आगे की पढ़ाई अच्छे से करने के लिए प्रेरित किए, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष श्रीमती टिकेश्वरी निषाद उपाध्यक्ष श्रीमती किरण ध्रुव से शाला परिवार के शिक्षक शिक्षिका श्रीमती शैल चौहान श्रीमती अनीता साहू रुपेश कुमार साहू नीलकंठ काशी के द्वारा आग्रह किया गया कि बच्चों को प्रतिदिन शाला पहुंचाएं एवं उनके गृह कार्य ,कक्षा कार्य में मदद करें। संस्था प्रमुख संतोष लवतारिया ने नारायण शिक्षा सेवा समिति के द्वारा कक्षा पांचवी के बच्चों के विदाई कार्यक्रम में कंपास बॉक्स ,बिस्किट प्रदान करने पर आभार व्यक्त किया साथी बच्चों को आगे की पढ़ाई निरंतर करने के लिए प्रेरित किया साथी कार्यक्रम में अन्य बच्चों के पालक उपस्थित रहे।




## निधन

### ओम प्रकाश बन्छोर



**भिलाईनगर,** 12 मार्च। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल विभाग के सेवानिवृत्त एग्जीक्यूटिव इंजीनियर ओम प्रकाश बंछोर, पिता स्व शंकर लाल बंछोर 73 वर्ष का 12 मार्च को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गुरुवार 13 मार्च को किया जाएगा। अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान शॉप नंबर-4, सेक्टर-4 भिलाई से सुबह 10 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे श्रीमती चंद्रयायणी बंछोर के पति, श्रीमती नमिता वर्मा पुत्री,व मोनेश बंछोर पुत्र एकांश बछोर पार्षद वार्ड-59 एमआईसी मेंबर नपानि भिलाई के पिता थे।

# तीन माह से रोजगार सहायकों को मानदेय नहीं

**खरोरा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। जिला पंचायत रायपुर जनपद पंचायत तिल्दा के मनरेगा मानदेय कर्मचारी ग्राम रोजगार सहायकों को विगत तीन माह से मानदेय अप्राप्त है। जानकारी से माह दिसंबर, जनवरी व फरवरी तीन माह बीत जाने के बावजूद रोजगार सहायक को आज दिनांक तक मानदेय अप्राप्त है। मानदेय को लेकर जनपद से लेकर मनरेगा आयुक्त तक सभी को ज्ञापन दिया गया है बावजूद इसके आज पर्यंत तक मानदेय अप्राप्त है। सामने होली का त्यौहार है जिसको देखते हुए मानदेय देना था अब सभी की होली फीकी रहेगा। पीएम आवास निर्माण को लेकर छग प्रशासन गंभीर है परंतु उसी पीएम आवास को अंतिम रुप देने वाले रोजगार सहायक जिसके बदौलत राज्य व केंद्र की प्रमुख योजनाओं का क्रियान्वसन किया जाता है को हमेशा से ही प्रशासन द्वारा कमजोर व दोगली ब्यवहार किया जाता रहा है तभी तो मनरेगा प्रशासन तीन माह से मानदेय देने मे कमजोर साबित हो चुका है। अन्य विभागों की सैलरी समय पर दिया जाता है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### सुहेला तहसील कार्यालय परिसर...

जहर खुरानी किया है। मामले की जांच के लिए एसडीएम सिमगा अंशुल वर्मा को निर्देशित किया गया है। जांच रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### जपं में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष...

पूनम चन्द्राकर पूर्व राज्यमंत्री, डॉ विमल चोपड़ा पूर्व विधायक, नरेन्द्र गिरी सांसद प्रतिनिधि, दिग्विजय साहू, प्रशांत श्रीवास्तव पूर्व सदस्य राज्य युवा आयोग, देवीचन्द राठी पार्षद, महेन्द्र सिक्का, मुन्नालाल साहू सर्व समाज जिला संरक्षक, मोहित ध्रुव, आनंद साहू, श्रीमती डिगेश्वरी चन्द्राकर, श्रीमती वीणा चन्द्राकर सरपंच खरोरा, श्रीमती प्रिती धीवर सरपंच बेलसोंडा, रिखीराम साहू सरपंच मोंगरा, साजन यादव, शत्रुहन चेलक, संदीप घोष एवं जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डॉ. बलराम साहू बने ससहा के उपसरपंच



**पलारी,** 12 मार्च (देशबन्धु)। जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत ससहा जो कि 20 वार्डो का पंचायत है जहां उपसरपंच चुनाव में डॉ बालाराम साहू व सुषमा साहू अभ्यर्थी थे जिसमें 14 मतों के साथ डॉ बालाराम साहू विजय हुवे वही सुषमा को 7 मत प्राप्त हुवे डॉ बालाराम साहू के जीत से उनके समर्थकों ने जमकर आतिशबाजी की और गुलाल लगाकर उनका अभिनंदन किया इस जीत पर जिला पंचायत सदस्य महेंद्र मोनू साहू ,पूर्व जनपद सदस्य तुकाराम पप्पू साहू, सरोज गुरुजी,द्वारिका साहू,गुरुचरण साहू,भगवती साहू,लारेंस साहू,महेश साहू ,जगजीवन साहू, बंटी साहू,लीलाधर धीवर,उत्तम साहू,पवन साहू,कमल वर्मा,क्रांति साहू, भेखम साहू,देवीचरण साहू,खोरबहरा साहू,और ग्राम के सभी वरिष्ठ जनों ने हर्ष व्यक्त किया।

# दुर्ग में मदनलाल तोमर शिकसा दूत सम्मान से सम्मानित




**बिलाईगढ़,** 12 मार्च (देशबन्धु)। शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ का राज्य स्तरीय वार्षिक सम्मेलन व सम्मान समारोह शिकसा महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन भारती विश्वविद्यालय दुर्ग में संस्थापक व संयोजक डॉ. शिवनारायण देवांगन च्आसज्ज के सफल संयोजन में किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा, अध्यक्षता- गजेंद्र यादव विधायक दुर्ग शहर, अति विशिष्ट आतिथि- ललित चन्द्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण, अल्का बाघमार महापौर नगर निगम दुर्ग , विशिष्ट अतिथि- श्याम शर्मा सभापति नगर निगम दुर्ग, श्रद्धा साहू सदस्य जिला पंचायत दुर्ग व जागेश्वरी मेश्राम छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेत्री, परसराम साहू सलाहकार शिकसा दुर्ग उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता के पूजा अर्चना कर किया वही सरस्वती वंदना- हेमा चन्द्रवंशी, राजगीत- संध्या पाठक, स्वागत गीत- उषा भट्ट, शीर्षक गीत- डॉ.प्रमोद आदित्य एवं मनीषा कश्यप, गीत- संयोगिता रात्रे, नृत्य- मंजूलता मेरसा एवं साथी, निशा महिलांग, अनामिका चक्रवर्ती तथा पुष्पांजलि ठाकुर, पूनम नेताम व कविता नेताम, गीत- चन्द्र कुमार चन्द्रा, हरमन कुमार बघेल, नैना साहनी ने प्रस्तुत कर कार्यक्रम को संगीत मय बना दिया।सर्वप्रथम संस्था पर विचार- डॉ. शिवनारायण देवांगनज्आसज्ज संस्थापक व संयोजक, अध्यक्षीय उदबोधन कौशलेंद्र पटेल- प्रातांध्यक्ष व नीता त्रिपाठी प्रातांध्यक्ष म.प्रकोष्ठ, सचिव प्रतिवेदन- डॉ. बोधीराम साहू महासचिव ने प्रस्तुत किया।अतिथियों द्वारा शिक्षकों के रचना साहित्य संकलन च्मै शिक्षक हूंज्ज व संस्था का वार्षिक कैलेन्डर का विमोचन किया गया। वही 70 शिक्षकों को शिकसा साहित्य सम्मान, 55 शिक्षकों को शिकसा शिक्षाश्री सम्मान, 21शिक्षकों को शिकसा ज्ञानदीप सम्मान, 60 शिक्षकों को शिकसा दूत सम्मान से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का सफल संचालन राधेश्याम कवंर संगठन मंत्री, शिकसा के संस्थापक व संयोजक शिवनारायण देवांगन आस ने आभार प्रदर्शन कर कार्यक्रम समापन की घोषणा किए। शिकसा श्री सम्मान से सम्मानित नैना साहनी, सुखमती चौहान, शिकसा दूत सम्मान से मदनलाल तोमर व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुरसुला बिलाईगढ़ ,लीलेश कुमार राजेश उपस्थित थे।

# होली व रमजान पर्व को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



**तिल्दा नेवरा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। थाना परिसर तिल्दा नेवरा में अनुविभागीय दंडाधिकारी होली तथा रमजान माह को ध्यान में रखते हुये आम जनता शान्ति एवं सौहाद्र पूर्ण रूप से त्यौहार मनाये जाने संबंधी बातों को लेकर चर्चा की गई जिसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिकगण, नवनियुक्त पार्षद, ग्रामीण अंचल के सरपंच, पंच व ग्रामीण कोटवार उपस्थित रहे।अधिकांश जनप्रतिनिधियो ने गावों में अवैध शराब बिक्री की बात कही और पुलिस की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाए साथ ही शराब दुकानों में ओवर रेट में शराब बिक्री किए जाने की बात भी कही होली पर्व में महिलाओं एवं बच्चो के गरिमा व मयार्दा को ध्यान में रखकर रंग लगाने, कैमिकल युक्त रंगो मुखौटा का प्रयोग न करने। ध्वनी विस्तारक यंत्रो तथा जुलूस रैली का पूर्णतः प्रतिबंध होने के साथ साथ मोटर सायकल पर तीन सवारी, प्रेशर हार्न, चिल्लाने, हुटिंग न करे, होलिका दहन पर लकडी/पेड काटकर चोरी/ /, शराब, भांग, व्यसन का उपयोग कर हुल्लडबाजी व उपद्रव/, अनैतिक शब्दो का प्रयोग /, रंग गुलाल विक्रताओं को शरीर को नुकसान पहॅुचाने वाले कैमिकल वाले रंग की बिक्री न करने संबंधी हिदायत दिया गया।थाना तिल्दा नेवरा प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह श्याम के द्वारा क्षेत्र के लोगो से पर्व को शांति एवं सौहाद्रपूर्ण ढंग से मनाने की अपील करते हुये कहा की वाद विवाद की स्थिति निर्मित होने पर हुड़दंगियों पर तत्काल कार्यवाही करने की बात कही गई।

# बागबाहरा जपं में कांग्रेस के केशव अध्यक्ष व तरुण उपाध्यक्ष बने

## खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में सत्तासीन भाजपा उम्मीदवारों का सूपड़ा साफ़



**बागबाहरा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। जनपद पंचायत बागबाहरा में आज बुधवार को अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद का चुनाव काफी गहमागहमी एवं रस्साकस्सी के बीच शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस के दबंग एवं दमदार प्रत्याशी केशव नायकराम चंद्राकर एवं सत्तासीन भाजपा की श्रीमती पूजा एवन साहू ने नामांकन पत्र भरा था। जिसमे कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी केशव नायकराम चंद्राकर को 13 मत एवं भाजपा की श्रीमती पूजा एवन साहू को 12 वोट मिले। इस तरह कांग्रेस के केशव नायकराम चंद्राकर एक वोट से जीत हासिल कर जनपद पंचायत बागबाहरा के अध्यक्ष बनें। वहीँ दूसरी ओर उपाध्यक्ष पद के लिए जनपद पंचायत में पहली बार कदम रखने वाले कांग्रेस के युवा जनपद सदस्य तरुण व्यवहार एवं युवा जनपद सदस्य पारस सांखला ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। जिसमे कांग्रेस के युवा जनपद सदस्य तरुण व्यवहार को 13 मत एवं पारस सांखला को 12 वोट मिले। इस तरह कांग्रेस के युवा जनपद सदस्य तरुण व्यवहार एक वोट से विजय होकर उपाध्यक्ष बनें। अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद पर कांग्रेस के प्रत्याशियों ने एक एक वोट से जीत हासिल कर अपना कब्ज़ा जमा लिया। दोनों पदों का चुनाव परिणाम घोषित होते ही कांग्रेस पार्टी में ख़ुशी की लहर दौड़ पड़ी। कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के अलावा बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने जनपद पंचायत कार्यालय के सामने खूब आतिशबाज़ी कर विजय जुलुस निकाला। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशियों का पलड़ा भारी रहा।





चुनाव के दौरान सुबह से लेकर शाम 6 बजे तक जनपद पंचायत कार्यालय के सामने लोगों का बड़ी संख्या में दिनभर जमावड़ा लगा रहा। दोनों नवनिर्वाचित युवा कद्दावर नेताओं का आज बुधवार की शाम नगर में कांग्रेसजनों ने बाजे गाजे एवं फटाकों के साथ विजय जुलुस निकालकर खूब जश्न मनाया। दोनों नेता फूल मालाओ से लदे रहे। होली पर्व के पूर्व रंग गुलालों से सराबोर रहे। जनपद पंचायत में दोनों पदों पर कांग्रेस का कब्ज़ा होने से पार्टी का जनाधार लगातार बढ़ रही है। वहीँ सत्तासीन भाजपा के प्रत्याशियो की लगातार विभिन्न पदों पर हार होने से पार्टी में मायूसी छा गई है।

उल्लेखनीय है कि खल्लारी विधानसभा क्षेत्र भाजपा मुक्त हो गया है। यहाँ विधानसभा सीट पर कांग्रेस के द्वारिकाधीश यादव ने दोबारा जीत हासिल कर अपना कब्ज़ा फिर से जमा लिया। नगर पालिका चुनाव में कांग्रेस की अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती खिलेश्वरी छोटू बघेल ने सत्तासीन भाजपा प्रत्याशी को करारी शिकस्त देकर कांग्रेस का झंडा बुलंद किया है। वहीँ जनपद पंचायत में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद पर केशव नायकराम चंद्राकर एवं तरुण व्यवहार ने जीत हासिल कर अपना परचम लहराया है। जनपद पंचायत बागबाहरा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर एवं उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार ने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभुत बुनियादी सुविधाओं को जनहित में प्राथमिकता के साथ पूरा कराया जाएगा। ताकि गांवों का सर्वांगीण विकास हो सकें। बिजली, पानी, सड़क, सिचाई, सीसी रोड, प्रधानमंत्री आवास, महतारी वंदन, राशन कार्ड आदि जरुरी कार्यों को शीघ्रता के साथ कराया जाएगा। सिकासेर बांध के व्यर्थ बहने वाले पानी को बागबाहरा विकासखंड के गांवों में लाने के लिए भरपूर प्रयास किया जाएगा। ताकि इस क्षेत्र के प्यासे खेतों को सिंचाई के लिए भरपूर पानी मिल सकें। हम सभी जनपद सदस्य एक परिवार की तरह काम करेंगे। जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा पुलिस जवानों एवं अधिकारियो की तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। ताकि यहाँ किसी भी प्रकार की होनी अनहोनी न हो सकें। यहाँ दोनों पदों का चुनाव बागबाहरा के एसडीएम रिटर्निंग ऑफिसर उमेश कुमार साहू, तहसीलदार जुगल किशोर पटेल, नायब तहसीलदार नंदिनी वर्मा, हरीशकांत ध्रुव एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनहरण लाल मंडावी ने सम्पन्न कराया। वहीँ पुलिस प्रशासन की ओर से बागबाहरा के एसडीओपी मिलिंद पांडेय, थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा, नितेश सिंह ठाकुर, शैलेन्द्र कुमार नाग, संदीप मिश्रा, हितेश जंघेल आदि जनपद पंचायत के पास चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिए दिनभर तैनात रहें।

# यादव ठेठवार समाज ने जताया सामाजिकजनों का आभार



**कुरुद,** 12 मार्च (देशबन्धु)। यादव ठेठवार समाज महासभा छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ समीप उड़ीसा मध्यप्रदेश महासभा, उपमहासभा, राज, पार, इकाई, जिला, ब्लॉक, नगर ,से आए समस्त वरिष्ठ समाज प्रमुख, जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, युवा,मातृत्व शक्ति नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि आप समस्त की गरिमामयी उपस्थिति ही आज प्रांतीय राजिम महासभा वार्षिक अधिवेशन को सफल बनाए,विशेष रूप से भाटापारा महासभा से आठों राज की गरिमामयी उपस्थिति पर सामाजिक जनों का आभार माना.समाज को आने वाले समय में जरूर एक नई दिशा देगी,पुन: कार्यकम के बारे में प्रांताध्यक्ष गुलेंद्र यादव जी ने बताया कि राज के अध्यक्षों के द्वारा जो भी उद्बोधन में जानकारी समाज को दिया जा रहा है उसे लिखित रूप से रजिस्टर के द्वारा दर्शाया जा रहा है.साथ ही भविष्य में उस पर अमल किया जाएगा. साथ ही साथ भविष्य में आर्थिक स्थिति से कमजोर परिवार की शादी समाज के द्वारा कराया जाएगा, नवीन भवन का उद्घाटन, नए नियामावली एवं पुस्तक विमोचन का कार्यक्रम एवं समाज के द्वारा एकता अखंडता एवं मजबूती पर विशेष रूप से ध्यान दिया जा रहा है साथ ही साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में 1 महीने से तन मन लगाकर कार्य कर रहे समस्त पदाधिकारी, नन्ही बालिकाएँ जिन्होंने रंगोली बनाकर मंदिर प्रांगण को रंगीन कर दिया, फिर आदरणीय प्रांताध्यक्ष जी के द्वारा ध्वजा रोहन का कार्यक्रम किया गया, भोजन की जिम्मेदारी श्री दशरथ यादव जी, ठाकुर राम यादव जी, अशोक यादव जी, की नेतृत्व में किया गया जिसमें विशेष रूप से सहयोगी रूप में सरोज यादव, नरोत्तम यादव, जयेंद्र यादव, संजय यादव, ईश्वर यादव, लव यादव,मनीष यादव, करण यादव, मिथिलेश यादव, साथ ही साथ सभा को संचालन करने में मुख्य रूप से आदरणीय श्री नंदकिशोर यादव जी, श्री गजानन यादव जी, श्री कन्हैया यादव जी ने शार्भीक गति से संबोधित किया कार्यक्रम को सुचारू रूप से व्यवस्थित ढंग से श्री समलिया यादव जी, श्री दाऊ राम यादव जी,श्री रामा यादव जी, श्री शंकर यादव जी,श्री नरेंद्र यादव जी,श्री अभिषेक यादव जी, श्री जितेश यादव जी, उग्रसेन यादव जी, श्री हेमू यादव जी, श्री मनीराम यादव जी, उमाशंकर यादव जी खेम सिंह यादव जी घनश्याम यादव जी राजू यादव जी कोमल यादव जी प्रहलाद यादव जी ललिता यादव जी सुनीता यादव जी रामकली यादव जी बिरेंद्र यादव जी पुखराज यादव जी सूर्यकांत यादव जी गजेंद्र यादव जी गोविंद लखन यादव जी अशोक यादव जी उमेश यादव जी शिव यादव जी राजू यादव जी जिन्होंने कार्यक्रम में अपना अमूल्य समय निकालकर आए और कार्यक्रम का शोभा बढ़ाया.

# मिरगी पंचायत में रोशन साहू बने उपसरपंच



**अर्जुनी/बलौदाबाजार,** 12 मार्च (देशबन्धु)। 12 मार्च को मिरगी पंचायत में उपसरपंच का चुनाव शांति पूर्ण ढंक से संपन्न हुआ। जिसमे पीठासीन अधिकारी महेन्द्र कुमार बंजारे एवं उप पीठासीन हेमकुमार देवांगन, सचिव केशव राम ध्रुव द्वारा उप सरपंच का चुनाव संपन्न कराया। जिसमे सभी पंचों के सहयोग से रोशन साहू को निर्विरोध उप सरपंच चुना गया। जिसमें सरपंच रामेश्वर लहरी सहित पंच रमा सेन, वासु वर्मा, मालती वर्मा, हीरा ध्रुव, संगीता ध्रुव, मोहनी ध्रुव, अनिता साहू, मंजू साहू, लेखराम ध्रुव, कुंदन ध्रुव, गोविंद ध्रुव के अलावा पीलाराम सेन, घनश्याम वर्मा, रामायण ध्रुव, तेजराम साहू, गजेन्द्र ध्रुव, भोजराम साहू, बैसाखू ध्रुव, उधो राम साहू, परमानंद साहू, विश्राम साहू, समेलाल ध्रुव, विसेसर ध्रुव, कुलेश्वर ध्रुव, नोकेष साहू, दुलार साहू, देवकुमार साहू, सियाराम साहू, सालिकराम साहू आदि शामिल हुए। उपसरपंच को उपस्थितजनों ने बधाई दी।

# थाना प्रभारी ने होली को शांतिपूर्वक मनाने ली बैठक

**महासमुंद,** 12 मार्च (देशबन्धु)। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी शरद दुबे ने बुधवार को स्थानीय कंट्रोल रूम में शांति समिति की बैठक आहुत की गई। बैठक में महासमुंद एसडीओपी अजय त्रिपाठी और नायब तहसील मोहित अमिला उपस्थित थे। बैठक में नगर पालिका क्षेत्र के पार्षद भी उपस्थित रहे। एसडीओपी अजय त्रिपाठी ने सभी पार्षदों से अपील की है कि सभी अपने वार्ड में 13 मार्च को होली दहन का कार्यक्रम रात 10 बजे तक संपन्न करा ले, साथ ही डीजे, नगाड़ा और स्पीकर से गाने तीव्र आवाज में ना बजाए। चूंकि वर्तमान में हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों की बोर्ड की परीक्षा चल रही है। रात्रि 10 बजे के बाद ढोल नगाड़ा और अन्य तरीके के ध्वनि यंत्रों का प्रयोग प्रतिबंधित है। 10 बजे के बाद ध्वनि यंत्रों का उपयोग करने पर कानूनी कार्रवाई करने और जप्ती की कार्रवाई की जाएगी। होलिका दहन के दूसरे दिन 14 मार्च को मोटर साइकिल में तीन सवारी करने वालों पर वाहन जप्त करने की कार्रवाई सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा की जाएगी। इसके अलावा रंग गुलाल का उपयोग उन पर नहीं किया आयेगा जो रंग गुलाल नहीं खेलना चाहते हैं। साथ ही पूरे शहर के होली पर्व पर रंग गुलाल बेचने वालों को चेतावनी दी है कि मुखौटा की खरीदी बिक्री नहीं की जाए। मुख्ख्टा बेचते पाए जाने पर दुकानदार के सामनों की जप्ती की जाएगी और कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। गौरतलब है कि बैठक में उपस्थित वार्ड पार्षदों ने शहर के वार्ड नंबर 6, 7, 8, 11, 21, 22, 23,24,29 में पुलिस की विशेष गस्त करने का सिटी कोतवाली पुलिस से आग्रह किया है। सिटी कोतवाली प्रभारी शरद दुबे ने शांति समिति की बैठक में उपस्थित सदस्यों से कहा कि शहर के जिस भी वार्ड में हुड़दंगियों द्वारा हुड़दंग करने वालों की शिकायत तत्काल सिटी कोतवाली पुलिस, पुलिस कंट्रोल रूम 112 को सूचित करने की अपील की है। वार्ड पार्षदों के सुझाव पर सिटी कोतवाली पुलिस ने होलिका दहन के दिन शहर के चिन्हांकित इलाकों में पुलिस बल की तैनाती और पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा सतत पेट्रोलिंग की सहमति दी है। शहर के कुछ संवेदनशील इलाकों में पुलिस पार्टी की विशेष नजर होगी। शराब, भांग और अन्य तरह के नशा कर हुड़दंग करने वालों पर तत्काल कार्रवाई करने की बात पुलिस द्वारा कही गई है। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के एसडीओपी अजय त्रिपाठी ने आम जनता से अपील की है कि होली के त्यौहार को सभी आपसी भाई चारे के साथ मनाए, प्राकृतिक रंग गुलाल का उपयोग करें। किसी के ऊपर पेंट या कोई भी ज्वलनशील केमिकल युक्त रंग गुलाल का उपयोग न करने की अपील की है साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिस के जवानों पर रंग गुलाल ना लगाने व ड्यूटी पर तैनात पुलिस के जवानी की मदद कर शहर में भाई चारे के त्यौहार को शांति पूर्व तरीके से मनाने की अपील की है।

**रात 10 बजे तक होली दहन संपन्न करा ले, हुड़दंगियों द्वारा हुड़दंग करने वालों की शिकायत तत्काल सिटी कोतवाली में करने की अपील की**

# आज राष्ट्रीय हास्य कवि सम्मेलन कुरूद में



**कुरुद,** 12 मार्च (देशबन्धु)। परंपरा अनुसार लगातार 20वाँ वर्ष वन्देमातरम परिवार द्वारा राष्ट्रीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा ह. संस्था के संरक्षक विधायक मान.श्री अजय चंद्राकर जी के विशेष सहयोग से कुरूद मे होली के पूर्व संध्या 13 मार्च को हास्य कवि सम्मेलन ( रसरंग) होली महोत्सव का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमे कविगण पद्म श्री सुरेन्द्र दुबे जी (रायपुर), श्री सुदीप भोला जी (दिल्ली), श्री प्रख्यात मिश्रा जी (लखनऊ) होली महोत्सव कुरूद मे पधार रहे है ! मंगल भवन कुरूद मे वन्देमातरम परिवार द्वारा बैठक आहुत किया गया.जिसमे अध्यक्ष भानु चन्द्राकर ने पदाधिकारियों-सदस्यों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार किये, आमंत्रण और मंच सज्जा से लेकर सभी कार्यों के लिए प्रभारी नियुक्त किया गया ! अतिथियों एवं दर्शकों को समय पूर्व बैठाने के लिए सदस्यों की टोली बनाई गई ! समिति के अध्यक्ष भानु चंद्राकर ने क्षेत्र वासियों से उपस्थित की अपील की है.

# मांग नहीं, संकट में मावा बाजार

**भाटापारा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। लाभ तो दूर, अब लागत की वापसी की चिंता में है मावा बाजार क्योंकि घरेलू उपभोक्ता मांग नहीं के बराबर देखी जा रही है। इसलिए 280 से 300 रुपए प्रति किलो जैसी कीमत बोली जा रही है, फिर भी मांग नहीं है।

मावा बाजार इस बरस बेतरह संकट में है क्योंकि होली महज एक दिन दूर है लेकिन मावा में त्यौहारी मांग लगभग शून्य है। ऐसे में अब लागत की वापसी को लेकर संशय की स्थिति बन रही है। प्रयास अब कीमत कम करके तैयार उत्पादन के विक्रय के हैं लेकिन इसमें भी सफलता मिलती नजर नहीं आ रही है।

**महज कुछ घंटों का**

महीना, पखवाड़ा, सप्ताह फिर तीन या चार दिन पर सिमटा मावा बाजार, अब महज कुछ घंटे का रह गया है। होली, राखी और दीपावली जैसे बड़े पर्व के दिनों में यह बदलाव इस बार कुछ ज्यादा ही हताश कर रहा है क्योंकि घरेलू मांग में जबरदस्त गिरावट देखी जा रही है। यही वजह है कि लागत की वापसी को लेकर चिंता में है, फिर भी बेहतर की आस लगाए बैठा है।



**घरेलू मांग में जबर्दस्त गिरावट**

**घातक यह बदलाव:** होली, रक्षाबंधन और दीपावली। घरों में बनते थे मावा के पारंपरिक व्यंजन। पैक्ड मिठाई निर्माता कंपनियों ने अब घरेलू व्यंजन बनाना भी चालू कर दिया है। इसलिए मावा में घरेलू उपभोक्ता मांग तेजी से घट रही है जबकि होटल और स्वीट कॉर्नर पहले से ही मावा की खरीदी कम कर चुके हैं। ऐसे में मावा बाजार बेहतर विकल्प की तलाश में है।

**बड़ी वजह यह भी**

महंगा होता दूध और परीक्षाओं के बीच पर्व। कमजोर मांग की बड़ी वजह मानी जा रही है। इसलिए हो रही औपचारिक खरीदी से भी राहत नहीं मिल रही है। संकट से निपटने के सीमित विकल्प के बीच अब मावा बाजार नए उपभोक्ता मांग क्षेत्र की तलाश कर रहा है, तो मांग के अनुरूप ही खोवा उत्पादन जैसे उपाय का भी विचार कर रहा है।

# अध्यक्ष महेश यादव नपं भवन में किया प्रवेश



**राजिम,** 12 मार्च (देशबन्धु)। राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने शपथ ग्रहण पश्चात नगर पंचायत भवन में श्रीफ्ल तोड़कर तथा माथा टेककर प्रवेश किया। उन्होंने कहा कि नगर की प्रत्येक समस्या का समाधान करने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया कि नगर की किसी भी समस्या के समाधान के लिए वे सीधे मुझसे आकर मिल सकते हैं।

# पपीता बीज को ना समझें बेकार, गुण हैं इसमें जोरदार

**भाटापारा,** 12 मार्च (देशबन्धु)। जी हां ! पपीता का बीज भी खाया जा सकता है। स्वाद में जरा कड़वा और जरा चटपटा जरूर लगेगा लेकिन सीमित मात्रा में सेवन से बिगड़ती सेहत और कुछ पुरानी बीमारियां दूर की जा सकती हैं। आगे से आप पपीता के बीज बेकार जानकर फेंक ना दें, इसके पहले, जरा जान लीजिए कि यह स्वास्थ्य के लिए कैसे फायदेमंद हैं ?



**आठ बीमारी दूर करने का हुआ खुलासा**

**पपीता याने सेहत को चुस्त-** दुरुस्त बनाए रखने के लिए स्वादिष्ट फल। ज्यादातर लोगों को पसंद आने वाला पपीता का गुण किसी से छिपा नहीं है लेकिन यह तो हुई पपीता की बात, अब जान लीजिए पपीता के उस बीज के बारे में, जिसे ऐसे ही फेंक दिया जाता हैं, यह सोच कर कि यह किसी काम के नहीं हैं लेकिन बीज में ऐसे तत्वों के होने की जानकारी सामने आई है, जिनकी मदद से त्वचा के अलावा कई गंभीर बीमारियों को रोका जा सकता है। साथ ही कुछ पुरानी बीमारियां भी खत्म की जा सकती है।

**कैंसर के फैलाव पर ब्रेक:** वैसे तो कैंसर तो जड़ से खत्म नहीं किया जा सकता लेकिन पपीता के बीज में मिले एंटी ऑक्सीडेंट की मदद से कैंसर सेल्स के फैलाव को जरूर रोका जा सकता है क्योंकि इसमें मौजूद आइसोथियोसाइनेट सेल्स इस काम में पूरी सहायता करता है। जो एंटी ऑक्सीडेंट तत्व मिले हैं, वे दिल की बीमारी भी दूर करने में सक्षम हैं। नियमित सेवन से ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल का स्तर नियंत्रित रखा जा सकता है।

**नियंत्रण में मधुमेह और वजन:** फाइबर की मात्रा भरपूर होने की वजह से पपीता का बीज अब तेजी से दवा निर्माण के काम आ रहा है। फाइबर की मात्रा ज्यादा होने से पाचन शक्ति थोड़ी धीमी हो जाती है। यही गुण खून में शक्कर की मात्रा को नियंत्रित करने में मदद करता है। इसके अलावा शरीर के विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में भी सहायक पाया गया है। इससे आंतों को सक्रिय रखने में मदद मिलती है, साथ ही कब्ज की समस्या भी दूर होने लगती है।

**इसमें भी कारगर:** वजन कम करने के लिए दर्जनों उपाय करके थक गए लोगों के लिए राहत। हाई फाइबर की मात्रा के साथ पपीता का बीज आपकी भरपूर सहायता करेगा। शरीर के मेटाबॉलिज्म को नियमित करने में सहायक होने की वजह से वजन को नियंत्रित रखता है, साथ ही बढ़ता मोटापा भी आहिस्ता-आहिस्ता खत्म करता है। एल्कलॉइड, फ्लेवोनॉइड और पॉलीफेनॉल्स जैसे यौगिक तत्व से भरपूर होने की वजह से सूजन को भी कम करता है। त्वचा के लिए इसका सेवन बेहद लाभदायक माना गया है क्योंकि यह रिंकल्स और फाइल लाइन्स को बढ़ने से रोकता है।

पपीता का बीज कई गुणों से भरपूर है। सेवन से कई बीमारियां रोकी और खत्म की जा सकती है। सेवन के पहले चिकित्सकीय परामर्श का लिया जाना आवश्यक होगा।

**- अजीत विलियम्स,**
**साइंटिस्ट ( फॉरेस्ट्री ), बीटीसी कॉलेज ऑफ एग्री एंड रिसर्च स्टेशन, बिलासपुर**

# समूह की महिलाओं ने कलेक्ट्रेट में लगाए हर्बल गुलाल का स्टॉल

**बलौदाबाजार,** 12 मार्च (देशबन्धु)। जिले की स्व सहायता समूह की महिलाएं हर्बल गुलाल का निर्माण कर अपना अलग पहचान बना रही हैं। समूह द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल की लोगों मे अच्छी मांग है।

**जिपं. अध्यक्ष ने हर्बल गुलाल खरीदकर किया प्रोत्साहित**

इसी कड़ी मे बुधवार को विकासखंड पलारी के ग्राम पंचायत धमनी की राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) की जय मां वैष्णवी स्व सहायता समूह द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय के रिसेप्शन काउंटर के पास स्टॉल लगाए। नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष सुलोचना यादव ने स्टॉल का अवलोकन किया और हर्बल गुलाल खरीदकर प्राकृतिक उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने प्रोत्साहित किया। उन्होने समूह की महिलाओं से हर्बल गुलाल निर्माण एवं बिक्री के बारे मे पूछ ताछ की और होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं।



पीआरपी रूखमणि कुर्रे, समूह की सदस्य जमुना ध्रुव, पुष्पा चेलक एवं सत्या कुर्रे ने बताया कि उन्होंने कलेक्टर दीपक सोनी से मुलाकात कर हर्बल गुलाल निर्माण की जानकारी दी है। कलेक्टर ने एनआरएलएम के माध्यम से समूह की महिलाओं के स्वावलम्बन एवं आर्थिक सशक्तिकरण हेतु अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल 500 ग्राम एवं 1 किलोग्राम के पैकेट मे उपलब्ध है जिसका मूल्य क्रमश: 50 रुपये एवं 100 रुपये है। उन्होंने बताया कि जिला पंचायत कार्यालय मे भी मंगलवार को स्टॉल लगाया गया था। इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि साथ थे।

# आठवीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई



**राजिम,** 12 मार्च (देशबन्धु)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भैंसातरा में कक्षा छठवीं सातवीं के विद्यार्थियों द्वारा आठवीं के विद्यार्थियों को विदाई दी गई इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रवक्ता एवं रायपुर संभाग के अध्यक्ष संस्था प्रमुख रामनारायण मिश्रा थे विशिष्ट अतिथि के रूप में नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती अंजलि ध्रुव तथा अध्यक्षता शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष टीकम साहू ने किया इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि शिक्षक मिश्रा ने कहा कि शिक्षा से मनुष्य का सर्वांगीण विकास होता है अत: आप सभी विद्यार्थी शिक्षा के प्रति जागरूक रहकर विद्याध्ययन कीजिए तथा परीक्षा में उच्च अंकों से उत्तीर्ण होकर अपना अपने माता-पिता का तथा अपने विद्यालय का नाम रोशन करें अध्यक्षता कर रहे टीकम साहू ने कहा कि आप सभी विद्यार्थी कि मैं उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं नवनिर्वाचित सरपंच अंजलि ध्रुव ने कहा कि विद्यालय विद्या का मंदिर होता है इसलिए आप सब विद्यार्थी विद्यालय को मंदिर समझकर विद्यालय में अनुशासन का पालन करें तथा आगे बढ़े इस अवसर पर आठवीं के विद्यार्थियों ने संस्था प्रमुख श्री मिश्रा को स्मृति चिन्ह भेंट किया तथा शाला परिवार एवं सरपंच की ओर से आठवीं के विद्यार्थियों को लेखनी भेंट की गई उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक रूपलाल साहू नेमू राम साहू पुरुषोत्तम साहू योगेश कुमार वर्मा श्रीमती रोहिणी साहू जितेंद्र साहू नोहर साहू हेमंत साहू कुसुम यादव उपस्थित थे।